RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 23
लखनऊ, सोमवार, 9 नवंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





सहवाग चाहते हैं आरसीबी के कप्तान बने रहें कोहली
स्पोर्ट्स-10



www.dailypioneer.com


# सेना के अफसर समेत चार सैनिक शहीद, तीन आतंकवादी भी ढेर

## कश्मीर में मुठभेड़

### ● कुपवाड़ा में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम, केंद्र शासित प्रदेश में अप्रैल के बाद सबसे बड़ी कार्रवाई


प्रतीकात्मक चित्र

**मोहित कंडारी।** जम्मू

**उत्तरी** कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में रविवार को भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में सेना के एक अधिकारी समेत चार सैनिक शहीद हो गए जबकि तीन दहशतगर्द भी मारे गए। पिछले सात महीनों से ज्यादा समय में घुसपैठ की यह सबसे बड़ी कोशिश थी जिसे सेना ने विफल कर दिया।

इससे पहले 5 अप्रैल को उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में केरन सेक्टर में बर्फीली ऊंचाइयों पर आतंकवादियों के साथ झड़प हुई थी, जिसमें पैरा कमांडो ने पांच आतंकवादियों को मार गिराया था, जबकि पांच कमांडो घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करने में शहीद हो गए थे। यह सबसे खतरनाक ऑपरेशनों में से एक था। शनिवार को देर रात उस समय घुसपैठ निरोधी ऑपरेशन शुरू किया गया जब आतंकवादी नियंत्रण रेखा के पास घुसपैठ निरोधी बाधा प्रणाली (एआईओएस) का उल्लंघन कर उत्तरी कश्मीर में बर्फबारी के कारण दर्रों के बंद होने से पहले भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ की पुरजोर कोशिश कर रहे थे। हाल ही में विभिन्न खुफिया एजेंसियों की सूचनाओं का विश्लेषण करने के बाद यह जानकारी मिली है कि करीब 200-250 आतंकवादी आने वाले हफ्तों में जाड़ा बढ़ने से पहले भारतीय सीमा में घुसने की फिराक में बैठ हैं। देर रात करीब 1 बजे सीमा सुरक्षा बल की गश्त पार्टी ने सबसे पहले नियंत्रण रेखा पर संदिग्ध हलचल देखी और घुसपैठियों को ललकारा।


इसके बाद तीन घंटे तक चली गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया। कार्रवाई में बीएसएफ का एक कांस्टेबल भी शहीद हो गया। घटनाक्रमों की पुष्टि करते हुए श्रीनगर स्थित रक्षा प्रवक्ता कर्नल राजेश कालिया ने एक लिखित बयान में कहा कि करीब एक बजे बीएसएफ पेट्रोल पार्टी ने एलओसी की बाड़बंदी के पास संदिग्ध हलचल देखी, जो एलओसी से 3.5 किमी दूरी पर है। बीएसएफ के जवानों ने घुसपैठियों को ललकारा, जिसके बाद फायरिंग शुरू हो गई। मुठभेड़ में एक आतंकी ढेर हो गया। इस कार्रवाई में बीएसएफ का एक जवान भी शहीद हो गया और गोलीबारी तड़के 4 बजे बंद हो गई।' उन्होंने कहा कि क्षेत्र में और जवानों को भेजा गया तथा सर्विलांस उपकरणों की मदद से आतंकवादियों की आवाजाही को ट्रैक किया गया। 10.20 एलओसी से 1.5 किमी दूर हमारी तलाशी पाटी पर फिर फायरिंग शुरू हो गई।

इसके बाद जवाबी कार्रवाई में दो और दहशतगर्द मारे। कार्रवाई के दौरान हमारे तीन जवान शहीद तथा दो जख्मी हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को अस्पताल भेजा गया है। ऑपरेशन जारी है तथा और ब्योरे का इंतजार किया जा रहा है। इस साल अभी तक सुरक्षा बलों की संयुक्त कार्रवाई में घाटी और नियंत्रण रेखा के आसपास 210 से ज्यादा आतंकवादी मारे जा चुके हैं। पाकिस्तानी सेना क्षेत्र में शांति को भंग करने के लिए अब तक 3,800 बार संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए सीमा पार से फायरिंग कर चुकी है। कश्मीर में आतंकी गतिविधियों को चलाए रखने के लिए आतंकवादियों के पाकिस्तान में बैठे सरगना हथियारों तथा नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए ड्रोन और क्वाडकॉप्टर का इस्तेमाल कर रहे हैं।

# कोरोना वायरस कैंसर के मरीजों के लिए जानलेवा

### ● संक्रमित होने वाले हर पांचवें मरीज की हो जाती है मौत, नए अध्ययन में सामने आई ये बात

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**खतरनाक** कोविड-19 संक्रमित होने वाले सभी कैंसर मरीजों में हर पांचवें की जान ले लेता है। वैज्ञानिकों ने पूरी दुनिया से मिले आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद चेताया है। उन्होंने पाया कि कोविड-19 से संक्रमित होने वाले कैंसर मरीजों की मौत की दर 22.4 फीसदी है जो वायरस से संक्रमित गैर कैंसर मरीजों की तुलना में 273 गुना ज्यादा है।

नेशलन कैंसर इंस्टीट्यूट के जर्नल में प्रकाशित अध्ययन में कहा गया है कि जो लोग फेफड़े और ब्लड कैंसर से पीड़ित हैं उनको इससे ज्यादा खतरा है। वहीं इसके उलट डायबिटीज और हृदय रोग से पीड़ित कैंसर मरीजों के लिए कम खतरा है। अंतरराष्ट्रीय अध्ययन भारत के लिए महत्वपूर्ण है। 2018 में विश्व कैंसर रिपोर्ट में बताया गया है कि यहां 11.6 करोड़ नए मामले आए और 784,800 मौतें हुई। और यह भी कहा गया कि अपने जीवन काल में 10 में से एक भारतीय कैंसर का शिकार होगा तथा 15 में से एक की मौत होगी। शोधकर्ताओं ने पूरी दुनिया में 15 अध्ययनों का विश्लेषण किया जिसमें 3,019 मरीज शामिल थे और पाया कि कीमोथेरपी जैसे इलाज का मौत की दरों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। लंदन के इंपीरियल कॉलेज के प्रोफेसर तथा अध्ययन की अगुवाई करने वाले प्रोफेसर जस्टिन स्टेब्बिंग ने कहा कि इन तथ्यों की अनदेखी नहीं की जानी चाहिए।

उन्होंने कहा कि एनएचएस कैंसर का इलाज जारी रखेगा लेकिन इन तथ्यों से यही सबक मिला है कि इन मरीजों का इलाज प्राथकिता से किया जाए। मरीजों और उनकी देखभाल करने वाले कर्मचारियों की वायरस टेस्टिंग को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि कैंसर के मरीजों को रूटीन स्क्रीनिंग और फॉलोअप के लिए तैयार किया जाना चाहिए। फेफड़े और ब्लड कैंसर के मरीजों के लिए ज्यादा खतरा होने के साथ साथ शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि 65 साल से ज्यादा उम्र और पुरुष होने से मौत का खतरा बढ़ जाता है।

## देश में संक्रमितों की संख्या 85 लाख के पार, एक दिन में 45,674 नए मामले

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारत** में कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए लोगों की कुल संख्या 85 लाख से अधिक हो गई है। इनमें से ठीक हो चुके लोगों की तादाद बढ़कर 78,68,968 होने के साथ ही संक्रमण से उबरने की राष्ट्रीय दर 92.49 पर पहुंच गई है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों में रविवार को यह जानकारी दी गई। सुबह आठ बजे जारी ताजा आंकड़ों के अनुसार एक दिन में संक्रमण के 45,674 मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 85,07,754 हो गई है। इसके अलावा 559 और रोगियों की मौत के साथ ही मृतकों की तादाद बढ़कर 1,26,121 हो गई है। भारत में कोविड-19 से मृत्यु दर 1.48 प्रतिशत है।

मंत्रालय के अनुसार उपचाराधीन रोगियों की संख्या लगातार 10वें दिन छह लाख से कम रही। भारत में सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख, पांच सितंबर को 40 लाख, 16 सितंबर को 50 लाख, 28 सितंबर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख और 29 अक्टूबर को 80 लाख से अधिक हो गई थी। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार देश में सात नवंबर तक कुल 11,77,36,791 नमूनों की जांच की जा चुकी है। इनमें शनिवार को किए गए 11,94,487 परीक्षण भी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार, देश में एक दिन में 559 और लोगों की मौत हुई, जिनमें से महाराष्ट्र में 150, दिल्ली में 79, पश्चिम बंगाल में 58, केरल में 28, उत्तर प्रदेश तथा तमिलनाडु में 25-25 और छत्तीगढ़ तथा कर्नाटक में 22-22 रोगियों की जान चली गई है।

मंत्रालय ने बताया कि देशभर में अब तक कुल।,26,121 रोगियों की मौत हो चुकी है, जिनमें से महाराष्ट्र में 45,115, कर्नाटक में 11,369, तमिलनाडु में 11,324, पश्चिम बंगाल में 7,235, उत्तर प्रदेश में 7,180, दिल्ली में 6,912, आंध्र प्रदेश में 6,779, पंजाब में 4,310 और गुजरात में 3,753 लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय ने कहा है कि 70 प्रतिशत से अधिक रोगियों की मौत कोविड-19 के साथ-साथ अन्य रोगों से जूझने के चलते हुई। मंत्रालय की वेबसाइट पर कहा गया है, इन आंकड़ों का आईसीएमआर के आंकड़ों से मिलान किया जा रहा है।

# नोटबंदी से काले धन पर लगी रोक पारदर्शी हुई अर्थव्यवस्था: प्रधानमंत्री



### ● राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर साधा निशाना, कहा-नोटबंदी ने भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नोटबंदी** के चार साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि इससे काले धन को कम करने में मदद मिली है, कर जमा करने में वृद्धि हुई है और पारदर्शिता बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आठ नवंबर, 2016 की आधी रात से 500 रुपए और 1000 रुपए के नोटों को बंद करने की घोषणा की थी, जो उस समय चलन में थे।

मोदी ने आज ट्विटर पर विमुद्रीकरण के अपनी सरकार के फैसले के लाभों को गिनाया। उन्होंने ट्वीट किया, नोटबंदी ने कालेधन को कम करने में, कर अनुपालन बढ़ाने में तथा पारदर्शिता सुदृढ़ करने में मदद की है। उन्होंने कहा, ये परिणाम देश की प्रगति के लिए बहुत लाभकारी रहे हैं। प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट के साथ एक ग्राफिक भी साझा किया है, जिसमें दर्शाया गया है कि किस तरह से विमुद्रीकरण से कर जमा होने में वृद्धि हुई, कर तथा जीडीपी अनुपात बढ़ा, भारत अपेक्षाकृत कम नकदी आधारित अर्थव्यवस्था बना और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूती मिली।

दूसरी ओर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नोटबंदी के कदम का मकसद अपने कुछ उद्योगपति मित्रों की मदद करना था और इसने भारतीय अर्थव्यवस्था को बर्बाद कर दिया। कांग्रेस ने (शेष पेज 9)

# ब्लाक, थाना व तहसील स्तर पर हो समस्याओं का निस्तारण: योगी



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने मुख्य सचिव तथा पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए कि वे ब्लाक, थाना तथा तहसील स्तर पर आम आदमी की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि ब्लाक, थाना तथा तहसील स्तर के कार्यालयों में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और उनके द्वारा आम आदमी की समस्याओं के निस्तारण की मॉनिटरिंग भी की जाए। आम जनता की अधिकतर समस्याएं इन्हीं तीन स्तरों से (शेष पेज 9)

# भारत-चीन ने आठवें दौर की वार्ता को सकारात्मक बताया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## एलएसी पर गतिरोध

### ● हालांकि बातचीत बेनतीजा रही थी, सैन्य बलों को पीछे हटने के संकेत भी नहीं मिले थे

**भारतीय** सेना ने रविवार को कहा कि चीनी सेना के साथ लद्दाख में गतिरोध को लेकर हुई आठवें दौर की सैन्य वार्ता रचनात्मक रही और इस दौरान गहराई से एवं स्पष्ट बातचीत हुई। सेना ने अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र से सैन्य बलों के पीछे हटने को लेकर ठोस सफलता मिलने के कोई संकेत नहीं होने के बीच यह बयान दिया। भारत और चीन की सेनाओं ने एक संयुक्त बयान में कहा कि वार्ता के दौरान दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सहमति को गंभीरता से लागू करने और यह सुनिश्चित करने पर रजामंदी हुई कि सीमा पर तैनात बल संयम बरतें एवं गलतफहमी से बचें।

बीजिंग और नई दिल्ली में जारी बयान में कहा गया कि दोनों पक्षों ने सैन्य एवं राजनयिक माध्यमों से वार्ता एवं संवाद बनाए रखने और पुराने मसलों के समाधान के लिए वार्ता को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई। भारतीय सेना और चीन की जनमुक्ति सेना (पीएलए) के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय हिस्से में स्थित चुशुल में शुक्रवार को आठवें दौर की उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता हुई थी। यह वार्ता करीब साढ़े 10 घंटे चली थी। वार्ता में दोनों देशों की सेनाओं ने जल्द ही पुनः मुलाकात करने पर सहमति जताई थी। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों के बीच भारत-चीन सीमा क्षेत्रों के पश्चिमी सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास से सेनाओं को पीछे हटाने को लेकर रचनात्मक, स्पष्ट और गहराई से बातचीत हुई।

इसमें कहा गया, दोनों देशों के नेताओं के बीच बनी महत्वपूर्ण सर्वसम्मति को गंभीरता से लागू करने और यह सुनिश्चित करने पर सहमति बनी कि सीमा पर तैनात बल संयम बरतें और गलतफहमी से बचें। बयान में कहा गया है, दोनों पक्षों ने सैन्य एवं राजनयिक माध्यमों से वार्ता एवं संवाद बनाए रखने और पुराने मसलों के समाधान के लिए वार्ता को आगे बढ़ाने पर सहमति जताई, ताकि सीमावर्ती इलाकों में शांति कायम रहे। सरकारी सूत्रों ने बताया कि भारतीय सेना ने वार्ता के दौरान पूर्वी लद्दाख में टकराव के सभी बिंदुओं से चीन द्वारा बलों की शीघ्र वापसी पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विवाद का समाधान खोजने को लेकर अभी कोई सफलता नहीं मिली है। पूर्वी लद्दाख के विभिन्न पहाड़ी इलाकों में करीब 50 हजार भारतीय सैनिक शून्य से भी नीचे तापमान में युद्ध की उच्चस्तरीय तैयारी के साथ तैनात हैं।

दोनों पक्षों के बीच गतिरोध को खत्म करने के लिए हुई कई दौर की बातचीत का कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। अधिकारियों के मुताबिक, चीन ने भी लगभग इतने ही सैनिक तैनात किए हैं। दोनों पक्षों के बीच मई की शुरुआत में गतिरोध की स्थिति बनी थी। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल बिपिन रावत ने शुक्रवार को कहा था कि भारत एलएसी में कोई बदलाव स्वीकार नहीं करेगा और सीमा पर झड़पों, अतिक्रमण और बिना उकसावे की सामरिक सैन्य कार्रवाइयों के बड़े संघर्षों में बदलने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। आठवें दौर की सैन्य बातचीत में भारतीय पक्ष का नेतृत्व लेह स्थित 14वीं कोर के नवनियुक्त (शेष पेज 9)

# अब जख्मों को भरने का वक्त देश को एकजुट करूंगा: बाइडेन


विलमिंगटन में अपने समर्थकों का अभिवादन करते जो बाइडेन और कमला हैरिस

### ● अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति ने अपने संबोधन में रिकॉर्ड वोट देने के लिए देशवासियों को धन्यवाद कहा

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिकी** इतिहास में राष्ट्रपति पद के लिए कुछ बेहद कड़े मुकाबलों में से एक में डोनाल्ड ट्रंप पर मिली ऐतिहासिक जीत के बाद निर्वाचित उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ जश्न मनाते हुए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने संकल्प व्यक्त किया कि वह सभी अमेरिकियों के राष्ट्रपति होंगे। उन्होंने गहरे तक ध्रुवीकृत हुए देश में विनाश के गंभीर दौर को तत्काल खत्म किए जाने का आह्वान किया। बाइडेन ने कहा, यह अमेरिका में जख्मों को भरने का समय है। उन्होंने कहा, मैं अपने कार्यकाल में अमेरिका की आत्मा को पुनः जीवित करने, देश के मेरुदंड-मध्यम वर्ग को फिर मजबूत करने, दुनियाभर में अमेरिका का सम्मान बढ़ाने और देश के भीतर हमें एकजुट करने के लिए काम करूंगा।

अपने गृहनगर डेलावेयर के विलमिंग्टन में शनिवार रात को मंगलवार को हुए चुनाव के नतीजों पर अनिश्चितता लगभग खत्म होने पर बाइडेन (77) ने शनिवार रात जीत के बाद अपने भाषण में कहा, मैं ऐसा राष्ट्रपति बनने का संकल्प लेता हूं, जो बांटने नहीं, बल्कि एकजुट करने की कोशिश करेगा, जो डेमोक्रेटिक राज्यों और रिपब्लिकन राज्यों में फर्क नहीं करेगा, बल्कि पूरे अमेरिका को एक नजर से देखेगा। राष्ट्रपति पद के लिए अपने तीसरे (शेष पेज 9)

## आपने अमेरिका को नया दिन दिखाया है : कमला

**भाषा।** वाशिंगटन

**पहली** अश्वेत और भारतीय मूल की महिला उपराष्ट्रपति निर्वाचित होकर इतिहास रचने वाली कमला हैरिस ने कहा, आपने स्पष्ट संदेश दिया। आपने उम्मीद, एकता, शालीनता, विज्ञान और सत्य को चुना। आपने अमेरिका के लिए नया दिन सुनिश्चित किया। उन्होंने तालियों की गड़गड़ाहट और समर्थकों के शोर के बीच कहा, आपने जो बाइडेन को राष्ट्रपति के तौर पर चुना है। कैलिफोर्निया से 56 वर्षीय सीनेटर हैरिस ने कहा, इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि आपने किसे वोट दिया, मैं ऐसी उप राष्ट्रपति (शेष पेज 9)

## पांच लाख से अधिक भारतीयों को नागरिकता दे सकते हैं बाइडेन

**वाशिंगटन।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन पांच लाख भारतीयों समेत लगभग एक करोड़ 10 लाख ऐसे आप्रवासियों को अमेरिकी नागरिकता प्रदान करने का रोडमैप तैयार करेंगे, जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं। इसके अलावा वह सालाना न्यूनतम 95,000 शरणार्थियों को अमेरिका में प्रवेश दिलाने की प्रणाली भी बनाएंगे। बाइडेन के अभियान द्वारा जारी एक नीतिगत दस्तावेज में यह जानकारी दी गई है। दस्तावेज में कहा गया है, वह (बाइडेन) जल्द ही कांग्रेस में एक आव्रजन (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 41,893 | |
| निफ्टी | 12,263 | |
| सोना | 51,717 | /10g |
| चांदी | 64,578 | /kg |

## क्विक न्यूज

### फिरोज नाडियाडवाला की पत्नी गिरफ्तार

**मुंबई।** स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने रविवार को बॉलीवुड निर्माता फिरोज नाडियाडवाला के जुहू आवास पर गांजा जब्त करने के बाद उनकी पत्नी को गिरफ्तार किया है। यह जानकारी अधिकारियो ने दी।एनसीबी मुंबई के क्षेत्रीय निदेशकसमीर वानखेडे ने कहा कि फिरोज नाडियाडवाला को एजेंसी ने दिन मे समन किया था, लेकिन वह पेश नही हुए। उन्होने कहा, हमने फिरोज नाडियाडवाला की पत्नी को एनडीपीएस कानून के तहत गिरफ्तार किया है। आगे की जांच जारी है। अधिकारियो ने बताया कि इससे पहले एनसीबी की टीम ने नाडियाडवाला के आवास की तलाशी ली और वहां से दस ग्राम गांजा जब्त किया। उन्होने कहा कि प्रतिबंधित पदार्थ को वाहिद अब्दुल कादिर शेख उर्फ सुल्तान से खरीदा गया था, जिसे पहले गिरफ्तार किया जा चुका है।

# इस बार अनोखा होगा अयोध्या का दीपोत्सव

### ● मोदी की भी होगी वर्चुअल सहभागिता, पांच लाख 51 हजार दीप जलाने का लक्ष्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## पोर्टल पर वर्चुअल दिया जलाएंगे भक्त



**दीपावली** पर इस बार अयोध्या दीपोत्सव में करोड़ों राम भक्त श्रीरामलला दरबार में वर्चुअल हाजिरी लगाएंगे। श्रद्धालु राम दरबार में आस्था के दीप जलाने से वंचित न रहें इसके लिए प्रदेश सरकार एक पोर्टल तैयार करवा रही है, जहां वर्चुअल दीप जलाए जा सकेंगे।

प्रदेश सरकार द्वारा तैयार कराया जा रहा यह अनूठा वर्चुअल दीपोत्सव प्लेटफार्म बिल्कुल रियल जैसा अनुभव देगा। पोर्टल पर श्रीरामलला विराजमान की तस्वीर होगी। जिसके समक्ष वर्चुअल दीप प्रज्वलन होगा। यहां सुविधा होगी कि श्रद्धालु अपने भावानुसार मिट्टी, तांबे, स्टील अथवा किसी अन्य धातु के दीप स्टैंड का चयन करें। घी, सरसों अथवा तिल के तेल का विकल्प भी उपलब्ध होगा। यही नहीं श्रद्धालु के पुरुष अथवा महिला होने पर महिला के हाथ से वर्चुअल दीप प्रज्वलित कराया जाएगा। दीप जलाने के बाद श्रद्धालु के विवरण के आधार पर रामलला की तस्वीर के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से धन्यवाद पत्र भी जारी होगा। 13 नवम्बर को प्रस्तावित मुख्य समारोह से पूर्व यह वेबसाइट आमजन के लिए उपलब्ध हो जाएगी। विदित हो कि इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी दीपोत्सव के वर्चुअली भाग लेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दीपोत्सव को भव्य-दिव्य बनाने के निर्देश दिए हैं, लेकिन स्पष्ट कहा है कि कहीं भी कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। प्रतिदिन अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। जितने भी कार्यक्रम होंगे सभी में कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दीपोत्सव पर राम की पैड़ी के साथ सभी मठ मंदिरों व घरों में ऐसे दीप जलेंगे, जिससे भगवान राम की नगरी अयोध्या दीप के प्रकाश से पूरी तरह से अलोकित हो जाए। इस बार करीब साढ़े पांच लाख दीप जलाने की तैयारी है। मुख्यमंत्री योगी रामायण के प्रसंगों पर आधारित झांकियों का अवलोकन करेंगे। साथ ही, राम, सीता और लक्ष्मण के स्वरूप की आरती कर श्रीराम का राज्याभिषेक करेंगे। मुख्यमंत्री जन्मभूमि परिसर में रामलला की आरती भी उतारेंगे। अयोध्या दीपोत्सव की तैयारियों पर मुख्यमंत्री की सीधी नजर है।

# मप्र में कंप्यूटर बाबा भेजे गए जेल आश्रम तोड़ा गया

**पायनियर समाचार सेवा।** इंदौर

**मध्य** प्रदेश की 28 विधानसभा सीटों के हालिया उपचुनावों के नतीजों की घोषणा से महज दो दिन पहले जिला प्रशासन ने कम्प्यूटर बाबा पर रविवार को शिकंजा कस दिया। अधिकारियों ने बताया कि कम्प्यूटर बाबा के आश्रम परिसर के कथित अवैध निर्माणों को जमींदोज किए जाने के साथ ही बाबा समेत सात लोगों को एहतियातन गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान आश्रम से राइफल और पिस्तौल भी मिली हैं। यह आश्रम 40 एकड़ से ज्यादा जमीन पर फैला है और इसका मौजूदा बाजार मूल्य लगभग 80 करोड़ रुपए आंका जा रहा है। उन्होंने बताया कि राजस्व विभाग ने इस मामले में आश्रम के कर्ता-धर्ताओं पर कुछ दिन पहले 2,000 रुपए का (शेष पेज 9)

# कोविड के निर्धारित प्रोटोकाल का पूरी तरह पालन हो: योगी

● मेरठ में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम पूरी सक्रियता से संचालित किए जाएं



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जिन जनपदों में प्रतिदिन 50 से 100 तक कोविड-19 के मरीज आ रहे हैं उन जनपदों में भी विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने मेरठ में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए कहा कि पब्लिक एड्रेस सिस्टम पूरी सक्रियता से संचालित किए जाएं, क्योंकि कोरोना से बचाव के लिए इस समय इनकी सक्रियता की बहुत आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री रविवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोविड-19 से बचाव के लिए निर्धारित प्रोटोकाल का पूरी तरह से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जनता मास्क का प्रयोग अनिवार्य रूप से करे, इस सम्बन्ध में जागरूकता अभियान चलाया जाए। सोशल डिस्टेंसिंग का हर हाल में पालन हो। साफ-सफाई व सेनिटाइजेशन कार्य निरन्तर संचालित होता रहे। सभी अस्पतालों व चिकित्सा संस्थानों में फायर सेफ्टी का एनओसी अनिवार्य किया जाए। उप्र कामगार और श्रमिक (सेवायोजन एवं रोजगार) आयोग के निर्देशें के क्रम में कामगारों को रोजगार उपलब्ध कराते हुए इसकी निरन्तर समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा की जाए। धान क्रय के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि इसके लिए स्थापित केन्द्रों पर किसानों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए और एमएसपी योजना का पूरा लाभ उन्हें मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि धान विक्रय से पहले किसानों को जागरूक किया जाए कि वे इसे अच्छी तरह से छानकर और सुखाकर ही विक्रय केन्द्र पर लाएं। जिन जनपदों में धान क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता हो वहां के जिलाधिकारी अपने विवेक से इनकी संख्या बढ़ाना सुनिश्चित करें। उन्होंने गन्ना क्रय केन्द्रों को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी मण्डलायुक्त शासन की योजनाओं के सम्बन्ध में निरन्तर समीक्षा करें। यह भी सुनिश्चित करें कि तहसील स्तर पर राजस्व विवादों का निस्तारण समय से किया जाए। विकास खण्ड स्तर पर बीडीओ भी निरन्तर मॉनिटरिंग करें। सरकार की मंशा है कि शासन की योजनाओं और विकास कार्यों का पूरा लाभ आमजन को मिले। पराली के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण के सम्बन्ध में जागरूक करते हुए उन्हें इसे न जलाने के लिए कहा जाए। उन्हें यह भी बताया जाए कि खेतों में पराली जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्व और त्योहारों के मद्देनजर अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए। पटाखा बनाने वाली इकाइयां किसी भी दशा में आबादी के अन्दर स्थापित न होने पाएं। उन्होंने कहा कि ठंड के दृष्टिगत रैन बसेरों की स्थापना करते हुए उन्हें सभी सुविधाओं से युक्त किया जाए।

बैठक में मुख्य सचिव आरके तिवारी, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त आलोक टण्डन, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव चिकित्सा शिक्षा रजनीश दुबे, अपर मुख्य सचिव ग्राम्य विकास एवं पंचायतीराज मनोज कुमार सिंह तथा सूचना निदेशक शिशिर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# फिल्म सिटी से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे: केशव मौर्य



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● उपमुख्यमंत्री ने किया फिल्म विकास परिषद के कार्यालय का उद्घाटन

**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि उत्तर प्रदेश में नोएडा स्थित फिल्म सिटी के निर्मित होने से यूपी के कलाकारों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। फिल्म उद्योग में उत्तर प्रदेश का एक महत्वपूर्ण योगदान रहा है। प्रदेश के कलाकार उत्तर प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में प्रदेश का नाम रौशन कर रहे हैं। वर्तमान सरकार का प्रयास है कि प्रतिभाओं का पलायन न हो और अधिक से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हों। नई प्रस्तावित फिल्म सिटी के अनुसार वर्तमान सरकार कार्य कर रही है। फिल्म विकास परिषद का यह कार्यालय उत्तर प्रदेश को मुम्बई से बड़ी फिल्म सिटी देने जा रहा है। यह बात रविवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पं. दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर भवन के छठवें तल पर स्थित फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष के कार्यालय कक्ष के उद्घाटन के अवसर पर कही। उन्होंने इस अवसर पर फिल्म विकास परिषद के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव को बधाई देते हुए कहा कि फिल्म विकास परिषद का कार्यालय बन जाने से कलाकारों को हर प्रकार की जानकारी प्राप्त हो सकेगी और फिल्मों आदि में रुचि रखने वाले कलाकारों को अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। रोजगार के अवसर सृजित करना वर्तमान सरकार की प्राथमिकता है। इसी के तहत प्रदेश में एक भव्य फिल्म सिटी का निर्माण कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फिल्म निर्माता एवं निर्देशकों को उत्तर प्रदेश में फिल्म उद्योग से सम्बन्धित कार्यो हेतु आकर्षित करने तथा हर प्रकार की सुविधाएं वर्तमान सरकार द्वारा देने का प्रयास किया जायेगा। राजू श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं और सबसे बड़ा प्रदेश होने के नाते यहां पर ऐतिहासिक एवं दर्शनीय स्थल होने के कारण शूटिंग में निर्माता-निर्देशकों को सुगमता होगी। पूंजी निवेश आकर्षित होगी तथा देश व प्रदेश की जनता को स्वस्थ व अपेक्षाकृत सस्ता मनोरंज उपलब्ध होगा। अपर मुख्य सचिव सूचना डा नवनीत सहगल, निदेशक सूचना शिशिर, संयुक्त निदेशक विनोद कुमार पाण्डेय, हेमंत कुमार सिंह, उप निदेशक हरिशंकर त्रिपाठी, उप निदेशक दिनेश कुमार सहगल, फिल्म निर्माण अधिकारी, संजय कुमार अस्थाना एवम् मुकेश सिंह चेयरमैन लखनऊ चैप्टर इंडो अमेरिकन चैम्बर आफ कॉमर्स भी मौजूद थे।

# हुनर की तारीफ के साथ जमकर हो रही बिक्री

● माटीकला मेला बना लोगों के आकर्षण का केंद्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**खादी भवन** में आयोजित माटीकला मेला-2020 मौजूदा समय में लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रविवार का साप्ताहिक अवकाश होने के कारण लोगों की भारी भीड़ प्रदर्शनी में दिखी। दीपावली का पर्व दस्तक देने को है जिसके कारण लोगों ने अपने घरों को सजाने के लिए अपनी पसन्द के मिट्टी से निर्मित जडजाइनर दिये, मूर्तियों, बर्तन आदि की जमकर खरीदारी की। अपर मुख्य सचिव-महाप्रबन्धक माटीकला बोर्ड डा. नवनीत सहगल ने बताया कि रविवार की शाम तक लगभग 4.15 लाख रुपए की बिक्री हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में जैसे-जैसे दीपावली का पर्व नजदीक आता जा रहा है, लोगों में अपनी पसन्द के उत्पाद खरीदने के लिए होड़ लगी हुई है। प्रदर्शनी में शिल्पकारों द्वारा मिटटी से निर्मित उत्पादों का कलात्मक प्रदर्शन सजीव रूप में किया गया, अपने समक्ष इलेक्ट्रिक चाक पर कुशल कारीगरों के हाथों बनाये जाने वाले मिट्टी के प्याले, कुल्हड़ एवं दिये आदि को बनता देखकर लोग काफी उत्साहित हुए। डा. नवनीत सहगल ने बाताया कि पारम्परिक कला से जुड़े कुशल कारीगरों एवं शिल्पकारों को इस तरह के मंच प्रदान करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इससे न सिर्फ उनकी कला को प्रोत्साहन मिलता है बल्कि उनकी आमदनी के साथ ही उन्हें स्वरोजगार भी प्राप्त हो रहा है। विभिन्न जनपदों से आये कुम्हारों एवं माटीकला प्रदर्शनी में मिट्टी से निर्मित कलाकृतियों को बनाने वाले शिल्पकारों ने बताया कि लखनऊ वासियों द्वारा उनकी कलाकृतियों को न सिर्फ सराहा जा रहा बल्कि उनकी अच्छी विक्री भी हो रही है। लोगों में आज पारम्परिक कला के प्रति जागरूकता देखने को मिल रही है जो भविष्य के लिए मार्टीकला से जुड़े लोगों का उत्साहवर्धन कर रही है।

# आंगनबाड़ी लाभार्थियों को दूध पाउडर व घी देने के प्रस्ताव को सरकार की हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● आज से राष्ट्रीय आजिविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कोटेदार के यहां से राशन लेकर उसको पैक करेंगी और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सौंपेंगी

**योगी सरकार** दिवाली पर आंगनबाड़ी केन्द्रों से जुड़े लाभार्थियों को बड़ा तोहफा देने जा रही है। सरकार की ओर से लाभार्थियों को उच्च गुणवत्ता का पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया जाएगा। अभी तक आंगनबाड़ी केन्द्रों से जुड़ी लाभार्थियों को कोटेदार के माध्यम से पुष्टाहार उपलब्ध कराया जाता था। अब सरकार की ओर से आंगनबाड़ी से जुड़ी गर्भवती महिलाओं, शिशुओं व बालिकाओं को दूध पाउडर, दही व घी भी दिया जाएगा।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सेवी संस्थाओं की महिलाएं पुष्टाहार के यह पैकेट पैक करके आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुंचाने का काम करेंगी। इससे स्वयं सेवी संस्थाओं से जुड़ी महिलाएं भी रोजगार मिलने से आत्मनिर्भर बनेंगी। यही नहीं स्वयं सेवी समूह की महिलाएं पुष्टाहार की गुणवत्ता भी जांचेंगी।

प्रदेश के सभी 75 जिलों में 1.89 लाख आंगनबाड़ी केन्द्र हैं। जहां पर 6 वर्ष तक की आयु के बच्चों को शिक्षा देने के साथ, किशोर युवतियों, गर्भवती महिलाओं तथा शिशुओं की देखरेख करने वाली माताओं की आवश्यकताओं की पूर्ति कार्यकर्ता व सहायिकाओं के माध्यम से की जाती है। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर लाभार्थियों को अब चावल, दाल व गेहूं के साथ दूध पाउडर, दही, घी भी सरकार की ओर से दिया जाएगा। इससे प्रदेश भर के आंगनबाड़ी केन्द्रों से जुड़ी 1.64 करोड़ लाभार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। लखनऊ में 2015 आंगनबाड़ी केन्द्र हैं। जहां पर 1.60 लाभार्थियों को कोटेदारों के माध्यम से राशन उपलब्ध कराया जाता था।

सोमवार से राष्ट्रीय आजिविका मिशन से जुड़ी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं कोटेदार के यहां से राशन लेकर उसको पैक करेंगी। इसके अलावा वह दूध पाउडर, दही व घी के अलग पैकेट बनाएंगी। इन पैकेटों को वह आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को लेकर जाकर सौपेंगी। जहां से कार्यकत्रियां उन पैकेटों को लाभार्थियों तक पहुंचाएंगी। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण अजिविका मिशन व बाल विकास पुष्टाहार विभाग व खाद्य एवं रसद आपूर्ति विभाग बराबर की जिम्मेदारी निभाएंगे। लखनऊ में सोमवार से इस योजना की शुरुआत की जाएगी। दिवाली तक पुष्टाहार के पैकेट सभी लाभार्थियों तक पहुंचा दिए जाएंगे।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के उपायुक्त स्वत: रोजगार सुखराज बंधु बताते हैं कि कंपनियों से जो पुष्टाहार मिलता था वह पहले कोटेदारों के जरिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर जाता था। अब स्वयं सहायता समूह की महिलाएं पुष्टाहार का पैक करके आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुंचाएंगी।

# समाज को बांटने की राजनीति करती है भाजपा: अखिलेश

● मां विंध्यवासिनी के पुरोहित परिवार के सदस्य राज मिश्र सपा में शामिल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व एवं समाजवादी पार्टी की नीतियों के प्रति आस्था जताते हुए मिर्जापुर मां विंध्यवासिनी के पुरोहित परिवार के सदस्य एवं अंजान आदमी पाटी के संरक्षक राज मिश्र ने रविवार को अपने सैकड़ों अनुयायियों के साथ समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

अखिलेश यादव ने राज मिश्र के समाजवादी पार्टी में शामिल होने का स्वागत करते हुए कहा कि वे आश्वस्त हैं कि मां विंध्यवासिनी का आशीर्वाद उन्हें मिलता रहेगा। उन्होंने अमेरिकी चुनावों का जिक्र करते हुए कहा कि इसका संदेश दूर तक जाएगा। उन्होंने कहा भाजपा नफरत और समाज को बांटने की राजनीति करती है। समाजवादी हमेशा सद्भाव, सबका सम्मान तथा सबके हित में काम करने में विश्वास करते हैं। श्री यादव ने कहा कि देश में किसान सबसे ज्यादा दु:खी है। भाजपा सरकार ने नए कानून लाकर उसे परेशान किया है। किसान की खेती पर संकट है। उसको बाजार की दया पर छोड़ दिया गया है, यह किसानों के साथ दुश्मनी निभाने जैसा है। अखिलेश यादव ने याद दिलाया कि आज के ही दिन 8 नवम्बर 2016 को देश में अचानक प्रधानमंत्री ने नोटबंदी कर दी थी। इस नोटबंदी से लोगों का घर में रखा पैसा बैंक में जमा हो गया। लोग तो कंगाल हो गए और अमीर जमा धन लूट कर विदेश भाग गए। देश आर्थिक संकट में फंस गया है। नोटबंदी से व्यापार चैपट हुआ। रोजगार छिन गए। नौजवानों के सपनों को मार दिया गया। देश खुशहाली के रास्ते से पीछे चला गया।

उधर श्री मिश्र ने कहा कि सन् 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों में सम्पूर्ण बहुमत के साथ समाजवादी सरकार बनेगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने अखिलेश यादव को मां का प्रसाद, चुनरी तथा नारियल भेंट किया। इस अवसर पर समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ बी पाण्डेय, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, विधान परिषद सदस्य अरविन्द कुमार सिंह, विधायक संग्राम सिंह एवं विधान परिषद सदस्य राजेश यादव, डॉक्टर आशुतोष मिश्रा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अनजान आदमी पार्टी आदि उपस्थित रहे।

# देश के गरीब, किसान और युवाओं के साथ विश्वासघात था नोटबन्दी: प्रमोद तिवारी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में नोटबन्दी की चौथी बरसी पर मनाया विश्वासघात दिवस

**उत्तर प्रदेश** कांग्रेस कमेटी मुख्यालय में रविवार को वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गयी नोटबन्दी देश की 125 करोड़ जनता, गरीब, किसान, मध्यम वर्ग, महिलाओं और युवाओं की आकांक्षाओं, इच्छाओं और उनके भविष्य के साथ विश्वासघात थी। पूरे देश में कांग्रेस पार्टी ने 8 नवम्बर के दिन देश की जनता की इच्छाओं और आकांक्षाओं के अनुरूप नोटबन्दी को लेकर विश्वासघात दिवस मनाया। यह विश्वासघात था मोदी जी और उनकी सरकार का भारत की जनता के साथ, अर्थव्यवस्था के साथ और भारत की सुरक्षा के साथ।

प्रमोद तिवारी ने कहा कि यह नोटबन्दी एक संगठित और वैधानिक लूट थी जिससे देश की 125 करोड़ जनता की कमर टूट गयी। अर्थव्यवस्था चौपट हो गयी। एक झटके में की गयी नोटबन्दी से प्रधानमंत्री मोदी के कुछ पूंजीपति मित्रों और भाजपा को ही फायदा पहुंचा। उन्होंने उस समय राज्यसभा में दिये गये अपने भाषण को उद्धृत करते हुए कहा कि यह देश की जनता के साथ संगठित लूट थी। पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह ने इसे वैधानिक लूट करार दिया था। उन्होंने मोदी जी के गोवा के मोपा एयरपोर्ट का शिलान्यास करते हुए दिये गये भाषण का जिक्र करते हुए कहा कि मोदी जी ने कहा था कि मेरे देशवासियों मुझे 50 दिन दे दो, बेनामी सम्पत्ति, भ्रष्टाचार, कालाधन, आतंकवाद और नक्सलवाद की पूर्ण समाप्ति के लिए नोटबन्दी अतिआवश्यक है आप लोगों को जो पीड़ा और कष्ट इस दौरान झेलना पड़ रहा है, सारी स्थिति इन 50 दिनों में सुधर जाएगी। यदि मेरे अन्दर कोई कमी रह जाए, गलती निकल जाए, कोई मेरा गलत इरादा निकल जाए, यदि हालात न सुधरे तो आप जिस चैराहे पर खड़ा करेंगे, मैं खड़ा होकर देश की जनता की सजा स्वीकार करूंगा। श्री तिवारी ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी मोदी जी को याद दिला रही है कि 50 दिन तो छोड़ दीजिए चार साल बीत गये हैं देश की अर्थव्यवस्था रसातल में है,मोदी जी को देश की जनता से नोटबन्दी के लिए माफी मांगनी चाहिए।

## डेंगू पर ठोस कदम नहीं उठा रही सरकार : अनिल दुबे

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा है प्रदेश में डेंगू बीमारी ने महामारी का रूप धारण कर लिया है। सरकार की लापरवाही के चलते राजधानी लखनऊ सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों में हजारों लोग डेंगू की चपेट में हैं। उन्होंने आरोप लगाया है कि राज्य सरकार सिर्फ बयानबाजी कर रही है और डेंगू की रोकथाम और समुचित इलाज हेतु कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है।

**सूचना**

सर्व साधारण सूचित किया जाता है कि, एक किता भूखण्ड, जोकि खसरा सं.-494 का मि, रकबा 142 वर्गमीटर, स्थित ग्राम-इमिलिया, तहसील-सदर, जिला-मऊ, को बंधक हेतु एलआईसी. एच. एफएल., शाखा मऊ, के समक्ष प्रस्ताव लम्बित है, जो बैनामा दिनांक 11.06.2014 को किया गया था, जो कार्यालय उपनिबन्धक-सदर, मऊ में बही सं.-1 जिल्द सं.-3316, पृष्ठ सं.-299/326, क्रमांक-3170, पर पंजीकृत है, उपरोक्त बैनामा बीरबल पुत्र चिल्लर नि. अमारी, मोहम्मदाबाद गोहना, जनपद-मऊ ने सुक्खन पुत्र खेदू नि. ग्राम-भुसुवा, मोहम्मदाबाद गोहना, जनपद-मऊ के पक्ष में बैनामा निष्पादित किया गया था, उपरोक्त की मूल बैनामा प्रति कही खो गई है, उपरोक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति, बैंक, या वित्तीय संस्थान में बंधक है, तो उसकी सूचना एल. आई सी. एच.एफ.एल, एरिया आफिस, मऊ, दूरभाष सं. -9695640872 एवं संजय कुमार सिंह एडवोकेट, मो.नं. -9919972269, 8765360669 को तत्काल दिया जाये। उक्त सम्पत्ति के बाबत कोई भी वाद, दावा 15 दिन के अन्दर पेश नहीं की जाती है तो, उपरोक्त सम्पत्ति पाक, साफ समझी जायेगी, इसके उपरान्त अगर कोई दावा, वाद पेश की जाती है तो, वह निराधार व शून्य माना जायेगा।

# एटीएम हैकर गिरोह का मास्टर माइण्ड कानपुर से गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**स्पेशल** टास्क फोर्स ने कानपुर नगर से एटीएम हैकर गिरोह का मास्टर माइण्ड पुणे महाराष्ट्र से वांछित अभियुक्त मुकेश यादव को गिरफ्तार किया है। 30 अक्टूबर को थाना सिंहगढ़ रोड पुणे में एटीएम हैकर गिरोह के सदस्य संदीप कुमार निवासी कानपुर और अरविन्द निवासी फतेहपुर को 58 एटीएम कार्ड के साथ क्राइम ब्रान्च महाराष्ट्र द्वारा गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में एक मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना का मुख्य अभियुक्त व मास्टर माइण्ड मुकेश यादव भागने में सफल हो गया था। मुकेश की गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रान्च पुणे की टीम द्वारा एसटीएफ यूपी से सम्पर्क किया गया। इस मामले में एसटीएफ कानपुर नगर की इकाई ने मुकेश यादव के बारे में सूचनाएं एकत्रित करनी शुरू कर दी और जिस पर सरसौल फ्लाई ओवर के आगे थाना क्षेत्र महराजपुर कानपुर नगर से मुकेश को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि कानपुर नगर व आस-पास के जनपदों में काफी नवयुवक एटीएम मशीन की तकनीकी खामियों का फायदा उठाकर उत्तर प्रदेश व विभिन्न प्रान्तों में जाकर धोखाधड़ी करके एटीएम मशीनों से अनाधिकृत रूप से रूपए का विड्राल कर लेते हैं। बैंकों को भारी मात्रा में आर्थिक क्षति पहुंचाते है। इसी क्रम में पुणे सिटी महाराष्ट्र में 23 से 27 अक्टूबर के बीच अभियुक्तों द्वारा अलग-अलग एटीएम से लाखों रूपए की अवैध निकासी की गयी थी।

# ओडीओपी ने फूंकी यूपी के परंपरागत उद्योगों में जान

● योगी के ड्रीम प्रोजेक्ट से विश्व में बदल रही यूपी की पहचान

● सिर्फ अमेजन पर बिके 24 करोड़ की कीमत के 50 हजार उत्पाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ के मेगा प्रोजेक्ट एक जनपद एक उत्पाद ओडीओपी ने प्रदेश में दम तोड़ रहे परंपरागत उद्योगों में जान फूंक दी है। इस योजना के माध्यम से सभी 75 जिलों के अलग-अलग उत्पादों को नई पहचान दी गई है। इसके लिए उद्योग विभाग ने नीतियां बनाने से लेकर पिछले तीन साल में करीब 26 सौ उद्यमियों को 82 करोड़ 83 लाख की आर्थिक मदद भी की है। इन उद्योगों में 28 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार भी मिले हैं।

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग ने सीएम के मेगा प्रोजेक्ट को जब हकीकत में बदलने की शुरुआत की तो ओडीओपी के 11 हजार उत्पाद अमेजन पर उपलब्ध हैं और 24 करोड़ की कीमत के 50 हजार उत्पादों की बिक्री भी हुई है। इसके अलावा विभाग की ओर से वित्तीय वर्ष 2018-19 में 916 उद्यमियों को 31 करोड़ 34 लाख रुपए की मदद दी गई है। साथ ही इससे 10 हजार 733 लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हुए हैं। ऐसे ही 2019-20 में 1442 उद्यमियों को 43 करोड़ 53 लाख रुपए की आर्थिक मदद दी गई और 15 हजार 253 लोगों को रोजगार भी मिले हैं। वित्तीय वर्ष 2020-21 में अगस्त माह तक 236 उद्यमियों को करीब 7 करोड़ 96 लाख रुपए की मदद दी गई है और 2114 को लोगों को रोजगार भी मिले हैं। 2018-19 में ओडीओपी का कुल निर्यात 28 फीसदी बढ़कर एक लाख 10 हजार करोड़ पर पहुंच गया। एमएसएमई के अपर मुख्य सचिव नवनीत सहगल का कहना है कि ओडीओपी उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण किया जा रहा है। साथ ही उन्हें तकनीकी रूप से दक्ष करने के लिए मदद भी की जा रही है।

**सरकार की मुहिम काबिले तारीफ**

**वेस्टर्न** यूपी चेंबर एंड कामर्स के भूतपूर्व सेक्रेटरी आरके जैन कहते हैं कि औद्योगिक क्षेत्र में हालात में बदलाव प्रदेश में 2017 के बाद देखने को मिले। खासकर परंपरागत उद्योगों को लेकर प्रदेश सरकार ने जो मुहिम शुरू की वह काबिले तारीफहै। सरकार उद्यमियों की समस्याओं का समाधान भी कर रही है जिससे जिलेवार परंपरागत उद्योगों का उत्पादन बढ़ा है। मसलन सहारनपुर में वुड कार्विंग उद्योग एक अरसे से पुराने ढंग से काम करता आ रहा है। उन्हें ट्रेनिंग की जरूरत थी। अब सरकार की ओर से ट्रेनिंग के लिए सहायता की जा रही है। इससे उनके उत्पादों में निखार आएगा और कम समय में ज्यादा बेहतर उत्पाद बना सकेंगे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद सीतापुर**

पत्रांक :- 765 /प्र0अनु0/न0पा0प०सी0/2020-21 दिनांक : - 07-11-2020

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 14.11.2020 को दीपावली पर्व के अवसर पर पूर्व की भाँति नगर क्षेत्र के प्रस्तावित प्रमुख स्थलों/चौराहो पर झालर/सजावट/प्रकाश व्यवस्था का कम्पलीट कार्य किराये पर कराये जाने हेतु दरें आमंत्रित की जाती है। उक्त व्यवस्था दिनॉक 14.11.2020 से 15.11.2020 तक संचालित रहेगी। इच्छुक संस्था/फर्मदाता दिनॉक 11.11.2020 तक किसी भी कार्य दिवस में निविदा प्रपत्र कार्यालय के प्रकाश अनुभाग में कार्य का विवरण देखकर, अनुभाग से 590.00 रूपये (18 प्रतिशत जीएसटी सहित) नकद मूल्य देकर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। आमंत्रित निविदायें दिनॉक 12.11.2020 को सायं 3.00 बजे तक प्रकाश अनुभाग में रखें निविदा बाक्स में डाली जा सकेंगी जो उसी दिन सायं 4.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी। निर्धारित समय के उपरान्त प्राप्त निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदा स्वीकृति अथवा अस्वीकृति करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित रहेगा। सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। कार्य का प्रकार/स्थलों का विवरण/आगणन विवरण किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय के प्रकाश अनुभाग में देखा जा सकता हैं।

(श्री राधेश्याम जायसवाल)

अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, सीतापुर
अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद, सीतापुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# तीन स्थानों पर आग से लाखों का नुकसान

## बैंक्वैट हाल में लगी भीषण आग, लाखों का सामान खाक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आशियाना** थाना क्षेत्र में शनिवार की अर्धरात्रि एक तीन मंजिला बैंक्वैट हाल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग लगने से हड़कंप मच गया। देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। कंट्रोल रूम की सूचना पर पहुंची पांच दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक गेस्ट हाउस में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। आशियाना थाना क्षेत्र के रतनखण्ड स्थित आरबीएम बैंक्वैट नामक गेस्ट हाउस में शनिवार अर्धरात्रि संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। वहीं गेस्ट हाउस में आग लगने से हड़कंप मच गया। हाल में अपने परिवार संग रह रहे सुरक्षा गार्ड अनिल ने मालिक व पुलिस के कंट्रोल रूम नंबर पर सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पांच दमकल की गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पा लिया है। वहीं गेस्ट हाउस मालिक आरपी पाण्डे के अनुसार आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। गेस्ट हाउस मालिक के मुताबिक सूचना बाद लगभग एक घंटे बाद दमकल की गाड़ियां पहुंची अगर समय पर दमकल की गाड़ियां पहुंच जाती तो बड़ा नुकसान होने से बच जाता।

## गुडम्बा में पेंट की दुकान में लगी आग से भारी क्षति

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गुड़म्बा** के आदिल नगर में स्थित एक पेंट व सेनेटरी की दुकान में रविवार तड़के संदिग्ध हालात में आग लग गई। आग लगने की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने दो दमकल की गाड़ियों की मदद से करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात सामने आ रही है। इंस्पेक्टर गुडम्बा रीतेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि अलीगंज निवासी सुशील जायसवाल की आदिलनगर में जायसवाल ट्रेडर्स के नाम से पेंट व सेनेटरी की दुकान है। सुशील ने बताया कि सुबह करीब चार बजे मकान मालिक अजय सिंह ने उन्हें दुकान में आग लगने की सूचना दी। पुलिस व फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही वह दुकान पहुंचे। तब तक आग ने पूरी दुकान को अपने चपेट में ले लिया। इसी बीच दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दो गाड़ियों ने करीब तीन घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। सुशील ने बताया कि आग से करीब 25 से 30 लाख रूपये का नुकसान हुआ है।

## फर्नीचर की दुकान जलकर हुई राख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के हजरतगंज इलाके में शनिवार रात फर्नीचर की दुकान में अचानक आग लग गई। मामले की जानकारी मिलते ही पीड़ितों ने सूचना पुलिस व दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची फायर स्टेशन की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। वहीं इस घटना में दुकान के अंदर रखा हजारों का माल जल कर खाक हो गया। हजरतगंज के बालूअड्डा डालीबाग निवासी गुड्डू ने बताया कि उनकी पास में फुटपाथ पर फर्नीचर की दुकान है। शनिवार रात उनकी दुकान में अचानक आग लग गई। आग की लपटे उठता देख लोगों ने सूचना दुकान मालिक गुड्डू व दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची एक फायर की गाड़ी ने आग पर काबू पा लिया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित की दुकान के बाहर अक्सर कुछ मजदूर चूल्हे पर खाना बनाते थे। आशंका जताई जा रही है कि किसी मजदूर ने खाना बनाने के बाद आग को सही से नहीं बुझाया जिसके कारण चिंगारी दुकान में रखे सामान तक पहुंच गई और घटना हो गई। पीड़ित के मुताबिक करीब बीस हजार के आसपास का माल जलकर खाक हो गया है।

## ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्रों को दी सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने की सीख

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**नए** सत्र में नवागत छात्रों के साथ रविवार को ओरिएंटेशन प्रोग्राम में लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने विवि की उपलब्धियों से लेकर इतिहास तक पर प्रकाश डाले। इस दौरान कुलपति ने भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ शंकर दयाल शर्मा से लेकर केरल के राज्यपाल के साथ देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों के 40 से अधिक न्यायाधीशों को विवि का पूर्व छात्र बताया।प्रो आलोक राय ने छात्रों को उनके अच्छे स्वास्थ्य और उनकी बौद्धिक क्षमता के लिए, उनके माता पिता, उनके शिक्षकों के और शुभचिंतकों के लिए आभारी होने के लिए कहा, जो उन्हें जीवन भर मार्गदर्शन करते रहे हैं। प्रो राय ने अपने जीवन में सकारात्मकता के महत्व पर बल दिया और छात्रों को न केवल उनके दृष्टिकोण बल्कि उनके कार्यों में भी सकारात्मक रहने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रो राय ने छात्रों को ज्ञान के रास्ते में किसी भी पूर्वाग्रह को छोड़ने के महत्व और सक्षम हाथों में सही ज्ञान के महत्व के बारे में बताने के लिए कई उपाख्यानों का उपयोग किया। उन्होंने छात्रों को मार्क ट्वेन के बारे में बताया, जिन्होंने कभी कहा था कि किसी भाषा में संभव सभी शब्द आमतौर पर एक शब्दकोश में सूचीबद्ध होते हैं, और फिर भी कविता उस व्यक्ति द्वारा बनाई जाती है जो जानता है कि उन्हें अभिव्यक्ति के सही रूप में कैसे उपयोग किया जाए। डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो पूनम टंडन ने ने नए छात्रों को उनके सीनियर और एलएलएम टॉपर वर्तिका द्विवेदी को विश्वविद्यालय के मेधावी छात्र परिषद में शामिल करने के बारे में सूचना दी।

# पुलिस व बदमाशों में मुठभेड़ एक घायल, साथी गिरफ्तार





पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पीजीआई** इलाके में स्थित उतरेटिया में बरौली क्रॉसिंग के पास शनिवार देर रात पुलिस की बाइक सवार बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस दौरान इक बदमाश के पैर में गोली लग गई जिससे वह घायल जो गया। पुलिस ने उसके साथी को गिरफ्तार कर लिया जबकि दो शातिर भागने में कामयाब हो गए। कैंट सीओ बीनू सिंह के मुताबिक पीजीआइ थाने की पुलिस रात में वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान दो बाइक पर सवार चार लोग वहां से गुजरते नजर आए। पुलिस ने चारों को रुकने का इशारा किया तो वह गाड़ी मोड़ कर भागने लगे। शक होने पर पुलिस ने बाइक सवार युवकों का पीछा किया। यह देख एक युवक ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। मामले की गंभीरता को देख पुलिसकर्मियों ने उच्चाधिकारियों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम भी घेराबंदी में जुट गई। बाइक सवार बदमाशों को आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया, लेकिन वे फायरिंग करते रहे। जवाब में पुलिस ने भी गोली चलाई, जो एक आरोपित के पैर में लगी। पुलिस के मुताबिक अशरफ नगर बंगाली कॉलोनी बंथरा निवासी अक्षय नाथ बंगाली के पैर में गोली लगी है, जिसे अस्पताल भेजा गया है। वहीं उसके साथी कुमार रावत को गिरफ्तार किया गया है, जबकि दो अन्य पुलिस को चकमा देकर भागने में सफल रहे। पुलिस की कई टीमें फरार बदमाशों की तलाश में जुटी हुई हैं। अक्षय और कुमार रावत ने दो नवम्बर की रात में एक राहगीर से बाइक और दूसरे से उसका मोबाइल फोन लूट लिया था। पीजीआई थाने की पुलिस और पुलिस आयुक्त सुजीत पांडेय की क्राइम टीम बदमाशों की तलाश कर रही थी। इसी बीच लूट के आरोपित इन बदमाशों से पुलिस का आमना सामना हो गया। पुलिस ने लूट की बाइक और मोबाइल फोन के अलावा गिरफ्तार आरोपितों के पास से तमंचा, कारतूस व खोखा बरामद किया है।

### पुलिस ने फरार दो अन्य बदमाशों की तलाश में कई टीमें बनाकर शुरू की इलाके में कांबिंग


## नगर निगम ने एलडीए को हरा कर जीता मैच

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**ओमेक्स** लिमिटेड द्वारा आयोजित अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में नगर आयुक्त एलेवन और एलडीए एलेवन के बीच मैच खेला गया। मैच के दौरान टॉस एलडीए एलेवन ने जीता। लेकिन नगर आयुक्त एलेवन की सधी हुई बालिंग से नगर निगम को जीत मिली।

रविवार को ओमैक्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजित क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। शहीद पथ पर आयोजित अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में खेला गया। एलडीए टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी की। कुल 25 ओवर में एलडीए ने 7 विकेट पर 132 रन बनाए गए हैं। वहीं अजय कुमार ने एलडीए के लिए सबसे अ धिक 46 रन बनाए। वहीं नगर निगम ने सधी हुई बल्लेबाजी करते हुए 135 रन बनाकर जीत लिया। नगर निगम के वित्त एवं लेखाधिकारी महामिलिंद ने 35 रन बनाए, वहीं साथ ही कप्तान अपर नगर आयुक्त अमित कुमार और मनीष सिंह ने क्रमशः 20 और 27 रन बनाए हैं। एलडीए की ओर से गोपाल सिंह सबसे सफल गेंदबाज रहे। गोपाल सिंह को सबसे अधिक तीन विकेट चटकाए। बेस्ट बैट्समैन के रूप में एलडीए के अजय कुमार और मैन ऑफ द मैच नगर निगम के अनिल सिंह को दिया गया है। एलडीए एलेवन की कप्तानी सचिव पवन गंगवार ने किया। वहीं, अपर नगर आयुक्त अमित कुमार ने नगर निगम का नेतृत्व करते हुए अच्छी बल्लेबाजी करते हुए जीत दिलायी।

# दीपावली तक अब नहीं होगी शराब की दुकानों पर कार्रवाई



### सीलिंग के विरोध में प्रतिनिधिमंडल ने मेयर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शराब** की दुकानें नगर निगम द्वारा सील करने से नाराज व्यापारियों ने महापौर से मुलाकात की। महापौर से लाइसेंस फीस में बेतहासा वृद्धि और त्यौहार में व्यापारियों पर कार्रवाई का विरोध किया। ज्ञापन देते हुए शराब वेलफेयर एसोसिएशन ने अभियान को तत्काल रोकने की मांग की। महापौर ने नाराज व्यापारियों को त्यौहार में कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया। रविवार को शराब विक्रेता वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारी महामंत्री कन्हैयालाल मौर्या के नेतृत्व में शराब कारोबारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने मेयर संयुक्ता भाटिया से उनके आवास पर मुलाकात की। मुलाकात के दौरान एसोसिएशन ने उन्हें मांग पत्र का एक ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के महामंत्री कन्हैया लाल मौर्य ने बताया नगर निगम द्वारा शराब की दुकानों का लाइसेंस फीस के नाम पर दुकानों को सील किया जा रहा है। उन्हें बंद करके लाइसेंस फीस की वसूली की जा रही है। लाइसेंस फीस बहुत वृद्धि के साथ ली जा रही है। इस बात को लेकर मेयर से अभियान को रोकने की मांग की गई। महामंत्री ने बताया दीपावली को पर्व को देखते हुए इस अभियान को आगामी त्यौहारों तक स्थगित किया जाए। मेयर ने शराब कारोबारियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को पर विचार करते हुए नगर निगम के अभियान को दीपावली पर्व तक स्थगित करने का आश्वासन दिया। शराब कारोबारियों ने इस फैसले का स्वागत किया। मेयर से मिलने वालों के प्रतिनिधि मंडल में महामंत्री कन्हैयालाल मौर्या के अलावा नीरज जयसवाल ,शिव कुमार जयसवाल ,मनोज रावत ,शंकर कनौजिया ,संजय जयसवाल, रमेश जयसवाल ,जय जयसवाल, वीरेंद्र कुमार, हर सरन लाल गुप्ता, सरवन जैस्वाल तथा मीडिया प्रभारी देवेश जयसवाल प्रमुख शराब कारोबारी उपस्थित रहे।

# डेंगू का प्रकोप, 9 मरीज और मिले



### चला हर रविवार, मच्छर पर वार कैम्पेन, पांच स्थानों पर लार्वा पाये जाने व जल भराव की स्थिति पाये जाने पर दी नोटिस

**लखनऊ।** राजधानी में डेंगू का प्रकोप बढ़ रहा है। रविवार को डेंगू के 9 मरीज पाए गए हैं। वही हर रविवार, मच्छर पर वार कैम्पेन के अन्तर्गत आज खुर्रम नगर में स्वास्थ्य इकाई द्वारा मलिन बस्ती विकास नगर में कोविड.19 और डेंगू के विरुद्ध वृहद जनसम्पर्क अभियान, एण्टी लार्वा दवाओं का छिड़काव, वृहद साफ-सफाई एवं फागिंग की गतिविधियां चलायी गयीं। इस दौरान पॉच स्थानों पर लार्वा पाये जाने एवं जल भराव की स्थिति पाये जाने पर नोटिस दी गई। इसके बाद टीम ने भिठौली खुर्द का सघन भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान ग्राम सभा की नालियों में जलभराव की स्थिति पाई गई। इन क्षेत्रों में सघन लार्वा रोधी रसायन का छिड़काव भी कराया गया तथा जनसामान्य को हर रविवार मच्छर पर वार अभियान के अन्तर्गत प्रत्येक रविवार घर के गमलों, कूलरों, आसपास के गड्ढों में पानी जमा न होने तथा साफ-सफाई रखने की अपील की गयी, जिससे मच्छर जनित रोगो पर प्रभावी नियन्त्रण पाया जा सके। आज मेडिकल मोबाइल वैन द्वारा गणेश विहार फैजुल्लागंज में 78 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरित की गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने 1215 घरों तथा विभिन्न स्थानों पर मच्छर जनक की स्थितियों का सर्वेक्षण किया जिनमें 7 घरों-स्थानों पर मच्छर जनक स्थिति आ पाए जाने पर आईपीसी की धारा 188 के तहत संबंधितों को नोटिस जारी की गई।

## राजधानी में 231 और सूबे में कोरोना के 2247 नए मामले

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**सूबे** में रविवार को कोरोना वायरस के 2247 नए मरीज पाए गए हैं। जबकि राजधानी लखनऊ में 231 केस सामने आए हैं। सूबे में 23249 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 3137 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 7206 मरीजों की और राजधानी में 916 की मौत हो चुकी है।आज 1858 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया। अभी तक सूबे में 467108 संक्रमित मरीज ठीक किये जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक आज प्रयागराज में 73 , गाजियाबाद में 223, गोरखपुर में 22, नोएडा में 139, वाराणसी में 86, मेरठ में 204, बरेली में 35, मुरादाबाद में सात, अलीगढ़ में 34, झांसी में 27, सहारनपुर में 20, आगरा में 85, अयोध्या में 32, बाराबंकी में 17, बलिया में 33, लखीमपुर खीरी में 13 , शाहजहांपुर में 13, देवरिया में 16, मुजफ्फरनगर में 35, जौनपुर में 15, महाराजगंज में 14, आजमगढ़ में 19, कुशीनगर में 16, हरदोई में 19, मथुरा में 59, रामपुर में 2, इटावा में 32 , बुलंदशहर में 62, बस्ती में 13, गोंडा में 66, प्रतापगढ़ में 19, गाजीपुर में 6, सीतापुर में 18, रायबरेली में 56, सुल्तानपुर में 22, उन्नाव में 6, फर्रुखाबाद में 17, सोनभद्र में 16, चंदौली में 10, अमरोहा में 3, सिद्धार्थनगर में 3, पीलीभीत में 3, बहराइच में 5 बिजनौर में 6 हापुड़ में 19 बदायूं में 6 मैनपुरी में 15 फतेहपुर में 19 फिरोजाबाद में 17 कन्नौज में 11 जालौर में 26 अमेठी में 3 संत कबीर नगर में 11 मिर्जापुर में 19 शामली में 11 बांदा में 30 ललितपुर में 12 औरैया में 20 मऊ में 3 संभल में 13 एटा में 15 कौशांबी भदोही 7 कानपुर देहात में 2 चित्रकूट में बलरामपुर 1 अंबेडकरनगर में 1 कासगंज 1 बागपत में 8 हमीरपुर में 5 हाथरस श्रावस्ती में 1 और महोबा में 10 कोरोना वायरस के मरीज पाए गए हैं।

## 11 वर्षीय कोविड पीड़ित बच्चे की बचा ली जान



**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के विशेषज्ञों ने कोविड के दौर में सुरक्षा के सभी इंतजाम के बीच एक 11 वर्षीय कोविड पीड़ित बच्चे की जान बचाने में सफलता पाई है। बच्चे को खून की उल्टियां हो रही थीं। रक्तस्राव के चलते बच्चे की जिंदगी खतरे में थी। गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी की टीम ने इंडोस्कोपी के जरिये खून की फटी नसों की मरम्मत कर बच्चे की जान बचाई।सुलतानपुर निवासी 11 वर्षीय बच्चे को गत सोमवार को उसके परिजन केजीएमयू लेकर आये थे। जांच के दौरान कोराना की पुष्टि के बीच खून की कई उल्टी होने से बच्चे का बीपी लो हो गया। देखते ही देखते वह शॉक में चला गया। बेहोशी की हालत में उसे कोविड अस्पताल के पीडियाट्रिक आइसीयू में शिफ्ट किया गया। ऐसे में कुलपति डॉ. विपिन पुरी ने गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग की टीम को अलर्ट किया। कोविड अस्पताल में इलाज कर रहे डॉ. संजीव वर्मा ने गैस्ट्रोइंट्रोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुमित रूंगटा से बच्चे की रिपोर्ट साझा की। ऐसे में पहले बच्चे को तत्काल दो यूनिट ब्लड चढ़ाने का फैसला किया गया। वहीं खून की उल्टी रोकने के लिए दवा दी गई। डॉ. कमलेंद्र वर्मा, डॉ. गुलाम अख्तर, टेक्नीशियन जितेंद्र, अनिकेत ने पीपीई किट व अन्य सुरक्षा प्रोटोकॉल को अपनाया। इसके बाद मुंह मार्ग से आहार नली के जरिए इंडोस्कोपी की। इसमें आहार नली के ऊपर खून की नसें फटी पाई गईं। इनकी बाइंडिंग कर दुरुस्त कर दिया गया।

## पुलिस ने पकड़ी गोमांस लदी स्कार्पियो, आरोपी हुआ फरार



**निगोहां।** रविवार सुबह एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो में गोवंश का मांस लादकर ले जाने की सूचना मुखबिर से पाकर निगोहां पुलिस ने स्कॉर्पियो का पीछा किया, लेकिन स्कार्पियो चालक निगोहा भटपुरा गांव के पास जंगल किनारे मांस लदी स्कॉर्पियो को छोड़कर मौके से भाग निकला। वहीं पुलिस स्कार्पियो को थाने लेकर आ गई। स्कार्पियो में 32 पैर, पांच सर व मांस लदा हुआ था। पुलिस स्कार्पियो मालिक की तलाश में जुटी हुई है। इंस्पेक्टर निगोहां शैलेंद्र सिंह ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 4 बजे मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि सफेद कलर की स्कॉर्पियो से गोवंश का मांस लादकर कर आरोपी जा रहे हैं सूचना पाकर पुलिस निगोहां सुदौली मार्ग के आसपास जंगलों में तलाश शुरू की। पुलिस को देख स्कॉर्पियो सवार भागने लगे, पुलिस ने पीछा किया तो आरोपी भटपुरा गांव के पास जंगल के किनारे स्कॉर्पियो छोड़कर जंगल के रास्ते भाग निकले। पुलिस ने स्कॉर्पियो को कब्जे में लेकर तलाशी ली तो जिसमें गोवंश के 32 पैर, पांच सर व गौ मांस लदा पाया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन चेचिस संख्या के आधार पर गाड़ी मालिक की तलाश की जा रही है। वाहन में नंबर प्लेट पर नम्बर मिटा हुआ था। अज्ञात लोगों के विरुद्ध गौ तस्करी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है व आरोपितों की तलाश की जा रही।

### गोवध की सूचना से मचा हड़कंप

**लखनऊ ।** गोसाईगंज इलाके के मोहम्मदपुर गढ़ी गांव के पास बने गोआश्रय केंद्र पर रविवार की सुबह दर्जनों मवेशियों के काटे जाने की सूचना से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह जैसे ही इस घटना की सूचना स्थानीय लोगों तक पहुंची वहां जमावड़ा लगना शुरू हो गया। गोआश्रय केंद्र पर मवेशियों के काटे जाने सूचना पर मौके पर गोसाईगंज व नगराम पुलिस बल के साथ एडीसीपी सुरेश चंद्र रावत व एसीपी अर्चना सिंह भी पहुंची। ग्राम प्राधन राम सरन के मुताबिक सुबह जब गांव के रहने वाले अमित कुमार व कमलेश मवेशियों को चारा देने के लिए आये तो देखा कि केंद्र से लगभग बीस गोवंश गायब हैं और कई गौवंश के अवशेष गौशाला के अंदर कटे क्षत-विक्षत पड़े हैं। अंदर जाकर देखा तो दो गोवंश मृत भी पड़े थे। इस मामले में जांच पड़ताल के बाद अधिकारियों ने दो गोवंश काटे जाने की पुष्टि की है। पुलिस ने ग्राम प्राधन राम सरन की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ गोवशों की हत्या का मुकदमा दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज धीरेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि गोआश्रय केंद्र से भागे गोवंशों में से आठ को पकड़ लिया गया है।

### हादसे में घायल दरोगा की मौत

**लखनऊ।** न्यायालय से कोतवाली वापस जाते समय शनिवार शाम को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल पीजीआई थाने पर तैनात दरोगा की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुलरूप से जनपद बलिया का रहने वाला रविंद्र नाथ यूपी पुलिस में 2016 बैच के उपनिरीक्षक पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में अपने परिवार संग चौक कोतवाली पुलिस आवास में रह रहे थे। बीते शनिवार शाम 5 बजे हाई कोर्ट से पीजीआई थाना वापस लौटते समय वृंदावन योजना के सेक्टर-9 मामा चौराहे के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रुप से घायल हो गये थे। पुलिस ने घायल को इलाज कराने के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां रविवार सुबह अस्पताल में इलाज के दौरान दरोगा की मृत्यु हो गई। सूचना पाकर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### डीएल आवेदकों को दीपावली के दिन की तारीख

**लखनऊ।** इस बार दीपावली के दिन डीएल बनवाने के लिए दी गई तारीख बदली जाएगी। लॉकडाउन के दौरान डीएल आवेदकों ने दीपावली के दिन भी टाइम स्लाट ले लिया। जबकि सारथी साफ्टवेयर पर आवेदकों को दीपावली के दिन 14 नवंबर को तारीख नहीं मिलनी चाहिए। विभाग अधिकारी बताते है कि साफ्वेटर अपडेट नहीं होने से गलती से तारीख मिल गई। जिसे बदलकर अब दूसरी तारीख दी जाएगी। इस संबंध में आवेदकों के मोबाइल नंबर पर मैसेज जाएगा। लाइसेंस अधिकारी उमेश सिंह बताते है कि 14 नवंबर दिन शनिवार को तीन तरह के आवेदकों को तारीख मिली है। इनमें लर्निंग डीएल, स्थाई डीएल और डीएल नवीनीकरण वाले आवेदक शामिल है। इन आवेदकों की तारीख रद्द करके अलग-अलग तारीख दी गई है। इनमें लर्निंग डीएल आवेदकों को 17 नवंबर, स्थाई डीएल आवेदकों को 18 नवंबर व डीएल नवीनीकरण कराने वाले आवेदकों को 19 नवंबर को ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय आकर डीएल बनवाना पड़ेगा।

# ऑपरेशन ऑल आउट से किया जायेगा अपराधियों का सफाया

### पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**लखनऊ।** राजधानी के पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने रविवार को पुलिस लाइन में एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें लखनऊ की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता और बेहतर बनाने के लिए ऑपरेशन ऑल आउट के संबंध में लगभग 1500 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों के साथ पुलिस एक गोष्ठी का आयोजन किया जिसमें पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय ने अधिकारियों और कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि ठंड के मौसम में अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए फलस्वरूप ऑपरेशन ऑल आउट अभियान के तहत लखनऊ में पुलिस द्वारा ऐसे स्थान को चिन्हित किया जाएगा जहां पर अपराधिक घटनाएं ज्यादा होने की संभावनाएं होती हैं जैसे रेलवे लाइन के किनारे, ग्रामीण इलाकों में पढ़ने वाले हाईवे, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशन सुनसान इलाके वाह शहर के प्रमुख स्थान सड़कों पर पुलिस द्वारा बैरियर लगाकर संदिग्ध व्यक्तियों वाहनों रोक कर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा पुलिस आयुक्त सुजीत पांडे ने गोष्ठी होने से पहले थाना गाजीपुर क्षेत्र में पीछले माह में पीआरबी में तैनात सिपाही अनुराग पांडे व सिपाही नीतीश सरोज द्वारा पिछले दिनों और चोरों के साथ हुई भुठभेड़ में गिरफ्तार कर चोरी की घटना को रोकने के लिए किए गए कार्य की प्रशंसा की गई और उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि अपराधियों में लगातार इस चीज का खौफ बना रहे कि पुलिस की नजर उन पर है तथा रात्रि में उनके द्वारा समय समय पर स्वयं चेकिंग करते हुए पुलिस की कार्य का चेक किया जाएगा। वैरियर से चेकिंग के दौरान जवानों की सुरक्षा सुनिश्चित की जानी और जरूरी है।

# रोडवेज ने लागू की प्रोत्साहन योजना

## 12 से 21 नवंबर तक रहेगी प्रभावी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दीपावली** पर रोडवेज कर्मियों के लिए अच्छी खबर है। यात्रियों को इस बार दीपावली पर दस दिनों तक बसों की सुविधा देने पर इनाम मिलेगा। रोडवेज यह इनाम अपने कर्मियों को प्रोत्साहन भत्ता के रूप में देगा। एमडी धीरज साहू ने प्रदेश भर के करीब 50 हजार कर्मियों को देने वाले प्रोत्साहन भत्ते की धनराशि तय कर दी है।क्षेत्रीय प्रबंधक पल्लव बोस ने बताया कि प्रोत्साहन योजना 12 से 21 नवंबर के बीच लागू रहेगा। इस दौरान शर्तो के मुताबिक बस संचालन करने वाले संविदा व नियमित कर्मियों को प्रोत्साहन भत्ता दिए जाने की घोषणा की गई है। जिसमें हर प्रकार के कर्मचारियों से लेकर अधिकारियों को शामिल किया गया है।इसके तहत संविदा चालक परिचालक दस दिन ड्यूटी करते हैं तो प्रति दिन 350 रुपये के आधार पर 3500 मिलेगा। अगर संविदा चालक परिचालक ज्यादा किमी बस चलाते है तो उन्हें 400 प्रति दिन के हिसाब से 4000 मिलेगा। संविदा चालक परिचालक तय किमी से ज्यादा बस चलाते है तो 55 पैसे प्रति किमी से अतिरिक्त भुगतान होगा। वहीं दस दिन ड्यूटी करने वाले कार्यशाला कर्मियों को 1200 व नौ दिन की ड्यूटी पर 1000 रुपये मिलेगा। जबकि 10 हजार रुपये सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को मिलेगा। पांच हजार रुपये प्रति बस स्टेशन पर तैनात किए गए कर्मियों और पर्यवेक्षक को दिया जाएगा।

**यूनियनों ने बकाए भत्ते की मांग की** :यूपी रोडवेज इंपलाइज यूनियन के महामंत्री तेज बहादुर शर्मा ने कर्मचारियों के देयक भुगतान में से 10 हजार रुपये भत्ते की मांग की गई है। क्षेत्रीय अध्यक्ष रूपेश कुमार ने बताया कि दीपावली पर कर्मियों को बकाया भत्ता दिए जाने की मांग एमडी को पत्र भेजकर किया गया है।

## आलमबाग से शक्तिनगर के लिए आज से स्कैनिया बस सेवा

**लखनऊ।** यात्रियों की सुविधा के लिए सोमवार से आलमबाग से शक्तिनगर के बीच स्कैनिया बस सेवा शुरू की जा रही है। ये बस सोमवार से रोजाना बस अड्डे से शाम 4.30 बजे चलकर अलगे दिन तड़के 4.30 बजे शक्तिनगर पहुंचेगी। वापसी में शक्तिनगर से शाम 5.30 बजे चलकर अगले दिन तड़के 5.30 बजे आलमबाग बस टर्मिनल आएगी। दोनों बस स्टापेज के बीच 513 किलोमीटर की दूरी के लिए यात्रियों को 1313 रुपये किराये देना होगा। सीटों की बुकिंग परिवहन निगम की वेबसाइट पर शुरू हो गई है। वहीं शक्तिनगर के एनटीपीसी में कार्यरत कर्मियों को उनके गंतव्य स्थान तक निरूशुल्क पहुंचाया जाएगा।

# किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती महापुरुषों की कीर्ति

● राज्यपाल ने हरिजन सेवक संघ द्वारा आचार्य विनोबा भावे की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वेबिनार को किया संबोधित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश की** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आचार्य विनोबा भावे जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उनकी पूरी जीवन यात्रा समाज के उत्थान के लिए थी। आचार्य विनोबा जी द्वारा बताई गई बातें लोगों को सही और सफल मार्ग पर ले जाने में सहायक हैं। राज्यपाल रविवार को हरिजन सेवक संघ द्वारा आचार्य विनोबा भावे की 125वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित वेबिनार गांधी इन न्यू एरा-विनोबा जी को राजभवन से सम्बोधित कर रहीं थीं।

राज्यपाल ने कहा कि महापुरुषों की कीर्ति किसी एक युग तक सीमित नहीं रहती है, बल्कि उसकी प्रांसगिकता युगों-युगों तक कायम रहती है। समाज उनके विचारों से सदैव मार्गदर्शन प्राप्त करता रहता है। आचार्य विनोबा भावे जी ने गांधी जी के मार्ग को अपनाया और जीवनभर वह उनके आदर्शों पर चलते रहे। संत स्वभाव के होने के बावजूद आचार्य विनोबा में राजनैतिक सक्रियता भी थी। उन्होंने सामाजिक अन्याय तथा धार्मिक विषमता का मुकाबला करने के लिए देश की जनता को स्वयंसेवी होने का आह्वान किया। समाचार पत्र महाराष्ट्र धर्म के माध्यम से भी आचार्य विनोबा भावे ने देशवासियों में स्वतंत्रता की अलख जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। उन्होंने कहा कि आचार्य विनोबा भावे को समाज कल्याण, दु:खी एवं जरूरतमंदों के उत्थान हेतु किये गये कार्यों के लिये संत, आचार्य तथा ऋषि जैसी तीन विभूतियों से सम्मानित किया गया था। उन्होंने कहा कि विनोबा भावे की जन नेतृत्व क्षमता तथा व्यक्तित्व से प्रभावित होकर चम्बल के 20 डाकुओं ने आत्मसमर्पण किया था। राज्यपाल ने कहा कि आचार्य के नेतृत्व का कद बहुत ऊंचा था, क्योंकि उन्होंने सभी को समान रूप से अपनाया और उपलब्धियों में सबको सहभागी माना। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी देशवासियों का कर्तव्य है कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में अपना योगदान दें। पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि और निर्णयों ने राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को बहुत सकारात्मक संदेश दिया है। आत्मनिर्भर भारत पैकेज कोरोना महामारी के संकटों से अर्थव्यवस्था के पुनरोद्धार के लिए महत्वपूर्ण कदम है। देश में कुटीर और लघु उद्योगों को बड़े पैमाने पर सहायता दी जा रही है। गांवों को आर्थिक रूप के साथ ही तकनीकी रूप में भी सक्षम बनाये जाने के प्रयास किये जा रहे हैं।

# भावी पीढ़ी के हित में हमको भी देना होगा योगदान: दिनेश शर्मा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





● विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के सम्मेलन के तीसरे दिन के प्रात:कालीन सत्र का डिप्टी सीएम व सायंकालीन सत्र का कानून मंत्री ने किया उद्घाटन

**सिटी मोन्टेसरी** स्कूल द्वारा आयोजित 'विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 21वें अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन' का तीसरा दिन आज देश-विदेश की प्रख्यात हस्तियों डा. दिनेश शर्मा, उप-मुख्यमंत्री, प्रदेश के कानून व न्यायमंत्री बृजेश पाठक, हैती के प्रधानमंत्री जीन हेनरी सिएन्ट आदि की गरिमामय ऑनलाइन उपस्थिति एवं विभिन्न देशों के न्यायविद्ों व कानूनविद्ों की परिचर्चा से ओतप्रोत रहा। इसके अलावा, सम्मेलन के तीसरे दिन आज सीएमएस संस्थापिका व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. (श्रीमती) भारती गाँधी ने एलिन वेयर, फाउण्डर एवं ग्लोबल कोआर्डिनेटर, पीएनएनडी, स्विटजरलैण्ड को 'नेल्सन मंडेला न्यूक्लियर फ्री फ्यूचर अवार्ड', जापान की शान्ति संस्था 'ब्याको शिंको काई' की चेयरपरसन मसामी सायोन्जी को 'लाइफटाइम एचीवमेन्ट अवार्ड फॉर प्रमोटिंग वर्ल्ड पीस', रूस के ह्यूमैनिटीज ऑफ द फाइनेन्सियल यूनिवर्सिटी के हेड ऑफ द डिपार्टमेन्ट डा. नताल्या ओरेखोवस्काया को 'ग्लोबल एजूकेशन एक्सीलेन्स अवार्ड' एवं पेरू सुपीरियर कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति डा. जोसफा वी इजागा पेलग्रिन को 'लार्ड बुद्धा अवार्ड' से वर्चुअल प्रजेन्टेशन के माध्यम से सम्मानित किया गया।

इस ऐतिहासिक सम्मेलन के तीसरे दिन प्रात:कालीन सत्र का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि डा. दिनेश शर्मा, उप-मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अन्तर्राष्ट्रीय मुख्य न्यायाधीश सम्मेलन के माध्यम से सीएमएस सारे विश्व के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित व सुखमय करने का अनूठा अभियान चला रहा है, जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए, कम होगी। हमारा भी यह कर्तव्य बनता है कि भावी पीढ़ी के हित में एवं समस्त मानवता के कल्याण में अपना यथासंभव योगदान करें एवं एकता, शान्ति व भाईचारे के संदेश को पूरे विश्व में प्रचारित-प्रसारित करने में सहयोग करें। सम्मेलन के तीसरे दिन के सायंकालीन सत्र का उद्घाटन मुख्य अतिथि बृजेश पाठक, कानून एवं न्यायमंत्री, उत्तर प्रदेश ने किया।

# पदोन्नति के लिए डीपीसी आयोजित कराने के लिए दिया धन्यवाद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने की निदेशक से मुलाकात

**उत्तर प्रदेश** लेखा एवं लेखा परीक्षा सेवा एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल प्रान्तीय अध्यक्ष योगेश मिश्रा एवं महामंत्री संजय यादव के नेतृत्व में निदेशक आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा से मिला। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा को लेखाकार एवं सहायक लेखाधिकारी के पद पर पदोन्नति हेतु डीपीसी आयोजित कराने एवं लेखाकारों की अध्यतन ज्येष्ठता सूची जारी करने के सम्बंध में धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेश मिश्रा ने अवगत कराया कि लेखा निदेशालय द्वारा गत माह डीपीसी आयोजित कर सहायक लेखाकार से लेखाकार के पद पर 80 कार्मिकों एवं सहायक लेखाधिकारी पद पर लगभग 120 लेखाकर्मिकों के पदोन्नति की संस्तुति की गयी है। निदेशालय द्वारा 2016 एवं उनके पश्चात पदोन्नति पाए लेखाकारों की प्रतीक्षित ज्येष्ठता सूची भी गत माह निर्गत की गयी है।

उन्होंने बताया कि निदेशक आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा उत्तर प्रदेश द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया गया कि पदोन्नति हेतु चयनित कार्मिकों के पदोन्नति, तैनाती आदेश शासन के नीति निर्देशो के अनुसार पूर्ण निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ शीघ्र निर्गत किये जायेंगे तथा संघ द्वारा उनके संज्ञान में लायी गयी लेखा कार्मिको की अन्य समस्याओं का भी त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

## जमीनी विवाद में मारपीट क्रास केस दर्ज

**मोहनलालगंज।** फ्तेखेड़ा गांव में रविवार को जमीन विवाद में किसान और रियल एस्टेट कारोबारी के बीच कहासुनी और जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्ष ने क्रास केस दर्ज कराया है। पुलिस ने फायरिंग की बात से इनकार किया है। मोहनलालगंज के फ्तेखेड़ा गांव में जमीन के कुछ हिस्से को लेकर रविवार को किसान मुकेश यादव और रियल एस्टेट कारोबारी अजय श्रीवास्तव के बीच कहासुनी हो गई। विवाद बढ़ा तो नौबत मारपीट तक पहुंच गई। जिसमें मुकेश का भतीजा अजय यादव और रियल एस्टेट कारोबारी अजय श्रीवास्तव जख्म हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मियों को सीएचसी लाकर भर्ती कराया फिर दोनों पक्ष की तहरीर पर क्रास एफआईआर दर्ज की है। एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया दोनो पक्ष में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई है। जिस पर अजय यादव और अजय श्रीवास्तव जख्मी हुए जिनका मेडिकल कराकर क्रास केस दर्ज किया गया है। जांच में फायरिंग की बात साबित नहीं हो सकी है।

# समस्याओं को लेकर जनप्रतिनिधियों को घेरेंगे दयाल वसुंधरा के निवासी

● कल्याण समिति की मासिक बैठक में लिया गया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मूलभूत** समस्याओं से जूझ रही दयाल रेजीडेंसी वसुंधरा कल्याण समिति की मासिक बैठक रविवार को सेवानिवृत अधिकारी एमएल आर्या की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक के दौरान निर्णय लिया गया कि कॉलोनी की समस्याओं को लेकर दयाल वसुंधरा के नागरिक जनप्रतिनिधियों को घेरेंगे । उनसे कालोनी के विकास की गुहार करेंगे ।

इस अवसर पर श्री आर्या ने पदाधिकारियों और सदस्यों से जोर देकर कहा कालोनी की व्यापक कार्ययोजना बनाकर विकास के लिए सड़क, नाली, मार्ग प्रकाश की व्यवस्था के लिए अभियान चलाना होगा । कालोनी के पार्कों की बाउंड्री वाल, झूले आदि की व्यवस्था जनप्रतिनिधियों से कराने का अनुरोध किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष सन्तोष पांडेय और महामंत्री रणविजय सिंह ने बताया कि कालोनी में जनसम्पर्क अभियान जोरशोर से चलाया जा रहा है। इसमें काफी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है । कालोनी के नागरिक मज़बूती से लामबंद हो रहे हैं। इस मौके पर कालोनी के सदस्य वेदप्रकाश यादव ने विकास के कई सुझाव प्रस्तुत किये । विनोद वर्मा, सुषमा सिंह, मंजुला गुप्ता, सनातनी श्रीवास्तव, विवेक श्रीवास्तव, आकांक्षानाथ, इंदु प्रभा सिंह, शरद सिंह, गोकुल दुबे, अतुल कुमार सिंह, विजय सिंह, जगदीश सिंह, मंजू श्रीवास्तव, जय प्रभु नाथ, आलोक सिंह, दिलीप श्रीवास्तव, आदित्य पांडेय, अनिल गुप्ता ने एक स्वर से कालोनी के खाली प्लॉटों में जलभराव, सड़कों को गड्ढा मुक्त किये जाने के लिए जनप्रतिनिधयों से सहयोग मांगने की बात कही। इस अवसर पर समिति के कोषाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने समिति के सदस्यों से प्राप्त चंदे और खर्च का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

## अवध बस डिपो में आज जागरूकता शिविर

**लखनऊ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के मौके पर सोमवार को कैसरबाग स्थित अवध बस डिपो में जागरूकता शिविर लगेगा। जिसमें महिला परिचालकों व महिला कर्मचारियों के लिए नि:शुल्क विधिक जनजागरूकता एवं साक्षारता शिविर की शुरूआत होगी। यह जानकारी देते हुए विनायक ग्रामोउद्योग संस्थान के अध्यक्ष शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि प्रति वर्ष 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के मार्गदर्शन में देश के समस्त जिलों व तहसील में मनाया जाता है। इस बार यह कार्यक्रम परिवहन निगम के अवध बस डिपो में मनाया जाएगा। जहां रोडवेज अधिकारियों की मौजूदगी में लखनऊ जनपद के न्यायिक अधिकारी शामिल होंगे। कार्याक्रम की शुरूआत पैनल एडवोकेट के द्वारा किया जाएगा।

## राम गोविन्द चौधरी का हुआ भव्य स्वागत

**सरोजनीनगर** । समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष राम गोविन्द चौधरी एवं सपा पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष राजपाल कश्यप का सरोजनीनगर के दरोगाखेड़ा में रविवार को भव्य स्वागत किया गया। इस मौके पर श्री चौधरी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पंचायत चुनाव में सपा समर्थित प्रत्याशियों को जिताने व समाजवादी पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचाने की अपील की। इस मौके पर सपा के जिलाध्यक्ष जय सिंह जंयत, सपा के जिला महासचिव शब्बीर अहमद खान, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष शशिलेन्द्र यादव, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष मनोज पाल एवं पूर्व जिलाध्यक्ष अजय प्रताप यादव बिन्नू, जिला सचिव प्रवीण यादव, जिलाजीत पाल, संजय यादव, वीरू सिंह, सुजीत यादव व मनोज यादव सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

## बाइक व साइकिल में टक्कर, दो घायल

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में रविवार देरशाम रोड पर जिंदा सांप देख डरे एक मजदूर ने अचानक साइकिल मोड़ दी। जिससे वह सामने से आ रही बाइक से टकरा गया। इस सड़क हादसे में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिये सरोजनीनगर स्थित समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। सरोजनीनगर के बिजनौर रोड स्थित चंद्रावल गांव के पास रविवार शाम करीब 6.30 बजे एक जिंदा सांप पड़ा हुआ था। जिसे देखकर उधर से गुजर रहा साइकिल सवार मोहनलालगंज के महेशखेड़ा निवासी मजदूर राम समान उसे देखकर डर गया और साइकिल दूसरी दिशा की ओर मोड़ दी। बताते हैं कि तभी दूसरी तरफ से तेज रफ्तार में आ रहे बाइक सवार शिवेंद्र की बाइक में आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में शिवेंद्र व राम समान गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस की मदद से दोनों को सरोजनीनगर स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है।

## सवर्ण युवा महासभा ने निकाली बाइक रैली

**सरोजनीनगर।** सवर्ण युवा महासभा की नीतियों के प्रचार-प्रसार के लिए महासभा के कार्यकर्ताओं ने रविवार को सरोजनीनगर में बाइक रैली निकाली। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील शुक्ला ने बताया जातिगत आरक्षण एवं एसएसटी एक्ट को समाप्त कराने को लेकर संगठन काम कर रहा है। संगठन की इन नीतियों को जनता तक पहुंचाने के लिए सरोजनीनगर प्रथम वार्ड में बाइक रैली निकाल कर समाज के लोगो को जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि हिन्दुत्व को मजबूत करने के लिए हिन्दू समाज की सभी जातियों को एकजुट होकर काम करना होगा और आर्थिक आधार पर आक्षरण लागू किया जाए। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार डा. केके सिंह, जिला सचिव संजीव तिवारी, पूर्व महामंत्री वीरेन्द्र सिंह, सतीष द्विवेदी, सचिन नाथ, अनुरागनाथ, दिनश शुक्ला, रविन्द्रनाथ तिवारी व संजय गुप्ता मौजूद रहे।

## पिता ने डांटा तो किशोरी ने दी जान

**लखनऊ।** खेत की कटाई से मना करने के बाद पिता की डांट से क्षुब्ध होकर किशोरी ने जहरीला पदार्थ कहा लिया। तबियत बिगड़ने के बाद परिजनों ने सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जहां रविवार की सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक गोसाईगंज में गोरिया कला गांव का रहने वाला शिव कुमार अपनी पत्नी सुनीता व पांच बच्चों के साथ रहकर खेती किसानी करता है। पिता शिव कुमार ने बताया कि बीते कुछ दिनों से उसके खेत में धान की कटाई हो रही थी। शुक्रवार सुबह उसने अपनी बड़ी बेटी जूली 17 से खेत पर चलकर कटाई करने को कहा उसने काम करने से मना कर दिया जिस पर उसे काफी डांटा इससे क्षुब्ध होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया। थोड़ी देर के बाद हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सिविल अस्पताल ले गए जहां इलाज के दरमियान रविवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया।

## 11 प्रतिष्ठानों पर की छापेमारी, 19 सैंपल भरे

**लखनऊ।** दीपावली त्यौहार का फायदा उठाने के लिए मिलावटी मिठाई बेचने वालों पर एफएसडीए ने बड़ी कार्रवाई की। जिलाधिकारी के निर्देश पर 11 प्रतिष्ठानो पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान अधिकारियों ने 19 नमूने जांच के लिए भेजे हैं। रविवार को एफएसडीए ने शहर के मलिहाबाद समेत विभिन्न इलाकों की दुकानों पर छापेमारी की। सरसों का कातेलनवीन किराना स्टोर व तेलस्वेता ग्रामोद्योग औरिया मलिहाबाद से सरसों के तेल का, प्रदीप जी किराना स्टोर से नमकीन का, कन्हैया लाल स्वीट हाउस बूंदी के लड्डू सहित 11 प्रतिष्ठानों के सैंपल लिए गए। कुल मिलाकर छापेमारी के अभियान में 19 नमूने भरे गए औरजांच के लिए लैब भेजे गए।

## प्रेमी से झगड़े के बाद लगाई फांसी

**लखनऊ।** गोमतीनगर इलाके में एक युवती ने प्रेमी से झगड़े के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की भनक लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और प्रेमी युवक को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। पुलिस के मुताबिक मूल रूप से बहराइच में रहने वाली 26 वर्षीय युवती पूजा वर्मा करीब ड़ेढ साल से अपने विकासखंड.5 गोमतीनगर निवासी प्रेमी दीपक मौर्या के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रह रही थी। बताया जा रहा है कि रविवार दोपहर दीपक व पूजा में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था जिसके बाद दीपक थोड़ी देर के लिए घर से बाहर चला गया। वहीं बाद में जब दीपक वापस घर लौटा तो देखा की पूजा ने कमरे में लगे पंखे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

## संदिग्ध हालत में महिला की मौत

**लखनऊ।** चिनहट इलाके में रहने वाली एक महिला की रविवार सुबह संदिग्ध हालत में मौत हो गई। महिला का शव बेड पर पड़ा देख पति ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया और छानबीन शुरू कर दी। मूल रूप से बस्ती निवासी पंकज सिंह वर्तमान समय में अपनी 46 वर्षीय पत्नी शाशी किरन बच्चे चंचल, प्रांजल व देव कुमार के साथ चिनहट के गोयल इन्वलेव फेज.3 मकान संख्या 402 में रहते है। पंकज पेशे से प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है। उन्होंने बताया कि पत्नी शाशी किरन काफी समय से हार्ट की बीमारी से परेशान चल रही थी। बताया जा रहा है कि शनिवार रात परिवार के सभी लोग रोज की तरह खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए थे। वहीं रविवार सुबह किरन बेड पर मृत अवस्था में पड़ी मिली। पुलिस के मुताबिक मामला संदिग्ध लग रहा है, जिसके चलते शव का पीएम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 27 साल से नहीं हुआ बैंककर्मियों के पेंशन का अपग्रेडेशन

**लखनऊ।** 27 वर्ष के बाद भी अभी तक बैंक कर्मचारियों की पेंशन का अपग्रेडेशन नहीं हुआ है, महंगाई कहां से कहां पहुंच गयी है। अब तो पेंशनर्स को पेंशन के भरोसे घर चलाना भी मुश्किल हो रहा है। वृद्धावस्था में बढ़ते स्वास्थ्य सम्बन्धी खर्चों को झेलना मुश्किल पड़ रहा है। यह जानकारी ऑल इंडिया इलाहाबाद बैंक (अब इंडियन बैंक में विलय) पेंशनर्स एंड रिटायरीज एसोसिएशन के सचिव हरिहर सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि लम्बे समय से पेंशन का अपग्रेडेशन न होने का नतीजा यह है कि 20-22 साल पूर्व रिटायर होने वाले अधिकारियों की पेंशन आजकल रिटायर होने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मी की पेंशन से भी चौथाई तक कम हो गयी है। एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारियों में आरएन शुक्ला, नित्यानंद दुबे, हरिहर सिंह, आरएल गुप्ता, आलोक कुमार पाण्डेय, रूबी कंचन, डीएस उपाध्याय, सुनील सक्सेना, एपी द्विवेदी ने बताया कि बैंकों में पेंशन अपग्रेडेशन एंड निर्धारण रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पैटर्न पर किया जाता है। अब जबकि रिजर्व बैंक ने पेंशन अपग्रेडेशन कर दिया है उसके बाद भी हम लोगों को अब भी वही पुरानी पेंशन मिल रही है।

## सरिया से लदे ट्रक को लूटने वाला 25 हजार का ईनामी गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने प्रयाग राज में थाना उतरांव में एक मामले में वांछित चल रहे 25 हजार के ईनामी व अन्तर्जनपदीय लुटेरे तबसीर को उतरांव प्रयागराज से गिरफ्तार किया है। एसटीएफ द्वारा पुरस्कार घोषित अपराधियों को पकड़ने के लिए चलाए जा रहे अभियान के दौरान मुखबिर से पता चला कि उतरांव में एक मामले में वांछित व 25 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित शातिर ट्रक लुटेरा लूट की फिराक में हण्डिया टोल की तरफ गाड़ियों की रैकी करने आ रहा है। मुखबिर द्वारा दी गई सूचना पर एसटीएफ ने मुखबिर के बताए स्थान पर पहुँचकर आवश्यक बल प्रयोग कर तबसीर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार अभियुक्त तबसीर ने बताया कि 22 व 23 अगस्त 2020 की रात में अपने साथियों नन्हें, सहबान, कलीम, सलमान चिकना व साहिल के साथ मिलकर एक सरिया लदा ट्रेलर लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमे उसके दो साथी मय ट्रेलर व माल के साथ पकड़े गए थे। उन्हीं की मदद व रूपयों की आवश्यकता के लिए तबसीर पुन: वाहनों की रैकी करने आया था। तबसीर ने बताया कि विगत माह मकूनपुर थाना क्षेत्र कोहडौर प्रतापगढ़ व कर्वी चित्रकूट से टाटा सूमो व बोलेरो अपने साथी पप्पू, सलमान के साथ मिलकर चोरी किए और दोनों गाड़ियों को पप्पू ने ठिकाने लगाया है। अभियुक्त द्वारा अपने अन्य साथियों के साथ मुम्बई में भी वाहन चोरी व लूट की कई घटनाओं को अंजाम देना बताया गया।

## मध्यांचल डिस्काम ने जिलों में लगाया शिविर

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मध्यांचल** विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने अपने सभी जिलों में उपभोक्ताओं की शिकायतों के निस्तारण के लिए शिविर का आयोजन किया। सभी जिलों में मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और अधिशषी अभियंताओं को शिकायतों के निस्तारण की जिम्मेदारी दी गई।

मध्यांचल डिस्काम के एमडी एसपी गंगवार ने चिनहट विद्युत उपकेंद्र जाकर शिविर का निरीक्षण किया। मध्यांचल डिस्काम के जनसंपर्क अधिकारी के अनुसार विभिन्न जनपदों में लगे शिविरों में आज कुल 6042 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 5423 शिकायतों का तत्काल शिविर में ही निस्तारण कर दिया गया। जोकि प्राप्त शिकायत का 90 प्रतिशत था। देवीपाटन क्षेत्र में सर्वाधिक शिकायतों का कैंप में ही निस्तारण किया गया। लेस और सिस गोमती में लगे कैंपों में आज 425 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 378 शिकायतों का शिविर में ही निस्तारण किया गया जोकि प्राप्त शिकायत का 89 प्रतिशत था। लेसा ट्रांस गोमती क्षेत्र में लगे शिविरों में लगभग 179 शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें से 165 शिकायतों का निदान किया गया जो कि प्राप्त शिकायतों का 92 प्रतिशत था। शेष शिकायतों का भी निस्तारण 2 दिन में कर दिया जाएगा।

## सोती रही पुलिस, मकान खंगाल ले गए चोर

**लखनऊ।** राजधानी पुलिस लगातार रात्रि गश्त के दावे कर रही है लेकिन, हकीकत इससे कुछ अलग ही है। चंद दिनों पहले शातिर चोरों ने मटियारी चौकी से चंद कदम दूरी पर स्थित एक दुकान में चोरी के प्रयास किए। इसके बाद शनिवार की रात कस्बा और मटियारी इलाके में तीन और घरों में एक साथ चोरी की वारदात को अंजाम दी है। बावजूद इसके आरोपियों की धरपकड़ भी नहीं हो पाई है। पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडेय से लेकर डीसीपी पूर्वी चारू निगम ने बढ़ती चोरियों को देखते हुए रात्रि गश्त बढ़ाने के कड़े निर्देश दिए थे। मौजूदा हालात यह है कि कुछ दिन पहले ही पुलिस से बेखौफ शातिर चोरों ने मटियारी चौकी से चंद कदम दूरी पर स्थित एक किराना स्टोर में चोरी के प्रयास किए। बावजूद इसके स्थानीय पुलिस की नींद नहीं टूटी। इसके बाद शनिवार की रात मटियारी चौकी क्षेत्र के कंचनपुर और रहमानपुर के दो और मकानों शातिर चोरों ने वारदात को अंजाम दी है। इसके अलावा स्थानीय कस्बा चौकी इलाके के हंसविहार कॉलोनी में भी शातिर चोरों ने एक मकान में वारदात को अंजाम दी है।

# सज गईं फड़, शगुन के नाम पर होने लगा लाखों का वारा-न्यारा

संवाददाता। मोहनलालगंज

**करवाचौथ** के साथ ही जुए के गैरकानूनी कारोबार ने रफ्तार पकड़ ली है। दीपावली नजदीक होने से शगुन की आड़ में हो रहे हजारों और लाखों के वारे न्यारे की राह में कोरोना काल की आर्थिक मंदी भी आड़े नही आ रही है। पिछले एक दशक में यह गैरकानूनी खेल तमाम खुशहाल गृहस्थियां तबाह कर कई जिन्दगियों की बलि ले चुका है। फिर भी पुलिस के पास इस काले कारोबार पर शिकंजा कसने का पुख्ता प्लान तक तैयार नही है।

मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र के कुढ़ा, गौरा, सिसेण्डी, अतरौली, खुझौली, दहियर, मऊ, देवती, निगोहां, परेहटा, मोहिद्दीनपुर, कनकहा, मोहनलालगंज कस्बा, पुरसेनी, मस्तीपुर, भीलमपुर, रायभानखेड़ा, हुलासखेड़ा, नगराम, गोशाईगंज, मोहारी, करोरा, समेसी, जैतीखेड़ा, बिन्दौवा, दीवानगंज, धरमावतखेड़ा, उदवतखेड़ा, दाउदनगर, गढ़ीमेंहदौली समेत अधिकतर गांव में जुए का गैरकानूनी खेल शगुन की आड़ में धड़ल्ले से बेरोकटोक चल रहा है।

### जुए को लेकर हुईं वारदातें

- 2020 में जुए को लेकर हुलासखेड़ा में दो पक्ष में खूनी संघर्ष ।
- 2012 में गढ़ी मवैया में जमघट के दिन जुए को लेकर विवाद में बुजुर्ग की पीटकर हत्या।
- 2009 में जुए के विवाद में बदनखेड़ा में दो युवकों की हत्या।
- 2003 में जुए को लेकर हुए विवाद के बाद युवक की हत्या कर शव बोरे में भरकर मऊ के तालाब में फेंका।
- 2000 में जुए को लेकर हुए विवाद में धनतेरस के दिन मऊ में युवक की बम मारकर हत्या।

### पहले ही मिल जाती है पुलिस के मूवमेण्ट की सूचना

जुआरियों और उन्हें रुपये देने वाले लोगों का नेटवर्क पुलिस से भी ज्यादा मजबूत बताया जाता है। सूत्रों की मानें तो पुलिस के मूवमेण्ट से पहले ही उन्हें इसकी भनक लग जाती है। लिहाजा गांवों में पुलिस के पहुंचने से पहले ही जुआरी फड़ खाली करके नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। यही वजह है कि दीपावली के मौके पर अधिकतर छापेमारी में पुलिस की कार्रवाई कुछ छुटभैया जुआरियों तक ही सीमित रह जाती है।

### क्या कहते हैं एसीपी

एसीपी प्रवीण मलिक ने बताया सट्टा और जुए के गैरकानूनी खेल पर रोक लगाने के लिए पीआरवी और बीट पुलिसकर्मियों को चौकन्ना रहने को कहा गया है। हाल ही में डेहवा में छापा डालकर सट्टा कारोबार का भण्डाफोड़ किया जा चुका है। जहां कहीं से सट्टे और जुएं के खेल की सूचना आएगी फौरन कार्रवाई की जाएगी। कहीं भी इस तरह की गैरकानूनी गतिविधि देखकर आमलोग सीधे मेरे सीयूजी नंबर पर फोन करके सूचना दे सकते हैं। मैं स्वयं छापा डालकर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करुंगा।

### रुपये लगाने वालों की भी फौज

जुए के गैरकानूनी खेल के जरिए जुआरियों को रुपये देकर हजारों और लाखों कमाने वालों की भी गांवों में फौज तैयार है। यह लोग सीधे तौर पर जुएं की फड़ पर तो नहीं शामिल होते लेकिन जुआरियों को रुपये देकर मुनाफा कमाने के लिए दिन रात जुटे रहते हैं।

# पालीथीन मुक्त समाज के लिए निकाली जागरूकता रैली



**मोहनलालगंज।** पालीथीन मुक्त समाज की आधारशिला रखने के लिए रविवार को मोहनलालगंज कस्बे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के स्वयं सेवकों ने स्कूली बच्चों और पर्यावरण प्रहरियों के साथ मुरलीनगर से लेकर कालेबीर बाबा मंदिर तक जन जागरुकता रैली निकाली। प्रकृति वंदन पालीथीन बन्धन कार्यक्रम के तहत संघ के स्वयं सेवकों की अगुवाई वाली टीम ने लोगों को पालीथीन मुक्त समाज का निर्माण करने के लिए जागरुक किया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को घरों और व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से निकलने वाली पालीथीन को बोतल में भरकर इकोब्रिक के रुप में प्रयोग करने का सुझाव दिया। इस दौरान संघ के जिला पर्यावरण संयोजक डॉ आशीष मिश्र, पालक अधिकारी कौशल ,मुख्य शिक्षक शिवा, शशी अवस्थी ,नगर प्रमुख प्रमोद, शैक्षणिक प्रमुख नृपेन्द्र, धार्मिक प्रमुख रितेश, सोशल मीडिया प्रमुख अक्षय, पंकज और पर्यावरण प्रहरी शुभम, रितिका ,खुशबू आदि उपस्थित रहे।

# चौथे दीपोत्सव के लिए सज कर तैयार हो रही अयोध्या

● दीपोत्सव में आम श्रद्धालुओं का नहीं होगा प्रवेश, 11 रथों पर निकाली जाएगी शोभायात्रा-सरयू तट से लेकर पूरी अयोध्या, प्रमुख मठ-मंदिरों को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है



**संवाददाता।** अयोध्या

**भगवान** श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में चौथे दिवसीय दीपोत्सव की तैयारी तेज हो गई है। राम की पैड़ी पर सजावट और रंगाई.पुताई का काम तेजी से हो रहा है तो सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी तैयारी कर ली गई है। राम की पैड़ी पर अनवरत जल प्रवाह शुरू हो गया है। दीपोत्सव के कार्यक्रम को पूरा करने की जिम्मेदारी अवध यूनिवर्सिटी को मिली है। इस बार यहां राम मंदिर निर्माण की झलक भी दिखेगी। 15 गडे 25 फीट के आकार का राम मंदिर मॉडल भी रखा जाएगा जिसे दीपों से सजाया जाएगा। राम दरबार का रेखाचित्र भी प्रदर्शित होगा। दीयों को सजाने में 10 हजार वालंटियर लगेंगे। जिसमें 4 हजार छात्राएं शामिल रहेंगी। वालंटियर के शारीरिक परीक्षण के लिए 25 डाक्टरों की टीम लगाई जा रही है। सरयू नदी के 24 घाटों पर 6 लाख दीयों को सजाकर जलाने वाले वालंटियर की थर्मल स्कैनिंग की जाएगी। साथ में मास्क व सैनिटाइजर उन्हें दिया जाएगा।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम में नहीं होंगी विदेशी रामलीलाएं

**अयोध्या।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की अयोध्या शोध संस्थान व संस्कृति विभाग ने जो कार्ययोजना तैयार की है उसमें इस साल के दीपोत्सव में विदेशी राम लीलाओं की कमी जरूर खलेगी। अयोध्या शोध संस्थान के निदेशक डाण् योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि इंटरनेशनल फ्लाइट न शुरू होने के कारण इस साल यहां 6 देशों के राम लीला दल नहीं पहुंच पाएंगे।संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी राम तीर्थ ने बताया कि 11 नवंबर से ही सांस्कृतिक व रामलीला के कार्यक्रम भजन स्थल पर शुरू होंगे। जहां दिल्लीए झारखंडए मुंबईए लखनऊ की रामलीलाओं के साथ सांस्कृतिक दल अपने कार्यक्रम पेश करेंगे। 11 नवंबर को दिल्ली का यश चौहान का राम लीला दलए 12 को ऐशबाग लखनऊ की राम लीला व 13 नवंबर को कविता तिवारी का काव्य पाठ व मुंबई की जुड़वां बहनें लवकुश प्रसंग का प्रस्तुतीकरण करेंगी। मुख्य उत्सव पर मिशन शक्ति को दर्शाने के लिए झारखंड की महिला राम लीला मंडली राम लीला का मंचन करेंगी। जिसमें राम कथा के सभी पात्रों को महिला कलाकार ही प्रस्तुत करेंगी।

### पिछले वर्षों की भांति निकलेंगी 11 झांकियां

**अयोध्या।** 13 नवंबर को दिन में राम कथा के मुख्य प्रसंगों को दर्शाने वाली 11 झांकियां निकलेंगी। झांकियों के रथ साकेत कालेज में तैयार किए जा रहे हैं। इसके आगे 21 लोक संगीत के सांस्कृतिक दल चलेंगे। जो देश की सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन करेंगे। शोभायात्रा में भगवान श्री राम के जन्म से लेकर के अभिषेक तक की कुल 11 प्रसंगों पर झांकियां निकाली जाएगी जो अत्यंत मनमोहक होगी।

### दीपोत्सव और कार्तिक मेला में बाहरी यात्रियों का प्रवेश वर्जित

**अयोध्या।** भव्य दीपोत्सव में कोविड.19 को देखते हुए प्रशासन ने यह निर्णय लिया है की किसी भी व्यक्ति का दीपोत्सव क्षेत्र में बिना पास के प्रवेश नहीं दिया जाएगा और अयोध्या से बाहर के आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कार्तिक पूर्णिमा तक पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया गया है। 11 नवंबर से बाहर से आने वाले वाहनों का प्रवेश अयोध्या के अंदर नहीं होगा।

### अयोध्या के लिए ऐतिहासिक क्षण : कल्कि जी महाराज

**अयोध्या।** विश्व भूमण्डल में निवासरत सनातन समाज के लिए यह एक ऐतिहासिक क्षण होगा जब मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथजी श्रीराम जन्म भूमि पर दीपक प्रज्ज्वलित करेंगे इसे सफल और सार्थक बनाने में किसी भी प्रकार की कोई कसर नही रहने दी जायेगी इस ऐतिहासिक क्षण का लाभ सभी सनातनियों को प्राप्त हो इसके लिए सरकार ने कोरोना वायरस के संक्रमण से श्रद्धालु भक्त जनों के जीवन मूल्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर दीपोत्सव को वर्चुअल रूप से ही आयोजित किया गया है जो अत्यन्त सराहनीय है। मुख्यमंत्री जी द्वारा श्रीराम जन्म भूमि पर दीप प्रज्वलित करते ही रामादल ट्रस्ट मुख्यालय पर सोशल डिस्टेन्श की प्राथमिकता के साथ 16 दिवसीय 'लक्ष्मीनारायण महायज्ञ' का श्रीगणेश किया जायेगा जिसमें अयोध्या जी न पहुँच वाले श्रद्धालुओं सहित सनातन समाज की सुख समृद्धि सुरक्षा शान्ति ऐश्वर्य की याचना करते हुए 'लक्ष्मीनारायण महायज्ञ के आयोजन में पूर्णाहुति 30 नवम्बर 'देव दीपावली' पूर्णिमा को रामादल मुख्यालय पर सम्पन्न होगी।

## कृषि निवेश केंद्र का फीता काटकर हुआ उद्घाटन

**गोरखपुर।** भारत कृषि प्रधान देश है। देश में खेती का क्षेत्रफल घट रहा है और आबादी बढ़ रही है। ऐसी परिस्थिति में अधिक से अधिक खाद्यान उत्पादन की जरूरत है। जिससे देश के सभी नागरिकों के लिए व्यवस्था की जा सके। कम लागत अधिक उत्पादन की तकनीकी वैज्ञानिक संस्तुति के आधार पर आधुनिक कृषि यंत्रों का प्रयोग कर खेती करें। उक्त बातें सेवा निवृत्त ए डी ओ कृषि रामअधार यादव ने ग्राम चपरहट में कृषि निवेश केंद्र का फीता काटकर उद्घाटन करने के पश्चात कही। कृषि निवेश केंद्र के पिंटू आर्या ने आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर प्रभारी पारदर्शी किसान सेवा योजना के अरुण राणा सिंह, यादव विक्रम सिंह, अनूप, अवनीश, अनिल, सत्यपाल, रामकुमार, उदय प्रताप पाल, राज नरायण यादव आदि मौजूद रहें।

## जीत लेता है बाप दुनिया को और बच्चों से हार जाता है: मिन्नत

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**हैप्पी** इवेंट ग्रुप एंड वेडिंग प्लानर की तरफ से मुशायरा एवं कवि सम्मेलन एक निजी रेस्टोरेंट में सरकार द्वारा जारी नियमों का पालन करते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर सत्या पांडेय, डॉ. रूप कुमार बनर्जी, डॉ. हर्षवर्धन राय, शमशाद आलम एडवोकेट एवं सरदार जसपाल सिंह ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित करके किया। कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए मिन्नत गोरखपुरी ने जैसे ही इन पंक्तियों को पढ़ा तालियों से हाल गूंज उठा। इस हकीकत से किसी को क्या मतलब, कर्ज़ सारा उतार जाता है। जीत लेता है बाप दुनिया को और अपने बच्चों से हार जाता है। वसीम मजहर गोरखपुरी ने पढ़ा...मैं पॉज़िटिव हुआ तो अधूरी रही ग़ज़ल। मेरे तमाम मिसरे कोरोना से मर गए। नुसरत अतीक ने पढ़ा.. पहले तो दिल से दिल को मिलाने की बात थी। अब हुक्म यह हुआ है कि दूरी बनाएं लोग। मुस्तफा खान ने पढ़ा...कुछ ऐसे कट रही है जिंदगी इस काल में। जैसे हर इंसा जी रहा है जंजाल में। मीनाक्षी शुक्ला ने पढ़ा..मोहब्बत की कहानी में अगर विराम लिखतीं हूँ, तो हिन्दी से हथेली पर उसी का नाम लिखतीं हूँ। शालिनी दुबे ने गीत पढ़कर का सबका दिल मोह लिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अयान, कार्यक्रम की सह संयोजिका अंकिता, रुखसार खातून, कमलेश, अरशद जमाल सामानी, इज्जत गोरखपुरी, सिराज सानू, डॉक्टर राशिद हुसैन, कहकशा खातून, पुनीत यादव, अशफाक हुसैन मेकरानी, सैयद इरशाद अहमद, अनीश एडवोकेट, अमृता राव आदि उपस्थित रहें। इस अवसर पर समाजसेवियों को उनके द्वारा समाज में दिए जा रहे योगदान के लिए सम्मानित भी किया गया।

## झाड़ू-रस्सी के गोदाम में लगी आग, हड़कंप

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**तिवारीपुर** थाना क्षेत्र के निजामपुर में अचानक आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अग्निशमन दस्ते की टीम ने आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। आपको बता दें निजामपुर में विकास चौरसिया का ईश्वर चंद्र के मकान में किराए पर नीचे झाड़ू और रस्सी का गोदाम है। आग लगने की जानकारी ऊपर रह रहे मकान मालिक ईश्वर चंद्र के परिवार को सुबह 9 बजे के आसपास पता चला तो उन्होंने सबसे पहले गोदाम मालिक विवेक चौरसिया को फोन कर सूचना दिया, उसके बाद अग्निशमन दल को फोन कर अवगत कराया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची अग्निशमन दल आग बुझाने की कोशिश शुरू की, काफी देर तक जब आग पर काबू नहीं पाया गया तो मौके पर पहुंचे मुख्य अग्निशमन अधिकारी डीके सिंह ने मकान के दूसरे तरफ छत पर चढ़कर खुद ही दीवार तोड़ने में लग गए और आग बुझाने के लिए दिशा निर्देश दिया। आग बुझाने में लगभग 3 घंटे का समय बीत जाने के बाद भी गोदाम से धुआं निकल रहा था, लेकिन दमकल कर्मियों ने काफी हद तक आग पर काबू पा लिया था। आग बुझाने में अग्नि शमन की 7 गाड़ियों के साथ मुख्य अग्निशमन अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और घंटों कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आशंका जताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट से झाड़ू के गोदाम में आग लग गई। गोदाम के मालिक विकास चौरसिया ने बताया कि 9 बजे के आसपास सूचना मिली, गोदाम में करीब 15 लाख रुपए का झाड़ू और रस्सी रखा हुआ था, काफी माल जल गया है और नुकसान भी हुआ है, नुकसान का अनुमान लगाना अभी मुश्किल है।

## जन्म मां देवकी ने दिया और बाललीला का सुख मां यशोदा को मिला: डॉ. वेदांती

**संवाददाता।** अयोध्या

● हिंदू धाम अयोध्या में पूर्व सांसद डॉ. रामविलास वेदांती ने भागवत कथा में कहा- वह मनुष्य बहुत भाग्यशाली होता है जिसको भगवान की कथा सुनने को मिलती है

**मां** सरयू के पावन तट के समीप श्री राम लला की जन्मसली अयोध्या के हिंदू धाम में पूर्व सांसद डॉ रामविलास वेदांती जी महाराज द्वारा भागवत कथा की अविरल रस धारा प्रवाहित हो रही है। भागवत कथा में श्री दास ने भगवान कृष्ण के जन्म के बाद कंस के अत्याचार मां यशोदा के सुख भगवान योगेश्वर कृष्ण की बाल लीला रासलीला और इंद्र के घमंड को नष्ट करने वाली अविरल कथा कहीं जो जीवन को सफल और धन्य बनाने वाली है। व्यासपीठ से श्री वेदांती जी महाराज ने कहा मां देवकी ने भगवान कृष्ण को जन्म दिया लेकिन मां का सुख माता यशोदा को प्राप्त हुआ। पुत्र के साथ ठिठोली करने लोरी सुनाने और सोने में जो सुख मां को सबसे अधिक प्रिय है उससे देवकी मां वंचित हुई और यशोदा मां को वह सब सुख प्राप्त हुए। भगवान की इस बाल चरित्र का सुख उसी को प्राप्त होता है जो हमेशा लोगों की भलाई और सुख की कल्पना करता है। जिसके मन में छल कपट नहीं होता है। जिस समय भगवान कृष्ण गोकुल पहुंचे और कंस को पता चला कि उसको मारने वाला जन्म ले चुका है उसी समय उसने मंत्रिमंडल की बैठक बुलाई और निर्णय लिया गया कि पृथ्वी पर जब तक यज्ञ हवन जिससे देवताओं को शक्ति प्राप्त होती वह सब बंद कर दिया जाए और कृष्ण पक्ष की अष्टमी को जन्में सभी बच्चों का वध कर दिया जाए। आदेश सुनते ही कंस के उपचार और सेना चारों तरफ फैल गए इसी बीच भगवान कृष्ण बाल लीला करते हुए पूतना का वध कर दिया। भगवान कृष्ण की लीला वर्णन करते हुए श्री वेदांती ने बताया की बृजवासी बहुत ही सौभाग्यशाली थे जो आनंदकद श्री कृष्ण भगवान ने वहां बाल लीला की बाल लीला देखने के लिए ऋषियों ने गोपियों के रूप में जन्म लिया। वैसे ही भगवान कृष्ण माखन चुरा के बाल लीला से सब को भावविभोर करते रहते थे और और कंस द्वारा भेजे गए बकासुर कालिया नाग जैसे असुरों का वध किया और प्रकृति की पूजा गौ माता की संदेश दिया?। जब भगवान कृष्ण इंद्र की पूजा ना करके प्रकृति की पूजा करने के लिए कहा इसको देखते ही इंद्र कुपित हुए तो बाल रूप में भगवान श्री कृष्ण गोवर्धन पर्वत अपनी उंगली पर उठाकर के सभी बृज वासियों की रक्षा की।

## धुरियापार औद्योगिक गलियारे का आरईपीएल बनाएगा मास्टर प्लान

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**गोरखपुर** औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने दिल्ली स्थित प्रमुख इंफ्रास्ट्रक्चर कंसलटेंट रुद्राभिषेक इंटरप्राइजेज लिमिटेड (आरईपीएल) को धुरियापार औद्योगिक गलियारे के विकास के लिए जीआईएस पर आधारित मास्टर और सेक्टर प्लान बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। प्रोजेक्ट साइट 5500 एकड़ (करीब 2300 हेक्टेयर) तक फैली है। यह उत्तर प्रदेश में गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थित है। इस समझौते पर जीआईडीए और आरईपीएल के अधिकारियों ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत आरईपीएल को उपलब्ध आंकड़ों का संग्रह और समीक्षा की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। आरपीईएल साइट विश्लेषण, बाउंड्री के सर्वे और मांग का आकलन करेगा और विकास की जरूरतों की योजना बनाएगा। परफेक्ट जोनिंग के साथ जीआईएस पर आधारित मास्टर प्लान बनाया जाएगा और आंतरिक और बाहरी आधारभूत ढांचे का अध्ययन (सड़क, पानी, सीवरेज, ऊर्जा, अपशिष्ट प्रबंधन) किया जाएगा। सेक्टर के विकास की योजनाएं बनाने, परियोजना का ढांचा तैयार करने, सामाजिक प्रभाव के आकलन और प्रोजेक्ट क्रियान्वयन योजना की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी के माध्यम से धुरियापार औद्योगिक गलियारे में फैले 18 गांवों के विकास में मदद करेगा, जिसमें मौजूदा सामाजिक बुनियादी ढांचे जैसे कि स्वच्छता, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और मनोरंजन सुविधाएं शामिल हैं। आरईपीएल के सीएमडी प्रदीप मिश्रा ने कहा है कि तकनीक देश के आधारभूत ढांचे के विकास के लिए एक अहम भूमिका निभा रही है।

## प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर, पुलिस मनमानी पर उतारू : डॉ. एपी सिंह

● चर्चित अधिवक्ता ने कहा, योगी के प्रयास के बावजूद नही रुक रहा घपला व घोटाला

● जैतपुर पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर जताई गहरी नाराजगी

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



जिला मुख्यालय पर प्रेस से मुखातिब वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह पायनियर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में प्रदेश सरकार व केंद्र सरकार की नीतियों व लाभकारी जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देने से संबंधित कार्यक्रम भुजंती पाठक, मधुपुर, थाना जैतपुर में राष्ट्रीय प्रवासी मंच के जिलाध्यक्ष के यहां रखा गया था जिसमें कार्यक्रम के दौरान गणेश उर्फ बचुरी, धनेश उर्फ कल्लू व उनके अन्य साथियों ने लाठी-डण्डों से पीट तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी को भद्दी भद्दी गालियां व अभद्र भाषा का प्रयोग किया जिस पर आज तक पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की और सीधे - साधे लोगों पर झूठे व राजनीतिक द्वेष के कारण मुकदमें दर्ज कर रही है। उक्त विचार सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ चर्चित वकील डॉ0 एपी सिंह रविवार को राष्ट्रीय प्रवासी मंच द्वारा प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में व्यक्त किये। डॉ0 एपी सिंह ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। योगी जी के भरसक प्रयासों के बावजूद भ्रष्टाचार रूक नही रहा है। सरकारी निर्माण कार्यों में घपला, घोटालेबाजी पूरी तरह से हावी हो चुकी है। राष्ट्रीय प्रवासी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णवीर सिंह रौठौर ने कहा कि उत्तर प्रदेश के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में राशन घोटाला बहुत बड़ी समस्या है। सरकार गेहूँ और चावल ज्यादा ज्यादा भेजती है परन्तु कोटेदार कम मात्रा में ही देते हैं और एक रूपये प्रति किलो पर अतिरिक्त वसूली करते हैं। इन सभी समस्याओं और भ्रष्टाचार के खिलाफ राष्ट्रीय प्रवासी मंच एकजुट होकर लड़ाई लड़ेगा एवं मुख्यमंत्री से शीघ्र कार्यवाही करने की मांग करेगा। राष्ट्रीय प्रवासी मंच के राष्ट्रीय सलाहकार अरूण राणा ने जैतपुर पुलिस द्वारा दबंग, धनबल, जनबल व बाहुबल के लोगों की थाने में सुनवाई होने की बात कही तथा कहा कि आम आदमी की कोई भी सुनवाई नही होती तथा सीधे साधे लोगों पर झूठे केस पूरी तरह से राजनीतिक दबाव में लगाए जाते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय प्रवासी मंच के राष्ट्रीय सचिव महेश दुबे तथा जिलाध्यक्ष भुजंती पाठक भी मौजूद रहे।

## गौशालाओं में उपलब्ध कराएं पराली: डीएम

● पशुओं की हर हाल में हो ईयर टैगिंग

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में गोवंश के सकुशल संरक्षण हेतु बैठक किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि ठंड के मद्देनजर प्रत्येक गौशालाओं में पराली उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। पशुओं को सेड के अंदर व्यवस्थित रखा जाए। साथ ही साथ प्रत्येक आश्रय स्थलों पर चरही ,भूसा ,पशु आहार पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होना चाहिए । उन्होंने कहा कि पशुओं के टीकाकरण के कार्यों में तेजी लाते हुए जनपद के प्रत्येक ग्राम सभाओं में डॉक्टर की टीम भेज कर टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें किसी भी ग्राम सभा का कोई भी पशु वंचित नहीं रहना चाहिए साथ ही साथ टीकाकरण के उपरांत पशुओं का ईयर टैगिंग अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी पशु आश्रय स्थल पर कोई भी पशु ठंड अथवा दवा के अभाव में मृत्यु पाया जाएगा तो संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी । उन्होंने आश्रय स्थलों पर लगाए गए नोडल अधिकारियों ,समस्त वी0डी0ओ0 को निर्देश देते हुए कहा कि समय-समय पर गौआश्रय स्थलों का जायजा लेते रहें। इस कार्य में शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम में कुपोषित परिवारों को गाय स्वीकृत कराकर उन्हें कुपोषण मुक्त परिवार बनाने में अपनी भूमिका का निर्वहन करें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी ,समस्त वी0डी0ओ0 ,नोडल अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मौके पर उपस्थित रहे।

## पिता की याद में मठ स्थापना कर इंद्रेश ने चुकाया पितृ ऋण

● समाजसेवी धर्मवीर ने किया अनावरण

**संवाददाता।** अंबेडकरनगर



पिता की याद में बनाये गए मठ का अनावरण करते बग्गा पायनियर

**आधुनिक** श्रवण कुमार के रूप में उभरे इंद्रेश कुमार ने अपने पिता की याद में स्थापित मठ में उनकी प्रतिमा स्थापित की जिसका रविवार को समारोह पूर्वक अनावरण किया गया। प्रख्यात समाजसेवी धर्मवीर बग्गा ने प्रतिमा का अनावरण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि माता पिता से बढ़कर कोई और पूजनीय नहीं है। ऐसे में इंद्रेश कुमार ने अपने पिता की याद में उनकी प्रतिमा स्थापित कर इतिहास रचा है। उन्होंने उपस्थित लोगों में सेवा भाव जागृत करते हुए कहा कि लोगों को अपने धन वैभव पर घमंड नहीं करना चाहिए। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जिसके अंदर सेवा भाव नहीं है वह मानव रूप में पशु से भी बदतर है। क्योंकि सेवा ही जीवन का मूल आधार है। अंबेडकर नगर जिले के जलालपुर तहसील क्षेत्र के मुरवाह गांव में समाजसेवी इंद्रेश कुमार द्वारा अपने पिता की याद में स्थापित उनकी प्रतिमा के अनावरण अवसर पर उपस्थित लोगों की आंखें उनकी याद में नम हो गई। उक्त प्रतिमा का अनावरण समाजसेवी धर्मवीर बग्गा के हाथों समारोह पूर्वक हुआ। उल्लेखनीय है कि इंद्रेश के पिता संतराम इसी गांव में 20 अक्टूबर 1955 को पैदा हुए थे और अकबरपुर के मरैला स्थित कताई मिल में पोस्ट थे। जिनकी मृत्यु 21 मई 2019 को एक सड़क दुर्घटना में हो गई थी। ऐसी परिस्थिति में इंद्रेश कुमार ने श्रवण कुमार से प्रेरणा लेकर अपने पिता की प्रतिमा की स्थापना का मन बनाया जो आज पूर्ण हुआ। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद दयाराम और विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य रामदौर मौजूद रहे। प्रख्यात समाजसेवी धर्मवीर बग्गा ने संतराम की प्रतिमा का समारोह पूर्वक अनावरण किया। कार्यक्रम का संचालन हरिश्चंद्र खरवार ने किया। जिसमें प्रमुख रूप से बसपा जिला सचिव पवन मौर्या,बीएमपी की संगीता, रामआसरे भारती, रामसूरत, शिवम, अनुराग, मीरा, संगीता, संगम, अनुपम, दीपम, प्रियम के अलावा इंद्रेश की मां सरस्वती देवी और पत्नी पुष्पा देवी प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## दबंगों ने पुलिस के सामने ही फूंक दिया छप्पर

**अंबेडकरनगर।** जिले के जहांगीरगंज थाना क्षेत्र हरदिहा गांव में पुलिस की मौजूदगी में छप्पर जलाए जाने का मामला प्रकाश में आया है,मामले की सूचना पर क्षेत्राधिकारी ने घटनास्थल पर जाकर मामले में जांच के उपरांत कार्यवाही की बात कहा है।बता दें कि गांव में पिंटू गौड़ एवं रामबूझ तिवारी के मध्य जमीनी विवाद चल रहा है आरोप है कि रविवार को पुलिस की मौजूदगी में विपक्षियों द्वारा पिंटू गौड़ के छप्परनुमा घर में आग लगा दी गई और घर धू-धू कर जलने लगा जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस संबंध में जब स्थानीय थानाध्यक्ष नागेंद्र सरोज से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि दो पक्षों में जमीनी विवाद की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी इसी दौरान विवाद हो गया। पुलिस की मौजूदगी में छप्पर नहीं जलाया गया है। दोनों पक्षों को थाने बुलाया गया है। वहीं क्षेत्राधिकारी जगदीश लाल टम्टा ने कहा कि वह घटनास्थल पर जाकर स्वयं जांच करेंगे इसके बाद आवश्यक कार्यवाही संपन्न कराई जाएगी।

## देश की आत्मा होते हैं किसान: विधायक

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर



**किसान** देश की आत्मा होतें है। उनके समुचित विकास से ही देश का विकास संभव है। सरकार को हर प्रकार से किसानों की समस्याओं के प्रति सचेत होना चाहिए। किसान खुशहाल होगा तभी देश समृद्ध होगा तथा विकास के पथ पर अग्रसर होगा। यह बातें चिल्लूपार विधानसभा क्षेत्र के विधायक विनय शंकर तिवारी ने गोला क्षेत्र के बनगांव मे सरयू नहर परियोजना द्वितीय के सिल्ट सफाई के उद्घाटन के अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरयू नहर से लाखों किसान लाभान्वित होते हैं। लेकिन नहर की मौजूदा स्थिति काफी खराब है। पानी हेड से टेल तक नहीं पहुंच पाता है। जिस वजह से अनेक किसान सिंचाई के लाभ से वंचित रह जाते हैं। अब नहर की सफाई हो जाने से पानी सुगमता से हेड से टेल तक पहुंच सकेगी। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता लवकुश सिंह, अधिशासी अभियंता अजय कुमार, सहायक अभियंता सुनील कुमार शर्मा, अवर अभियंता राधे मोहन पासवान, अरुण तिवारी, प्रमोद दूबे, राजनरायण तिवारी, अभिषेक राय उर्फ भोलू राय, अरविंद तिवारी, मनोज पाण्डेय, सुनील तिवारी, सन्नी तिवारी, गणेश मिश्रा, गोलू दूबे, मारकण्डेय दूबे, जयसिंह मिश्रा, दीपक मिश्रा, ओमकार नाथ दूबे, बृजभूषण दूबे आदि उपस्थित रहें।

# करतारपुर गुरुद्वारा
## प्रबंधन पर कब्जा

**पाकिस्तान** के लिए भावनात्मक राजनय का कोई अर्थ नहीं है।उसके लिए सिख धर्म के पहले गुरु गुरु नानक के अंतिम स्थल करतारपुर का कोई महत्व नहीं है। उसने गुरुद्वारे के प्रबंधन पर कब्जा कर एक बार फिर खालिस्तानी आंदोलन को जीवित करने तथा सिखों को चरमपंथी व अलगाववादी बनाने का आना एजेंडा आगे बढ़ाया है। इससे स्पष्ट हो जाता है कि पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा सांस्कृतिक निकटता व सद्भावना पर की मीठी-मीठी बातें तथा करतारपुर कारीडोर को दोनों ओर के भक्तों को साथ लाने का प्रयास पाकिस्तानी सेना और इंटर सर्विसेज़ इंटेलीजेंस-आईएसआई की चाल थी जिससे वे पंजाब में उग्रवाद को बढ़ावा देकर भारत के लिए एक और सुरक्षा समस्या खड़ी करना चाहते थे। उन्होंने पहले ही तीर्थयात्रियों को पहुंच प्रदान कर दुनिया भर के सिखों को खुश करने के साथ मामले के राजनीतीकरण से भारत को उकसाने का प्रयास किया था। अब पाकिस्तान का असली इरादा सामने आ गया है। करतारपुर साहब का प्रबंधन सिख गुरुद्वारा समिति से छीन कर एक अलग ट्रस्ट को दे दिया गया है। अब पाकिस्तान सिख गुरुद्वारा प्रबंधक समिति के बजाय इसके प्रशासन पर ईवैकुई ट्रस्ट प्रापर्टी बोर्ड का कब्जा होगा। इससे पाकिस्तान का सीधे उसकी कार्रवाइयों पर नियंत्रण हो जाएगा। भारत ने पाकिस्तान के इस एकतरफा कदम को धर्म के मामले पर साझा सरोकारों की भावना के विपरीत बताया है जिसका संबंध सीमा के दोनों ओर रहने वाले गुरु नानक के भक्तों से था। इससे पाकिस्तानी प्रधानमंत्री द्वारा भारत पर अल्पसंख्यकों के प्रति खराब व्यवहार के आरोप भी स्वत: निरर्थक सिद्ध



हो गए हैं। पाकिस्तान इस गुरुद्वारे का प्रयोग खालिस्तानी अतिवादियों के अड्डे की तरह करना चाहता है। 9 नवंबर को गलियारे का उद्घाटन हुए एक साल पूरा होगा। अत: ऐसे समय इस घोषणा से स्पष्ट है कि सद्भावना का यह संकेत भी समाप्त हो गया है। वह कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्ति का वैश्वीकरण करने में विफल रहा है तथा पश्चिमी दुनिया व खासकर अमेरिका में उसकी असहाय स्थिति स्पष्ट हो गई है। वह अरब दुनिया को भारत के खिलाफ खड़ा करने में भी विफल रहा है। इस प्रकार पाकिस्तान चीन तथा अपने नए सहयोगी तुर्की को छोड़ कर दुनिया में अपनी प्रासांगिकता खो चुका है। करतारपुर गुरुद्वारे के प्रबंधन पर कब्जे से स्पष्ट है कि अब उसका शांति का मुखौटा पूरी तरह उतर गया है तथा लड़ाकू भावना सामने आ गई है। गुरु नानक न केवल सिख गुरु, बल्कि इस उपमहाद्वीप की चेतना के प्रतीक हैं। विद्वानों ने उनकी सऊदी अरब, तिब्बत, श्रीलंका, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, ईरान, ईराक भारत और पाकिस्तान की यात्राओं का उल्लेख किया है। उन्होंने 'नानकपंथी संस्कृति' का प्रसार किया तथा गुरु नानक की शिक्षाओं का पालन करने वालों में सिखों के साथ हिंदू व मुसलमान भी शामिल हैं। इस प्रकार पाकिस्तान में गुरुद्वारा दरबार साहेब तथा भारत में डेरा बाबा नानक साहेब को जोड़ने वाला करतारपुर कारीडोर मानवता की दिशा में एक प्रतीकात्मक कदम था। इससे पाकिस्तान को विभाजन के घाव भरने में मदद मिलती। लेकिन पाकिस्तान ने गुरुद्वारे के प्रबंधन वीडियो में ही खालिस्तानी अलगाववादी नेताओं जरनैल सिंह भिंडरावाले, मेजर जनरल शाबेग सिंह व अमरीक सिंह खालसा को दिखा कर अपने इरादे साफकर दिए थे। इसके बाद पाकिस्तान ने वहां जाने वाले श्रद्धालुओं की संख्या कम करने के साथ अनेक अन्य बाधाएं भी लगाईं। उल्लेखनीय है कि गुरुद्वारा लंबे समय से उपेक्षा का शिकार था तथा उसके निकट वाली जमीन पर कब्जा कर ग्रामीण अपने मवेशी बांधने लगे थे, लेकिन राजनीति के कारण इसे वर्तमान स्वरूप दिया गया। पूर्व पाकिस्तानी सेना प्रमुख मिर्जा असलम बेग ने सेना ओर सरकार को इस गलियारे का प्रयोग खालिस्तानी आतंक फैलाने तथा 'भारत के लिए समस्या पैदा करने' हेतु करने का सुझाव दिया था। अब पाकिस्तान के असली इरादे साफहो गए हैं। भारत को ऐसे में खालिस्तानी प्रचार से सावधान रहना होगा।

# मामूली अंतर से ट्रंप की पराजय

**अमेरिका में हुए इस चुनाव ने निष्क्रिय मतदाता की ताकत को उजागर किया, जो अपना प्रभाव चाहते हैं लेकिन मतदान केंद्रों के समक्ष कतार में खड़े होने से बचते हैं। बिडेन ने उनमें से अधिसंख्य मत हासिल कर लाभ उठाया।**



**स्वपन दासगुप्ता**
(लेखक राज्य सभा सदस्य व वरिष्ठ पत्रकार हैं)



हर बात पर जोशीले विचार प्रस्तुत करना सदैव अनिवार्य नहीं होता है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव बहुत महत्वपूर्ण होता है जिसका उस देश के बाहर भी प्रभाव पड़ता है। ऐसा इसलिए क्योंकि अमेरिका, अपनी सारी कमियों के कारण, एक वैश्विक ताकत बना हुआ है और संभवत: एकमात्र ऐसी महाशक्ति जो चीनी एकधिकारवाद का निरंतर बढ़ते कदमों को रोकने में सक्षम है, एक प्रघटना जिसका भारत के भविष्य पर सीधा असर पड़ता है। फिर भी, अंतिम विश्लेषण में, और अमेरिकी नागरिकों की मतदान संबंधी पसंद के दूरगामी परिणामों के बावजूद, चुनाव देश का आंतरिक मामला है। भारतीयों के तौर पर व्हाइट हाउस में अगले चार वर्षों के लिए पहुंचने वाले अगले व्यक्ति को लेकर हमारी दिलचस्पी होने का ठोस कारण है। हालांकि, दिलचस्पी के साथ विलगाव भी रखना होगा और यह जागरूकता कि भारत को द्विपक्षीय संबंधों को निरंतर प्रक्रिया के तौर पर देखना है। अमेरिकी मतदाता जिसे भी देश के संचालन के लिए चुनते हैं हमें उसके साथ जुड़कर काम करना होगा।

यह लेख लिखते समय, न अमेरिकियों न ही शेष दुनिया को यह पता है कि जनवरी 2025 तक व्हाइट हाउस पर कौन काबिज होने वाला है। यद्यपि यह संभावना बढ़ती जा रही है कि चुनाव के विजेता पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन होंगे, हम निश्चित तौर पर नहीं कह सकते कि चुनाव में गड़बड़ियों संबंधी राष्ट्रपति ट्रंप के आरोप न्यायिक परीक्षण में विफल हो जाएंगे। मीडिया की जांच में आरोप सिद्ध नहीं हो पाए हैं, लेकिन जैया कि लगातार स्पष्ट होता जा रहा है, अमेरिकी मीडिया ट्रंप के मामले में शरारती ढंग से एकतरफा काम कर रहा है। अपने विचार से, राष्ट्रपति, कुछ भी सही नहीं कर सकते। न ही उनके समर्थक कुछ कर सकते हैं।

यह उन्मुक्त रिश्ता जिसने अमेरिकी अवस्थापना के एक मजबूती से काबिज़ तबके को एक आज़ाद ख्यालों वाले एक हस्तक्षेपकारी व्यक्ति के विरुद्ध संघर्ष में एकजुट कर दिया, जो कि पूर्ण रूप से अमेरिका की आंतरिक समस्या है। हालांकि, धारणाओं की इस प्रघटना का भद्रता की ताकत पर मार्गदर्शित होना सार्वभौमिक होता जा रहा है। उदाहरण के लिए, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में, मत उद्योग, संयुक्त राष्ट्र 2016 में ट्रंप की जीत से समायोजन नहीं कर पाया, इस धारणा को फैलाने में हद से आगे बढ़ गया कि संपूर्ण अमेरिका में,कुछ अल्प शिक्षित तत्वों को छोड़कर, ट्रंप के राष्ट्रपतित्व के विरुद्ध विद्रोह की भावना व्यापत थी।

यह शैतानी किस्म का झूठ है जैसा कि चुनाव परिणाम में बहुत नजदीकी अंतर टक्कर से प्रमाणित होता है। हो सकता है ट्रंप चुनाव हार जाएं लेकिन पराजय बहुत बड़ी नहीं बल्कि मामूली अंतर से होने वाली है। निश्चित रूप से मत सर्वेक्षणों में इस परिणाम की प्रत्याशा नहीं की गई थी, जिनमें से अधिकतर बिडेन की शानदार विजय की भविष्यवाणी कर रहे थे।

क्या मत सर्वेक्षणों में दोषपूर्ण निदर्शन पर आधारित वास्तविक गलती हुई? यह परोपकारी व्याख्या होगी। हालांकि, इस बात की संभावना अधिक है कि ट्रंप के समर्थन को गंभीर तरीके से कम करके आंके जाने का कारण सामाजिक वांछनीयता पूर्वाग्रह माना जा सकता है। दिन प्रतिदिन की भाषा में यह ट्रंप के

> **क्या मत सर्वेक्षणों में दोषपूर्ण निदर्शन पर आधारित वास्तविक गलती हुई? यह परोपकारी व्याख्या होगी। हालांकि, इस बात की संभावना अधिक है कि ट्रंप के समर्थन को गंभीर तरीके से कम करके आंके जाने का कारण सामाजिक वांछनीयता पूर्वाग्रह माना जा सकता है।**

समर्थकों में व्याप्त भय का रूपांतरण है कि राष्ट्रपति पद के लिए उनका समर्थन नम्र सामूहिकता में अस्वीकार्य के तौर पर देखा जाएगा। दूसरे शब्दों में, मीडिया, अकादमिकों एवं बड़े बिजनेस जगत की सामहिक ताकत, सिलिकान की टायकून वैली भी कम नहीं, ने एक ऐसा माहौल तैयार कर दिया था जिसने धरातल पर विद्यमान वास्तविक भावनाओं को बहिष्कृत कर दिया। ट्रंप ने वास्तविक भावना के इस कपटी जोड़-तोड़ से संघर्ष तो किया मगर इतना नहीं कि सफल हो जाते।

इस पदच्युति के परिणाम क्या होंगे और शेष जगत पर क्या प्रभाव होंगे? यह निरर्थक व्याख्या नहीं है। चूंकि अमेरिकी नरम शक्ति सर्वव्यापी है, यह निश्चित रूप से तय है कि उनके पुन: चुनाव को रोकने के लिए इस्तेमाल की गई रणनीतियां अन्यों के अनुसरण हेतु मॉडल बनेंगी। बिंदु पर अत्यधिक बोले बगैर, यह संज्ञान लेना अनुदेशात्मक होगा कि 2019 के आम चुनावों में नरेंद्र मोदी के खिलाफ ट्रंप-विरोधी रणनीति के मूल तत्वों पर भी प्रयोग किया गया था, यद्यपि सफलता नहीं मिली।

तुलना सटीक नहीं है। परम्परागत अवस्थापना के तीन में से एक भी स्तम्भ, मीडिया, अकादमिक और बिजनेस, मोदी को अपदस्थ करने के लिए किए गए संकल्प में एकजुट नहीं थे, और कुछ भी हो, चुनौती देने वाले की विश्वसनीयता को लेकर संदेह व्याप्त था। लेकिन दृष्टिकोण के मूल तत्वों का जो अमेरिका में सफलतापूर्वक प्रयोग किया गया वह भारत में पिछले वर्ष स्पष्ट नजर आया था। दृष्टिकोण विफल रहा क्योंकि मोदी के विकल्प अत्यंत कमजोर थे लेकिन यह निश्चित है कि ऐसा अंतिम बार नहीं हुआ है कि हम जनमत का जोड़-तोड़ होते देखेंगे, बहुसंख्यकों को यह बताकर नहीं कि उसे स्वयं पर शर्मिंदा होना चाहिए।

अगाध रूप से, अमेरिका में हुए इस चुनाव ने निष्क्रिय मतदाता की ताकत को उजागर किया, जो अपना प्रभाव चाहते हैं लेकिन मतदान केंद्रों के समक्ष कतार में खड़े होने से बचते हैं। बिडेन ने उनमें से अधिसंख्य मत हासिल कर लाभ उठाया जिन्होंने पोस्टल मत अथवा अनुपस्थित मत का प्रयोग किया, जो कि एक वैधानिक दृष्टिकोण है जहां तक बात वास्तविक मतदाताओं के मतों की आती है।

मैं ट्रंप द्वारा इस बात पर जोर दिए जाने को उचित नहीं मानता कि निर्वाचन के दिन केवल वे ही लोग जो असलियत में मतदान करते हैं उनकी ही गणना की जानी चाहिए और अन्यों को मतदान के अधिकार से वंचित कर दिया जाना चाहिए।

अमेरिका में इससे उन पेशेवरों एवं मध्य वर्गीय लोगों को भी मौका मिला जिससे वे लोग अपने मताधिकार का प्रयोग इच्छानुरूप कर सके और डेमोक्रेटों के पक्ष में मतदान किया। अन्य देशों में दक्षिणपंथी दलों को इससे लाभ मिल सकता है। यह संदर्भ पर निर्भर करता है। जिस बात से हालांकि इनकार नहीं किया जा सकता वह यह है कि किसी भी चुनाव में जनता की अधिक सहभागिता लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करती है।

# पर्यावरण संरक्षण व विकास का संतुलन

> **सामान्य आर्थिक गतिविधियों को सामान्य रूप से संरक्षण से जोड़ना चाहिए ताकि विकास से पर्यावरण का नुकसान न हो।**

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)



महामारी के कारण सुस्त अर्थव्यवस्था को उबारने के प्रयास तेज हो रहे हैं। लेकिन देश में कोविड-19 संक्रमण की 'दूसरी लहर' का संभावित खतरा भी सामने आया है। दूसरी लहर की आशंका इस तथ्य से बलवती हुई है कि केरल और दिल्ली में त्योहारों के मौसम में कोरोना के मामले बढ़े हैं। इस वर्ष जाड़ा पहले की तुलना में जल्दी शुरू हो गया है। कोरोना के मामले दोबारा बढ़ना निश्चय ही चिंताजनक है क्योंकि वर्तमान समय में लाकडाउन जैसे तरीके अपनाना संभव नहीं होगा और इस तरह केवल सावधानी बरतना ही एकमात्र उपाय रहा जाता है। इसके अलावा अभी तक न तो टीका बनकर तैयार हुआ है न ही कारोना का कोई निश्चित उपचार इजाद हो पाया है। ऐसे में सरकार, जनता तथा स्वास्थ्यरक्षा अधिकारी जल्दी नियंत्रण की उम्मीद नहीं कर सकते हैं। पड़ोसी उत्तर प्रदेश, हरियाणा व पंजाब में पराली जलाने के कारण दिल्ली हर जाड़े में भयंकर प्रदूषण का शिकार होती है और इससे कोरोना का खतरा ज्यादा बढ़ गया है। इन विपरीत स्थितियों के बीच भारत दो मोर्चों पर लड़ रहा है। एक ओर वह चीन से सीमा पर रक्षा कर रहा है, वहीं दूसरी ओर अर्थव्यवस्था को गति देने के प्रयास जारी हैं तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए भी संघर्ष हो रहा है।

हाल ही में भारतीय पर्यावरण संगठन ग्लोबल हिमालयन इक्सपीडीशन-जीएचई को कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के बीच जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए सम्मानित संयुक्त राष्ट्रसंघ पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह संगठन पर्यटन व तकनीक के प्रयोग से समुदायों की सौर ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करता है। हर साल जलवायु परिवर्तन व उसके प्रभावों से निपटने के



लिए अनेक सम्मेलन व बैठकें होती हैं। विडंबना है कि इन आयोजनों से भी पर्यावरण पर बोझ बढ़ता है। पिछले वर्ष स्विटजरलैंड में आयोजित काप-24 बैठक में 6,000 लोगों ने भाग लिया। इनमें से अनेक वहां निजी जेट विमानों से पहुंचे थे जिनकी संख्या 1,000 थी। इस आयोजन का कार्बन फुटप्रिंट इतना अधिक था कि आयोजकों ने इसका पर्यावरणीय प्रभाव समाप्त करने के लिए 6 मिलियन पेड़ लगाने की प्रतिज्ञा की। यह काप-24 से पैदा एकमात्र विवाद नहीं था। शानदार मांसाहारी भोजन भी आलोचना का कारण बना था क्योंकि कृषि क्षेत्र तथा मवेशी पालन से कार्बन उत्सर्जन बढ़ रहा है। ऐसे शानदार आयोजनों के उलट जीएचई जैसे संगठन जमीन पर रहकर काम करते हैं। बिना बड़े बजट काम करने वाले ऐसे संगठनों के प्रयास प्रशंसनीय हैं। संयुक्त राष्ट्र वैश्विक जलवायु कार्रवाई पुरस्कार जलवायु परिवर्तन सीमित करने के उत्पादक प्रयासों की स्वीकृति है। इन संस्थानों का काम अनेक मानकों पर गुणवत्तापूर्ण है। जलवायु परिवर्तन का प्रभाव कम करने के लिए वे देशी समुदायों को ज्यादा आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास करते हैं। इसके लिए उनकी ऊर्जा व अन्य संसाधनों की आवश्यकता के लिए पर्यावरण-हितैषी तरीके खोजे जाते हैं। भारत के लिए जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र ढांचागत कन्वेंशन-यूएनएफसीसी द्वारा जारी किया गया बयान गौरव का विषय है। जीएचई दुनिया के ऐसे पहले संगठनों में शामिल है जिन्होंने पर्यावरण व तकनीक का सफल समन्वय कर सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले समुदायों को सौर ऊर्जा के लाभ पहुंचाए हैं। अकेले हिंदुकुश क्षेत्र में 16 मिलियन लोगों की किसी ऊर्जा स्त्रोत तक पहुंच नहीं है। यात्रियों व पर्वतारोहियों से एकत्र फीस का एक हिस्सा हार्डवेयर की पूंजीगत लागत, परिवहन, इंस्टालेशन तथा ग्राम स्तरीय सोल ग्रिडों के रखरखाव हेतु प्रशिक्षण पर खर्च होता है। इसका लाभ अंतत: ग्रामीण समाज को मिलता है और प्रशिक्षण से वे कार्रवाईयों में आत्मनिर्भर बनते हैं। जीएचई ने आज तक भारत के तीन क्षेत्रों के 131 गांवों का विद्युतीकरण किया है तथा सीधे-सीधे 60,000 लोगों को सशक्त बनाया है। यात्री ग्रामीणों के साथ रहने का अनुभव प्राप्त करते हैं। इससे न केवल उस क्षेत्र की संस्कृति व खानपान को बढ़ावा मिलता है, बल्कि लोगों की कठिनाइयों के बारे में संवेदनशीलता बढ़ती है। यात्रियों के उनके घरों में रहने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को लाभ होता है जिससे ग्रामीण अब तक लगभग 1,14,000 डालर की आमदनी प्राप्त कर सके हैं। इससे उनके परिवारों की आय में 45 प्रतिशत वृद्धि हुई है। जलवायु परिवर्तन पर अनुत्पादक शोर-शराबा करने वाले आयोजनों के बजाय जीएचई द्वारा पेश ग्लोबल वार्मिंग से संघर्ष करने वाले ऐसे हाइब्रिड समाधानों से पर्यावरण संरक्षण के साथ विकास सुनिश्चित होता है। इससे होने वाले विकास से पर्यावरण क्षरण के बजाय उसका संवर्धन होता है।

## आप की बात

### उचित नीतियों की जरूरत

**भारत** में, जबकि हम संचारी रोग से जूझ रहे हैं, हम पाते हैं कि पूरी दुनिया में एनसीडी एक बड़ी समस्या है। तीन में से दो मौतें एनसीडी ( गैर संचारी रोग ) के कारण होती हैं। भारत एक वर्ष में 5.87 मिलियन से अधिक जीवन का दावा करते हुए एनसीडी के बढ़ते बोझ का सामना कर रहा है। भारत में तेजी से बदलते महामारी विज्ञान और मृत्यु दर के रुझान में कई तिमाहियों से मजबूत, मजबूत प्रतिक्रिया का आह्वान किया गया है। विलंबित निदान और एनसीडी उपचार न केवल लागत को बढ़ाता है, बल्कि दीर्घकालिक स्वास्थ्य और वित्तीय मरम्मत भी करता है। रोगहर से पॉलिसी शिफ्ट की जरूरत है। सरकार को तंबाकू के उपयोग जैसे प्रमुख परिवर्तनीय जोखिम कारकों को कम करने के लिए कदम उठाने चाहिए। उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देना। राज्यों को धन का बेहतर उपयोग करने के लिए, उन्हें क्षमता निर्माण उपायों को लागू करने की आवश्यकता है। सरकार को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए जनता को विकल्प देने के लिए सक्षम वातावरण की सुविधा की आवश्यकता है। क्या यह भारत में मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण है गैर-संचारी रोग?

– **खुशबू वेद**, आलोट, मप्र

### वुहान की धूमिल छवि

**देश** दुनिया भर में कोरोना संक्रमण महामारी फैलाने वाले चीन की दोहरी नीतियां और वुहान की छवि सुधारने के लिए प्रोपेगैंडा की खबरे समाचार पत्र में सुर्खियों में है। कोरोना वायरस महामारी की शुरूआत चीन के शहर वुहान से हुई ,और संदेह है कि ये वायरस वहां के मीट मार्केट से फैला। और कुछ विशेषज्ञ यह आरोप भी लगाते रहे कि वायरस को वुहान लेब में तैयार किया गया। और इन खबरों से दुनिया भर में वुहान की छवि दुनियाभर में धूमिल हुई है। देश दुनिया मे इस धूमिल छवि को निखारने के लिए चीन टीवी सीरीज से लेकर ओपेरा शो के जरिये प्रचार प्रसार कर रहा है। विदेशी एक्जीक्यूटिव को बुलाकर वुहान के कई अस्पतालों की सुविधाएं दिखा रहे। चीन की दोगली नीतियां ही चीन के कारोबार और आर्थिक,व राजनीतिक पहलुओं को बुरी तरह प्रभावित कर रही। पर चीन को बिल्कुल भान नही की उसकी ये नीतियां उस पर कितनी भारी पड़ रही है।आज पूरा विश्व जानता है कि कोरोना संक्रमण महामारी का जन्मदाता चीन ही है। और वुहान शहर सभी को मालूम है।फिर छवि को सुधारने का ढोंग चीन क्यो करता है? वुहान की छवि जब ही सुधर पाएगी जब चीन भारत सहित अन्य देशों के साथ दुर्भावनापूर्ण , नीतियों को पूरी तरह से त्याग दे।

– **योगेश जोशी,** बड़वाह, मप्र


### सरकार की पहल और स्वदेशी

**वाणिज्य** और उद्योग मंत्रालय खिलौनों के स्वदेश में निर्माण को लेकर संजीदा है। हो सकता है जल्द ही नई नीति लागू हो और चीनी खिलौनों के आयात पर पूरी तरह प्रतिबंध लगे। चीन से विवाद के चलते खिलोनों पर शुल्क में 200 प्रतिशत वृद्धि की गई थी जिससे आयात घटा अवश्य है मगर इस पर पूरी तरह रोक नहीं लग पाई है।देश में बिकने वाले खिलौनों में महज 15 प्रतिशत स्वदेशी खिलौनों की बिक्री है शेष चीन का ही बाजार है। पिछले वर्ष के 13000 करोड़ के कारोबार के 2023 तक 25 हजार करोड़ के करीब पहुंचने के आसार हैं। बाजार में भारत की हिस्सेदारी दमदार नहीं होने से कुछ बड़ी उपलब्धि नहीं है। यही अवसर है जिसे भुनाए जाने की जरूरत है।अगर सरकार जल्द ही खिलौना निर्माण के प्रति गंभीर हो जाए तो सुखद परिणाम की उम्मीद की जा सकती है। नई शिक्षा नीति में मनोरंजन के जरिए बच्चों को सिखाने की जो योजना रखी गई है इन हालातों में कारगर हो सकती है। चीनी खिलौनों के मुकाबले भारत का निर्माण मजबूती से टिके इसके लिए निर्माताओं को मेहनत करनी होगी।

– **अमृतलाल मारू,** धार, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**रेलवे** पंजाब में ट्रेन सेवाएं बहाल करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। 22 स्थानों पर मार्ग बाधित है जबकि किसानों ने 9 स्थान खाली कर दिए हैं।

– **वी के यादव**
रेलवे बोर्ड अध्यक्ष



**अपने** संवैधानिक दायित्व का पालन करते हुए मैंने जल्द, निष्पक्ष एवं न्यायसंगत चुनावों की तैयारी में निर्वाचन कानून को मंजूरी दे दी।

– **बरहम सलीह**
इराक के राष्ट्रपति



**राज्य** में दोषपूर्ण बिजली मीटरों के कारण उत्तर प्रदेश की जनता में बढ़ते बिजली के बिलों को लेकर चिंता व्याप्त है।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेता

# वाराणसी को मोदी देंगे 614 करोड़ रुपए की परियोजनाओं की सौगात

**● सीएम के संबोधन से कार्यक्रम शुरू होगा, मुख्य सचिव करेंगे संचालन**

**● नौ नवम्बर को वर्चुअल कार्यक्रम का जिले में छह जगह पर होगा प्रसारण**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**इस बार** दिवाली से पहले पीएम नरेंद्र मोदी अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी को 614 करोड़ रुपये की 33 परियोजनाओं की सौगात देंगे। इसके लिए रविवार को कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों में प्रशासनिक अधिकारी लगे रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 9 नवंबर को सुबह 10.30 बजे वाराणसी में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं की कुल लागत 614 करोड़ रुपये है। आयोजन के दौरान प्रधान मंत्री इन परियोजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी करेंगे। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन की जाने वाली परियोजनाओं में सारनाथ लाइट एंड साउंड शोए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल रामनगर का उन्नयनए सीवरेज संबंधित कार्यए गायों के संरक्षण और संरक्षण के लिए बुनियादी सुविधाओं की सुविधाए बहुउद्देशीय बीज भंडार गृहए 100 मीट्रिक टन के कृषि उपज गोदामए आईपीडीएस चरण दोए एक आवास शामिल हैं। सम्पूर्णानंद स्टेडियमए वाराणसी शहर के स्मार्ट लाइटिंग कार्य में खिलाड़ियों के लिएए 105 आंगनवाड़ी केंद्रों और 102 गौ आश्रय केंद्र शामिल है।

आयोजन के दौरान, प्रधानमंत्री दशाश्वमेध घाट और खिड़किया घाट के पुनर्विकास, पीएसी पुलिस बल के लिए बैरक, काशी के कुछ वार्डों के पुनर्विकास, बेनियाबाग में पार्क के पुनर्विकास के साथ पार्किंग सुविधा, उन्नयन सहित परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। गिरिजा देवी संस्कृत शंकुल में बहुउद्देश्यीय हॉल, शहर में सड़कों की मरम्मत और पर्यटन स्थलों का विकास भी कार्यक्रम में प्रस्तावित है।

# हरिकृष्ण ज्वेलर्स ने ग्राहक को प्रथम पुरस्कार में दी एक्टिवा



**वाराणसी।** हरेकृष्ण ज्वेलर्स प्रा0 लिमिटेड पाण्डेयपुर (पहड़िया) शाखा ने तरह-तरह के ऑफर अपने ग्राहकों को देने का प्रावधान किया है जिससे ग्राहक व हरेकृष्ण ज्वेलर्स प्रतिष्ठान से लगाव बना रहे। रविवार को ज्वेलरी प्रतिष्ठान के अधिष्ठाता संतोष अग्रवाल ने तीन बजे मेगा ड्रा कर ग्राहकों को पुरस्कार वितरण किया। मेगा ड्रा के प्रथम पुरस्कार विजेता प्रीति मौर्या निवासी आशापुर के भाई संगम मौर्या ने संतोष अग्रवाल से एक्टिवा की चाभी प्राप्त किया। दूसरे ग्राहक विजेता अजय श्रीवास्तव को वर्लपुल का रेफ्रिजरेटर, तृतीय पुरस्कार विजेता अनुभा सिंह को एलईडी 40 इंच टीवी मिला। इसके अलावा सभी नौ सौ ग्राहकों को सांत्वना पुरस्कार मिला।अधिष्ठाता संतोष अग्रवाल ने बताया कि

**● दूसरे को फ्रिज और तीसरे को 40 इंच एलईडी टीवी दिया गया**

हरेकृष्ण ज्वेलर्स इस केविड काल में सरकारी नियमों का पूर्णतया पालन करते हुए और ग्राहकों के स्वास्थय का पूरा ध्यान रखते ग्राहकों को आभूषणों की उपयोगिता व तरह-तरह की योजनाओं के बारे में बताया और मेगा ड्रा के जरिए ग्राहकों को पुरस्कार दिया।

## क्विक न्यूज

### कोविड प्रोटोकाल के तहत श्रद्धालु धनतेरस को धन-धान्य प्रसाद सहित स्वर्णमयी भगवती अन्नपूर्णा का करेंगे दर्शन

**वाराणसी।** मां भगवती अन्नपूर्णा की प्रसाद त्रयोदशी यानि धनतेरस गुरूवार को सुबह छह बजे से धन-धान्य मिलना शुरू हो जायेगा। लेकिन इस बार श्रद्धालुओं को कोविड-19 का पालन करते हुए दो गज की दूरी, मास्क पहनना अनिवार्य है। सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए धनतेरस यानि 12 नवम्बर को सुबह छह बजे से रात्रि ग्यारह बजे तक प्रसाद के रूप धान व पैसा वितरित होगा इसके साथ ही चार दिवसीय माँ भगवती स्वर्णमयी अन्नपूर्णेश्वरी का दर्शन-पूजन शुरू हो जायेगा जो 15 नवम्बर तक चलेगा। भगवती अन्नपूर्णा मंदिर मठ के स्वामी रामेश्वरपुरी जी महराज ने रविवार को अन्नपूर्णा मंदिर के सभागार में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि विश्व का एक मात्र मंदिर काशी में भगवती अन्नपूर्णेश्वरी के मंदिर में धनतेरस के दिन खजाना बंटता है जिससे श्रद्धालु पाकर अपने धन्य समझते हैं। धन-धान को तिजोरी एवं अनाज में रख देते हैं जिससे अनाज व धन की बरक्कत होती है। श्री पुरी ने बताया कि भगवान शिव भी धनतेरस के दिन तीनों देवियां माँ भूमि, माँ लक्ष्मी एवं भगवती अन्नपूर्णा से भिक्षा प्राप्त किया था। 12 से 15 अक्टूबर 2020 के चार दिवसीय स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के दर्शन-पूजन के दौरान इस बार कोविड-19 का पालन शत-प्रतिशत कराया जाएगा। मंदिर परिसर में चूना से गोला बनाया जाएगा जिससे श्रद्धालु गोला के अंदर खड़े रहेगें और एक बार में पांच श्रद्धालुओं को दर्शन-पूजन कराया जाएगा। मंदिर के उपमहंत शंकरपुरी जी महराज ने बताया कि धनतेरस के दिन गुरूवार को भोर में चार बजे भगवती अन्नपूर्णेश्वरी जी को गंगाजल, दुग्धाभिषेक कर विधि-विधान से पूजन एवं नववस्त्र आदि पहनाकर मां की मंगला आरती होगी।उसके पश्चात सुबह छह बजे से श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए मंदिर की कपाट खोल दी जाएगी। 15 अक्टूबर को माँ अन्नपूर्णा की 80 कुंटल प्रसाद से माँ की होगी श्रृंगार। पत्रकार वार्ता में मंदिर के आचार्य प्रो0 रामनारायण द्विवेदी, प्रबंधक काशी मिश्र, उपप्रबंधक कमल तिवारी सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### भाजपाइयों ने मनाया लालकृष्ण आडवाणी का जन्मदिन

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी महानगर कार्यालय कीडगंज में महानगर उपाध्यक्ष विवेक अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री एवं वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री आडवाणी ने अपने परिश्रम और निस्वार्थ सेवाभाव से न सिर्फदेश के विकास में अहम योगदान दिया बल्कि भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा के विस्तार में भी मुख्य भूमिका निभाई है। सभी कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर मिठाई खिलाते हुए उन्हें दीर्घायु एवं शतायु रहने की कामना के साथ बधाई दी। कार्यक्रम का संचालन राजेश केसरवानी ने किया। जन्मदिन की बधाई देने वालों में राजेश केसरवानीनअजय अग्रहरि रितेश केसरवानी मुकेश लारा मनीष केसरवानी संस्कार सिन्हा राजेश शर्मा रवि जायसवाल कल्लू हाथी आदि रहे।

### शराब के साथ पांच गिरफ्तार

**उन्नाव।** अलग-अलग थानो की पुलिस ने पांच आरोपितो के पास से 123 लीटर शराब बरामद की है। पुरवा में तैनात एसआई अमर सिंह ने कमलेश पुत्र रामआसरे निवासी भाटमऊ के पास से 80 लीटरए बिहार में तैनात एसआई वीरेन्द्र कुमार ने लल्लू पुत्र सूर्य कुमार निवासी ग्राम मुड़ियनखेड़ा के पास से बीस लीटरए माखी में तैनात एसआई हरिशंकर सिंह ने सोनू रैदास पुत्र सुन्दर निवासी ग्राम अकबरपुर दबौली के पास से दस लीटरए आसीवन में तैनात एसआई हरेन्द्र प्रसाद गौढ़ ने बुद्धा पुत्र श्यामलाल निवासी सबलगढ़ी के पास से 18 पौवा देशी शराब बरामद की है। अजगैन में तैनात प्रवीण ने सत्यम पुत्र स्वण् सियाराम निवासी ग्राम मन्या मजरा अटेसुवा के पास से 33 पौवा देशी शराब बरामद की है।

### तमंचा व कारतूसों के साथ युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** बांगरमऊ में तैनात एसआई संदीप कुमार यादव ने रविवार को लखन पुत्र मनोज निवासी सिंह द्वार पाठक शम्भूनगर माधौगंज थाना माधौगंज हरदोई को रेलवे स्टेशन गंजमुराबाद के पीछे से गिरफ्तार किया है। आरोपित के पास से पुलिस ने एक तमंचा व दो जिंदा कारतूस बरामद किए है।

### दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**उन्नाव।** शहर कोतवाली में तैनात एसआई बृजेश कुमार सिंह ने पाक्सो एक्ट में वांछित चल रहे अमित गौतम पुत्र स्वण् दौलत गौतम निवासी करियाखेड़ा को शेखपुर नरी तिराहा से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। कोतवाल ने बताया कि आरोपित को जेल भेज दिया गया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने लगाई फांसी, मौत

**शुक्लागंज, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के श्रीनगर मोहल्ला के रहने वाले युवक ने पंखे के सहारे अंगौछे से फांसी लगाकर जान दे दी। परिजनो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। श्रीनगर मोहल्ले के रहने वाले पंकज दीक्षित ;26द्ध पुत्र बैकुण्ठनाथ दीक्षित ने रविवार दोपहर लगभग दो बजे के करीब अपने घर के मुख्य दरवाजे को बन्द कर कमरे के अंदर पंखे के सहारे अंगौछे की मदद से फांसी लगा अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। परिजनों के बताए अनुसार वह लोग बगल वाले घर मे मौजूद थे। आवाज देने पर जब पंकज ने दरवाजा नहीं खोला तो बगल की छत के माध्यम से वह लोग नीचे उतरे तो कमरे में देखा कि पंकज पंखे के सहारे लटका हुआ था। जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। आनन फानन में मौजूद बगल वाले घर में मौजूद सभी परिजनों ने गंगाघाट पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर गंगाघाट पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। परिजनों की तहरीर के आधार पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं युवक के उठाए गए इस कदम से आहत व आक्रोशित परिजनों ने नजदीकी रिश्तेदार पर शराब में जहर पिलाकर पंकज की मौत का जिम्मेदार ठहराया है।

### परिवार परामर्श केंद्र वार्षिक विदाई व सम्मान समारोह सम्पन्न



**उन्नाव।** पुलिस लाइन सभागार में परिवार परामर्श केंद्र के वार्षिक विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन रविवार को किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसपी आनन्द कुलकर्णी व उनकी पत्नी काम्या द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। समारोह में पति.पत्नी के कुल 11 जोड़े उपस्थित हुए। एसपी द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जोड़ो को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सीओ सिटी गौरव कुमार त्रिपाठी, महिला थाना प्रभारी इन्द्रपाल सिंह सेंगर, एसआई पुष्पा यादव, मनीष सिंह सेंगर, अबरार हुसैन आदि लोग मौजूद रहे।

शिक्षक विधान परिषद का नामांकन कार्यक्रम-

# उप्र मा. संयुक्त शिक्षक मोर्चा की उम्मीदवार रजनी द्विवेदी कल करेंगी नामांकन

**● कहा-विधान परिषद सदस्य बनी तो हर महिला विद्यालय में होगा शिशु गृह**

**वाराणसी।** हर महिला विद्यालय में शिशु गृह बनायेगीं और शिशु गृह में महिला दाई की नियुक्ति कर बच्चों की देखभाल करायेगीं। वित्तविहीन शिक्षकों के लिए योजनाएं बनायेंगी। हर महिला माँ बनती है लेकिन महिला को प्रसव के दौरान छह महीने से लेकर एक वर्ष तक छुट्टी लेकर बच्चे की देखभाल करती हैं लेकिन शिक्षक महिला कब तक छुट्टी लेगी। छोटे-छोटे बच्चों की परवरिश कौन करेगा।उत्तर प्रदेश माध्यमिक संयुक्त शिक्षक मोर्चा की अधिकृत उम्मीदवार श्रीमती रजनी द्विवेदी ने रविवार को मकबूल आलम रोड स्थित आवास पर पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि अगर मैं शिक्षक विधान परिषद का सदस्य बनती हूँ तो सबसे पहले हर महिला विद्यालय में शिशु गृह बनाऊंगी और शिक्षक महिला स्कूल में बच्चे को लेकर आयेगी और बच्चे का देखभाल दाई करेगी तथा महिला शिक्षक बच्चों को शिक्षा देगी। शिक्षकों की समस्या को लेकर विधान परिषद में उनकी आवाज उठाऊंगी। आज तक आठ विधान परिषद में कोई महिला शिक्षक प्रत्याशी नहीं हुई है। अवैतनिक शिक्षक को मनरेगा के बराबर वेतन नहीं मिलता है। अगर मैं विधान परिषद का सदस्य जीतकर आऊंगा तो अवैतनिक शिक्षक की आवाज विधान परिषद में उठाऊंगा तथा मूल्यांकन केन्द्र पर महिलाओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं है जिसकी आवाज बनकर विधान परिषद में रखूंगी। उप्र मा. संयुक्त मोर्चा की अधिकृत उम्मीदवार श्रीमती रजनी द्विवेदी ने बताया कि मेरा आगामी नामांकन 10 नवम्बर 2020 को पूर्वाह्न 10 बजे नदेसर स्थित कटिंग मेमोरियल इंटर कालेज वाराणसी से अपने शिक्षक भाईयों एवं शिक्षिका बहनों के साथ नामांकन कमिश्नरी प्रांगण में करूँगी।

# पंजाब नेशनल बैंक के एमडी व सीईओ ने किया अंचल कार्यालय का उद्घाटन

**● कैंप लगाकर देश के गांवों में 1465 करोड़ रूपये ऋण बांटने का लक्ष्यः सीएमडी**

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**पंजाब नेशनल** बैंक (पीएनबी) जल्द ही देश के 25 हजार गावों में कैंप लगाकर माइक्रो व स्माल बिजनेस (एमएसई)से जुड़े युवाओं में ऋण वितरण करेगा।बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एसएस मल्लिकार्जुन राव ने शनिवार को कहा कि इसके माध्यम से गांवों में 1465 करोड़ रूपये ऋण बांटने का लक्ष्य है। जिसे 31 अक्टूबर तक पूरा करना है। दो अक्टूबर से शुरू अभियान के तहत आठ हजार गांवों में कैंप लगाकर 600 करोड़ के ऋण स्वीकृत किए जा चुके हैं।

मकबूल आलम रोड स्थित वाराणसी टेऊ्ड सेंटर में नवीनीकृत अंचल कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद प्रतिनिधियों से बातचीत में राव ने बताया कि सितंबर तक बैंक का करीब 623 करोड़ मुनाफा रहा है। एनपीए में काफी सुधार हुआ है। इमरजेन्सी क्रेडित स्कीम के तहत 11 हजार करोड़ रूपये की मदद उद्यमियों को दी गई। बताया कि बैंक अब ग्राहक के पास जा रहा है। साथ ही साथ आठ हजार क्लस्टर तैयार किए गये हैं, जिसमें ग्राहकों के प्रति हमारी जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। श्री राव ने कहा कि यहाँ के अंचल कार्यालय के अधीन वाराणसी संग कानपुर, प्रयागराज, मऊ व रायबरेली मंडलों व 21 जिलों के 357 शाखाएं हो गई हैं।इससे ऋण मंजरी में तेजी आयेगी और कार्य की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। अंचल कार्यालय बनने से 50 करोड़ तक के लोन यहीं से स्वीकृत हो सकता है। कहा कि रिटेल एमएसएमई और कृषि ऋण के त्वरित स्वीकृति के लिए भी मंडल स्तर पर अलग-अलग कमेटियों का गठन किया गया है, जिससे कि लोगों को लोन के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। श्री राव ने एक प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि दायरा कम होने से विश्व के टॉप बैंकों में देश का एक भी नहीं है।

# दस हजार से कम मासिक आय वाले किसानों को ही मिलेगी सम्मान निधि

**● भाजपा कार्यकर्ता भी किसानों का संगठन बनाकर लें लाभः सूर्य प्रताप, कृषि मंत्री ने सर्किट हाउस में भाजपा कार्यकर्ताओं और कृषि अधिकारियों के साथ की बैठक**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज



बैठक करते कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही

**उत्तर प्रदेश** सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने रविवार को सर्किट हाउस प्रयागराज में कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों और कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने सरकार की चल रही योजनाओं को लेकर समीक्षा की। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने किसानों की कई समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिसे सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 10 हजार से कम मासिक आय वाले किसानों को ही किसान सम्मान निधि का लाभ मिलेगा। जिसमें छूटे हुए किसानों का भाजपा के कार्यकर्ता भी सूची बनाकर उप निदेशक कृषि को सूची उपलब्ध करा देगें तो उन किसानों को भी लाभ मिल सकेगा। सरकारी कर्मचारी किसान हैं तो भी अगर दस हजार से कम पेंशन या सैलरी पाता है तो वह भी किसान सम्मान निधि का पात्र है। विधायक और सांसद किसान सम्मान निधि के पात्र नही हैं। प्रत्येक बीज गोदाम पर गेहूं के बीज 50 फीसद छूट पर उपलब्ध है। उसका भी लाभ किसान ले सकते हैं। कुछ मात्रा में नि:शुल्क मिनी किट का भी वितरण होगी। कृषि यंत्र आनलाइन बुक किए जा सकते हैं। उससे भी किसान छूट का लाभ ले सकते हैं। भाजपा के कार्यकर्ता भी कृषि उत्पादन संगठन बनाकर लाभ उठा सकते हैं। प्रयागराज में अमरूद के खेती के साथ अन्य खेती में अनुदान की व्यवस्था की गई है। उसका भी लाभ किसान ले सकते हैं। बैठक में राष्ट्रीय परिषद सदस्य विभूति नारायण सिंह जिला महामंत्री सविता त्रिपाठी जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी जिला प्रोटोकाल मंत्री सुरेश शुक्ला गोरक्षा प्रांत उपाध्यक्ष अशोक मिश्रा रंजीत पाल डॉ रमेश कुमार मौर्या सयुक्त कृषि निदेशक विनोद कुमार शर्मा उप कृषि निदेशक डॉ अश्वनी कुमार सिंह जिला कृषि अधिकारी के एन राय भूमि संरक्षण अधिकारी उमाशंकर उप कृषि निदेशक कृषि रक्षा इन्द्र जीत यादव कृषि रक्षा अधिकारी गौरव प्रकाश भूमि संरक्षण अधिकारी सुरेश दुबे सलाहकार शैलेश शर्मा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# पास था मकान का नक्शा, फिर भी पीडीए ने ढहायाः रीमा पाण्डेय

**● विधायक विजय मिश्रा की बेटी ने शासन और पीडीए पर लगाया आरोप**

**प्रयागराज।** अल्लापुर क्षेत्र के बाघंबरी हाउसिंग स्कीम में ज्ञानपुर के विधायक विजय मिश्र के मकान को प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने नक्शा पास होने के बावजूद गिराया है। मकान गिराने से पहले प्राधिकरण की ओर से नोटिस भी नहीं दी गई। मामले में कमिश्नर के अपील खारिज करते ही प्राधिकरण ने आनन फानन में मकान का करीब 50 से 60 फीसद हिस्सा गिरा दिया। हाईकोर्ट ने रात में विशेष कोर्ट बैठाकर प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक भी लगा दिया। यह आरोप विधायक विजय मिश्रा की बेटी रीमा पांडेय ने प्रेस कान्फ्रेंस कर शासन और प्राधिकरण के अफसरों पर लगाया है।

विधायक विजय मिश्रा की बेटी रीमा ने बताया कि यह मकान दो प्लाट को मिलाकर बनाया था। 190 स्क्वायर मीटर का एक प्लाट उनकी मां रामलली मिश्रा ने 11 अक्टूबर 1995 को खरीदा था। इतने ही स्क्वायर मीटर का दूसरा प्लाट उनकी नानी इंद्रकली द्वारा उसी तारीख पर खरीदा गया था। दोनों प्लाट पर पूर्व मालिक आर एस गुप्ता द्वारा तीन दिसंबर 1980 को एडीए से भवन निर्माण के लिए अनुमति ली गई थी। यही नहीं प्राधिकरण ने 23 जून 1993 को मकान के आंतरिक परिवर्तन और किचन गार्डन की भी अनुमति दी थी। रीमा का दावा है कि प्राधिकरण को यह बात मालूम थी कि रामलली मिश्रा और उनकी मां इंद्रकली ने दो विक्रय पत्रों के माध्यम से इस संपत्ति को खरीदी है।अधिकारियों ने मीडिया में झूठा बयान देकर आधे निर्माण को अवैध कब्जा बताया।

# अधिवक्ता परिषद के मूल विजन और लक्ष्य पर डाला प्रकाश

**● समाज के अंतिम व्यक्ति तक सस्ता, सहज और सुलभ न्याय पहुंचाना उद्देश्यः शीतल**

**● अधिवक्ता परिषद उच्च न्यायालय इकाई की कार्यशाला आयोजित**

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज




मंच पर उपस्थित अतिथिगण

**अधिवक्ता परिषद** उच्च न्यायालय इकाई के पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों की एक दिवसीय कार्यशाला मनोहर दास नेत्र चिकित्सालय के सभागार में दो सत्रों में आयोजित हुई। पहले सत्र के मुख्य वक्ता अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और भारत सरकार के पूर्व एडिशनल सॉलिसिटर जनरल अशोक मेहता ने अधिवक्ता परिषद के मूल विजन और लक्ष्य पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने दत्तोपंत ठेंगडी द्वारा अधिवक्ता परिषद के गठन के समय बताए हुए 28 बिन्दुओं की याद दिलाई। जहां कार्यकर्ताओं ने उन्हीं बिंदुओं पर कार्य करने के लिए संकल्प लिया। दूसरे सत्र में अधिवक्ता परिषद उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री शीतल ने अधिवक्ता परीषद की रीति नीति और कार्यकलापों के व्यावहारिक पक्ष पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री शीतल ने कहा कि अधिवक्ता परिषद का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सस्ता सहज और सुलभ न्याय पहुंचाना है। कहा कि कार्यकर्ता निर्माण के लिए स्वाध्याय मंडल कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए। इस दौरान उन्होंने कार्यकार्ताओं को संगठन के अनुशासन और मर्यादा की महत्ता से भी परिचित कराया। अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता परिषद इलाहाबाद उच्च न्यायालय इकाई के अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता वी पी श्रीवास्तव ने समाज के अंतिम व्यक्ति और गरीब व्यक्तियों के मामले नि:शुल्क करने के लिए स्वयं को आजीवन के लिए समर्पित किया। साथ ही न्याय केंद्र के लिए अपना एक निर्माणाधीन हाल भी अधिवक्ता परिषद को देने की घोषणा की है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के काशी प्रान्त के प्रान्त कार्यवाह आलोक मालवीय ने उच्च न्यायालय की नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह इकाई पूरे देश में एक अलग कीर्तिमान स्थापित करेगी। कार्यशाला का संचालन इलाहाबाद उच्च न्यायालय इकाई के महामंत्री अजय मिश्र ने किया।कार्यशाला में प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य अरुण कुमार गुप्त विक्रम शाह सिसोदिया सुरेन्द्र नाथ शुक्ल मुक्तेश्वर उपाध्याय गौरव तिवारी पहल सिंह चौहान विवेक शर्मा पवन तिवारी विजय द्विवेदी कुलदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कार डिवाइडर में टकरा पलटी, दो की मौत, तीन घायल

**● लखनऊ आगरा एक्सप्रेसवे स्थित शादीपुर गांव के पास हुआ हादसा**

संवाददाता। उन्नाव



**बेहटामुजावर थाना** क्षेत्र के लखनऊ आगरा-एक्सप्रेसवे स्थित शादीपुर गांव के पास रविवार की सुबह दिल्ली से बिहार जा रही कार का टायर फटने से बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा खंती में पलट गई। हादसे में एक महिला सहित दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलो को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। दिल्ली से बिहार प्रांत के समस्तीपुर एक परिवार कार से जा रहा था। एक्सप्रेस वे पर हादसे के समय कार में जय प्रकाश (40) पुत्र बिलटए मीरा देवी (53) पत्नी रामकर्ति चैरसिया, रामकर्ति (55) पुत्र सोखी व महेश कुमार (43) पुत्र रामचन्द्र निवासी 1-92 दीप बिहार दिल्ली सभी परिजन कार चालक अजय (35) पुत्र सुरेश के साथ दिल्ली से बिहार जा रहे थे। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे मार्ग पर किलोमीटर संख्या 255 गांव शादीपुर के निकट अचानक गाड़ी का टायर फटने से कार अनियंत्रित होकर करीब 300 मीटर तक घिसटती चली गई। जिसके बाद मार्ग किनारे लगे एल्मुनियम गार्ड को तोड़ती हुई उलटते पलटते गहरी खाई में चली गई। इस दर्दनाक हादसे में अधेड़ मीरा देवी व जय प्रकाश की मौत हो गई। जबकि अन्य तीनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे बेहटा थाना प्रभारी अजयराज वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फोन के माध्यम से परिजनों को सूचित कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और घायलों को बांगरमऊ अस्पताल से डाक्टरो ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### हादसे में पिता,पुत्र की मौत, छोटा बेटा घायल, परिवार में कोहराम

**मौरावां।** थाना क्षेत्र के मवई अकोहरी मार्ग पर शनिवार की देरशाम अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता.पिता की मौत हो गई। जबकि हादसे में छोटा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया और दोनो शवो को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शनिवार की देर शाम बिसारा निवासी राकेश मिश्रा (52) पुत्र मिश्रीलाल मिश्र व उनका बाइक वर्षीय बेटा शिवा तथा प्रतीक (17) के साथ अकोहरी से पैदल अपने गांव बिसारा की ओर आ रहे थे। तभी गांव के समीप गांव बखतखेड़ा के पास सामने से आ रहा अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में राकेश व शिवा की मौके पर मौत हो गई। जबकि प्रतीक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को सीएचसी मौरावां पहुंचाया। जहां हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### बेकाबू कार पेड़ से टकराई युवक की मौत

**आसीवन** थाना क्षेत्र के जमलापुर गांव के रहने वाले अंकित पुत्र रमेश चंद्रए राजेश पुत्र शिव बरन के साथ अपनी कार से शनिवार शाम को मियागंज जा रहा था। इसी बीच गांव के ही नारेंद्र पाल 35 पुत्र चुन्नी लाल भी साथ में बैठ गया। तीनों देर रात वापस लौट रहे थे। तभी लखनऊ बांगरमऊ मार्ग पर सबल गढ़ी गांव के पास स्थित मोड पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीनों घायल हो गए। घायलों को मियागंज अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां नारेंद्र की हालत नाजुक होने पर डॉक्टर ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। मगर रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

# पोत परिवहन मंत्रालय का होगा विस्तारः मोदी

**● इसका नाम बदलकर पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय रखा जाएगा**

**भाषा।** अहमदाबाद

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने रविवार को कहा कि पोत परिवहन मंत्रालय का विस्तार किया जा रहा है और इसका नाम बदलकर पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्रालय रखा जाएगा। वह हजीरा से घोघा के बीच रो-पैक्स फेरी सेवा का उद्घाटन करने के बाद एक सभा को संबोधित कर रहे थे। भावनगर स्थित घोघा और सूरत स्थित हजीरा के बीच सड़क मार्ग से 375 किलोमीटर लंबा रास्ता तय करना पड़ता था लेकिन इस सेवा के शुरू होने से समुद्री मार्ग से अब यह घटकर 90 किलोमीटर रह जाएगा। दोनों स्थानों के बीच यात्रा करने में जहां 10 से 12 घंटे लगते थे, फेरी सेवा शुरू होने के बाद लगभग चार घंटे ही लगेंगे।

मोदी ने कहा कि देश के समुद्री क्षेत्र को आत्मनिर्भर भारत का अंग बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा, सरकार के प्रयासों को गति देने के लिए अब एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। अब पोत परिवहन मंत्रालय का नाम बदलकर पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय रखा जाएगा। इसका (मंत्रालय) विस्तार किया जा रहा है। अधिकांश स्थानों पर, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में पोत परिवहन मंत्रालय पत्तन और जलमार्ग का कार्य भी संभालते हैं। नाम में स्पष्टता होने से काम में भी स्पष्टता आएगी। रविवार को शुरू हुई नई रो-पैक्स सेवा से भावनगर और सूरत के बीच दूरी कम होगी। पहले जहां 10 से 12 घंटे लगते थे, वहीं अब यह यात्रा चार घंटे में पूरी की जा सकेगी।

मोदी ने कहा, इस सेवा से लोगों के समय और खर्च दोनों की बचत होगी और सड़कों पर यातायात कम होगा, जिससे प्रदूषण कम होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया कि वोयाज सिम्फनी नामक तीन डेक वाला रो-पैक्स फेरी पोत सूरत जिले के हजीरा और भावनगर के घोघा के बीच चलेगा और इसकी क्षमता 30 ट्रक, सौ कार और 500 यात्रियों के अलावा नौवहन दल के 34 सदस्यों को ले जाने की है। फेरी प्रतिदिन तीन ट्रिप करेगी और साल भर में पांच लाख यात्रियों को लाने ले जाने का काम करेगी। इसके अलावा, यह साल भर में 80,000 यात्री वाहन, 50,000 दोपहिया वाहन और 30,000 ट्रक ढोएगी।

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि नीली अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए समुद्र के रास्ते परिवहन को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि अन्य देशों की अपेक्षा, एक स्थान से दूसरे स्थान तक सामान ले जाने का खर्च भारत में ज्यादा है और जलमार्ग से होने वाले परिवहन के जरिए इस खर्च को बहुत हद तक कम किया जा सकता है। मोदी ने कहा, इसलिए हमारा ध्यान ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाने पर केंद्रित है जिससे निर्बाध रूप से सामान की ढुलाई सुनिश्चित की जा सके। बेहतर सामुद्रिक लॉजिस्टिक्स के लिए के साथ बेहतर अवसंरचना के लिए आज हम सिंगल विंडो व्यवस्था पर कार्य कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, लॉजिस्टिक्स के खर्च को कम करने के लिए देश बहुआयामी संपर्क व्यवस्था स्थापित करने के वास्ते एक समग्र और दूरगामी दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रयास है कि सड़क, रेल, वायु और पोत परिवहन अवसंरचना के बीच खामियों को दूर कर संपर्क में सुधार किया जाए। उन्होंने कहा कि भारत में ही नहीं बल्कि पड़ोसी देशों में भी मल्टी मोडल पार्कों का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा, इन सभी प्रयासों से हम लॉजिस्टिक्स के खर्च को कम कर सकेंगे। यह प्रयास अर्थव्यवस्था को भी नई दिशा प्रदान करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश में जलमार्ग के संसाधन और विशेषज्ञता हमेशा से थी लेकिन पिछली सरकारों के पास इनका इस्तेमाल करने की दृष्टि नहीं थी। उन्होंने कहा कि यह तथ्य है कि जलमार्ग से परिवहन, सड़क और रेल की अपेक्षा अधिक सस्ता है और इससे पर्यावरण पर बहुत कम प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा, इसके बावजूद, 2014 के बाद ही इस दिशा में समग्र प्रयास किया गया। नदियां और समुद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पहले भी अस्तित्व में थे। जो अस्तित्व में नहीं था, वह थी दृष्टि जिसे देश ने 2014 के बाद अनुभव किया।

मोदी ने कहा कि नीली अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनकी सरकार ने मछुआरों पर भी ध्यान दिया है और मत्स्यपालन अवसंरचना में सुधार के लिए 30,000 करोड़ रुपए की प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की शुरुआत की है। उन्होंने कहा, आज देशभर के तटीय क्षेत्रों में पत्तन क्षमता में वृद्धि की जा रही है और नए बंदरगाह का निर्माण हो रहा है। इस दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं कि देश के विकास के लिए 21,000 किलोमीटर जलमार्ग का उपयोग सुनिश्चित किया जा सके।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इसके लिए सागरमाला के तहत 500 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। उन्होंने कहा कि इनमें से लाखों करोड़ों रुपए की कई परियोजनाएं तैयार हो चुकी हैं। मोदी ने कहा कि पिछले साल समुद्री मार्ग के जरिए होने वाले देश के पूरे व्यापार में गुजरात की हिस्सेदारी 40 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि समुद्री मार्गों के लिए अवसंरचना और क्षमता के विकास का काम तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि मेरीटाइम क्लस्टर और सामुद्रिक विज्ञान के लिए विश्वविद्यालय तथा भावनगर में विश्व के पहले सीएनजी टर्मिनल के निर्माण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि गांधीनगर में गुजरात अंतरराष्ट्रीय वित्त टेक-सिटी (जीआईएफटी) में गुजरात मेरीटाइम क्लस्टर बनाया जा रहा है जो बंदरगाहों और समुद्र-मार्ग के लिए समर्पित व्यवस्था होगी। मोदी ने कहा, इससे इस क्षेत्र में वृद्धि होगी।

## हिंदुस्तान स्टील वर्क्स के पूर्व सीएमडी के खिलाफ मामला दर्ज किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने हिंदुस्तान स्टीलवर्क्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के पूर्व सीएमडी मयुख भादुड़ी के खिलाफ कथित रूप से रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने रविवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कंपनी के पूर्व अध्यक्ष सह मुख्य प्रबंध निदेशक (सीएमडी) भादुड़ी ने वाराणसी में व्यापार सुविधा केंद्र और शिल्प संग्रहालय (टीएफसीसीएम) के निर्माण की निविदा देने के लिए कथित रूप से एक करोड़ रुपए की रिश्वत की मांग की थी। जांच एजेंसी द्वारा भादुड़ी के खिलाफ प्रारंभिक जांच करने के बाद यह उनके खिलाफ दूसरा मामला है। उन्होंने बताया कि इस्पात मंत्रालय के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एचएससीएल को तीन जून 2015 को टीएफसीसीएम परियोजना के कार्यान्वयन के लिए परियोजना प्रबंधन सेवा प्रदाता (पीएमएसपी) नियुक्त किया गया था।



नई दिल्ली में विश्व हिन्दू महासंघ के सदस्य लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के खिलाफ जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन करते हुए।


# बिहार विस चुनाव की मतगणना को व्यापक स्तर पर किए गए प्रबंध

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव की 10 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग ने सीसीटीवी से निगरानी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था सहित व्यापक इंतजाम किए हैं। मुख्य चुनाव अधिकारी एच आर श्रीनिवास ने बताया कि स्ट्रांग रूम में ईवीएम कड़ी सुरक्षा में रखी हैं। 10 नवंबर को वोटों की गिनती के लिए राज्यभर में बनाए गए कुल 55 मतगणना केंद्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि ईवीएम तथा मतगणना केंद्रों की सुरक्षा के लिए राज्यभर में केंद्रीय सशस्त्र बलों की कुल 19 कंपनी तथा मतगणना के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए 59 कंपनी तैनात की गई हैं।

सीएपीएफ की एक कंपनी में करीब सौ जवान होते हैं। उन्होंने कहा कि 55 मतगणना केंद्रों के भीतरी हिस्से में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों की तैनाती की गई है, जबकि बिहार सैन्य पुलिस बल को मध्य पंक्ति की सुरक्षा में लगाया गया है तथा जिला सशस्त्र पुलिस बाहरी पंक्ति में तैनात है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 28 अक्टूबर, 3 नवंबर और 7 नवंबर को तीन चरणों में संपन्न हुए मतदान में वोटों की गिनती के लिए राज्य के सभी 38 जिलों के कुल 55 मतदान केंद्र और 414 हॉल बनाए गए हैं।

बिहार के चार जिलों-पूर्वी चंपारण (12 विस क्षेत्र), गया (10 निर्वाचन क्षेत्र), सीवान (आठ निर्वाचन क्षेत्र) और बेगूसराय (सात) में सबसे अधिक तीन-तीन मतदान केंद्रों की व्यवस्था की गई है। बाकी जिलों में एक या दो मतगणना केंद्र बनाए गए हैं। प्रदेश की राजधानी पटना में, सबसे अधिक 14 विस क्षेत्र हैं, के सभी निर्वाचन क्षेत्रों के मतों की गणना के लिए एएन कॉलेज में केवल एक मतदान केंद्र की स्थापना की गई है जहां मतगणना के लिए 30 काउंटिंग हॉल तैयार किए गए हैं।

मुजफ्फरपुर जिला जहां 11 निर्वाचन क्षेत्र हैं, में भी वोटों की गिनती के लिए एक ही मतगणना केंद्र बनाया गया है। अपर पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) जितेंद्र कुमार ने कहा कि नियंत्रण कक्ष में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का स्क्रीन जिला निर्वाचन अधिकारियों के कार्यालयों में है और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा नियमित रूप से उनकी निगरानी की जा रही है। डाक के जरिए डाले गए मतों की पहले गिनती होगी और उसके बाद ईवीएम के वोटों की गिनती की जाएगी। बिहार विधानसभा की 243 सीटों के लिए तीन चरणों में 28 अक्टूबर (71 सीटों), 3 नवंबर (94 सीटों) और 7 नवंबर (78 सीटों) को मतदान संपन्न हुआ था। तीसरे और अंतिम दौर के मतदान के बाद जारी अधिकतर एग्जिट पोल में राजद नेता तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले विपक्षी महागठबंधन को बढ़त दिखाई गई है।


चित्तूर में भगवान वेंकटेश्वर मन्दिर में पूजा करते हुए स्वामी स्वरूपानन्देंद्र सरस्वती

# नोटबंदी पर श्वेत पत्र लाएं प्रधानमंत्री : गहलोत

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नोटबंदी पर श्वेत पत्र जारी किए जाने की मांग करते हुए रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश को बताएं कि नोटबंदी अपने कथित उद्देश्यों में कितनी सफल रही। गहलोत ने रविवार को यहां संवाददाताओं से कहा, प्रधानमंत्री को चाहिए कि श्वेत पत्र निकालकर वे देशवासियों को बताएं कि नोटबंदी के दौरान नक्सलवाद, आतंकवाद खत्म होने और कालाधन वापस लाने का जो जिक्र किया गया था, उसपर क्या क्या प्रभाव हुआ है।

केन्द्र सरकार को चाहिए कि वह देश को बताए कि अर्थव्यवस्था किस दिशा की ओर जा रही है। पूरा देश चिंतित है। व्यापार धंधे ठप हो रहे हैं। बेरोजगारी बढ़ रही है। गहलोत ने कहा कि बिहार में चुनाव के दौरान बेरोजगारी एक मुद्दा बना है, वह एक नमूना है कि किस प्रकार पूरा मुल्क बेरोजगारी से ग्रस्त हो गया है... और नौजवानों में कितना आक्रोश है, उसकी झलक बिहार चुनाव में दिखी।

उन्होंने कहा कि जीएसटी में राज्यों को हक नहीं देना कहां की समझादारी है। यह तो राज्यों के साथ केन्द्र सरकार का विश्वासघात है। यह संघीय प्रणाली में उचित नहीं है। गहलोत ने कहा कि नोटबंदी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावी बॉन्ड लोकतंत्र के लिए खतरा है। इसे तुरंत बंद किया जाना चाहिए। यह एक पार्टी विशेष को लाभ पहुंचाएंगे जिसकी कोई भी जानकारी प्राप्त नहीं कर सकता। गुर्जर आंदोलन पर सवाल का जवाब देते हुए गहलोत ने कहा कि गुर्जरों की सभी मांगें मानी गई हैं, ऐसे में बार-बार पटरी पर बैठने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस ने गुर्जरों के हित के लिए कई कदम उठाए हैं, अब आंदोलन की कोई गुंजाइश नहीं है।

## क्विक न्यूज

### मोदी-बाइडेन भारत-अमेरिका संबंधों को अगले स्तर तक ले जाएंगे : भाजपा

**नई दिल्ली।** अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन को भाजपा के नेताओं ने रविवार को बधाई देते हुए कहा कि भारत-अमेरिका के संबंध लोकतंत्र के सिद्धांतों पर आधारित हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा बाइडेन संबंधों को अगले स्तर तक ले जाएंगे। भाजपा नेता राम माधव ने कहा कि अमेरिका के लोगों ने अपनी पसंद बता दी है और अब शेष दुनिया को उनके निर्णय का स्वागत करना है और उनके नेतृत्व को बधाई देनी है। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, अमेरिका और भारत के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंध लोकतंत्र, परस्पर लाभ और वैश्विक शांति के सिद्धांतों पर आधारित हैं। मुझे विश्वास है कि बाइडेन-हैरिस के नए नेतृत्व में अमेरिका-भारत के संबंध प्रगति के पथ पर पहले की तरह मजबूती से आगे बढ़ेंगे। माधव ने कहा कि मोदी और बाइडेन एक-दूसरे को ओबामा प्रशासन के समय से जानते हैं। उन्होंने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी पहली अमेरिकी यात्रा के दौरान न्यूयॉर्क के मैडिसन स्क्वायर पर प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के आयोजन में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि दोनों नेता इस संबंध को आगे ले जाएंगे। माधव ने कमला हैरिस के अमेरिका के उपराष्ट्रपति पद पर निर्वाचित होने को अमेरिकी लोकतंत्र की जीवंतता बताया और कहा कि वह विशेष बधाई की पात्र हैं। भाजपा के प्रवक्ता राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि मोदी और बाइडेन भारत-अमेरिका के जीवंत संबंधों को अगले स्तर तक ले जाएंगे। पार्टी बाइडेन और हैरिस को बधाई देती है और भारत-अमेरिकी संबंधों को और मजबूत करने की आशा करती है क्योंकि दोनों देशों के बीच साझीदारी वैश्विक लोकतंत्र का भविष्य है।

### दूसरों के आधार कार्ड का उपयोग कर सिम कार्ड लेने का भंडाफोड़, तीन लोग गिरफ्तार

**जबलपुर (मप्र)।** जिले में बरगी इलाके के ग्रामीणों के आधार कार्ड का ब्योरा लेकर धोखाधड़ी से करीब 7,000 सिम कार्ड सक्रिय करने और बाद में इनका अंतरराज्ईय अपराधियो द्वारा साइबर अपराध के लिए उपयोग किए जाने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक साइबर (जबलपुर जोन) अंकित शुक्ला ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों ने ग्रामीणों से उनके आधार कार्ड नंबरों एवं अन्य ब्योरे को इस बहाने लिया कि सरकारी कल्याणकारी योजनाओं के लिए केवाईसी अभियान चल रहा है। उन्होंने कहा, इन आरोपियों ने करीब 7,000 मोबाइल सिम कार्ड सक्रिय किए, ई-वॉलेट बनाए और बाद में इन्हें पश्चिम बंगाल तथा अन्य राज्यों में मोबाइल फोन उपयोग करने वालों को दे दिया, जिसके बाद वित्तीय साइबर अपराध किए गए। इस मामले के मुख्य आरोपी एडविन जैकब (30), नीलेश सेन (22) और कृष्ण कुमार मेहरा (22) को गिरफ्तार किया गया है। ए तीनों आरोपी जबलपुर जिले के रहने वाले हैं। शुक्ला ने बताया कि जैकब सिम कार्ड को सक्रिय कर अंतरराज्ईय अपराधियों को बेचता था, जबकि सेन एवं मेहरा ने ग्रामीणों से आधार कार्ड का ब्योरा एकत्र किया। उन्होंने कहा कि एक ग्रामीण ने पुलिस से शिकायत की थी कि अज्ञात व्यक्ति उसके नाम पर सिम कार्ड का उपयोग कर रहा है, जिसपर यह कार्वाई की गई।

### भारत में घुसने की कोशिश के दौरान बांग्लादेश के तेरह नागरिक गिरफ्तार : बीएसएफ

**कोलकाता।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के कर्मियों ने पश्चिम बंगाल में उत्तर 24 परगना जिले के सीमा प्रवेश स्थानो से बांग्लादेश के 13 नागरिकों को भारत मे घुसने की कोशिश के दौरान गिरफ्तार किया। बीएसएफ ने रविवार को एक बयान मे यह जानकारी दी। शुक्रवार को अलग-अलग स्थानो से सुरक्षा बलों ने 13 बांग्लादेशी लोगों को गिरफ्तार किया। बयान में बताया गया कि बांग्लादेश के पांच नागरिकों को बिठारी सीमा चौकी से पकड़ा गया। वही पड़ोसी देश के छह नागरिकों को हकीमपुर सीमा चौकी के निकट से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा बांग्लादेश के दो और नागरिकों को तराली सीमा चौकी से गिरफ्तार किया गया।

### तटरक्षक बल ने भारतीय जल क्षेत्र में म्यामां की नौका पकड़ी, 12 लोगों को हिरासत में लिया

**पोर्ट ब्लेयर।** तटरक्षक बल ने अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह मे भारतीय जल में अवैध रूप से मछली पकड़ने के लिए इस्तेमाल की जा रही म्यामां की नौका को जब्त कर उसके चालक दल के 12 सदस्यों को हिरासत में ले लिया है। बल की ओर से रविवार को यहां जारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान मे कहा गया है कि नौका को शनिवार को रटलैंड द्वीप के पश्चिम में लगभग 14 समुद्री मील दूर समुद्र और हवा मे समन्वित अभियान के दौरान पकड़ा गया। बयान में कहा गया है कि नौका और उसके चालक दल के सदस्यों को पोर्ट ब्लेयर लाकर आगे की जांच के लिए अंडमान-निकोबार पुलिस को सौंप दिया गया है।

# सीबीआई को स्वायत्त और सशक्त बनाने का सही वक्तः खान

**नई दिल्ली।** राज्यों द्वारा मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई आम सहमति वापस लेने की ताजा घटनाओं की पृष्ठभूमि में सीबीआई मामलों के विशेषज्ञ एस एम खान का कहना है कि इस चलन पर रोक लगाने के लिए सीबीआई को वैधानिक शक्तियां प्रदान कर इसके दायरे को राष्ट्रव्यापी बनाए जाने की जरूरत है। सीबीआई मामलों के विशेषज्ञ और पूर्व राष्ट्रपति ए पी जे अब्दुल कलाम के प्रेस सचिव रह चुके एस एम खान ने रविवार को कहा निर्वाचन आयोग की तर्ज पर केंद्रीय जांच ब्यूरो को वैधानिक शक्तियां प्रदान कर उसे स्वायत्त स्वरूप देने का यह सही वक्त है क्योंकि केंद्र में सत्तासीन भाजपा के पास लोकसभा और राज्यसभा दोनों में बहुमत है और अधिकांश राज्यों में भी उसकी सरकारें हैं।

केरल, झारखंड और महाराष्ट्र की सरकारों ने हाल ही में सीबीआई को जांच के लिए दी गई आम सहमति वापस ले ली है। सीबीआई को लेकर आए दिन केंद्र व राज्य की सरकारों में टकराव भी देखा जाता रहा है क्योंकि सीबीआई दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम द्वारा शासित है, जिसके तहत राज्यों में किसी मामले की जांच के लिए वहां की सरकार की सहमति अनिवार्य होती है। एक साक्षात्कार में सीबीआई के प्रमुख प्रवक्ता रहे खान ने कहा, राज्यों द्वारा सीबीआई को दी गई आम सहमति वापस लेना कोई नई घटना नहीं है। जब से सीबीआई का गठन हुआ तभी से यह चला आ रहा है। पहले तो एक ही पार्टी की सरकारें रहा करती थीं। केंद्र और राज्यों में भी। सारी ही सरकारें सीबीआई को जांच की मंजूरी देती रहीं। इस प्रकार सीबीआई बिना रोकटोक के राज्यों में भी काम करती रही। उन्होंने बताया कि बाद में परिस्थितियां बदलीं और गैर-कांग्रेसी सरकारें भी बनने लगीं और तभी से यह समस्या शुरू हुई और कुछ राज्यों ने सीबीआई को दी गई आम सहमति वापस ले ली।

उन्होंने कहा, समस्या है सीबीआई का कानून। सीबीआई, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम (डीएसपीई एक्ट) के अधीन काम करती है। इसके तहत सीबीआई का दायरा दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेशों तक ही सीमित है। उन्होंने कहा कि बाद में सीबीआई को विशेष अपराध के महत्वपूर्ण मामले भी सौंपे जाने लगें। फिर सीबीआई के पास आतंकवाद के मामले और फिर आर्थिक अपराध के मामले भी आने लगे। ऐसे मामलों में विवेकाधिकार राज्य सरकारों का होता है। या फिर उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय हस्तक्षेप करते हुए किसी मामले को सीबीआई को सौंप दे तो वह उसकी जांच करती है। उन्होंने कहा, इस प्रकार के मामले राज्यों पर निर्भर होते हैं कि वह सीबीआई को सौंपा जाए या नहीं। इसी को लेकर विवाद होता है। इसके बाद केंद्र पर निर्भर है कि वह राज्य सरकार की संस्तुति को मंजूर करे या ना करे।

खान ने कहा कि सबसे बढ़िया ए हो सकता है कि ऐसा कानून बनाया जाए जो सीबीआई को पूरे भारत वर्ष में काम करने का अधिकार प्रदान करे। उन्होंने कहा, ऐसा कानून बनता है तो सीबीआई राज्य सरकारों के रहमो करम पर नहीं रहेगी। अपने कानून के तहत अपनी कार्वाई करेगी। नहीं तो ए समस्या बरकरार रहेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या राष्ट्रीय स्तर पर सीबीआई जांच के दायरे के विस्तार का यह सही वक्त है, खान ने कहा, जी, हां। बिल्कुल होना चाहिए। ऐसे कानून की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस समय केंद्र की सत्ता में जो पार्टी है, उसके पास संसद के दोनों सदनों में बहुत अच्छा बहुमत है और अधिकांश राज्यों में उसकी सरकारें भी हैं।

उन्होंने कहा, इसलिए इससे अच्छा कुछ नहीं हो सकता कि ऐसा संघीय कानून बने, जिसमें सीबीआई का कार्यक्षेत्र पूरे देश में निर्धारित किया जाए। कम से कम भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए सीबीआई को राष्ट्रीय स्तर पर अधिकार मिलने ही चाहिए। अभी तो भ्रष्टाचार के मामलों की भी पूरे देश में जांच करने का सीबीआई को कानूनी अधिकार नहीं है, जबकि उसकी स्थापना ही भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए हुई थी। सीबीआई की विश्वसनीयता और उसकी साख को लेकर हमेशा उठने वाले सवालों को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए खान ने दावा किया कि सीबीआई पहले भी निष्पक्ष ढंग से काम करती थी और आज भी करती है।

सीबीआई की निष्पक्षता को लेकर एक धारणा बन गई है। हालांकि यह पहले भी थी लेकिन पहले कम थी, अब अधिक है। मैं अभी भी मानता हूं कि सीबीआई निष्पक्ष जांच करती है। सीबीआई को समर्थ और सशक्त बनाने की जोरदार वकालत करते हुए खान ने कहा, सीबीआई को निर्वाचन आयोग की तरह स्वतंत्र और स्वायत्त बनाना होगा। सीबीआई को बहुत सारी चीजों के लिए केंद्र सरकार पर निर्भर रहना पड़ता है, जैसे अनुरोध पत्र जारी करना, सीबीआई टीम को जांच के लिए विदेश जाने की अनुमति देना, उच्चतम और उच्च न्यायालयों में अपीलें फाइल करना जैसे अनेकों ऐसे मामले हैं। सरकार चाहे तो अनुमति दे या ना दे। चाहे तो देरी करे। इसका असर सीबीआई की साख पर पड़ता है। इसलिए यह धारणा बनती है। उन्होंने इस बात पर असहमति जताई कि सीबीआई की दोष सिद्धि दर कम है। उन्होंने कहा कि आज भी यह पुलिस के मुकाबले बहुत बेहतर है। उन्होंने कहा, सीबीआई के पास मामले भी बहुत हैं। भ्रष्टाचार के मामलों में दस्तावेजी साक्ष्य भी बहुत होते हैं।


टेहरी में उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत डोबरा-चानथी पुल के उद्घाटन समारोह के दौरान

# उद्धव ने दिवाली के बाद धार्मिक स्थल खोलने के संकेत दिए



भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने रविवार को धार्मिक उपासना स्थलों को फिर से खोलने का संकेत देते हुए कहा कि दिवाली के बाद भीड़ से बचने और शारीरिक दूरी को सुनिश्चित करने के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया तैयार की जाएगी। एक वेबकास्ट में, ठाकरे ने कहा कि धार्मिक उपासना स्थलों को फिर से खोलने में जल्दबाजी न करने के लिए उनकी आलोचना की जारी रही है। उन्होंने कहा, अगर इससे नागरिकों का अच्छा स्वास्थ्य और सुरक्षा सुनिश्चित होती है, तो मैं आलोचना झेलने के लिए तैयार हूं। उपासना स्थलों पर भीड़ से बचने और शारीरिक दूरी सुनिश्चित करने के लिए काम किया जाएगा और दिवाली के बाद एक मानक संचालन प्रक्रिया का मसौदा तैयार किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रार्थना करने में इतने मगन हो जाते हैं कि कोविड-19 के सुरक्षा प्रोटोकॉल की उपेक्षा कर सकते हैं। क्या होगा अगर कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति उपासना स्थल जाने वाले हमारे परिवार के वरिष्ठ नागरिकों को संक्रमित कर दे। ठाकरे ने कहा कि उपासना स्थलों पर मास्क लगाना अनिवार्य होगा। उन्होंने लोगों से सार्वजनिक स्थानों पर पटाखे फोड़ने से बचने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि मैं इस पर प्रतिबंध लागू नहीं करना चाहता। हमें एक-दूसरे पर विश्वास और भरोसा रखना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि दिल्ली में कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि हुई है और और कहा जा रहा है कि इसका कारण प्रदूषण है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें पटाखे फोड़ने पर आत्म नियंत्रण और संयम रखना चाहिए, जिससे प्रदूषण बढ़ेगा। दिवाली के चार दिनों के उत्सव के दौरान प्रदूषण फैलाकर महामारी के खिलाफ नौ महीने से चली आ रही कड़ी मेहनत को बर्बाद न करें। ठाकरे ने कहा कि राज्य धीरे-धीरे खुल रहा है। मगर हमें सतर्क रहना चाहिए और सुनिश्चित करना चाहिए कि महामारी की दूसरी लहर न आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाजारों में भीड़ का दिखना संकेत करता है कि जिंदगी पटरी पर लौट रही है लेकिन आत्मसंतुष्ट नहीं हों। टीका मिलने तक हमारे पास मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाने और बार-बार हाथ धोने के सिवा कोई विकल्प नहीं है।

उन्होंने कहा कि दिवाली के बाद एक पखवाड़ा अहम होगा। हमें दूसरे लॉकडाउन को आमंत्रित नहीं करना चाहिए। कोरोना वायरस से संक्रमित व्यक्ति अगर बिना मास्क के भीड़ में जाएगा तो वह करीब 400 लोगों को संक्रमित करेगा और वे 400 लोग कई और को संक्रमित करेंगे।

## मुंबई में विकास परियोजनाएं रोकने का प्रयास कर रही केंद्र सरकार: ठाकरे

भाषा। मुंबई

**महाराष्ट्र** के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने मुंबई के कांजुरमार्ग में भूमि के मालिकाना हक को लेकर अपनी सरकार के कड़े रुख को प्रकट करते हुए रविवार को कहा कि केन्द्र सरकार शहर में विकास परियोजनाओं को रोकने का प्रयास कर रही है। कांजुरमार्ग स्थित उस भूमि पर मेट्रो कार शेड का निर्माण किया जाना है।

ठाकरे ने वेबकास्ट के जरिए कहा कि महाराष्ट्र से घृणा करने वाले लोगों द्वारा दुष्प्रचार अभियान चलाया गया, जो राज्य को मादक पदार्थों के केन्द्र के रूप में पेश करने पर तुले हैं। उन्होंने मेट्रो कार शेड परियोजना को आरे कॉलोनी से कांजुरमार्ग स्थानांतरित करने का विरोध करने के लिए भाजपा पर निशाना साधा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कहा गया कि कांजुरमार्ग स्थित जिस भूमि पर (मेट्रो 3) कार शेड परियोजना ले जाई जा रही है, वह नमक संसाधित भूमि है...आप मुंबई में विकास परियोजनाओं को रोकने की कोशिश कर रहे हैं।

ठाकरे ने यह बात केन्द्र के उस पत्र की ओर इशारा करते हुए कही, जिसमें उसने राज्य सरकार से कहा था कि वह नए स्थान पर परियोजना न शुरू करे। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र से नफरत करने वाले राज्य की छवि धूमिल करने के लिए इसके खिलाफ दुष्प्रचार अभियान चला रहे हैं। उन्होंने महाराष्ट्र को एक ऐसे कानून-विहीन राज्य के तौर पर पेश करने की कोशिश की है, जहां मादक पदार्थों का धंधा चलता है।

# मोदी ने आडवाणी को दीं जन्मदिन की शुभकामनाएं

भाषा। नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने रविवार को पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी के घर जाकर उनके जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। आडवाणी रविवार को 93 वर्ष के हो गए। सूत्रों ने बताया कि मोदी ने आडवाणी के पांव छूकर आशीर्वाद लिया और बाद में केक कटने के समय उनके पास खड़े रहे। मोदी और शाह के अलावा भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी महासचिव (संगठन) बी एल संतोष भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

सूत्रों ने कहा कि सभी नेता, आडवाणी के साथ करीब आधे घंटे तक रहे और उनके साथ चाय पी। इससे पहले नड्डा ने ट्वीट कर आडवाणी को पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए एक आदर्श नेता बताया और उनके स्वास्थ्य तथा लंबी आयु के लिए कामना की। शाह ने ट्वीट किया कि आडवाणी ने अपनी कड़ी मेहनत और निस्वार्थ सेवा से न केवल देश के विकास में बल्कि भाजपा की राष्ट्रवादी विचारधारा के विस्तार में योगदान दिया है। वरिष्ठ पार्टी नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आडवाणी को अभिभावक और देश के सबसे सम्मानित नेताओं में से एक बताया। सिंह ने ट्वीट किया, पूरा देश जानता है कि भाजपा को बीज से वृक्ष बनाने में अटलजी और उनकी (आडवाणी) कितनी बड़ी भूमिका है। ईश्वर उन्हें अच्छा स्वास्थ्य और लंबी आयु प्रदान करे। लाल कृष्ण आडवाणी 2002 से 2004 तक अटल बिहारी वाजपेई की सरकार में उप प्रधानमंत्री रहे थे।



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को 93वें जन्मदिन पर केक काटकर दी बधाई। साथ में प्रतिभा आडवाणी।

# जब बाइडेन ने मुंबई में रहने वाले अपने रिश्तेदारों का जिक्र किया था

भाषा। मुंबई

**अमेरिका** के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन 2013 में देश की आर्थिक राजधानी आए थे और तब उन्होंने कहा था कि उनके दूर के रिश्तेदार मुंबई में रहते हैं। दो साल बाद वाशिंगटन में एक कार्यक्रम में बाइडेन ने अपना दावा दोहराते हुए कहा था कि मुंबई में पांच बाइडेन रहते हैं।

बाइडेन, अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के रूप में दो महीने में शपथ लेने वाले हैं और अभी तक मुंबई के किसी व्यक्ति ने उनका रिश्तेदार होने का दावा नहीं किया है। सीनेट सदस्य बनने के बाद बाइडेन उपनाम वाले किसी व्यक्ति ने उन्हें मुंबई से चिट्ठी लिखी थी। इस घटना के दशकों बाद बाइडेन को पता चला था कि उनके पिता के वंश में कई पीढ़ी पहले कोई पूर्वज ईस्ट इंडिया कंपनी में काम करते थे। तत्कालीन उपराष्ट्रपति बाइडेन ने 2015 में वाशिंगटन में एक सभा में कहा था, भारत के मुंबई में पांच बाइडेन हैं। उपराष्ट्रपति के रूप में भारत की अपनी पहली यात्रा पर 2013 में जब बाइडेन मुंबई आए थे तब उन्होंने उस पत्र के बारे में जिक्र किया था जो उन्हें तब मिला था जब दशकों पहले वह पहली बार सीनेट के सदस्य बने थे।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 24 जुलाई 2013 को दिए अपने भाषण में बाइडेन ने मुंबई के बाइडेन की कहानी सुनाई थी। सात साल पहले उन्होंने कहा था, भारत और मुंबई में आना गर्व का विषय है। जब 1972 में 29 वर्ष की आयु में मुझे अमेरिका की सीनेट का सदस्य चुना गया तब मुझे एक पत्र प्राप्त हुआ था और मुझे दुख है कि मैंने कभी उसकी पड़ताल नहीं की। उन्होंने कहा था, संभव है कि श्रोताओं में से कोई मुझे बता सके, मुझे मुंबई के बाइडेन नामक एक व्यक्ति का पत्र मिला था जो कि मेरा नाम है, उसमें लिखा था कि वह मेरा रिश्तेदार है।

वाशिंगटन में 2015 में दिए अपने भाषण में बाइडेन ने दावा किया था कि उनके पिता के वंश में कई पीढ़ी पहले जॉर्ज बाइडेन नामक कप्तान थे जो ईस्ट इंडिया कंपनी में काम करते थे और सेवानिवृत्त होने के बाद उन्होंने भारतीय महिला से शादी करने और भारत में बसने का निर्णय लिया था। बाइडेन ने यह भी कहा था कि किसी ने उन्हें मुंबई में रहने वाले बाइडेन के फोन नंबर भी उपलब्ध कराए थे। हालांकि, अभी तक उन पांच बाइडेन में से कोई सामने नहीं आया है।

# कमला हैरिस की मौसी ने भांजी की जीत पर जताई खुशी

भाषा। चेन्नई

**अमेरिका** में उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुईं कमला हैरिस की तमिलनाडु के चेन्नई में रहने वाली मौसी डॉ. सरला गोपालन ने कहा कि वह अपनी भांजी की जीत से गदगद हैं और अब उन्हें उनके शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लेने की उम्मीद है।

वरिष्ठ चिकित्सक गोपालन ने रविवार को कहा कि वह शनिवार को हैरिस से बात नहीं कर पाईं, क्योंकि वह पूरा दिन जीत की घोषणा के इतंजार में थीं। यहां स्वैच्छिक स्वास्थ्य सेवा में वरिष्ठ डॉक्टर ने कहा कि आप क्या सोचते हैं कि मुझे उनकी जीत को लेकर कैसा महसूस करना चाहिए, मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि मैंने देर रात तक (जीत की) घोषणा का इंतजार किया... मैं थक गई थी तो रात में सोने चली गई। उनसे पूछा गया कि क्या वह अमेरिका में अपनी भांजी के शपथ-ग्रहण समारोह में शिरकत करेंगी तो उन्होंने कहा कि उम्मीद तो है। उनसे पूछा गया कि क्या वह बेसंत नगर में स्थित वरसिद्धि विनयगर मंदिर गईं थी और हैरिस के लिए प्रार्थना की थी, तो डॉ गोपालन ने कहा कि आमतौर पर जब भी मैं वरसिद्धि विनयगर मंदिर जाती हूं तो नारियल फोड़ती हूं। उन्होंने कहा कि लेकिन इस बार मैं कोविड-19 की वजह से मंदिर नहीं जा सकी।

उन्होंने कहा कि उनकी प्रार्थनाएं हमेशा हैरिस के साथ हैं। कुछ साल पहले हैरिस के आग्रह पर डॉ गोपालन ने वरसिद्धी विनयगर मंदिर में 108 नारियल फोड़े थे। वहीं दिल्ली में हैरिस के मामा गोपालन बालचंद्रन ने शनिवार को बताया कि उन्होंने एक दिन पहले ही अपनी भांजी से कहा था कि वह जीतने जा रही हैं और अमेरिका की अगली उपराष्ट्रपति बनेंगी। बालचंद्रन ने हैरिस को योद्धा करार देते हुए कहा कि वह बेहद खुश और गर्व महसूस कर रहे हैं।

# सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री संचमान लिम्बू का निधन

**गंगटोक।** सिक्किम के पूर्व मुख्यमंत्री संचमान लिम्बू का रविवार को यहां एक सरकारी अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से बीमार थे। परिवार के सूत्रों ने यह जानकारी दी। वह 73 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री हैं। लिम्बू सिक्किम के चौथे मुख्यमंत्री थे। उनका कार्यकाल छह महीने के लिए दो जून से 12 दिसम्बर, 1994 तक था। सूत्रों ने बताया कि उनके पार्थिव शरीर को गंगटोक में उनके आवास पर लाया गया है और पश्चिम सिक्किम जिले में उनके पैतृक गांव में अंतिम संस्कार के लिए प्रबंध किए गए हैं।

# बहुप्रतीक्षित डोबरा-चांठी पुल का लोकार्पण

भाषा। नई टिहरी

**टिहरी** बांध बनने से अलग-थलग पड़े टिहरी जिले के प्रतापनगर क्षेत्र के लिए बहुप्रतीक्षित 1.948 किलोमीटर लंबाई वाले डोबरा-चांठी पुल का रविवार को मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने लोकार्पण किया। लगभग तीन अरब की लागत से टिहरी बांध की झील पर बने पुल का लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री रावत ने इसे प्रतापनगर की जनता के लिए राज्य स्थापना दिवस और दीपावली का सबसे बड़ा तोहफा बताया तथा कहा कि इससे टिहरी तथा उत्तराखंड के लिए विकास का बड़ा द्वार खुल गया है।

रावत ने कहा कि टिहरी बांध के कारण प्रतापनगर के लोगों ने बहुत समस्याएं झेली हैं और 14 साल से वे पुल निर्माण की बाट जोह रहे थे। उन्होंने कहा कि टिहरी बांध से उत्पन्न बिजली और पानी से उत्तर प्रदेश तथा दिल्ली समेत देश के कई राज्यों को लाभ मिल रहा है लेकिन यह बांध प्रतापनगर के लिए अभिशाप माना जा रहा था। मुख्यमंत्री ने पुल निर्माण में देरी के लिए जनता से माफी भी मांगी और कहा कि भाजपा सरकार ने उनके दुखों को समझते हुए पुल निर्माण पूरा कराया। रावत ने कहा कि उन्होंने टिहरी बांध की झील बनते समय गांवों को डूबते देखा है। कंडल गांव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि किस तरह से गांव के लोग अपने मकान, परिसंपत्तियां और खेती को डूबता देख रहे थे। रावत ने कहा कि डोबरा पुल और टिहरी झील पर्यटन का बड़ा केंद्र बनेंगे तथा भविष्य में लाखों लोगों को रोजगार देंगे।

सीएम ने कहा कि उन्होंने फिल्म उद्योग को उत्तराखंड में आने का न्योता दिया है और बत्ती गुल मीटर चालू फिल्म से टिहरी का सुंदर फिल्मांकन देश-दुनिया ने देखा है। कोटी कालोनी की साहसिक खेल अकादमी को भारत तिब्बत सीमा पुलिस को संचालन के लिए दिया गया है। उन्होंने चार अरब 73 करोड़ आठ हजार रुपए की लागत वाली परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण भी किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कतई बर्दाश्त नहीं की नीति सहित अपनी सरकार की कई उपलब्धियां गिनाईं। इस मौके पर टिहरी सांसद मालाराज्य लक्ष्मी शाह, कृषि मंत्री सुबोध उनियाल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री डॉ. धन सिंह रावत के अलावा क्षेत्रीय विधायक विजय सिंह पंवार भी मौजूद रहे।

# एदियुरप्पा को सीएम पद से हटा दिया जाएगा: सिद्धरमैया

भाषा। बेंगलुरु





**कांग्रेस** के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने रविवार को पुन: दावा किया कि 10 नवंबर को बिहार चुनाव के नतीजे आने के बाद भारतीय जनता पार्टी कर्नाटक में सीएम बदल देगी। इससे कुछ दिन पहले मुख्यमंत्री बी एस एदियुरप्पा ने सिद्धरमैया के ऐसे ही दावों का खंडन किया था और गैर जिम्मेदाराना बयान करार दिया था।

एदियुरप्पा ने यह भी कहा था कि कर्नाटक विधानसभा की दो सीटों पर होने वाले उप चुनाव में कांग्रेस की हार होने के बाद पार्टी सिद्धरमैया को नेता प्रतिपक्ष के पद से हटा देगी। सिद्धरमैया ने कहा कि मुझे सूचना मिली है कि 10 नवंबर को बिहार चुनाव के नतीजे आने के बाद बदलाव होगा। परिवर्तन के लिए लंबे समय से बातचीत की जा रही है। शिवमोगा में उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि भाजपा में दो से तीन गुट हैं और बदलाव के लिए छह महीने से भी अधिक समय से बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, मेरे पास जो सूचना है उसके मुताबिक केंद्रीय नेतृत्व भी बदलाव चाहता है क्योंकि इस सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। इससे पहले भी सिद्धरमैया ने कहा था कि 10 नवंबर को उपचुनाव के नतीजे आने के बाद एदियुरप्पा को मुख्यमंत्री के पद से हटा दिया जाएगा। प्रदेश भाजपा द्वारा इसका खंडन किए जाने के बावजूद अटकलें लगाई जा रही हैं कि 77 वर्षीय एदियुरप्पा की आयु को देखते हुए उन्हें पद से हटाया जा सकता है।

# पश्चिम बंगाल में एक परिवार के पांच सदस्य मृत पाए गए

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल के दक्षिण दिनाजपुर जिले में रविवार को एक परिवार के पांच सदस्य अपने घर में मृत पाए गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। तपन पुलिस थानांतर्गत जमालपुर गांव में पुलिस के एक दल ने सुबह छह बजे परिवार के सदस्यों के शव बरामद किए। मृतकों की पहचान अनूप बर्मन (33), उसकी मां उलुबाला बर्मन, पत्नी मल्लिका बर्मन और दस वर्ष से कम आयु की दो बेटियों-ब्यूटी बर्मन और स्निग्धा बर्मन के रूप में की गई है। अधिकारी ने अनुसार अभी यह स्पष्ट नहीं हुआ है कि मामला हत्या का है या आत्महत्या। स्थानीय लोगों ने अनूप के घर में उसका शव छत से लटका हुआ देखा और पुलिस को इसकी सूचना दी। अधिकारी ने कहा कि अनूप कैंसर से पीड़ित था और इलाज के लिए उसके पास पैसे नहीं थे। उन्होंने कहा कि ऐसा हो सकता है कि सभी की हत्या की गई हो या अनूप ने परिवार के सदस्यों की हत्या करने के बाद आत्महत्या कर ली। अधिकारी ने कहा कि अनूप को इलाज के लिए पैसे की जरूरत थी इसलिए उसने हाल ही में जमीन बेची थी। स्वास्थ्य कारणों से वह घर का खर्चा नहीं चला पा रहा था। अधिकारी ने कहा कि परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर कहा जा सकता है कि अनूप ने अपनी मां, पत्नी और बच्चों की हत्या करने के बाद फांसी लगा ली। हम अभी मामले की जांच कर रहे हैं।

# सेहत के लिए हानिकारक है एक बार प्रयोग योग्य कागज के कपों से चाय पीना

आईआईटी अध्ययन

भाषा। नई दिल्ली

**कागज** के बने एक बार इस्तेमाल करने योग्य कपों से चाय पीना सेहत के लिए हानिकारक है और यदि कोई व्यक्ति उनमें दिन में तीन बार चाय पीता है तो उसके शरीर में प्लास्टिक के 75,000 सूक्ष्म कण चले जाते हैं। आईआईटी खड़गपुर के एक अध्ययन में यह बात सामने आई है। अनुसंधान का नेतृत्व करने वाली आईआईटी खड़गपुर में एसोसिएट प्रोफेसर सुधा गोयल ने कहा कि एक बार इस्तेमाल करने योग्य कागज के कपों में पेय पदार्थ पीना आम बात हो गई है।

उन्होंने कहा कि हमारे अनुसंधान में इस बात की पुष्टि हुई है कि इन कपों में प्लास्टिक और अन्य हानिकारक तत्वों के कारण गर्म तरल वस्तु संदूषित हो जाती है। इन कपों को बनाने के लिए आमतौर पर हाइड्रोफोबिक फिल्म की एक परत चढ़ाई जाती है, जो मुख्तय: प्लास्टिक की बनी होती है। इसकी मदद से कप में तरल पदार्थ टिका रहता है। यह परत गर्म पानी डालने पर 15 मिनट के भीतर गलने लगती है। गोयल ने कहा, हमारे अध्ययन के अनुसार एक कप में 15 मिनट के लिए 100 मिली. गर्म तरल रखने से उसमें 25,000 माइक्रोन आकार के प्लास्टिक के सूक्ष्म कण घुलने लगते हैं। यानी रोजाना तीन कप चाय या कॉफी पीने वाले व्यक्ति के शरीर में प्लास्टिक के 75,000 सूक्ष्म कण चले जाते हैं, जो आंखों से दिखाई नहीं देते। इसके स्वास्थ्य पर गंभीर परिणाम हो सकते है।

एनवायरमेंटल इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट पढ़ रहे अनुसंधानकर्ता अनुजा जोसेफ और वेद प्रकाश रंजन ने इस अनुसंधान में गोयल की मदद की। आईआईटी खड़गपुर के निदेशक वीरेंद्र के तिवारी ने कहा यह अध्ययन दर्शाता है कि खतरनाक जैव-उत्पादों और पर्यावरण प्रदूषकों के स्थान पर इनके इस्तेमाल को बढ़ावा देने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार करने की आवश्यकता है। हमने प्लास्टिक के कपों एवं गिलासों की जगह एक बार इस्तेमाल योग्य कागज के कपों का इस्तेमाल तेजी से शुरू कर दिया है।

# मराठवाड़ा के तटबंधों में पिछले साल के मुकाबले 14 फीसदी ज्यादा पानी जमा

भाषा। औरंगाबाद

**महाराष्ट्र** के मराठवाड़ा में बड़े तटबंधों में संग्रहित जल की मात्रा इस साल पिछले साल के मुकाबले 14 फीसदी ज्यादा है। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि सिंचाई विभाग को उम्मीद है कि जलाशयों में संग्रहित जल की क्षमता पर्याप्त होने की वजह से इस साल सिंचित भूमि क्षेत्र में वृद्धि होगी और राजस्व बढ़ेगा। मराठवाड़ा क्षेत्र में औरंगाबाद, बीड, हिंगोली, जालना, लातूर, नांदेड़, ओस्मानाबाद और परभणी जिले आते हैं। सिंचाई विभाग की ओर से रविवार को जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि इस क्षेत्र के नौ तटबंधों में संग्रहित जल की मात्रा 5,493.92 मिलियन क्यूबिक मीटर है, जो कि कुल क्षमता का 98.98 फीसदी है। रिपोर्ट में बताया गया है कि इन तटबंधों में पिछले साल जल की मात्रा 84.03 फीसदी थी। संपर्क करने पर जायकवाड़ी तटबंध के कार्यकारी अभियंता राजेंद्र काले ने बताया कि इस क्षेत्र में जलाशय करीब अपनी पूरी क्षमता तक भरे हुए हैं।

# पेज 1 का शेष

## नोटबंदी से...

नोटबंदी की चौथी सालगिरह को विश्वासघात दिवस के रूप में मनाया और इस संबंध में सोशल मीडिया पर अभियान चलाया। कांग्रेस महासचिव अजय माकन ने एक संवाददाता सम्मेलन में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह द्वारा 24 नवंबर 2016 को दिए गए वक्तव्य का उल्लेख किया। सिंह ने वक्तव्य में कहा था, जिस प्रकार इस योजना को क्रियान्वित किया गया है, वह प्रबंधन की बड़ी विफलता है और यह संगठित तथा वैधानिक रूप से आम लोगों की लूट का मामला है। वहीं भाजपा ने रविवार को विपक्षी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि नोटबंदी कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान व्याप्त भ्रष्टाचार और कालेधन की समस्या पर एक हमला था। आठ नवंबर 2016 को रात आठ बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 500 और 1000 रुपए के नोटों को उसी दिन आधी रात से बंद करने की घोषणा की थी और इनकी जगह 500 और 2000 रुपए के नए नोट लाने का ऐलान किया था।भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव चंद्रशेखरन ने कहा कि नोटबंदी देश के लिए अच्छी थी। उन्होंने नोटबंदी की चौथी वर्षगांठ पर यहां पार्टी मुख्यालय पर संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नोटबंदी की वजह से अर्थव्यवस्था साफ हुई, असंगठित क्षेत्र संगठित हुआ और राजस्व में बढ़ोतरी हुई। चंद्रशेखरन ने कहा, नोटबंदी व्यवस्थागत आर्थिक भ्रष्टाचार और काले धन की अर्थव्यवस्था को एक झटका थी। तब से संगठित अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और समाज के सभी वर्गों के लिए अप्रत्याशित आर्थिक लाभ लाई। उनकी टिप्पणी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नोटबंदी को लेकर सरकारी आलोचना के बाद आई है।

## ब्लाक, थाना...

संबंधित होती हैं। अत: इन कार्यालयों की कार्यशैली में आमूल-चूल परिवर्तन दिखना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी कार्यालयों में आनलाइन प्रार्थना पत्र देने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही शिकायतों के निस्तारण की मानिटरिंग भी की जाए। उन्होंने लोगों की समस्याओं के समाधान से सम्बन्धित अधिकारियों और कर्मचारियों का जवाबदेही तय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि लापरवाह कार्मिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## भारत-चीन...

कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल पीजीके मेनन ने किया था। विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) नवीन श्रीवास्तव भी भारतीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे। सातवें दौर की बातचीत में दोनों पक्षों ने यथाशीघ्र सैनिकों की वापसी के परस्पर स्वीकार्य समाधान तक पहुंचने के लिए सैन्य एवं कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत एवं संवाद कायम रखने पर सहमति व्यक्त की थी। भारत का रुख शुरू से स्पष्ट है कि सैनिकों की वापसी और पहाड़ी क्षेत्र के गतिरोध वाले बिंदुओं पर तनाव कम करने की प्रक्रिया को आगे ले जाने का दायित्व चीन पर है। छठे दौर की सैन्य बातचीत के बाद दोनों पक्षों ने सीमा पर और सैनिकों को नहीं भेजने, जमीनी स्थिति को बदलने की एकपक्षीय कोशिश से बचने और स्थिति को और अधिक गंभीर बनाने वाले किसी भी कदम या कार्रवाई से बचने समेत कई फैसलों की घोषणा की थी।

## अब जख्मों...

प्रयास में कामयाब हुए बाइडेन ने अपने समर्थकों का धन्यवाद करते हुए कहा कि उन्हें अमेरिका के इतिहास में सबसे व्यापक एवं सबसे विविध समुदायों के मत मिले। बाइडेन ने दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच कहा, आप लोगों ने मुझमें जो भरोसा दिखाया, मैं उसके लिए आपका आभारी हूं। बाइडेन जब 20 जनवरी 2021 को पद की शपथ लेंगे तो वह सबसे उम्रदराज अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे। उन्होंने उन्हे समर्थन देने वाले करीब 7.4 करोड़ से ज्यादा मतदाताओं के संदर्भ में कहा, इस राष्ट्र के लोगों ने अपनी बात कही है, उन्होंने हमें स्पष्ट जीत दी, एक बड़ी जीत, एक जीत हम लोगों के लिए। बाइडेन इससे पहले दो बार 1988 और 2008 में राष्ट्रपति पद की दौड़ में पीछे रह गए थे। एक गौरवान्वित डेमोक्रेट की तरह चुनाव लड़ने का जिक्र करते हुए बाइडेन ने कहा कि अब वह अमेरिकी राष्ट्रपति होंगे। उन्होंने कहा, मैं उनके लिए भी उतनी ही मेहनत के साथ काम करूंगा जिन्होंने मुझे वोट नहीं दिया जितना मैं उनके लिए करूंगा जिन्होंने मुझे वोट दिया। उन्होंने कहा, अमेरिका में विनाश के इस गंभीर दौर को खत्म करना शुरू करते हैं-यहां और अभी। डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन के बीच एक दूसरे से सहयोग नहीं करने की मंशा के पीछे कोई ऐसी रहस्यमई ताकत नहीं है जो हमारे नियंत्रण से परे हो।

## आपने अमेरिका...

बनने की कोशिश करूंगी जैसे जो बाइडेन पूर्व राष्ट्रपति (बराक) ओबामा के लिए थे- वफादार, सत्यनिष्ठ और रोज सुबह आपके और आपके परिवारों के बारे में सोचते हुए। क्योंकि अभी वास्तविक काम शुरू होना है। आपने अमेरिका के लिए नया दिन सुनिश्चित किया है। अमेरिका के हालिया इतिहास में 2020 में हुआ राष्ट्रपति पद का चुनाव सबसे बंटा हुआ चुनाव था।

## पांच लाख...

सुधार कानून पारित कराने पर काम शुरू करेंगे, जिसके जरिए हमारी प्रणाली को आधुनिक बनाया जाएगा। इसके तहत पांच लाख से अधिक भारतीयों समेत लगभग एक करोड़ 10 लाख ऐसे आप्रवासियों को अमेरिका की नागरिकता प्रदान करने का रोडमैप तैयार किया जाएगा, जिनके पास दस्तावेज नहीं हैं। दस्तावेज के अनुसार, वह अमेरिका में सालाना 1,25,000 शरणार्थियों को प्रवेश देने का लक्ष्य निर्धारित करेंगे। इसके अलावा वह सालाना न्यूनतम 95,000 शरणार्थियों को देश में प्रवेश दिलाने के लिए कांग्रेस के साथ काम करेंगे।

## मप्र में...

अर्थदंड लगाया था और उन्हें शासकीय भूमि से अवैध निर्माण हटाने को कहा गया था। अधिकारियों ने बताया कि अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर प्रशासन ने आश्रम का सामान बाहर निकालकर अवैध निर्माण ढहा दिए जिनमें शेड, इमारत और कमरे शामिल हैं। इस दौरान वहां भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। गौरतलब है कि कम्प्यूटर बाबा कांग्रेस के उन 22 बागी विधायकों को गद्दार बताते हुए उनके खिलाफ चुनाव प्रचार करते नजर आए थे जिनके विधानसभा से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल होने के कारण तत्कालीन कमलनाथ सरकार का मार्च में पतन हो गया था। दल बदल के बाद भाजपा ने इन सभी नेताओं को उनकी पुरानी सीटों से उपचुनावों के रण में उतारा जिनका परिणाम मंगलवार को आना है। पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी क्षेत्र) महेशचंद्र जैन ने बताया कि इंदौर शहर से सटे जम्बूर्डी हप्सी गांव में प्रशासन ने कम्प्यूटर बाबा के आश्रम परिसर में बने अवैध निर्माण ढहा दिए हैं। उन्होंने बताया, प्रशासन की मुहिम के दौरान दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 151 (संज्ञेय अपराध घटित होने से रोकने के लिए की जाने वाली एहतियातन गिरफ्तारी) के तहत कम्प्यूटर बाबा और उनसे जुड़े छह लोगों को एहतियातन गिरफ्तार कर एक स्थानीय जेल भेज दिया गया। प्रशासन के अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान कंप्यूटर बाबा के आश्रम परिसर में दो एकड़ शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा और निर्माण प्रमाणित पाया गया था।

## जन्मदिन के दिन खिताबी मुकाबले में हारे रामकुमार

**एंटेल्या।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन को चैलेंजर सर्किट में एक बार फिर उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा जब वह एंटेल्या टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में रविवार को यहां अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा के खिलाफ हार गए। अपना 26वां जन्मदिन मना रहे गैरवरीय भारतीय को खिताबी मुकाबले में दुनिया के 135वें नंबर के खिलाड़ी और सातवें वरीय कोर्डा के खिलाफ एक घंटे और 23 मिनट में 4-6 4-6 से हार झेलनी पड़ी। यह पांचवां मौका है जब रामकुमार को चैलेंजर सर्किट में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। रामकुमार का हालांकि 2020 में यह सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है जिसके लिए उन्हें 7200 यूरो की इनामी राशि और 60 रैंकिंग अंक मिले। यह भारतीय खिलाड़ी एटीपी एकल रैंकिंग में अब 206 से 185वें स्थान पर पहुंच जाएगा।

## पंड्या बंधुओं से संबंधों की झलक क्रिकेट मैदान पर दिखती है: पोलार्ड

**अबुधाबी।** मुंबई इंडियन्स के आक्रमक बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड ने कहा कि पंड्या बंधुओं (हार्दिक और क्रुणाल) के साथ उनका रिश्ता सांस्कृतिक सीमाओं से परे है और विस्फोटक बल्लेबाजी उन कई समानताओं में से एक है जो वे आपस में साझा करते हैं। गत चैम्पियन मुंबई इंडियन्स छठी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में पहुंचने में सफल रहा। इस अभियान में इन तीनों खिलाड़ियों ने अहम भूमिका निभाई। मुंबई इंडियन्स के ट्विटर हैंडल पर जारी वीडियो में वेस्टइंडीज के इस दिग्गज खिलाड़ी ने कहा, जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं कि हमारे पास हार्दिक पंड्या है और फिर उससे भी समझदार पंड्या (क्रुणाल) है।

## अनुचित भाषा के उपयोग पर सरफराज पर लगा जुर्माना

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सरफराज अहमद पर कायदे-आजम ट्रॉफी मैच के दौरान अनुचित भाषा का उपयोग करने पर मैच फीस का 35 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। पाकिस्तान की इस घरेलू प्रतियोगिता में सिंध प्रथम एकादश की कप्तानी कर रहे इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने शनिवार को मैच के दौरान अनुचित भाषा के उपयोग करने का जुर्म स्वीकार किया। सरफराज ने दिन के खेल के दौरान अंपायर के फैसले के खिलाफ बार-बार अनुचित टिप्पणी की।

## इटली ने 41 सदस्यीय फुटबॉल टीम घोषित की

**फ्लोरेंस।** इटली के कोच रोबर्टो मेंसिनी ने कोरोना वायरस के कारण खिलाड़ियों की उपलब्धता पर सवालिया निशान को देखते हुए आगामी मैचों के लिए 41 सदस्यीय राष्ट्रीय फुटबॉल टीम की घोषणा की है। छह क्लबों फायोरेंटिना, जिनोआ, इंटर मिलान, लाजियो, रोमा और सासुओलो के खिलाड़ी अपनी टीम में कोरोना वायरस मामलों के कारण पृथक्वास पर है। महासंघ ने कहा कि संबंधित स्वास्थ्य अधिकारियों से स्वीकृति मिलने पर पृथक्वास से गुजर रहे खिलाड़ी टीम से जुड़ेंगे।

# दिल्ली पहली बार फाइनल में, मुंबई से भिड़ेगी

● **दूसरे क्वालीफायर में सनराइजर्स हैदराबाद को 17 रनों से हराया**


धवन ने 50 गेंदों पर 78 रन बनाए

भाषा। अबुधाबी

शिखर धवन की एक और बड़ी पारी और मार्कस स्टोइनिस के आलराउंड खेल से दिल्ली कैपिटल्स ने रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को 17 रन से हराकर पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल में जगह बनाई। दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए तीन विकेट पर 189 रन का मजबूत स्कोर बनाया। इसके जवाब में सनराइजर्स आठ विकेट पर 172 रन ही बना सका। दिल्ली मंगलवार को फाइनल में चार बार के चैंपियन मुंबई इंडियन्स से भिड़ेगा जिससे वह पहले क्वालीफायर में हार गया था। बाएं हाथ के बल्लेबाज धवन ने 50 गेंदों पर 78 रन बनाए जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल हैं। उन्होंने मार्कस स्टोइनिस (27 गेंदों पर 38, पांच चौके, एक छक्का) के साथ पहले विकेट के लिए 86 रन जोड़कर दिल्ली को अच्छी शुरुआत दिलाई। शिमरोन हेटमायर ने अंतिम ओवरों में 22 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 42 रन बनाए। सनराइजर्स का क्षेत्ररक्षण और गेंदबाजी प्रभावहीन रही। स्टोइनिस और धवन दोनों को जीवनदान मिले। बल्लेबाजी में उसका शीर्ष क्रम असफल रहा। पिछले मैच में जीत के नायक केन विलियमसन (45 गेंदों पर 67, पांच चौके, चार छक्के) और अब्दुल समद (16 गेंदों पर 33, दो चौके, दो छक्के) के बीच पांचवें विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी उसकी पारी का आकर्षण रही। स्टोइनिस ने गेंदबाजी में भी कमाल दिखाया तथा 26 रन देकर तीन विकेट लिए। कैगिसो रबाडा ने 29 रन देकर चार विकेट हासिल किए। सनराइजर्स ने पावरप्ले में ही तीन विकेट गंवा दिए। कप्तान डेविड वार्नर (दो) को रबाडा ने इनस्विंग यार्कर पर बोल्ड किया। सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरे प्रियम गर्ग (17) ने आर अश्विन और एनरिक नोर्जे पर छक्के लगाए, लेकिन स्टोइनिस ने उन्हें बोल्ड करने के बाद मनीष पांडे (21) को भी सीमा रेखा पर कैच करवाकर मैच का परिणाम तय करवा दिया। विलियमसन ने इस बीच बीच में लंबे शॉट खेलकर स्कोर बोर्ड चलायमान रखा लेकिन पिंच हिटर के तौर पर भेजे गए जैसन होल्डर (15 गेंदों पर 11) बल्लेबाजी में भी नहीं चले। विलियमसन ने 35 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया। इस बीच उन्होंने प्रवीण दुबे, अक्षर पटेल, रबाडा और स्टोइनिस पर छक्के लगाए। समद ने नोर्जे पर छक्का और दो चौके लगाकर सनराइजर्स की उम्मीद बढ़ाई। सनराइजर्स को अंतिम चार ओवर में 51 रन चाहिए थे लेकिन स्टोइनिस ने विलियमसन को आउट करके दिल्ली की जीत सुनिश्चित कर दी। रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में समद, राशिद खान (11) और श्रीवत्स गोस्वामी (शून्य) को आउट किया।

### स्कोरबोर्ड

**दिल्ली कैपिटल्स :** स्टोइनिस बो राशिद 38, धवन पगबाधा बो संदीप 78, अय्यर का पांडे बो होल्डर 21, हेटमायर नाबाद 42, पंत नाबाद 02, **अतिरिक्त** (बाई 01, लेग बाई 02, नोबाल 02, वाइड 03) 08, **कुल** (20 ओवर में तीन विकेट पर) 189, **विकेट पतन**-1-86, 2-126, 3-178, **गेंदबाजी :** संदीप शर्मा 4-0-30-1, होल्डर 4-0-50-1, नदीम 4-0-48-0, राशिद 4-0-26-1, नटराजन 4-0-32-0

## ट्रेलब्लेजर्स पर सुपरनोवाज का पलड़ा भारी

● **महिला टी20 चैलेंज फाइनल**

**शारजाह।** लगातार तीसरे महिला टी20 क्रिकेट चैलेंज खिताब पर नजरें टिकाए बैठी सुपरनोवाज की टीम सोमवार को यहां होने वाले फाइनल में ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। फाइनल में हरमनप्रीत कौर की अगुआई वाली सुपरनोवाज की टीम लय के साथ उतरेगी क्योंकि शनिवार को अंतिम लीग मुकाबले में उन्होंने स्मृति मंधाना की अगुआई वाले ट्रेलब्लेजर्स को हराया था। वर्ष 2018 और 2019 के चैंपियन सुपरनोवाज ने अंतिम ओवर में सुपरनोवाज को दो रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। गत चैंपियन टीम के लिए सलामी बल्लेबाज अटापट्टू ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। श्रीलंका की इस अनुभवी खिलाड़ी ने मौजूदा सत्र में सुपरनोवाज के लिए अब तक सर्वाधिक रन बनाए हैं। ट्रेलब्लेजर्स के खिलाफ लीग मैच में उन्होंने पहला अर्धशतक जड़ा था। कप्तान हरमनप्रीत ने दोनों मैचों में 31 रन की पारियां खेली और भारतीय टी20 टीम की कप्तान फाइनल में बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगी।

## ट्रैफिक नियंत्रण करने वाले गरानी बने भारतीय टीम के थ्रो-डाउन विशेषज्ञ



**कोलकाता।** नागरिक पुलिस वालंटियर के रूप में कोलकाता की व्यस्त सड़क पर ट्रैफिक को नियंत्रित करने वाले दयानंद गरानी ने शायद कभी सोचा नहीं होगा कि वह विराट कोहली और दूसरे भारतीय बल्लेबाजों के सामने 22 गज की दूरी पर गेंद लेकर खड़े होंगे। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाने वाली भारतीय टीम के दुबई के बायो-बबल में जब किसान पिता के 28 साल के इस बेटे ने थ्रो-डाउन विशेषज्ञ के रूप में प्रवेश किया तो उन्हें भी लगा कि सपने भी सच होते हैं। पूर्वी मिदनापुर जिले के सूदूर गांव जमातिया के इस थ्रो-डाउन विशेषज्ञ ने दुबई से बताया, मुझे जब इस बारे में बताया गया था तब मैं हैरान रह गया था, इसे मानने में मुझे थोड़ा समय लगा। जब मैंने इस बारे में अपने पिता को बताया तो वह भी चौंक गए और उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया। थ्रो-डाउन विशेषज्ञ का काम बल्लेबाजों को तेज गेंदबाजी के खिलाफ अभ्यास कराना होता है। गरानी इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में किंग्स इलेवन पंजाब का हिस्सा है। टूर्नामेंट में टीम का अभियान खत्म होने के बाद वह भारत आने की तैयारी कर रहे थे तभी बीसीसीआई ने उनसे संपर्क कर के बताया कि वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जाएंगे। टीम के नियमित थ्रो-डाउन विशेषज्ञ रघवेन्द्र (रघु) कोविड-19 की चपेट में है। अपने पूरे जीवन में मैंने देश की सेवा करने का सपना देखा है और मेरे लिए यह एक मौका है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह इतनी जल्दी आएगा। उन्होंने आईपीएल के दौरान मुझमें कुछ देखा होगा। यह वास्तव में मेरी जिंदगी का अहम मोड़ है। आईपीएल कर तुलना में हालांकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चुनौती बहुत बड़ी होगी लेकिन नागरिक पुलिस का चुनौतीपूर्ण काम करने वाले गरानी के लिए यह ज्यादा परेशान करने वाला नहीं होगा। कोहली और भारतीय टीम के अन्य बल्लेबाजों को अभ्यास करने के लिए तैयार गरानी ने कहा, मैं इस नई चुनौती के लिए सब कुछ कुर्बान करने को तैयार हूं। लगातार तीन घंटे तक 140 से अधिक की गति से गेंदबाजी (थ्रो-डाउन) करना मुश्किल काम है लेकिन गरानी इस चुनौती के लिए तैयार है।

## सहवाग चाहते हैं आरसीबी के कप्तान बने रहें कोहली



**नई दिल्ली।** दिग्गज बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने अपने पूर्व साथी गौतम गंभीर के विचारों से असहमति जताते हुए कहा कि विराट कोहली को आईपीएल में एक और निराशा के बावजूद आरसीबी का कप्तान बने रहना चाहिए। आईपीएल में दो बार के विजेता कप्तान गंभीर ने कोहली को कप्तानी से हटाने की अपील की लेकिन सहवाग उनकी बात से सहमत नहीं हैं। सहवाग ने क्रिकबज से कहा, एक कप्तान उतना ही अच्छा होता है जितनी उसकी टीम। विराट कोहली जब भारत का कप्तान होता है तो वह अच्छे परिणाम देता है। वह वनडे, टी20 और टेस्ट में मैच जीतता है लेकिन जब वह आरसीबी का कप्तान होता है, तो उनकी टीम अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाती है। कप्तान के लिए यह महत्वपूर्ण है कि उसके पास अच्छी टीम हो। इसलिए मुझे लगता है कि प्रबंधन को कप्तान बदलने के बारे में नहीं सोचना चाहिए और इसके बजाय इस पर ध्यान देना चाहिए कि वे टीम के तौर पर कैसे सुधार कर सकते हैं। जिन्हें भी टीम से जोड़ा गया है उन्हें अपना बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करना चाहिए।

### गंभीर कोविड-19 जांच में नेगेटिव

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज गौतम गंभीर कोरोना वायरस की जांच में रविवार को नेगेटिव आए है। उन्होंने परिवार में कोविड-19 का मामला मिलने के बाद खुद को पृथकवास पर कर लिया था। गंभीर ने ट्विटर पर यह जानकारी देते हुए लोगों से सुरक्षा उपायों का पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने ट्वीट किया, मुझे खुशी है की कोविड-19 जांच में मेरा परिणाम नेगेटिव आया है। शुभकामनाओं के लिए सभी का धन्यवाद।

### अली, कादिर ने पाक को जिम्बाब्वे पर एक और जीत दिलाई

**रावलपिंडी।** लेग स्पिनर उस्मान कादिर (23 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बाद युवा बल्लेबाज हैदर अली (नाबाद 66) और कप्तान बाबर आजम (51) की अर्धशतकीय पारियों के दम पर पाकिस्तान ने रविवार को यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे को आठ विकेट से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली।

## साहा की मांसपेशियों में खिंचाव



● **ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए पर उपलब्धता पर फंसा पेंच**

**अबुधाबी।** ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चुने गए टेस्ट विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा की मांसपेशियों में खिंचाव है जिसकी वजह से वह सनराइजर्स हैदराबाद के लिए इंडियन प्रीमियर लीग के क्वालीफायर मुकाबले में मैदान पर नहीं उतर सके। इसी वजह से एलिमिनेटर मुकाबले में भी टीम से बाहर रहे साहा को लेकर यह देखना होगा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड क्या रूख अपनाता है। कुछ सीनियर खिलाड़ियों की चोट को लेकर टीम के फिजियो नितिन पटेल की मेडिकल रिपोर्ट पर आईपीएल फ्रेंचाइजियों के सवाल उठाने के बाद ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए साहा की उपलब्धता इस बात पर निर्भर करेगी कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी उनका आकलन कैसे करते है। वार्नर ने कहा, साहा की मांसपेशियों में खिंचाव है। उनकी चोट की गंभीरता के बारे में हालांकि अभी पता नहीं चल पाया है। साहा को यह चोट दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ टीम के 13वें मैच के दौरान लगी थी। वह हालांकि चोटिल होने के बाद भी मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आखिरी लीग मुकाबले के लिए मैदान पर उतरे थे। यह पता चला है कि साहा को ग्रेड एक की चोट है जिसे ठीक होने पर चार सप्ताह का समय लगता है। अगर यह ऐसा ही है तो वह 17 दिसंबर से शुरू होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए टीम के साथ ऑस्ट्रेलिया जाने की संभावना रहेगी। उनकी यह चोट अगर ग्रेड दो स्तर की हुई तो इससे उबरने में दो महीने लग सकते है ऐसे में वह दौरे से बाहर हो सकते है। टीम में हालांकि ऋषभ पंत और संजू सैमसन के रूप में दो विशेषज्ञ विकेट कीपर है, ऐसे में टीम को शायद एक और विकेटकीपर की जरूरत ना हो। भारतीय टीम बल्लेबाजी को मजबूत करने के लिए विदेशों में पंत के साथ मैदान पर उतरना पसंद करती है जबकि विकेटकीपिंग के लिए चुनौतीपूर्ण घरेलू टेस्ट में साहा पहली पसंद होते हैं।

## मेसी के दो गोल से बार्सीलोना ने बेटिस को हराया



भाषा। बार्सीलोना

स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में उतरे स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी के दो गोल की बदौलत बार्सीलोना ने ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रीयाल बेटिस को 5-2 से हराकर चार मैचों के बाद जीत दर्ज की। मैच के दौरान बार्सीलोना के उभरते हुए खिलाड़ी अंसू फाती हालांकि चोटिल हो गए। बार्सीलोना ने पहले हाफ में मेस्सी को आराम दिया था क्योंकि इस स्टार खिलाड़ी ने महसूस किया कि बुधवार को चैंपियन्स लीग में डाइनेमो के खिलाफ 2-। की जीत के बाद उन्हें उबरने के लिए अधिक समय की जरूरत है। एक साल से भी अधिक समय में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में यह मेसी का पहला लीग मैच था। इस बीच जाओ फेलिक्स के दो गोल की मदद से एटलेटिको ने केडीज के खिलाफ 4-0 की एकतरफा जीत के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर जगह बनाई। बार्सीलोना की टीम अभी आठवें स्थान पर चल रही है।

### क्रूज ने लगातार 16वीं पेनल्टी को गोल में बदला

**बर्लिन।** मैक्स क्रूज ने पेनल्टी किक पर लगातार 16वां गोल दागकर बुंदेसलीगा फुटबॉल टूर्नामेंट के रिकॉर्ड की बराबरी की जिससे यूनियन बर्लिन ने आर्मीनिया बेलफेल्ड को 5-0 से शिकस्त दी। जर्मनी के स्ट्राइकर क्रूज ने दूसरे हाफ की शुरुआत में पेनल्टी को गोल में बदलकर बुंदेसलीगा में हेन्स जोकिम एबेल के रिकॉर्ड की बराबरी की।

### पीएसजी ने लगातार आठवां लीग मैच जीता

**पेरिस।** एंजेल डि मारिया के दो गोल की मदद से चोटों से जूझ रहे पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने सोमवार को यहां रेनेस को 3-0 से हराकर फ्रेंच फुटबॉल लीग मे लगातार आठवी जीत दर्ज की। पीएसजी के लिए डि मारिया के अलावा मोइसे कीन ने भी एक गोल दागा। गत चैंपियन पीएसजी ने इस जीत के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी बढ़त को पांच अंक का कर लिया है। लीग में अब तक अजेय लिली के पास हालांकि रविवार को ब्रेस्ट को हराकर पीएसजी की बढ़त को दो अंक तक सीमित करने का मौका होगा।

### चेल्सी ने शेफील्ड को हराया

**लंदन।** चेल्सी ने इंग्लिश प्रीमियर लीग मुकाबले मे शनिवार को यहां पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शेफील्ड यूनाईटेड को 4-1 से हराकर सभी प्रतियोगिताओं मे लगातार चौथी जीत दर्ज की। शेफील्ड को नौवे मिनट मे ही डेविड मैक्गोल्ड्रिक ने बढ़त दिला दी थी। वह 17 अक्टूबर को साउथम्पटन के डिफेंडर यानिक वेस्टरगार्ड के बाद चेल्सी के खिलाफ गोल करने वाले पहले खिलाड़ी है। सितंबर मे चेल्सी से जुड़ने वाले गोलकीपर एडवर्ड मेंडी के खिलाफ यह पहला गोल है।

## सीआईआई का वित्त मंत्रालय को पत्र, दबाव वाले क्षेत्रों के लिए ईसीएलजीएस योजना का सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ ने वित्त मंत्रालय को पत्र लिखकर वित्तीय दबाव झेल रहे व्यावसायिक क्षेत्रों के लिए आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना (ईसीएलजीएस) लाने का सुझाव दिया है। सीआईआई ने कहा है कि रोजगारपरक क्षेत्रों पर लम्बे समय तक दबाव से अर्थव्यवस्था का सुधार प्रभावित हो सकता है। सीआईआई ने विशेषरूप से होटल, पर्यटन विमानन और खुदरा जैसे सेवा क्षेत्रों के लिए इस तरह की योजना निकालने की जरूरत पर बल दिया है। उसने दबाव वाले क्षेत्रों को मदद के लिए हस्तक्षेप का आग्रह किया है। इससे इस साल राजकोषीय घाटे पर असर नहीं पड़ेगा, बल्कि ऐसे क्षेत्रों को नकदी उपलब्ध हो सकेगी, जो बड़े पैमाने पर लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं।

## नए प्रोत्साहन पैकेज की जरूरत नही, पुराने को पहले खर्च करने की जरूरत : जालान

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर बिमल जालान का मानना है कि महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए कोई नया प्रोत्साहन पैकेज देने की जरूरत नहीं है।इसके बजाय यह अधिक महत्वपूर्ण होगा कि सरकार पहले जिस पैकेज की घोषणा कर चुकी है, उसे खर्च किया जाए। मेरा मानना है कि वित्तीय प्रोत्साहन पहले ही दिया जा चुका है। आप पहले जो घोषणा कर चुके हैं उसे खर्च करने की जरूरत है। इसके अलावा विभिन्न घोषणाओं का क्रियान्वयन करने की जरूरत है। यह राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को फिर बढ़ाने से अधिक महत्वपूर्ण है। सरकार ने कोरोना वायरस महामारी से प्रभावित अर्थव्यवस्था को उबारने के लिए मई में 20 लाख करोड़ रुपए के आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा की थी। यदि आपने पहले से घोषित सभी संसाधन खर्च कर दिए हैं, तो उसके बाद राजकोषीय घाटे को बढ़ाया जाना चाहिए।

## जीएसटीएन ने एकसाथ तीन लाख उपयोगकर्ताओं को संभालने के लिए बुनियादी ढांचे को उन्नत किया

**नई दिल्ली।** जीएसटीएन ने रविवार को कहा कि जीएसटी नेटवर्क के बुनियादी ढांचे को उन्नत बनाया गया है, ताकि एक साथ तीन लाख उपयोगकर्ताओं को संभाला जा सके। वस्तु एवं सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन) ने कहा कि इसके अलावा स्वत: निकासी वाले बिक्री फॉर्म जीएसटीआर-3बी को पीडीएफ के रूप में पेश किया गया है, जो अक्टूबर 2020 की कर अवधि और उसके बाद से उपलब्ध होगा। जीएसटीएन ने एक बयान में कहा कि इनपुट टैक्स क्रेडिट की स्वत: निकासी के साथ पीडीएफ साझा पोर्टल (जीएसटीएन) पर 12 नवंबर 2020 से उपलब्ध होगा।

## रायबरेली इकाई में रेल-पहियों का उत्पादन अगले महीने शुरू करेगी आरआईएनएल

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इस्पात कंपनी राष्ट्रीय इस्पात निगम लि. (आरआईएनएल) दिसंबर के अंत तक उत्तर प्रदेश की रायबरेली इकाई में फोर्जिंग किए रेल चक्कों का वाणिज्यिक उत्पादन शुरू करेगी। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक पी के रथ ने यह जानकारी दी। विशाखापत्तनम की कंपनी ने रायबरेली में।,680 करोड़ रुपए की लागत से संयंत्र लगाया है जिसकी उत्पादन क्षमता एक लाख फोर्ज किए चक्के सालाना की है।

# चुनाव परिणाम, आर्थिक आंकड़े इस सप्ताह तय करेंगे बाजार की चाल

**विश्लेषकों की सलाह**

भाषा। नई दिल्ली




घरेलू शेयर बाजार की चाल इस सप्ताह मोटेतौर पर बिहार चुनाव परिणामों, व्यापक आर्थिक आंकड़ों और वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों को लेकर प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया से तय होंगे। बिहार विधानसभा चुनावों के लिए वोटों की गिनती 10 नवंबर को होगी। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के प्रमुख इक्विटी रणनीतिकार हेमांग जानी ने कहा, एग्जिट पोल के मुताबिक बिहार में त्रिशंकु विधानसभा के संकेत हैं, जो बाजार की धारणा के लिए थोड़ा नकारात्मक है। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनावों में जो बाइडेन ने निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को हरा दिया है। कई बाजार भागीदारों का मानना है कि बाइडेन की जीत भारतीय कंपनियों, और खासतौर से आईटी कंपनियों, घरेलू वित्तीय बाजार के लिए अच्छी खबर है।

घरेलू कारकों की बात करें तो निवेशक गुरुवार को आने वाले औद्योगिक उत्पादन और मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे। इस सप्ताह हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान कॉपर, आईडीएफसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एनएमडीसी, अरबिंदो फार्मा, आयशर मोटर्स, ग्रासिम, गेल, आईजीएल और ओएनजीसी जैसी कंपनियों के के तिमाही परिणाम भी आने है। पिछले सप्ताह प्रमुख शेयर सूचकांक बीएसई सेंसेक्स 2,278.99 अंक या 5.75 प्रतिशत बढ़ा। इसके अलावा बाजार देश और दुनिया भर में कोविड-19 के मामलों पर भी नजर रखेंगे।

## सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 2.30 लाख करोड़ रुपए बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 मे से नौ कंपनियो के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) मे बीते सप्ताह 2,30,219.82 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ मे एचडीएफसी बैंक रहा। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरो वाला सेंसेक्स 2,278.99 अंक या 5.75 प्रतिशत के लाभ मे रहा। सप्ताह के दौरान 10 शीर्ष कंपनियो मे रिलायंस इंडस्ट्रीज को छोड़कर नौ अन्य के बाजार पूंजीकरण मे बढ़ोतरी हुई। समीक्षाधीन सप्ताह मे एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 68,430.18 करोड़ रुपए बढ़कर 7,19,948.29 रुपए पर पहुंच गया। सबसे अधिक लाभ मे एचडीएफसी बैंक रहा। इस दौरान एचडीएफसी का बाजार मूल्यांकन 38,484.05 करोड़ रुपए बढ़कर 3,83,771.94 करोड़ रुपए और आईसीआईसीआई बैंक का 34,892.98 करोड़ रुपए की वृद्धि के साथ 3,05,629.04 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। कोटक महिंद्रा बैंक के बाजार पूंजीकरण मे 33,649.7 करोड़ रुपए का इजाफा हुआ और यह 3,39,980.79 करोड़ रुपए रहा। इन्फोसिस की बाजार हैसियत 22,489.7 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी के साथ 4,74,242.93 करोड़ रुपए रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 16,285.35 करोड़ रुपए बढ़कर 10,16,239.59 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 8,810.72 करोड़ रुपए बढ़कर 2,45,363.69 करोड़ रुपए पर और हिंदुस्तान यूनिलीवर का 5,169.03 करोड़ रुपए बढ़कर 4,92,067.57 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।

## सितंबर तिमाही में गिरी व्यावसायिक खरीददारों को कारों की मोटी बिक्री



**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के बीच इस साल सितंबर तिमाही में मारुति सुजुकी, हुंदै मोटर और टोयोटा किर्लोस्कर जैसी यात्री वाहन कंपनियों के वाहनों की व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को थोक में की जाने वाली बिक्री में तेज गिरावट आई है। महामारी के दौर में लोग सार्वजनिक या साझा परिवहन से बचते हुए आवागमन के व्यक्तिगत साधनों को चुन रहे हैं। ऐसे में आलोच्य तिमाही के दौरान वाहन बेड़ों की बिक्री में गिरावट आई है। मारुति सुजुकी इंडिया के कार्यकारी निदेशक (बिक्री एवं विपणन) शशांक श्रीवास्तव ने कहा, साझा और सार्वजनिक परिवहन के माध्यमों में लोगों की रुचि कम हुई है। वे इनके बजाय व्यक्तिगत साधनों को तरजीह देने लगे हैं। यदि हम अपने पोर्टफोलियो के आंकड़ों को देखें, तो बेड़े की बिक्री में दूसरी तिमाही में 69 प्रतिशत की गिरावट आई है। अप्रैल-सितंबर की अवधि को ध्यान में रखें तो पिछले वर्ष की तुलना में बेड़े की बिक्री में गिरावट 77 प्रतिशत है। इसका परिणाम हुआ कि कुल बिक्री में बेड़ों की हिस्सेदारी पिछले साल के सात प्रतिशत से कम होकर मात्र 2.4 प्रतिशत पर आ गई।

## बाइडेन की जीत के बाद उद्योग जगत को भारत-अमेरिका संबंध और मजबूत होने की उम्मीद

CII
Confederation of Indian Industry
125 Years: 1895-2020

भाषा। नई दिल्ली

भारतीय उद्योग जगत ने अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव में जो बाइडेन की जीत का स्वागत करते हुए कहा कि एक लोकतांत्रिक प्रक्रिया ने बदलाव के लिए वोट किया है। इसके साथ ही उद्योग जगत ने उम्मीद जताई कि बाइडेन के नेतृत्व में भारत-अमेरिका के बीच संबंध और सहयोग और मजबूत हो सकेगा। परिसंघ सीआईआई के अध्यक्ष उदय कोटक ने निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन और निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को बधाई देते हुए कहा, दोनों देशों के बीच बढ़ते व्यापार और निवेश संबंधों के बीच हमारी अर्थव्यवस्थाओं की सेहत एक-दूसरे से जुड़ी है। इस महत्वपूर्ण समय में हमें मिलकर द्विपक्षीय आर्थिक एजेंडा को रफ्तार देने के लिए काम करना चाहिए। महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने बाइडेन और हैरिस को बधाई देते हुए कहा, हम राष्ट्रपति और उनके प्रशासन के साथ एक बार फिर सहयोग की उम्मीद कर रहे हैं।

### एफपीआई ने नवंबर में 8,381 करोड़ निवेश किए

**नई दिल्ली।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने नवंबर के पहले पांच कारोबारी सत्रों मे भारतीय बाजारों में 8,381 करोड़ रुपए निवेश किए। कारोबारी गतिविधियों की बहाली और उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजो के चलते इस दौरान प्रतिभागियों का भरोसा बढ़ा। शेयर बाजार के आंकड़ो के मुताबिक एफपीआई ने इक्विटी मे सकल आधार पर 6,564 करोड़ रुपए और ऋण खंड में।,817 करोड़ रुपए का निवेश किया। इस तरह 2-6 नवंबर के बीच कुल 8,381 करोड़ रुपए का निवेश किया गया। विदेशी निवेशको ने अक्टूबर मे भारतीय बाजारो में शुद्ध 22,033 करोड़ रुपए की खरीदारी की थी।

### टाटा मोटर्स का घरेलू बाजार में सबसे बड़ा पोर्टफोलियो बनाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स का लक्ष्य घरेलू बाजार में स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल्स (एसयूवी) का सबसे बड़ा पोर्टफोलियो बनाने का है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उनका मानना है कि इससे कंपनी को यात्री वाहन बाजार मे हिस्सेदारी बढ़ाने मे मदद मिलेगी।

### विदेशी शराब की बिक्री अप्रैल-सितंबर में 29 प्रतिशत कम रही

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही में भारत निर्मित विदेशी शराब (आईएमएफएल) की बिक्री 8.98 प्रतिशत कम होकर 780 लाख पेटियो पर आ गई। उद्योग संगठन सीआईएबीसी के आंकड़ों में यह पता चला है।

### पेट्रोनेट एलएनजी की अगुवाई करेंगे आईओसी के निदेशक एके सिंह

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) के पाइपलाइन व्यवसाय के अक्षय कुमार सिंह देश के सबसे बड़े गैस आयातक पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के नए प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यकारी (सीईओ) होंगे।

### माल ढुलाई अप्रैल-अक्टूबर में 12.43 प्रतिशत घटकर 35.48 करोड़ टन पर

**नई दिल्ली।** कोरोना वायरस महामारी के बीच देश के प्रमुख बंदरगाहो की माल ढुलाई (माल चढ़ाना व उतारना) चालू वित्त वर्ष की अप्रैल से अक्टूबर की अवधि के दौरान 12.43 प्रतिशत घटकर 35.48 करोड़ टन रह गई।

### ललित मोदी के बेटे ने की जांच की मांग की

**मुंबई।** गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया का मालिकाना हक रखने वाले केके मोदी ग्रुप में पारिवारिक विवाद अब नए शिखर पर पहुंच गया है।

# बाइडेन को विश्वभर से बधाइयां

● रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ओर से नहीं आई है तत्काल कोई प्रतिक्रिया

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन और उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुईं कमला हैरिस की जीत पर उन्हें बधाई देते हुए दुनिया के अनेक देशों के नेताओं ने जलवायु परिवर्तन से लेकर व्यापार और सुरक्षा तक साझा मूल्यों एवं प्राथमिकताओं पर जोर दिया। वैश्विक नेताओं ने दुनिया की बड़ी-बड़ी चुनौतियों से निपटने के लिए अमेरिका के साथ मिलकर काम करने की आशा व्यक्त की।कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने बधाई संदेश में अमेरिका के साथ अपने देश के करीबी संबंधों को रेखांकित किया। उन्होंने एक बयान में कहा, कनाडा और अमेरिका के संबंध असाधारण हैं जो वैश्विक स्तर पर भी खास हैं। हमारी साझा भौगोलिक स्थितियां, साझा हित, गहरे व्यक्तिगत संबंध और मजबूत आर्थिक संबंध हमें करीबी मित्र, साझेदार और सहयोगी बनाते हैं। ट्रूडो ने कहा, हम इसी बुनियाद पर निर्माण जारी रखेंगे और अपनी जनता को वैश्विक कोविड-19 महामारी के प्रभावों से सुरक्षित तथा स्वस्थ रखने के साथ ही दुनियाभर में शांति और समावेश, आर्थिक समृद्धि एवं जलवायु परिवर्तन के खिलाफ कार्वाई को आगे बढ़ाने के लिए काम करेंगे। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने बाइडेन को बधाई दी और हैरिस को भी उनकी ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने अमेरिका को ब्रिटेन का सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी बताया। जॉनसन ने ट्वीट किया, अमेरिका हमारा सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी है और मैं जलवायु परिवर्तन से लेकर व्यापार और सुरक्षा तक हमारी साझा प्राथमिकताओं पर मिलकर काम करने के लिए आशान्वित हूं। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने कहा कि वह बाइडेन के साथ वृहद साझेदारी बनाने के लिए उत्साहित हैं।उन्होंने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा, यह बिल्कुल सही समय है। न केवल अमेरिका के लिए बल्कि व्यापक रूप से हमारी साझेदारी और दुनिया के लिए भी। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति मून जेई-इन ने कहा कि अमेरिका के साथ उनके देश के संबंध मजबूत हैं और दोनों देशों के बीच चट्टान जैसा मजबूत रिश्ता है। उन्होंने ट्वीट किया, मैं अपने साझा मूल्यों के लिए आपके साथ काम करने को लेकर बहुत आशान्वित हूं। जापान के प्रधानमंत्री योशिहिदे सुगा ने कहा कि वह जापान-अमेरिका गठजोड़ को और मजबूत करने तथा हिंद-प्रशांत क्षेत्र एवं उससे परे शांति, स्वतंत्रता एवं समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए बाइडेन-हैरिस प्रशासन के साथ काम करने को लेकर उत्सुक हैं। आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा कि बाइडेन पूरी जिंदगी इस देश के सच्चे दोस्त रहे हैं।बाइडेन का पैतृक घर आयरलैंड में ही है। उनके पूर्वज आयरलैंड के शहर बैलिना को छोड़कर करीब 200 साल पहले अमेरिका आए थे।इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, जर्मन चांसलर एंजेला मर्केल, बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू, मिस्र के राष्ट्रपति आब्देल फतेह अल सिसी, इराक के राष्ट्रपति बरहम सोलिह, संयुक्त अरब अमीरात के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन जायद अल नहयान और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भी बाइडेन और हैरिस को बधाई दी। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन तथा चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## अमेरिका दुनिया के लिए प्रकाशस्तंभ है : बाइडेन

भाषा। वाशिंगटन

**नवनिर्वाचित राष्ट्रपति** जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिका दुनिया के लिए एक प्रकाशस्तंभ है और देश की आत्मा को फिर से बहाल करने के लिए प्रयास किए जाने चाहिए। चुनाव में मिली जीत के बाद पहली बार राष्ट्र को संबोधित करते हुए बाइडेन ने कहा, आजरात पूरी दुनिया अमेरिका को देख रही है और मेरा मानना है कि अपने श्रेष्ठ रूप में अमेरिका दुनिया के लिए एक प्रकाशस्तंभ है। हम न सिर्फ अपनी शक्ति के उदाहरण के तौर पर नेतृत्व करेंगे बल्कि हमारे उदाहरण की शक्ति के तौर पर भी। बाइडेन ने निर्वाचित उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के साथ शनिवार रात अपनी चुनावी जीत का जश्न मनाते हुए कहा, हमें एक बार फिर अमेरिका की उस आत्मा को जीवंत बनाना होगा। अपने विजई भाषण में बाइडेन ने अपने दिवंगत बेटे बीयू का पसंदीदा कैथोलिक भजन ऑन ईगल्स विंग्स भी गुनगुनाया और उम्मीद जताई कि यह भजन कोविड-19 की वजह से अपने करीबियों को खोने वाले बहुत से शोकाकुल अमेरिकियों को कुछ संतोष देगा। कैथोलिक मत को मानने वाले बाइडेन (77) ने कहा कि चुनाव अभियान के अंतिम दिनों में इस भजन से उन्हें प्रेरणा मिली।

## कमला की जीत दुनिया भर में भारतीय मूल के कानून निर्माताओं को मिलती बड़ी जिम्मेदारी में नया अध्याय

**न्यूयॉर्क (भाषा)।** अप्रवासी माता पिता की बेटी कमला हैरिस ने दुनिया के सबसे पुराने लोकतंत्र में अमेरिका की पहली अश्वेत और दक्षिण एशियाई मूल की महिला उप राष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया और इसी के साथ दुनिया भर की सरकारों में प्रभावी स्थिति हासिल करते भारतीय मूल के लोगों की बढ़ती सूची में भी वह शामिल हो गई हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा से लेकर सिंगापुर और न्यूजीलैंड जैसे देशों में भारतीय मूल के राजनेताओं की उल्लेखनीय मौजूदगी नजर आ रही है जो सरकार और मंत्रिमंडल में अहम भूमिका हासिल कर रहे हैं। अमेरिका के अगले उप राष्ट्रपति के तौर पर हैरिस का चुनाव कई लिहाज से पहला है- वह पहली महिला होंगी, पहली अश्वेत महिला होंगी, भारतीय मूल की पहली महिला होंगी और उप राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेने वाली पहली अप्रवासी होंगी। हैरिस का इस राजनीतिक ऊंचाई तक पहुंचना अमेरिका में रह रहे करीब 40 लाख भारतीयों की सफलता में एक मील का पत्थर है और यह सिर्फ अमेरिका तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह ऐसा दौर है जिसे दुनिया भर में देखा जा रहा है। भारतीय मूल के कई लोगों को मंत्री और मंत्रिमंडल में नीति निर्माताओं के तौर पर नामित किया जा रहा है। मंत्रिमंडलों में अब ज्यादा विविधता दिख रही है। यहां यह बात गौर किए जाने लायक है कि भारतीय मूल के राजनेता भारत के लिए राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक गौवर का स्रोत हो सकते हैं लेकिन उनके कूटनीतिक या राजनीतिक स्तर पर किसी तरह के झुकाव की उम्मीद कम ही है और उनकी नीतियां निश्चित रूप से उनकी नागरिकता वाले देश के अनुरूप ही होंगी। इसके बावजूद, राजनीतिक रूप से उनके बढ़ते कद से भारत की प्रतिष्ठा और मौजूदगी बढ़ी है जबकि अप्रवासी भारतीयों के व्यापक विस्तार को भी यह प्रदर्शित करता है। अन्य देशों में महत्वपूर्ण पद हासिल करने वाले भारतीय मूल के राजनेताओं में न्यूजीलैंड में भारतीय मूल की पहली मंत्री प्रियंका राधाकृष्णन, रिपब्लिकन पार्टी की वरिष्ठ नेता निकी हेली, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के मंत्रिमंडल में राष्ट्रीय रक्षा मंत्री हरजीत सज्जन, ब्रिटेन की गृह मंत्री प्रीति पटेल, ब्रिटेन के वित्त मंत्री ऋषि सुनक, आयरलैंड के भारतीय मूल के पहले प्रधानमंत्री लियो वरदकर, सिंगापुर में भारतीय मूल के पहले नेता विपक्ष प्रीतम सिंह शामिल हैं।



विलमिंगटन में अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन, पत्नी जिल बाइडेन व पुत्र हंटर बाइडेन के साथ लोगों का अभिवादन स्वीकार करते हुए

## कमला हैरिस का उपराष्ट्रपति चुना जाना गौरवमई और परिवर्तनकारी क्षणः सांसद

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने कमला हैरिस के पहली महिला उपराष्ट्रपति चुने जाने पर खुशी प्रकट करते हुए इसे समुदाय के लिए गौरवमई और परिवर्तनकारी क्षण बताया। बाइडेन (77) 20 जनवरी, 2020 को राष्ट्रपति तथा हैरिस (56) उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगी। हैरिस अमेरिका की उपराष्ट्रपति निर्वाचित हुईं भारतीय मूल की पहली व्यक्ति हैं। इसके अलावा वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली अश्वेत और अफ्रीकी-अमेरिकी होंगी। भारतीय-अमेरिकी सांसद प्रमिला जयपाल ने कहा, कमला हैरिस के अगली उपराष्ट्रति बनने को लेकर गर्व और उत्साह महसूस कर रही हूं। वह इस पद के लिए निर्वाचित पहली महिला, पहली दक्षिण एशियाई अमेरिकी और पहली अश्वेत महिला हैं। भारतीय-अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने कहा, कमला हैरिस का उपराष्ट्रपति चुना जाना देश के लिए परिवर्तनकारी और अर्थपूर्ण क्षण है। सांसद रो खन्ना ने कहा कि अमेरिका ने डोनाल्ड ट्रंप को खारिज कर दिया। उन्होंने ट्वीट किया, हमने इस महामारी के दौरान उनकी नाकामियों, उनके नस्लवाद और लोगों के जीवन के प्रति उनकी लापरवाही को झेला है। खन्ना ने कहा कि बाइडेन और हैरिस के व्हाइट हाउस पहुंचने से हम मूल्यवान नेतृत्व के नए युग की शुरुआत देखेंगे, जिसमें सभी को सम्मान दिया जाएगा।वहीं, बाइडेन और हैरिस की जीत से भारतीय-अमेरिकी समुदाय के बीच भी जश्न का माहौल है। उत्तरी कैरोलीना स्थित दिग्गज भारतीय-अमेरिकी स्वदेश चटर्जी ने कहा, भारतीय मूल की कमला हैरिस का देश की पहली अश्वेत महिला उपराष्ट्रपति बनना ऐतिहासिक है।

## क्विक न्यूज

### चुनाव में हार स्वीकार करने के संबंध में कुशनर ने ट्रंप से बात की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दामाद तथा वरिष्ठ सलाहकार जेरेड कुशनर ने चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडेन से करीबी मुकाबले में मिली हार को स्वीकार करने के सिलसिले में ट्रंप से बात की है। रविवार को मीडिया में आईं खबरों में यह बात कही गई है।गौरतलब है कि ट्रंप ने कहा था कि बाइडन जल्दबाजी मे गलत तरीके से खुद को विजेता बता रहे है और चुनावी दौड़ अभी खत्म नही हुई है। ट्रंप के उस बयान के बाद कुशनर ने उनसे मुलाकात की है। सीएनएन ने दो अज्ञात सूत्रों के हवाले से कहा है कि कुशनर ने हार स्वीकार करने के लिए ट्रंप से बात की है। एसोसिएटेड प्रेस ने भी रविवार को खबर दी कि कुशनर और अन्य लोगों ने राष्ट्रपति से चुनाव नतीजों को स्वीकार करने का अनुरोध किया। ट्रंप ने एक बयान में कहा था, जब तक अमेरिकी जनता के वोटों की ईमानदारी से गिनती नही हो जाती, तब तक मै हार नही मानूंगा। वे इसके हकदार है और यह लोकतंत्र का तकाजा है। उन्होंने कहा था कि वह सोमवार से कानूनी लड़ाई भी शुरू करेंगे।

### यरूशलम नगर निगम ने डोनाल्ड ट्रंप को रोजगार के नए विकल्पों के सुझाव दिए

**यरूशलम।** व्हाइट हाउस की दौड़ में डोनाल्ड ट्रंप के हार जाने के बाद यरूशलम के नगर निगम ने उनसे कहा है कि वह चिंता न करें क्योंकि यहां पर उनके लिए ऐसे कई पद रिक्त है जिनके लिए आवदेन देने की वह संभवतः योग्यता रखते हो। एक मीडिया रिपोर्ट मे यह कहा गया है। नगर निकाय के फेसबुक पेज पर जॉब बोर्ड का लिंक साझा किया गया है तथा लिखा गया है, डोनाल्ड जे. ट्रंप-आपको चिंता करने की जरूरत नही है। हमारा नया यरूशलम जॉब बोर्ड प्रतिदिन नई पेशकशों के साथ अद्यतन किया गया है। समाचार पत्र यरूशलम पोस्ट की खबर के मुताबिक इस पोस्ट को नगर निकाय के फेसबुक पेज से तुरंत ही हटा दिया गया। निकाय के एक प्रवक्ता ने बताया कि पोस्ट असावधानीवश डाली गई और इसे तुरंत हटा भी लिया गया। गौरतलब है कि ट्रंप प्रशासन ने करीब सात दशक से चली आ रही अमेरिकी विदेश नीति को पलटते हुए दिसंबर 2017 मे यरूशलम को इजराइल की राजधानी के तौर पर मान्यता दी थी।

### भारतीय अमेरिकियों ने बाइडेन और हैरिस की जीत का जश्न मनाया

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकियों ने शनिवार को कहा कि वे डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता जो बाइडेन को अमेरिका का अगला राष्ट्रपति चुने जाने से रोमांचित महसूस कर रहे है। साथ ही उन्होंने उपराष्ट्रपति चुनी गईं कमला हैरिस की जीत को समुदाय के सपने के साकार होने जैसा करार दिया। डेमोक्रेटिक पार्टी की बाइडेन-हैरिस की जोड़ी ने रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप और माइक पेंस की जोड़ी को हराया है। सिलिकॉन वैली मे स्थित भारतीय-अमेरिकी और भारतीय समुदाय के संस्थापक एम रंगास्वामी ने प्रमुख मीडिया संस्थानो द्वारा बाइडेन और हैरिस की जीत की घोषणा के तुरंत बाद पीटीआई-भाषा से कहा, यह (भारतीय-अमेरिकियों के लिए) बड़ा दिन है। रंगास्वामी ने कहा, जो बाइडेन का भारत के साथ करीबी संबंध रखने का लंबा रिकॉर्ड है। एक सीनेटर के तौर पर उन्होंने अमेरिका-भारत के बीच परमाणु करार कराने मे भी योगदान दिया था। उन्होने उपराष्ट्रपति के तौर पर न केवल भारत की यात्रा की थी बल्कि भारत को अमेरिका का एक प्रमुख रक्षा साझेदार बनाने मे भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद मे भारत की स्थाई सदस्यता का भी समर्थन किया था। साउथ एशियंस फॉर बाइडेन की राष्ट्रीय निदेशक नेहा दीवान ने कहा कि कमला हैरिस के उपराष्ट्रपति निर्वाचित होने से भारतीय-अमेरिकियो का सरकार मे सीधा प्रतिनिधित्व होगा।

### लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए चुनाव जीतने की नाकाम कोशिश करने वाले 11वें अमेरिकी राष्ट्रपति बने ट्रंप

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप का नाम, अमेरिका के उन 11 राष्ट्रपतियों की सूची मे दर्ज हो गया है जिन्होंने इस पद पर बने रहने के लिए लगातार दोबारा जीत हासिल करने की नाकाम कोशिशे की थी। रिचर्ड निक्सन के इस्तीफे के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति बने गेराल्ड फोर्ड 1976 मे दोबारा राष्ट्रपति बने रहने के अपने प्रयासों मे सफल नही हुए थे। ट्रंप से पहले पुनः चुनाव मे पराजित होने वाले अंतिम राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश (1992 में) थे। ग्रोवर क्लीवलैड 1888 मे पुनः राष्ट्रपति बनने के अभियान मे हार गए थे लेकिन वह चार साल बाद तत्कालीन राष्ट्रपति बेंजामिन हैरिसन को हराकर पुनः राष्ट्रपति बन गए थे। सीएनएन की खबर के अनुसार वह अमेरिकी इतिहास मे एकमात्र ऐसे राष्ट्रपति रहे जो दो बार राष्ट्रपति रहे लेकिन लगातार दो कार्यकाल मे नही।

## कोविड-19 पर बाइडेन के कार्यबल के सह अध्यक्ष नियुक्त किए जा सकते हैं भारतीय-अमेरिकी विवेक मूर्ति

भाषा। वाशिंगटन

● मूल रूप से कर्नाटक से संबंध रखने वाले मूर्ति (43) को 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिका का 19वां सर्जन जनरल नियुक्त किया था

**भारतीय-अमेरिकी** चिकित्सक डॉक्टर विवेक मूर्ति को कोरोना वायरस को लेकर अमेरिका के निर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडेन के कार्यबल का सह अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है। बाइडेन सोमवार को अपने कार्यबल की घोषणा कर सकते हैं। मूल रूप से कर्नाटक से संबंध रखने वाले मूर्ति (43) को 2014 में तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अमेरिका का 19वां सर्जन जनरल नियुक्त किया था। ब्रिटेन में जन्मे मूर्ति 37 साल की आयु में उस पद पर आसीन होने वाले सबसे युवा व्यक्ति थे। बाद में ट्रंप प्रशासन के दौरान उन्हें उस पद से हटा दिया गया था।बाइडेन ने शनिवार रात डेलावेयर के विलमिंगटन ने अपने विजई भाषण में कहा, मैं बाइडेन-हैरिस कोविड योजना में मदद और 20 जनवरी 2021 से इसे अमल में लाने के लिए अग्रणी वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों के समूह की घोषणा करूंगा। बाइडेन ने हालांकि यह नहीं बताया कि इस कार्यबल का नेतृत्व कौन करेगा। वाशिंगटन पोस्ट ने कहा है कि पूर्व सर्जन जनरल डॉक्टर मूर्ति और पूर्व खाद्य एवं औषधि प्रशासन आयुक्त डेविड केसलर को कार्यबल का सह अध्यक्ष नियुक्त किया जा सकता है।समाचार पत्र ने कहा, कार्यबल कुछ दिन में बैठकें शुरू कर सकता है। चुनाव प्रचार के दौरान मूर्ति जन स्वास्थ्य और कोरोना वायरस के मुद्दों पर बाइडेन के शीर्ष सलाहकारों में से एक सलाहकार बनकर उभरे थे। कई लोगों का मानना है कि उन्हें बाइडेन प्रशासन में स्वास्थ्य मंत्री बनाया जा सकता है।



लाहौर में फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रोन का पुतला जलाते हुए मुसलमान

# बाइडेन प्रशासन भारत व अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने को उच्च प्राथमिकता देगा: नीति पत्र

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति निर्वाचित जो बाइडेन का प्रशासन भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनवाने में मदद करने, आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग जारी रखने जैसे कदमों के साथ भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को मजबूत करने को उच्च प्राथमिकता देगा। राष्ट्रपति चुनाव के दौरान बाइडेन प्रचार अभियान द्वारा जारी एक नीति पत्र में यह जानकारी दी गई है।अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डेमोक्रेटिक पार्टी के उम्मीदवार जो बाइडेन ने शनिवार को रिपब्लिकन पार्टी के अपने प्रतिद्वंद्वी डोनाल्ड ट्रंप को कड़े मुकाबले में हरा दिया है।अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद बाइडेन के पास अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को मजबूत करने के उनके 14 साल पुराने ख्वाब को पूरा करने का एक मौका है। इसे पुराना ख्वाब इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि बाइडेन ने दिसंबर 2006 में एक समाचार पत्र से बातचीत में कहा था, मेरा ख्वाब है कि 2020 में दुनिया के दो सबसे करीबी मुल्क भारत और अमेरिका हों। अगर ऐसा होता है तो दुनिया पहले से अधिक सुरक्षित होगी। बाइडेन प्रचार अभियान द्वारा जारी एक नीति पत्र में यही बात दोहराई गई है और बताया गया है कि वह इसे कैसे अमल में लाएगें।इस सूची में शीर्ष पर है भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थाई सदस्य बनने के लिए प्रयास करना, आतंकवाद पर सहयोग जारी रखना, जलवायु परिवर्तन और द्विपक्षीय व्यापार में कई गुना वृद्धि की दिशा में काम करते हुए संबंधों को मजबूत बनाना है। नीति पत्र में कहा गया है कि बाइडेन ने सीनेट की विदेश संबंध समिति के अध्यक्ष के रूप में और बराक ओबामा प्रशासन में उप राष्ट्रपति के रूप में सामारिक सहयोग को प्रगाढ़ करने में, लोगों के बीच संबंधों को गहरा करने और वैश्विक चुनौतियों पर भारत के साथ सहयोग बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। नीति पत्र में कहा गया, कोई भी साझा वैश्विक चुनौती भारत और अमेरिका के जिम्मेदार सहयोगियों की तरह काम किए बगैर दूर नहीं की जा सकती। साथ मिलकर हम आतंकवाद-रोधी साझेदार के रूप में भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करते रहेंगे, स्वास्थ्य तंत्र और महामारी के लिए तैयारी में सुधार करेंगे, और उच्च शिक्षा, अंतरिक्ष खोज और मानवीय राहत जैसे क्षेत्रों में सहयोग को प्रगाढ़ करेंगे। नाति पत्र में कहा गया कि ओबामा-बाइडेन प्रशासन ने रणनीतिक, रक्षा, आर्थिक, क्षेत्रीय और वैश्विक चुनौतियों पर भारत और अमेरिका के बीच सहयोग को गहरा करना जारी रखा और अमेरिका-भारत साझेदारी को बढ़ाने में बाइडेन की भूमिका अहम थी। राष्ट्रपति चुनाव की आधिकारिक बहस के दौरान जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर ट्रंप ने भारत को गंदा बताया था, जिसके बाद बाइडेन ने उनकी आलोचना की थी। बाइडेन ने ट्वीट किया था, राष्ट्रपति ट्रंप भारत को गंदा बता रहे हैं। दोस्तों के बारे में ऐसे नहीं बोलते हैं और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक चुनौतियों से आप इस तरह से नहीं निपट सकते।

## अमेरिका की राजनीति में झंडे गाड़ रहे हैं भारतीय मूल के अमेरिकी नागरिक

**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के दो अमेरिकी सांसदों ने राज्य विधायिका में निर्वाचित होकर इतिहास रचा है। उनका कहना है कि समुदाय के उम्मीदवार अमेरिकी राजनीति में झंडे गाड़ रहे हैं और विश्वास जताया कि भारतीय मूल के और अमेरिकी नागरिक आगामी वर्षों में चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे। जेनिफर राजकुमार (38) भारतीय मूल की पहली अमेरिकी महिला हैं जो न्यूयॉर्क राज्य विधानसभा के लिए चुनी गई हैं और भारतीय मूल की पहली अमेरिकी महिला हैं जो किसी भी राज्य के विधानसभा के लिए चुनी गई हैं। उन्होंने कहा, लंबे समय बाद हमारे समुदाय ने ऐसा किया है और मैं जानती हूं कि ऐसा करने वाली मैं अंतिम उम्मीदवार नहीं हूं। न्यूयॉर्क के क्वींस क्षेत्र से डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार राजकुमार ने 66 फीसदी वोटों के साथ जीत हासिल की। स्टैनफोर्ड लॉ स्कूल से स्नातक राजकुमार पहले न्यूयॉर्क के गवर्नर एंड्रयू क्योमो के साथ काम कर चुकी हैं। वहां उन्होंने 3.1 करोड़ डॉलर के कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की, जिसमें सुनिश्चित किया गया कि राज्य के जिन आप्रवासियों की कानून तक पहुंच नहीं है उन्हें प्रतिनिधित्व हासिल हो। उन्होंने कहा, ऐसा करके मैं काफी गौरवान्वित हुई। रिपब्लिकन पार्टी के नीरज एंटनी भी भारतीय मूल के पहले अमेरिकी नागरिक हैं, जो ओहायो राज्य सीनेट के लिए चुने गए। उन्होंने कहा कि तीन नवंबर को उन्हें ओहायो के इतिहास में भारतीय मूल का पहला सीनेटर बनने का अवसर मिला। वास्तव में यह विशेष मौका है। भारतीय मूल के अमेरिकी उम्मीदवार कई बाधाओं को पार कर रहे हैं और चुनावों में जीत रहे हैं। उसका हिस्सा बनने का मुझे विशेष अवसर प्राप्त हुआ।

## कमला हैरिसः हर पड़ाव पर कायम की मिसाल

**वाशिंगटन (भाषा)।** भारतवंशी कमला देवी हैरिस ने अमेरिका की निर्वाचित उपराष्ट्रपति बनकर इतिहास रच दिया है। वह अमेरिका में इस पद के लिए निर्वाचित होने वाली पहली महिला हैं। यही नहीं, हैरिस देश की पहली भारतवंशी, अश्वेत और अफ्रीकी अमेरिकी उपराष्ट्रपति होंगी। राष्ट्रपति चुनाव के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उम्मीदवार रहे जो बाइडेन ने अगस्त में उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में हैरिस को चुना था। राष्ट्रपति पद के अपने सपनों को हैरिस ने चुनाव प्रचार हेतु वित्तीय संसाधनों के अभाव का हवाला देते हुए त्याग दिया था। अपने पूर्व प्रतिद्वंद्वी बाइडेन की किसी समय हैरिस कटु आलोचक थीं। 56 वर्षीय हैरिस सीनेट के तीन एशियाई अमेरिकी सदस्यों में से एक हैं।

हैरिस ने कई मिसालें कायम की है। वह सान फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी बनने वाली पहली महिला, पहली भारतवंशी और पहली अफ्रीकी अमेरिकी हैं। ओबामा के कार्यकाल में वह फीमेल ओबामा के नाम से लोकप्रिय थीं। कैलिफोर्निया के ओकलैंड में 20 अक्टूबर 1964 को जन्मी कमला देवी हैरिस की मां श्यामला गोपालन 1960 में भारत के तमिलनाडु से यूसी बर्कले पहुंची थीं, जबकि उनके पिता डोनाल्ड जे हैरिस 1961 में ब्रिटिश जमैका से इकोनॉमिक्स में स्नातक की पढ़ाई करने यूसी बर्कले आए थे। यहीं अध्ययन के दौरान दोनों की मुलाकात हुई और मानव अधिकार आंदोलनों में भाग लेने के दौरान उन्होंने विवाह करने का फैसला कर लिया। हाई स्कूल के बाद हार्वर्ड यूनिवर्सिटी से पढ़ाई करने वाली कमला अभी सात ही बरस की थीं, जब उनके माता-पिता एक दूसरे से अलग हो गए। कमला और उनकी छोटी बहन माया अपनी मां के साथ रहीं और उन दोनों के जीवन पर मां का बहुत प्रभाव रहा।

हालांकि वह दौर अश्वेत लोगों के लिए सहज नहीं था। कमला और माया की परवरिश के दौरान उनकी मां ने दोनों को अपनी पृष्ठभूमि से जोड़े रखा और उन्हें अपनी साझा विरासत पर गर्व करना सिखाया। वह भारतीय संस्कृति से गहरे से जुड़ी रहीं। कमला ने अपनी आत्मकथा द ट्रुथ्स वी होल्ड में लिखा है कि उनकी मां को पता था कि वह दो अश्वेत बेटियों का पालन पोषण कर रही हैं और उन्हें सदा अश्वेत के तौर पर ही देखा जाएगा, लेकिन उन्होंने अपनी बेटियों को ऐसे संस्कार दिए कि कैंसर अनुसंधानकर्ता और मानवाधिकार कार्यकर्ता श्यामला और उनकी दोनों बेटियों को श्यामला एंड द गर्ल्स के नाम से जाना जाने लगा।

हार्वर्ड विश्वविद्यालय में अध्ययन के बाद हैरिस ने कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय से कानून की पढ़ाई की। वह 2003 में सान फ्रांसिस्को की शीर्ष अभियोजक बनीं। वह 2010 में कैलिफोर्निया की अटॉर्नी बनने वाली पहली महिला और पहली अश्वेत व्यक्ति थीं। हैरिस 2017 में कैलिफोर्निया से जूनियर अमेरिकी सीनेटर चुनी गईं। कमला ने 2014 में जब अपने साथी वकील डगलस एम्पहॉफ से विवाह किया तो वह भारतीय, अफ्रीकी और अमेरिकी परंपरा के साथ साथ यहूदी परंपरा से भी जुड़ गईं। हैरिस ने डेलावेयर के विलमिंग्टन में शनिवार रात को परिणामों की घोषणा के बाद देशवासियों को पहली बार संबोधित करते हुए कहा कि अब जब लोगों ने अगले चार साल के लिए जनादेश दिया है, तो अब असली काम शुरू होता है।

**आज करियर तलाशने के लिए स्वास्थ्य देखभाल उद्योग सर्वाधिक लाभकारी उद्योगों में से एक है और आने वाले सालों में इसकी बहुआयामी प्रगति होने की संभावना है। इस सेक्टर में व्यक्ति कैसे करियर बना सकता है, इसके बारे में जानकारी देती डॉ. मिंटू की रिपोर्ट...**



# अपने भविष्य का रखें ध्यान

महामारी ने स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए जैसी चुनौतियां पेश की हैं उसकी हमने कभी कल्पना नहीं की थी। दुनिया भर में संक्रमितों की संख्या बढ़ने के कारण जैसे जैसे स्थिति नियंत्रण से बाहर होती गयी, इस सेक्टर ने मौजूदा पीढ़ी के लिए अवसरों के भंडार प्रस्तुत करते हुए चुनौतियों का सामना करने के लिए स्थायी तौर पर कमर कस ली।

जैसा कि स्वास्थ्य की संपत्ति समेत किसी भी अन्य चीज से ज्यादा महत्ता है, इसलिए स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर की जिम्मेदारी होती है कि वो ईश्वरीय नेमत जीवन की खूबसूरती का आनंद लेने के लिए दुनिया को स्वस्थ बनाए रखे, जबमें कि फार्मेसी स्वास्थ्य देखभाल उद्योग का आधार है।

इस तथ्य से इंकार नहीं किया जा सकता कि आज करियर तलाशने के लिए स्वास्थ्य देखभाल उद्योग सर्वाधिक लाभकारी उद्योगों में से एक है और आने वाले सालों में इसकी बहुआयामी प्रगति होने की संभावना है। हालांकि दुनिया की सौ से ज्यादा कंपनियां कोविड की वैक्सीन विकसित करने के लिए अथक कार्य कर रही हैं, मगर स्वास्थ्य संस्थान और चिकित्सा कालेज उन नए शोधों के साथ निरंतर कार्य कर रहे हैं जो सामने आ रहे हैं।

फार्मेसी एक ऐसा क्षेत्र है जिसने पिछले कुछ महीनों में सरकारों, संस्थानों द्वारा काफी रूचि दिखाई गयी है। विधा के बतौर विविधतापूर्ण व बहुआयामी होने से, फार्मा उद्योग निश्चित रूप से एक उभरता सेक्टर है जो निरंतर उभर और प्रगति कर रहा है। इसीलिए यदि आप फार्मा के क्षेत्र में करियर तलाश रहे हैं तो यह उचित समय है। फार्मेसी आजीवन शिक्षा प्रदान कर रही है और फार्मेसी की विधा का एक अच्छा भविष्य है जो उत्कृष्ट वेतन के साथ बहुस्तरीय रोजगार अवसर प्रस्तावित कर रहा है।

**करियर के रूप में फार्मेसी क्यों ?**

फार्मेसी क्यों अधिकांश युवाओं के लिए एक आकर्षक करियर बन गयी है इसके कुछ कारण इस प्रकार हैं:

**स्वास्थ्य देखभाल का अनोखा नजरिया:** मरीजों व चिकित्सा पेशेवरों को जोड़ने में फार्मासिस्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चिकित्सा पेशेवर के बारे में बताने में फार्मासिस्ट अक्सर ही मरीजों के साथ संवादरत होते हैं। वे मरीजों को उनकी चिकित्सा दिनचर्याएं बताने तथा उनके स्वास्थ्य नतीजे सुधारने में सहायता करते हैं। इससे फिर फार्मासिस्ट मरीज सबंध मजबूत होते हैं और इससे एक भरोसेमंद स्वास्थ्य सलाहकार के रूप में फार्मासिस्ट की भूमिका की पुनर्स्थापना में सहायता होती है।

**विविधतापूर्ण करियर विकल्प:** युवा हमेशा ऐसे करियर की तलाश में रहते हैं जिसमें चयन के अनेक विकल्प होते हैं। फार्मेसी एक ऐसा ही क्षेत्र है जिसमें तलाशने के लिए रोजगार अवसरों का भंडार है। शोध से लेकर, चिकित्सीय तथा खुदरा से लेकर फार्मासिस्ट बनने तक, इच्छुक जनों के पास ऐसे करियर की ओर बढ़ने और प्रशिक्षित होने का लचीलापन होता है जो अधिकांशतया उनकी रूचि से ज्यादा मेल खाता है। वह उन्हें एक दावेदार की स्थिति भी प्रदान करता है क्योंकि वे आसानी से अपने पेशे में अलग नौकरियों की ओर मुड़ सकते हैं।

> हर व्यक्ति ऐसा काम करना चाहता है जो एक आकर्षक वेतन प्रदान करते हुए उन्हें ऐसा जीवन भी प्रदान करता है जहां पेशेवर तथा व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन हो। इस मामले में, फार्मासिस्टों के पास अत्यंत लचीले कामकाजी घंटे होते हैं। चूंकि वे हमेशा मांग में होते हैं, तो उनके लिए दिन की किसी भी पाली में काम पा लेना संभव है।

**लचीलापन:** हर व्यक्ति ऐसा काम करना चाहता है जो उन्हें एक आकर्षक वेतन प्रदान करते हुए उन्हें ऐसा जीवन भी प्रदान करता है जहां पेशेवर तथा व्यक्तिगत जीवन के बीच संतुलन हो। इस मामले में, फार्मासिस्टों के पास अत्यंत लचीले कामकाजी घंटे होते हैं। चूंकि वे हमेशा मांग में होते हैं, तो उनके लिए दिन की किसी भी पाली में काम पा लेना संभव है।

**लोगों की सहायता करने की योग्यता :** फार्मासिस्ट सबसे भरोसेमंद व सहज उपलब्ध स्वास्थ्य पेशेवरों में आते हैं। यह उपलब्धता उन्हें बेहतर मरीज सेवा करने का अवसर देती है, जिसमें परामर्शकार्य, चिकित्सा प्रबंधन, रोकथाम देखभाल निगरानी करना शामिल है। फिज़ीशियनों की तरह, फार्मासिस्टों के पास एक उन्नत डिग्री होती है और वे स्वस्थ रहने में लोगों की सहायता करने में विशेषज्ञ होते हैं।

## फार्मा में करियर बनाने का सही मार्ग

इच्छुक उम्मीदवार बी फार्मा, डी फार्मा जैसे कुछ लोकप्रिय कोर्सेज में अपना पंजीकरण करा सकते हैं। स्पेशलाइजेशन में भी काफी संभावना है जहां उम्मीदवार अल्पकालिक पाठ्यक्रमों को चुन सकते हैं और पूर्णकालिक शोध में अपना समय लगा सकते हैं।

## संभावना व महत्व

**शोध एवं विकास:** फार्माकोलोजिस्ट, केमिस्ट, ड्रग डिस्कवरी/ प्रोसेस डेवलपमेंट, टोक्सीकोलाजी स्टडीज, बायोइक्कुईवालेंस स्टडी एवं अनेक अवसर।

**योग्यता:** डी फार्मा एवं बी फार्मा के लिए: फिजिक्स, केमिस्ट्री एंव अंग्रेजी प्रमुख विषय होते हैं। अधिकांश संस्थान आवेदन जमा करते हुए उम्मीदवार के हायर एवं सीनिरयर सेकेंडरी स्तर (कक्षा 11वी व कक्षा 12वीं ) पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने की मांग करते हैं।

– लेखक स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज, यूपीईएस के सीनियर एसोसिएट प्रोफेसर हैं।

# विदेशी भाषाओं में करियर लाभकारी

**लंग्मा स्कूल ऑफ लैंग्वेजेज, नयी दिल्ली के निर्देशक संजीव रावत का कहना है कि विदेशी भाषा सीखना न केवल अच्छा वेतन दिलाता है, बल्कि यह विभिन्न भाषाओं को सीखने का व्यक्ति का शौक भी पूरा करता है तथा दुनिया की यात्रा करने का अवसर भी प्रदान करता है...**



Sanjeev Rawat
Director, Langma School of Languages
New Delhi

**विदेशी भाषाओं** में संभावना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ रही है। एक समय था जब हर कोई डाक्टर और इंजीनियर बनना चाहता था। लेकिन इन क्षेत्रों में अवसर आज बहुत कम हैं और उम्मीदवारों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है क्योंकि हर कोई उसके पीछे दौड़ रहा है। उज्ज्वल भविष्य बनाने का सबसे अच्छा तरीका है विदेशी भाषा में करियर का चुनाव करना।

### संभावनाएं

विदेशी भाषाएं को सीखने का भविष्य हर समय अच्छा रहा है, भाषा सीखने में सक्षम होने पर तथा उसमें प्रवीणता हासिल करके, व्यक्ति विदेशी भाषा विशेषज्ञ, अनुवादक व दुभाषिया बनने की सोच सकता है या आप बहुराष्ट्रीय कंपनियों में नौकरी पा सकते हैं यहां तक कि व्यक्ति विभिन्न स्तरों पर तथा मनोरंजन, पर्यटन, पब्लिक रिलेशन, बीपीओ, अध्यापन, आनलाइन कंटेंट लेखक आदि मंचों पर नौकरी पा सकता है।

### योग्यता

आवेदक ने किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड के साथ 10+2 हाईस्कूल की पढ़ाई पास कर ली हो इसके बाद, व्यक्ति को किसी विदेशी भाषा में स्नातक डिग्री की पढ़ाई करनी होती है और अंडरग्रेजुएट की अवधि अधिकांशत: तीन साल की होती है। किसी भी विदेशी भाषा में मास्टर डिग्री की पढ़ाई करने में दो साल लगते हैं लेकिन उम्मीदवार को प्रासंगिक भाषा में स्नातक पास करना होता है। सबसे महत्वपूर्ण आवश्यकता है अंग्रेजी तथा कम से कम एक अन्य भाषा में स्थानीय स्तर की दक्षता हासिल करना है। और लोगों के साथ संवाद के लिए सक्रिय अंतर्क्रिया आवश्यक होनी चाहिए, कोई भी स्थानीय भाषा में निपुण नहीं होता है इसलिए इसे सुधारने के लिए ज्यादा से ज्यादा बातचीत करें।

### काम की प्रकृति

अनेक लोग विदेश भाषा को नहीं समझते हैं, इसलिए सबसे सामान्य काम है अनुवाद करना, क्योंकि अनुवादक ही वो व्यक्ति है जो आम तौर पर अनुवाद के लिए सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखता है, लय को तोड़े बिना दूसरी भाषा को स्थानीय भाषा में रूपांतरित करने के लिए। यही बात टूर गाइड, टीचर, शोधकर्ता व संपर्क अधिकारी के लिए भी लागू होती है, जो दो पक्षों या कंपनियों के बीच तालमेल बनाता है। ये सामान्य कार्य हैं जो विदेशी भाषा के क्षेत्र में किए जाते हैं।

विदेशी भाषाएं सीखने के अनगिनत कारण हैं, आप दुनिया भर में नए लोगों से मिल सकते हैं और उनसे तत्काल संपर्क स्थापित कर सकते हैं, वे आपकी दिमागी शक्ति जगाने में आपकी सहायता कर सकते हैं या आप खुद को नये रोजगार अवसरों से परिचित करा सकते हैं।

डिग्री या प्रमाणपत्र हासिल करने के बाद छात्र स्वास्थ्य क्षेत्र, शिक्षा, व व्यापार प्रशासन या दूतावास में अपना मार्ग तलाश सकते हैं। कुछ मीडिया घरानों में अनुवादक की आवश्यकता होती है और वे आपको बतौर रिपोर्टर नियुक्त कर सकते हैं। इन दिनों के दौरान विदेशी भाषा में करियर सभी देशों में एक शानदार मंच बन रहा है क्योंकि भाषायी योग्यताएं अधिकांश पेशों में योगदान करने व उन्नति करने के लिए अत्यावश्यक हैं।

### वेतन

जहां तक शुरुआती स्तर की बात है तो अनुवादक 15 हजार से 20 हजार रुपए के बीच वेतन प्राप्ति की अपेक्षा कर सकता है। थोड़ा रोजगार अनुभव हासिल करने के बाद व्यक्ति 30 हजार से अधिक मासिक कमा सकता है।

अगर व्यक्ति ने फ्रेंच या जर्मन जैसी यूरोपीय भाषा में स्नातक पास किया है तो वह हर महीने लगभग 50 हजार से 90हजार तक कमा सकता है। और अच्छे दुभाषिए को सालाना 10 – 12 लाख से ज्यादा का वेतन मिल सकता है। फ्रीलांस व्यक्ति के रूप में काम करके भी व्यक्ति प्रति कार्यादेश 50 हजार से 60 हजार तथा वरिष्ठ व्यक्ति तो उससे भी अधिक की कमाई कर सकता है।

## स्कॉलरशिप



हंगरी में टान युनिवर्सिटी उन छात्रों से आवेदन आमंत्रित करती है जो बैचलर और मास्टर डिग्री कोर्स की पढ़ाई करना चाहते हैं। प्रस्तावित स्कालरशिप 500 यूरो की है। भारतीय छात्र आवेदन कर सकते हैं।

**योग्यता:** वे छात्र जो बैचलर या मास्टर डिग्री कोर्स में फीस भुगतान करने वाले भागीदार हैं, और जिनकी छात्र हैसियत निलंबित (वर्तमान सेमेस्टर में सक्रिय छात्र की स्थिति में हैं) नहीं है। सेमेस्टर अनुसार और प्रति अनुसार, अध्ययन अवस्था के अनुसार- पूर्णकालिक। फैकल्टी अनुसार: कामर्स, बिजनेस एवं टूरिस्ट पाठयक्रमों समेत एचएफटीजीके। केएमके: आर्ट एवं सोशल साइंस पाठ्यक्रमों समेत। प्रशिक्षण की भाषा के अंतर्गत: अंग्रेजी (अंग्रेजी भाषा में पढ़ने वाले सभी छात्रों समेत, इसमें हंगरीवासी छात्र भी शामिल हैं।)

सभी अनिवार्य दस्तावेजों के साथ आवेदन जमा करें। उच्चतम संशोधित क्रेडिट इंडेक्स वाले छात्र तथा जिनका वेटेज ग्रेड प्वाइंट औसत कम से कम 4.5 है।

**आवश्यक भाषा:** जब आप बुडापेस्ट मेट्रोपोलिटन युनिवर्सिटी में पढ़ने आते हैं तो आपको सभी अंग्रेजी भाषा शर्तों को जांच लेना चाहिए।

**आवेदन कैसे करें:** इस ग्रांट के लिए आवेदन करने हेतु, आवेदकों को युनिवर्सिटी में दाखिला लेना होगा। उसके बाद, उन्हें अवसर के लिए आनलाइन आवेदन करना चाहिए।

द युनिवर्सिटी आफकालगरी अपने इंटरनेशनल इंटेंड्स स्कालरशिप के लिए आवेदन आमंत्रित करती है।

**स्कालरशिप धनराशि:** 15000 डॉलर।

**योग्यता:** आगामी शीत सत्र में किसी भी अंडरग्रेजुएट डिग्री में प्रथम वर्ष में प्रवेश करने वाला अंतर्राष्ट्रीय छात्र होना आवश्यक है। युनिवर्सिटी के अंग्रेजी भाषा दक्षता शर्त को पूरा करना आवश्यक होगा। युनिवर्सिटी आफ कालगरी में द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ वर्ष में नवीकृत हो, प्रदत्त प्राप्तकर्ताओं ने पूर्व के फाल एवं विंटर सत्रों में न्यूनत 24.00 यूनिटस से ज्यादा या 2.60 जीपीए प्राप्त किया हो।

**उम्मीदवारों को निम्न दस्तावेज भेजने अनिवार्य होंगे:** पूर्व योग्यता डिग्री, अकादमिक पांडुलिपियों की प्रतिलिपियां, अंग्रेजी भाषा दक्षता प्रमाणपत्र, वक्तव्य, तथा पासपोर्ट की छायाप्रति।

**प्रवेश शर्तें:** हाईस्कूल डिप्लोमा।

**भाषा शर्त:** यदि आपकी प्राथमिक भाषा अंग्रेजी नहीं है, तो आपको निम्न में से किसी में भाषा दक्षता शर्त को पूरा करना होगा: टीओईएफएल, एमईएलएबी परीक्षा, सीएईएल, इंटरनेशनल इंगलिश लैंग्वेज टेस्ट सिस्टम या पियर्सन टेस्ट आफइंगलिश (ऐकेडमिक)।

**आवेदन की अंतिम तिथि:** 1 दिसंबर, 2020।

# भविष्य में मिश्रण स्वरूप वाला होगा शिक्षण मॉडल

दिलीप पुरी

**हालांकि** कोविड-19 समूची दुनिया को अनिश्चितता में डाल दिया हो, मगर शिक्षा क्षेत्र निश्चित रूप से कुछ सर्वाधिक बड़ी चुनौतियों से होकर गुजरा है। रातों रात, स्कूल और कालेज बंद हो गए जब तालाबंदी लागू की गयी। आनलाइन शिक्षण, एक समय की कामकाजी पेशेवरों व सुदूर छात्रों की उत्तम कामना विश्वव्यापी नियम बन गयी है, क्योंकि कालेज और स्कूल इस नये आनलाइन माध्यम में अपने पाठ्यक्रमों को रूपांतरित करने में लगे हैं। हालांकि आनलाइन शिक्षण ने छात्रों व प्रशिक्षकों को स्वाध्याय व अन्य परियोजनाओं के लिए ज्यादा अवकाश का समय प्रदान किया है, मगर इसमें उच्च शिक्षा के सामाजिक पहलू की अनेक खामियां हैं, और अनेक छात्र अब दिन गिनने लगे हैं कि कब सरकार कालेजों को दुबारा खोलने की अनुमति प्रदान करती है। हालांकि एक ऐसी दुनिया में जहां कुछ भी वैसा नहीं है जैसा कि हुआ करता था, तो छात्र, अभिभावक, प्रशिक्षक किस सुरक्षा उपाय की उम्मीद कर सकते हैं जब वे अंततोगत्वा अपने पसंदीदा संस्थानों में वापस कदम रखते हैं?



### वर्गों के छोटे समूहों में विभाजित किया जाएगा

सोशल डिस्टेंसिंग के कारण, कैम्पस में लोगों की संख्या हर समय सीमित रहेगी। इसका अर्थ होता है कि बैचेज को अधिकांशतया छोटे समूहों में विभाजित कर दिया जाएगा ताकि वे कक्षाओं में नयी सामाजिक दूरी के मुताबिक एक साथ रह सकें और कैम्पस भारी भीड़ से बच सके।

इस नए बदलाव का एक लाभ यह होगा कि छोटे छोटे वर्ग बनेंगे जिससे पढ़ाई अधिक एकाग्रता के साथ होगी, छात्रों को तालाबंदी के महीनों के बाद किसी से बात करने या मदद लेने की अनुमति होगी।

### प्रत्यक्ष व ऑनलाइन कक्षाओं के मिश्रण स्वरूप वाला होगा शिक्षण मॉडल

कैम्पस में छोटे छात्र समूह होने से, यह सवाल उठता है कि उन छात्रों का क्या होगा जिन्हें कैम्पस में आने के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करनी पड़ेगी। यही वो स्थिति है जहां मिश्रित शिक्षण माध्यम की आवश्यकता सामने आएगी। अध्यापन के आनलाइन मॉडल को आगे बढ़ाते हुए जिसकी शुरूआत तालाबंदी के दौरान की गयी थी, कालेज अधिकांशतया आनलाइन पढ़ाई को जारी रखेंगे, जबकि प्रैक्टिकल सत्रों व सेमिनारों को कालेज परिसरों में प्रत्यक्षतया प्रस्तुत किया जाएगा। इस तरह, पाठ्यक्रम सहजतापूर्वक चलता रहेगा, और शिक्षा का कोई भी पक्ष नजरंदाज नहीं होगा, साथ ही कैम्पस भारी भीड़ और सामुदायिक संक्रमण के खतरे से दूर भी रहेंगे।

**माइंड इट**

### स्वास्थ्य व सुरक्षा प्रावधान अधिक सख्त होंगे

हालांकि महामारी से पहले खांसी जुकाम या बुखार के लिए तत्काल माथा छूकर और पैरासिटामोल से वारंटी की जा सकती थी, मगर सभी स्वास्थ्य समस्याओं को अब अत्यंत गंभीरता व ध्यान से लिया जाएगा। कालेज में प्रवेश करने से पहले तापमान जांच कराने के लिए तैयार रहें, परिसरों में हर समय मास्क पहनना अनिवार्य है और एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए सेनिटाइजेशन केन्द्रों में खुद को सेनिटाइज करें। जो भी व्यक्ति बीमार महसूस करता है उसे तत्काल निर्धारित संपर्क केन्द्र को सूचना देनी होगी और उसे स्वास्थ्य सुविधा के लिए भेजा जाएगा, हालांकि जो लोग करीबी संपर्क में हैं, वे अधिकांशतया परीक्षण कराएंगे ताकि उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित हो। नयी कोविड टेस्टिंग किट्स के त्वरित विकास के साथ, हम उम्मीद कर सकते हैं कि कालेजों के पास अगले साल की शुरूआत तक कैम्पस में अपना खुद को टेस्टिंग उपकरण होगा।

### समग्र स्वास्थ्य व तंदुरुस्ती पर अधिक ध्यान

रोकथाम सर्वोत्तम नीति है- अच्छा स्वास्थ्य का रिकार्ड बनाए रखना कभी कभी सबसे मजबूत सुरक्षा होता है जो न केवल कोविड के खिलाफ बल्कि अन्य वायरसों व बिमारियों के खिलाफ भी कारगर होता है। आंकड़े दिखाते हैं कि अंतर्निहित स्थितियों व मोटापा समेत खराब स्वास्थ्य वाले लोग, कोविड से सर्वाधिक पीड़ित हैं, हम कालेजों से उम्मीद कर सकते हैं कि वे अपने पाठयेत्तर गतिविधियों में स्वास्थ्य, फिटनेस व योग को जोड़ेंगे ताकि कर्मचारी और छात्र अपने शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का बेहतर खयाल रखने के लिए प्रोत्साहित हों। हालांकि हमें टीके की प्रतीक्षा है मगर सावधानी रखना सर्वोत्तम सुरक्षा है।

**-लेखक आईएसएच संस्थापक हैं**

# प्राइवेट कॉलेज से लीक हुआ था डीएलएड का पर्चा!

● आरआरडी इंटर कॉलेज में परीक्षा दे रहे छात्रों के मोबाइल में मिला था प्रश्नपत्र शासन भेजी गई रिपोर्ट

संवाददाता। सीतापुर




**डीएलएड** की द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा मे गणित प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में जांच की आंच तेज होती जा रही है। शहर के आरआरडी इंटर कालेज मे गुरूवार को शासन स्तर से जिले के अफसर को पेपर लीक होने की आंशका की जानकारी मिली थी। परीक्षा के दौरान केन्द्र पर परीक्षा दे रहे 3 छात्रों के मोबाइल मे पहले से ही प्रश्न पत्र मौजूद था। सूचना मिलने के बाद हरकत मे आए अफसरों ने परीक्षा देकर लौटे छात्रो को पकड़ लिया और गहनता से पूछताछ की। जिसके बाद मोबाइल फोन मे प्रश्नपत्र देखते ही अफसरो के होश उड़ गए। आनन फानन मे तीनो छात्रों के मोबाइल सील कर दिए। छात्रों को जिले के एक छात्र द्वारा यह प्रश्न पत्र वाट्सएप पर उपलब्ध कराए जाने की बात कही जा रही है। फ्लिहाल चौथे छात्र की पहचान कर ली गई है। साथ ही यह प्रश्नपत्र एक निजी कालेज द्वारा उपलब्ध कराए जाने बात भी सामने आ रही है। डायट प्राचार्य मनोज अहिरवार की मानें तो चौथे छात्र को किसी अन्य छात्र ने प्रश्नपत्र दिया। मामले की जानकारी शासन भेज दी गई। साथ ही इन छात्रो की उत्तर पुस्तिकाए भी अलग से जमा करा दी गई है। बहरहाल पेपर लीक होने का यह कोई नया मामला नही है। पहले भी कई बार प्रश्नपत्र लीक होने से सरकार की किरकिरी हो चुकी है।

# फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

संवाददाता। रामपुरमथुरा सीतापुर

**थाना रामपुरमथुरा** इलाके में अपनी ससुराल नयापुरवा कनरखी आए विकास का शव गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला। मृतक पड़ोसी जिले बाराबंकी के बरैठी गांव का निवासी था। ससुरालीजनों के अनुसार मृतक नषे की हालत में बीती रात खाना खाने के बाद लापता हो गया था। देर रात तक ढूंढ़ने पर भी उसकी कोई जानकारी नहीं हो पायी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक ने फंसी लगाकर आत्म हत्या कर ली है, 28 वर्षीय विकास पुत्र रामफेर निवासी बरैठा जनपद बाराबंकी बीती रात अपनी ससुराल रामपुरमथुरा के नया पुरवा कनरखी आया था। ससुरालीजनों के अनुसार षराब के नषे में खाना खाकर विकास लापता हो गया था, ग्रामीणों ने सुबह इसका शव फंदे से लटका हुआ पाया। मौके पर पहुंची पुलिस ने षव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## मछरेहटा इलाके में भी लटकता मिला शव

**मछरेहटा** थाना इलाके के गांव बारेपारा विक्रमपुर निवासी कमलेष पुत्र बराती का शव गांव के बाहर खेत मे नीम के पेड़ से लटकता मिला। परिजनों की सूचना पर एसआई राजेन्द्र रावत मय हमराही बल पहुंचे और षव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों के अनुसार मृतक के बेटे शनिवार काम की बात कहकर कह के निकला था।

## क्विक न्यूज

### ट्राली से टकराई कार, पांच लोग घायल

**हरगांव सीतापुर।** लखीमपुर मार्ग पर थाना हरगांव इलाके में ओवरब्रिज के निकट बालू भरी ट्राली से दो कारे टकरा गई। हादसे में कार सवार जनपद खीरी के रमिया बेहड़ ब्लाक प्रमुख के भाई गुड्डू समेत पांच लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। घायलों में गुड्डू के अलावा निघासन थाना क्षेत्र के सुरेश यादव व सुनील, फूलबेहड थाना क्षेत्र के विजय प्रकाश, शारदानगर के राजेन्द्र वर्मा षामिल है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मिश्रा ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेज दिया गया है।

### शराब के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान

**सीतापुर।** अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई करते हुए अलग-अलग थानों की पुलिस ने 95 लीटर कच्ची शराब के साथ 8 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। थाना हरगांव पुलिस ने 30 लीटर कच्ची शराब के साथ महादेव अटरा के धर्मेन्द्र राज व मुन्नासन के नागेष्वर को, थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने पांच लीटर कच्ची शराब के साथ बीबीपुर के कैलाश लोनिया को, थाना तंबौर पुलिस ने 40 लीटर कच्ची शराब के साथ जनपद खीरी अन्तर्गत ईशानगर के छोटकन्नू, कुसमा, रामगुनी व सिरप्यारी को और थाना रेउसा पुलिस को भौली के खुशीराम को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों पर आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

### जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार

**सीतापुर।** अलग-अलग थानों की पुलिस ने जिला मजिस्ट्रेट विशाल भारद्वाज द्वारा जिला बदर किए गए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इसी के तहत कोतवाली बिसवां पुलिस ने अमर नगर के गोरा, कोतवाली महमूदाबाद पुलिस ने बाछिलपुर के संजीव कुमार को व थाना तालगांव पुलिस ने दिल्ली के मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार किया है। एसपी आरपी सिंह ने बताया अभियुक्तों को यूपी गुंडा एक्ट के तहत 6 माह के लिए, जिला बदर घोषित किया गया है इसके बावजूद वह घर पर रह रहे थे।

### भक्तों ने सुना सत्संग

**महोली सीतापुर।** विकास खंड महोली के इंद्रावली गांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव बाबा जयगुरुदेव के भक्तों के द्वारा मनाया गया, सत्संग वचन हरदोई के पधारे रामकुमार सिंह के द्वारा सतयुग से कलयुग तक की पूजा पद्धति का वर्णन किया गया। सत्संग में शाकाहारी का प्रचार गांव में किया गया। इस मौके पर राकेश कुमार वर्मा, आयोजनकर्ता वीरेंद्र प्रताप सिंह, राजेंद्र प्रताप सिंह, संतोष अनुरागी, छोटे सिंह, राम प्रकाश सोनी, शिवरतन वर्मा, अजय शुक्ला, सुनील मिश्रा, विनय मिश्रा, सत्येंद्र प्रताप सिंह, शेर सिंह, शिवेंद्र प्रताप सिंह, अविरल अवस्थी, प्रधान गुड्डू वर्मा सहित सैकड़ों लोग सत्संग में मौजूद रहे।

### बल्ली गिरने से मजदूर की मौत

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर कोतवाली इलाके के गांव गोपालपुर निवासी नीरज की निर्माणाधीन मकान में हुए हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। मृतक गांव के ही रामकिशोर के घर मजदूरी करने गया था जहां छत की स्लेप खोलते समय बल्ली उसके सीने पर गिर गई। पिता मंगू लाल की सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उप निरीक्षक उदयवीर सिंह यादव ने बताया कि पिता की तरफ से घटना की सूचना दी गई है, कोई आरोप प्रत्यारोप नहीं लगाया गया है, पीएम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### संगठन विस्तार को लेकर हुई बैठक

**हरगांव सीतापुर।** नगर पंचायत हरगांव आरपीआई के जिलाध्यक्ष रामकृष्ण दीक्षित ने संगठन विस्तार को लेकर बैठक की। बैठक में सर्वसम्मति से राकेष कुमार को जिला उपाध्यक्ष, संदीप कुमार व अनुज अवस्थी को जिला महामंत्री जबकि षिवेन्द्र सिंह को जिला मंत्री का पद सौंपा गया। इसके अलावा अनिरूद्ध कुमार, मुन्ना लाल, गौरव व साहिल को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। इस अवसर पर समाजसेवी राम शंकर त्रिपाठी, राम प्रकाश त्रिपाठी, डॉ राजेश कुमार मिश्रा, अखिलेश कुमार, सरोज कुमार, अनुज कुमार, सुफियान खान, अमित कुमार अवस्थी, एजाज खान आदि उपस्थित रहे।

### खेत में मिला नवजात बालिका का शव

**रामकोट सीतापुर।** थाना रामकोट इलाके के गांव भगवानपुर में स्थित दयाल भट्ठे के निकट खेत में नवजात बालिका पड़ी मिलने से हड़कंप मच गया। एक कपड़े में लिपटी नवजात बालिका को ग्राम प्रधान गद्दीपुर चितहरी संतोश कुमार ने जिला महिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डाक्टर कमलेष के अनुसार बालिका की हालत ठीक है, बाल संरक्षण गृह को सूचना दे दी गई है।

# जनपद में कोरोना के 18 नए केस मिले

संवाददाता। सीतापुर

● मरने वालों की संख्या पहुंची 66




**रविवार को** जिले में भले ही कोरोना केसों की संख्या में कुछ कमी देखने को मिली हो लेकिन कोरोना से मौतों की संख्या दिन पर दिन बढ़ रही है, आज जिले में कोरोना के 18 नए केस पाए गए जबकि कोरोना से मौतों का आंकड़ा बढ़कर 66 पहुंच चुका है। नगर के 27वीं वाहिनी में तीन नए मरीज मिलने से हड़कंप है। 2683 लोग अभी भी होम आइसोलेशन में हैं जबकि 1326 लोग डिस्चार्ज हो चुके हैं। जिले में अभी तक 156766 लोगों की कोरोना जांच में 4362 लोग पॉजिटिव पाए जा चुके हैं, जबकि 145330 लोगों की रिपोर्ट नेगेटिव पाई गई है। 931 लोगों की जांच रिपोर्ट आना अभी बाकी है।

राजस्व जनक की मनी जयंती

# राजा टोडरमल की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

संवाददाता। सीतापुर

**राजस्व जनक** राजा टोडरमल की 431वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित कर नमन किया गया। षहर के पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद राजा टोडरमल स्मारक समिति के संस्थापक संजयपुरी ने का कि ऐसे महापुरुश की जयंती सरकारी स्तर पर मनाई जानी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी डा. राजीव दीक्षित, स्वाधीनता सेनानी षिवनारायण लाल षर्मा, दिनेष षुक्ला, रमेष निशाद, आशीष कुमार, सोम दीक्षित, मुरलीधर, सुरेष कनौजिया, देवेन्द्र कष्यप, अयोध्या प्रसाद, षिवनाथ, मुजीब सीतापुर, सत्यप्रकाष भरतिया, पंकज सैनी, अनुराग रोषन, अभिशेक जायसवाल, बनवारीलाल, समिति संस्थापक संजय पुरी, प्रीती पुरी, सुरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

**मनाई गई पुण्यतथि:** लहरपुर राजस्व जनक भू पैमाइश के जन्मदाता राजा टोडरमल की 431 वी पुण्यतिथि क्षेत्र में श्रद्धा एवं उल्लास पूर्वक मनाई गई, कार्यक्रम का शुभारंभ उनके द्वारा ग्राम राजापुर में बनवाए गए तीर्थ एवं मंदिर पर विशेश पूजा अर्चना के साथ हुआ। इस मौके पर एसडीएम राम दरशराम, अध्यक्ष संजय पुरी, हिंदी साहित्य परिषद के अध्यक्ष संतोष कुमार कश्यप, नगर पालिका परिषद के नामित सभासद रामेश्वर दयाल तिवारी, राम प्रसाद गौतम, सियाराम शर्मा, विशंभर मौर्य, माता प्रसाद रस्तोगी, कमल किशोर शुक्ला, सत्य प्रकाश शुक्ला, उमेश द्विवेदी, मुशीर अहमद, मतलूब अहमद, सत्रोहन लाल आदि ने भावभीनी श्रद्धांजलि दी व पुष्प अर्पित किए।


सीतापुर-राजा टोडरमल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित के बाद मौजूद पदाधिकारी

# त्यौहारों को लेकर बना एक्शन प्लान

● एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

संवाददाता। सीतापुर

**पुलिस लाइन** में हुई क्राइम मीटिंग में आगामी त्यौहारों को लेकर कार्ययोजना तैयार की गई, एसपी आरपी सिंह ने त्यौहारों के मद्देनजर भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सादे कपड़ो में सुरक्षाबलों की तैनाती के साथ बिना लाइसेंस आतिशबाजी के भंडारण व विक्रय पर पांबदी कड़ाई से लागू किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि एंटी रोमियो की टीमा सार्वजनिक स्थानों पर पैनी नजर रखे। बैठक एएसपी उत्तरी राजीव दीक्षित, एएसपी दक्षिणी एनपी सिंह समेत सभी सीओ मौजूद रहे।


सीतापुर-पुलिस लाइन में बैठक करते एसपी आरपी सिंह

## एंटी रोमियो ने पकड़े 11 शोहदे

**महिलाओं** की सुरक्षा के लिए चौकन्नी एंटी रोमियो टीम का अभियान रविवार को भी जारी रहा। इसी के चलते अलग-अलग थानों की टीमों ने 11 शोहदों को पकड़कर कड़ी कार्रवाई की। थाना मछरेहटा पुलिस ने रौनामऊ निवासी निर्मल, खानीपुर के संतोश, थाना तालगांव पुलिस ने कंगरिया निवासी मुकेश, कोतवाली महोली पुलिस ने विश्वेश्वर दयाल को निवासी भूपेन्द्र, कोतवाली मिश्रिख पुलिस ने परसेना निवासी सुल्तान, कोतवाली लहरपुर पुलिस ने पेखटोला निवासी रमजान, थाना हरगांव पुलिस ने गदनापुर निवासी उजागर, महादेव अटरा निवासी प्रमोद, थाना इमलिया सुल्तानपुर पुलिस ने थाना मितौली निवासी अरविन्द कुमार, थाना संदना पुलिस ने कस्बा निवासी अविनाष व थाना तंबौर पुलिस ने पेखन टोला निवासी इब्राहिम को गिरफ्तार किया है। इसके अलावा बेटियों पर फब्तियां कस रहे 65 से अधिक षोहदों को हिदायत भी दी गई।

मैनपुरी में किसानों के साथ अभद्रता को लेकर

# सपा विधायक ने फूंका कोतवाल का पुतला

**महमूदाबाद सीतापुर।** मैनपुरी में किसानों के साथ अभद्रता और प्रदेश में किसानों के उत्पीड़न पर समाजवादी पार्टी मुखर हो गई। रविवार को विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा के नेतृत्व में सपाईयों ने रामकुण्ड चौराहे पर प्रदर्शन किया और मैनपुरी इंस्पेक्टर का पुतला जलाकर अपना विरोध दर्ज कराया। रविवार की शाम तकरीबन 4 बजे सपा विधायक के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता रामकुण्ड चौराहे पर एकत्रित हुए। सपाईयों ने किसानों के उत्पीड़न का आरोप लगाकर पटेल प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया और मैनपुरी में किसानों का कॉलर पकड़कर ले जाने वाले इंस्पेक्टर अजीत सिंह का पुतला दहनकर विरोध जताया। इस दौरान विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि मैनपुरी में पांच किसानों को पराली जलाने के नाम पर मुकदमा दर्ज किया गया। मैनपुरी इंस्पेक्टर अजीत सिंह ने किसान का कॉलर पकड़कर जेल ले गये। ऐसा लग रहा जैसे आतंकवादी को गिरफ्तार किया जा रहा है। एक तरफ किसान का धान औने-पौने दाम पर बिक रहा है। गेंहूए मकई का मूल्य नहीं मिल रहा है। यूरिया की कालाबाजारी चल रही है। किसानों के ऊपर लगातार अत्याचार हो रहा है। किसानए छात्रए नौजवानए व्यापारी का अत्याचार सरकार को बंद करना चाहिए। इस दौरान छात्र नेता एलयू विनय यादव, शिवेन्द्र प्रताप, साकेन्द्र यादव, मो. आजाद आदि मौजूद रहे।


महमूदाबाद-चौराहे पर पुतला फूंकते विधायक नरेन्द्र वर्मा

रामपुर मथुरा सीतापुर स्मार्ट कार्ड बनवाने का झांसा देकर

# क्षेत्र के कई लोगों की खातों से उड़ाई नकदी

**रामपुरमथुरा सीतापुर।** रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में साइबर ठगी का मामला प्रकाश में आया है ताजा घटना क्रम थाना क्षेत्र के कनरखी ग्राम सभा के सोतीपुरवा की है इस गांव के निवासी परमेस्वरी,जगदीश निषाद, शकुंतला, कुसमी,कलावती,आदि ग्रामीणों ने बताया कि 7 तारीख को तीन चार लोग गांव आए और सबसे कहा कि हम सरकार की तरफसे भेजे गए हैं हम लोग स्मार्ट कार्ड बनाते हैं इसलिए आप सब अपना आधार कार्ड और बैंक एकाउंट नम्बर दे दो हम लोगों ने उनको सारी डिटेल दे दी आज जब आज बैंक से पैसे निकलने का मैसेज आया तब शक हुआ और ग्रामीणों की तरफसे चेक कराया गया तब सभी के खातों में से लगभग 40 हजार की नगदी निकल चुकी थी। ग्रामीणों ने इस घटना की लिखित सूचना रामपुर मथुरा थाने पर दी पुलिस के अनुसार सूचना मिली है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

अन्नपूर्णा सेवा संस्थान ने छात्रों को किया सम्मानित

# आशा शम्भू स्मृति छात्र अलंकरण से नवाजे गए मेधावी

संवाददाता। सीतापुर

**अन्नपूर्णा सेवा** संस्थान द्वारा आयोजित व एस.आर. ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सहयोग से स्व. आशा शम्भू स्मृति छात्र अलंकरण समारोह के अंतर्गत आज रिजेंसी पब्लिक स्कूल के 10 वीं कक्षा व जो बच्चे पिछले कार्यक्रम में उपस्थित नहीं हो सके थे, जिनमें सेक्रेट हार्ट हा. सेकेंडरी, महर्षि विद्या मन्दिर, अग्रवाल, रेजेंसी व लखनऊ पब्लिक स्कूल के समस्त अनुपस्थित बच्चों का सम्मान समारोह जेल रोड संगीत महाविद्यालय में सम्पन्न किया गया। मुख्य अतिथि श्रीकृष्णा कॉलेज प्राचार्य व अन्नपूर्णा उड़ान प्रकोष्ठ अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार त्रिपाठी, विशिष्ट अतिथि हंसराज ऑटो सेल्स जी0 एम0 सचिन द्विवेदी रहे। संस्थान अध्यक्ष अनिल द्विवेदी ने कहा कि छात्र मेहनत लगाकर पढ़ाई करें सफ्लता तभी मिलेगी। इस मौके पर शैलेन्द्री तिवारी, यासीन इब्ने उमर, विकास कुमार सेठ व सीमा बाजपेयी मौजूद रही।


सीतापुर-सम्मानित होने के बाद मौजूद छात्र

**यह छात्र हुए सम्मानित:** रिजेंसी पब्लिक स्कूल से सर्वाधिक अंक में से हाई स्कूल में 99 अंक हासिल करने के लिये आदित्य गुप्ता को विशेष सम्मान से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त तीन ऐसे बच्चे जिन्हें समय पर उपस्थित होने के लिए, अलग से सम्मानित किया गया। 90: या इससे ऊपर अंक हासिल करने वालों में से इन बच्चों सुयश राहुल, अनुभूति तिवारी, तूलिका साहू, आरुषि अग्रवाल, भूमिका भट्ट, सुजल कुमार पटवा, अनुज्ञा भार्गव, नमन अग्रवाल, कृति रस्तोगी, अनुष्का मिश्रा, आयुष गंगवार ,आशुतोष शुक्ला, हर्ष गुप्ता, नशरा लईक, असीम अरना जयसवाल, आकृति सिंह, खुशी अस्थाना, अनंत अग्रवाल, नीति अग्रवाल, वीना डोडेजा, प्राणिका जयसवाल, उत्कर्ष गुप्ता, मो0 नासिर खान, वात्सल्य मलिक, आदित्य गर्ग, चौतन्यदेव सिंह, स्पर्श सिंह, आदित्य रतन गौतम, तनिष्का रतवानी, अनंत अग्रवाल, हर्ष अग्निहोत्री, लक्ष्य गुप्ता, विवेक कुमार, महक श्रीवास्तव, ओम श्रीवास्तव, इंदुज गुप्ता, तुषार वर्मा, ताशू सोनकर। प्रियांशी शर्मा, आद्या बाजपेयी, आकाश तिवारी, आयुष बाजपेयी, वशी अग्रवाल, दर्शना जैन, काजल दीक्षित, मेहदी रजा जैदी, दिव्यांक मिश्रा, आदित्य महावर, आनन्द मनुवंजय अवस्थी, तनुषी जायसवाल, मो0 सुजैब आलम, मो0 आजम, ओम जायसवाल, आराध्य श्रीवास्तव। रितेश पटेल, विकास बाजपेयी, शिवम वर्मा, देवांश श्रीवास्तव, सचिन वर्मा, संस्कृति शुक्ल, कृष्णा शुक्ला, तन्मय शुक्ला, श्रेयांश शुक्ला, प्रियांशु प्रसाद, अक्षत अवस्थी, ताहा मुस्तफ़।

# भरे गए नमूने, सीज की दुकान

संवाददाता। सीतापुर

**महोली खाद्य** इंस्पेक्टरों द्वारा जांच अभियान चलाया गया जिसमे आधा दर्जन खाद्य कारोबारियों के यहां सैंपल भरे गए, लिए गए नमूनों में पनीर, खोया, गुड़ आदि के सैंपल षामिल है साथ ही 60 हजार रूपया का मिलावटी मिल्क केक भी नश्ट कराया गया।

एक कारोबारी को नोटिस भी जारी की गई। कुसुम सिंह, प्रमोद कुमार वर्मा, संजय कुमार त्रिपाठी व प्रेम कुमार यादव के दल द्वारा तहसील महोली क्षेत्र मे 06 खाद्य कारोबार प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर, मिलावट के सन्देह में 05 विधिक नमूने खाद्य पदार्थ पनीर,खोया, गुड़, छेना रसगुल्ला व मिल्क केक के जांच हेतु संग्रहित किये गये साथ ही लगभग 270 किग्रा मिल्क केक अनुमानित बाजार मूल्य लगभग 60 हजार का सीज किया गया द्यनिरीक्षण में पायी गयी कमियों के क्रम में 01 खाद्य कारोबार कर्ता को सुधार नोटिस जारी किये जाने की अनुशंसा की गई। कोविड-19 के सुरक्षा उपायों का पालन किए जाने के कड़े निर्देश दिये गये कार्यवाही अभी चल रही है।


नमूना भरते अधिकारी

# अपहृत पुरोहित को छुड़ा लिया

- पुलिस ने किया घटना का अनावरण
- बेवकूफ बनाकर पुरोहित ने ठगे थे एक लाख बारह हजार रुपए
- पैसे वापस न करने पर बनाया था बंधक

संवाददाता । लखीमपुर-खीरी



**थाना** फरधान पर वादी हेतराम पुत्र राजाराम निवासी ईश्वरीपुरवा थाना फरधान द्वारा सूचना दी गई कि 6 नवम्बर को उनके गुरू पुरोहित सुशील तिवारी उर्फ सदानंद महाराज को अज्ञात व्यक्ति द्वारा कहीं पर अवैध रूप से रोक लिया गया है और उन्हें आने नहीं दिया जा रहा है। घटना के संबंध में थाना फरधान पर सुसंगतधाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक खीरी विजय ढुल द्वारा घटना के अनावरण हेतु क्षेत्राधिकारी सदर के नेतृत्व में तीन पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए सुरागरसी, पतारसी कर एवं सर्विलांस की मदद से अमीरनगर चौराहा, मोहम्मदी से सुशील तिवारी को अवमुक्त कराया गया। चार व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ के दौरान इन व्यक्तियों ने बताया कि पुरोहित ने पूर्व में सोनू को लालच देकर छलपूर्वक 1 लाख 12 हजार रूपये लिये थे तथा रूपये को वापस करने में आनाकानी कर रहा था। अपने रूपये वापस लेने के लिए अभियुक्तगण द्वारा पुरोहित को रोककर अपने पैसे वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था। सुशील तिवारी के द्वारा सोनू सिंह से पूर्व में छलपूर्वक 1 लाख 12 हजार रूपये लिये जाने एवं वापस न करने के संबंध में भी आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## आईजी ने किया थाने का निरीक्षण



**मैलानी-खीरी।** आईजी जोन लखनऊ लक्ष्मी सिंह ने मैलानी थाने में पहुंच कर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मालखाना रोजनामचा, शस्त्रागार, अभिलेखों, बंदी गृह व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। साथ कुछ पाई जाने वाली कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। थाने की साफ-सफाई व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त देखकर कहा कि इसी तरह तरह थाने को और भी स्वच्छ व सुन्दर बनाने के थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला को निर्देशित किया। साथ उन्होंने कहा कि हर आने वाले फरियादी की समस्याएं सुनकर जांच करते हुए अभियोग दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जाए। पूर्व में हुए चेयरमैन पति देवेंद्र प्रताप बाबू के शीघ्र खुलासा करने करने वाली टीम में शामिल पुलिस अधीक्षक विजय ढुल, अपर पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार, सीओ गोला रविंद्र कुमार, थाना प्रभारी निरीक्षक विधा शंकर, उप निरीक्षक अजय कुमार मिश्र, उप निरीक्षक भूपेंद्र सिंह सहित खुलासे की टीम में शामिल पुलिस कर्मियों को उत्साहवर्धन करने के सम्मानित करने के बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि सही पुलिसिंग वही जो कि घटना का खुलासा जल्द अपराधियों को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया जाए। इससे होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने का काम किया जाएगा। साथ ही अपराधो पर अंकुश लगाने का काम हो सकेगा। इस मौके पर एसआई भूपेन्द्र सिंह, एसआई अजय कुमार मिश्र, एसआई संसारपुर सतीश चंद्र, एसआई बांकेगंज केके यादव व कुकरा चौकी प्रभारी दिनेश कुमार सिंह सहित तमाम पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## यातायात माह के दृष्टिगत जागरूकता अभियान



**लखीमपुर-खीरी।** यातायात माह नवंबर-2020 के दृष्टिगत सम्पूर्ण जनपद में जनता को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने एवं उनका पालन करने हेतु प्रेरित करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में टीएसआई सूर्यमणि यादव खीरी एवं यातायात पुलिस द्वारा ई-रिक्शा व आटो चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए नशा करके वाहन न चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग नहीं करने आदि के विषय में बताया गया। साथ ही वाहन पर रिफ्लेक्टर लगाने एवं समस्त यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया।

## अब अफसरों के सरकारी आशियाने का सपना होगा साकार

### रंग लाया डीएम का प्रयास, जिले को मिली दो नए आफिसर ट्रांजिट हास्टल की सौगात

**लखीमपुर-खीरी।** खीरी में अधिकारियों को पोस्टिंग मिलते ही सरकारी आवास पाने के लिए उन्हें काफी जद्दोजहद का सामना करना पड़ता है। इसकी बड़ी वजह अधिकारियों की संख्या के सापेक्ष सरकारी आवासों का काफी कम होना। इस समस्या को खीरी के डीएम ने स्वयं महसूस किया। समस्या को दूर करने के लिए शासन स्तर पर प्रयास शुरू किए।

डीएम ने सर्वप्रथम अधिकारियों को नए आवासों हेतु आफिसर कॉलोनी में ही जमीन तलाशने के निर्देश दिए। डीएम का निर्देश मिलते ही अधिकारियों ने जमीन की तलाश शुरू की। अधिकारियों ने जमीन तलाश कर अपनी रिपोर्ट डीएम को सौपी। डीएम ने शासन स्तर पर पत्राचार करते हुए आफिसर्स ट्रांजिट हास्टल के निर्माण की स्वीकृति मांगी। शासन ने डीएम के प्रस्ताव पर जनपद खीरी के लिए कुल 482ण्70 लाख की लागत के दो आफिसर्स ट्रांजिट हास्टल की स्वीकृति प्रदान की। यही नहीं इसकी प्रथम किस्त 40 लाख की अवमुक्त करते हुए लोक निर्माण विभाग को कार्यदाई संस्था भी बनाया। बताते चलें शासन से स्वीकृत पहला ट्रांजिट हास्टल (लागत 233.64 लाख) आफिसर्स कालोनी परिसर में, वहीं दूसरा ट्रांजिट हास्टल (लागत 249.06 लाख) जजेज आवास के सामने बनाया जाएगा। प्रथम किस्त अवमुक्त होते ही डीएम ने कार्यदायीं संस्था को यथाशीघ्र ट्रांजिट हास्टल के निर्माण हेतु कार्यवाही शुरू करने के लिए निर्देश दिए।

## ईनामी बदमाश गिरफ्तार



**लखीमपुर-खीरी।** भीरा पुलिस द्वारा पच्चीस हजार रुपए के इनामियां और वांछित चल रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वांछित अभियुक्त राजेश सिंह पुत्र मिलापसिह निवासी ग्राम दीवान टाण्डा थाना भीरा खीरी को न्यायालय भेज दिया गया है। उस पर कई मुकदमें दर्ज हैं।

## निर्देशों को मुंह चिढ़ा रहा प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर

**रमियाबेहड़-खीरी।** एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री शिक्षा को लेकर आए दिन नई-नई योजनाएं लाकर शिक्षा के स्तर को बढ़ाना चाहते हैं। वहीं जिले के कुछ ऐसे भी अधिकारी हैं जो उनकी योजनाओं को विफल करने में कोई भी कमी नहीं छोड़ते हैं। ऐसा ही एक मामला रमियाबेहड़ विकासखंड की ग्राम सभा प्रतापपुर में देखने को मिला जहां पर समाचार पत्र की टीम ने जब प्राथमिक विद्यालय प्रतापपुर पहुंची तो यहां का प्राथमिक विद्यालय बंद था। जब इस संबंध में यहां के ग्रामीणों से बात की गई तो ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय तो काफी समय से बंद है। आपको बता दें कि प्रधानाचार्य सहायक अध्यापक द्वारा अध्यापकों की अनुपस्थित में भी उपस्थित पंजिका में सभी को उपस्थित दर्शा कर पूरे पूरे माह का वेतन निकालकर सरकार को चूना लगाया जा रहा है इस संबंध में जब हमारे संवाददाता ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को उनके मोबाइल नंबर पर बात करनी चाही तो उनका फोन नहीं उठा ग्रामीणों द्वारा की जा रही शिकायतों कोर टीम ने सही पाया ग्रामीणों ने बताया कि विद्यालय कभी-कभार खुलता है बाकी सभी दिन विद्यालय में ताला लटकता रहता है विद्यालय के दरवाजे पर पड़ी गंदगी से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि विद्यालय कितने दिनों से नहीं खुला हैं। विद्यालय में कार्यरत प्रधानाचार्य व सहायक अध्यापकों की बात करें तो शायद ही वह इधर कोरोना काल में कभी विद्यालय आए हैं। यहां पर शासन ने 6 अध्यापकों की नियुक्ति कर रखी है मगर इस ग्राम सभा में शिक्षा की स्थिति बद से बदतर है। क्योंकि इस ग्राम सभा की दूरी मुख्यालय से लगभग 65 किलोमीटर है इसलिए कोई भी अधिकारी यहां पर जाने से कतर आता है। इसका फायदा यहां नियुक्त कर्मचारी उठाकर सरकार की योजनाओं को ठेंगा दिखाते हैं। यहां पर 66 अध्यापकों के होते हुए भी विद्यालय में ताला लटकता रहता है। जानकारी पर पता चला कि मनोज कुमार शर्मा, उमाशंकर, पवन कुमार तिवारी, त्रिवेंद्र कुमार वर्मा, चंदन गुप्ता वअनूप कुमार की तैनाती है मगर विद्यालय बंद मिला।

# बाघ से सुरक्षा और मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं रोकने को विभाग ने कसी कमर

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

- प्रभागीय वनाधिकारी डा. अनिल कुमार पटेल ने दी जानकारी, ग्रामीणों से झुंड में जाने का सुझाव
- अंदर जाने वाले रास्तों पर खुदवाई जाएगी की खाई

**दुधवा टाइगर** रिजर्व लखीमपुर खीरी क्षेत्र के अंतर्गत हिंसक वन्यजीव बाघ से सुरक्षा एवं मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला प्रशासन के अथक प्रयासों से वन विभाग ने कमर कसते हुए विभिन्न प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई है।

प्रभागीय वनाधिकारी, उत्तर खीरी वन प्रभाग/उप निदेशक, बफर जोन, दुधवा टाइगर रिजर्व डा. अनिल कुमार पटेल ने बताया कि उक्त घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण हेतु समस्या ग्रस्त क्षेत्र में डब्लूडब्लूडब्लूएफ इंडिया तथा वाइल्ड लाइफ ट्रस्ट आफ इंडिया के सहयोग से कैमरा ट्रैप लगवाए गए। हिंसक वन्यजीवों से सुरक्षा हेतु स्थानीय ग्रामीणों के साथ बैठक एवं गोष्ठी कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है। ग्रामीणों को अपने खेत में अकेले न जाने का सुझाव दिया जा रहा है। क्षेत्र के आसपास जंगल के अंदर जाने वाले सभी रास्तों को खाई खोदवा कर बंद कराया गया है। वर्तमान में गन्ना कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों को अवगत कराया गया है कि खेत में तेज आवाज करते हुए गन्ने कांटे तथा गन्ना कटाई एक किनारे से प्रारंभ करके जंगल की तरफ काटते हुए आगे जाएं ताकि हिंसक वन्यजीवों जंगल के अंदर चला जाए। प्रश्नगत क्षेत्र कर्तनिया घाट वन्य जीव प्रभाग से सटे होने के कारण कर्तनिया घाट वन्यजीव प्रभाग के वन कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त पेट्रोलिंग कराई जा रही है। समस्या ग्रस्त क्षेत्र में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं वन्यजीवों की सतत मानीटरिंग हेतु प्रत्येक 8-8 घंटे की ड्यूटी हेतु टीमें बनाई गई हैं। उक्त क्षेत्र में सुरक्षा वाचरो की ड्यूटी भी बढ़ाई गई है। ड्रोन कैमरे के माध्यम से प्रश्नगत क्षेत्र की सतत निगरानी की जा रही है। खैरटिया रेलवे स्टेशन जाने वाले रास्ते पर बाघ के मूवमेंट होने के कारण काशन बोर्ड लगवाए गए है। उक्त क्षेत्र में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर नियंत्रण एवं बाघ के आवागमन के दृष्टिगत इसकी मानिटरिंग किए जाने हेतु समिति का गठन किया गया है।उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत थाना घाट वन्यजीव प्रभाग से पालतू हाथी मंगवा कर क्षेत्र में पेट्रोलिंग कराई जा रही है ताकि बाघ इन वन क्षेत्र के भीतर ही रहे और अपना प्राकृतिक शिकार करें।

## क्विक न्यूज

### विद्यार्थियो को किया गया अंकतालिका का वितरण

**बरेली।** रजऊ परसपुर के अंग्रेजी माध्यम के स्कूल मे छात्र छात्राओ को अंकतालिका वितरण किया गया। समारोह मे मेधावी छात्र छात्राओ को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार पाकर बच्चो के चेहरे खिल उठे। रजऊ परसपुर के बेसिक शिक्षा विभाग के जूनियर एवं प्राइमरी स्कूलो मे अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई की जा रही थी। शनिवार को दोनो स्कूलो मे समारोह पूर्वक अंक तालिका वितरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा के ब्रज क्षेत्र के अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र सोनकर ने स्कूल मे टॉप करने वाले कक्षा आठ के छात्र आकाश शर्मा के अलावा अनुज,अवधेश,सोनम,काजल मिश्रा,अभिराम और करिश्मा को पुरस्कृत किया। समारोह मे प्रिंसिपल अनीश कौशल, डोली, महेश कुमार, दीप्ति आदि शिक्षक मौजूद थे।

### ट्रैफिक महा के चलते लोगों को किया गया जागरूक

**बरेली ।** हर साल की भांति इस साल भी ट्रैफिक विभाग अपना ट्रैफिक माह चला रहा है शनिवार को ट्रैफिक विभाग के अधिकारियों ने लोगों को जागरूक करने के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट के लिए अभियान चलाया जिन लोगों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था उनको ट्रैफिक विभाग ने हेलमेट पहनाने का कार्य भी किया वही कुछ लोगों का चालान काटा जिससे अगली बार घर से हेलमेट लगाकर निकले इस मौके पर टी एस आई आरिफखान ने बताया कि हम लोगों को जागरुक करने का कार्य कर रहे हैं हमारे देश में एक्सीडेंट से कई दुर्घटनाएं हो जाती हैं अगर बाइक सवार हेलमेट लगाए हैं तो यह बला टल सकती है वही पिछले 5 साल से अनूप अग्रवाल लोगों को हेलमेट के लिए जागरूक कर रहे हैं इस अभियान में उनकी भी भूमिका सराहनीय रही ।

### निधन पर सांत्वना व्यक्त करने पहुंचीं महिला कल्याण मंत्री

**शाहजहाँपुर ।** भाजपा प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर के सेठ इन्क्लेव स्थित आवास पर आज भी कई मंत्री व पदाधिकारी उनकी माँ के निधन पर सांत्वना व्यक्त करने पहुंचे और उनकी माँ के चित्र पर पुष्पार्चन कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी ।श्रद्धांजलि देने वालों में उ0प्र0 सरकार में कानून मंत्री ब्रजेश पाठक, बाल विकास मंत्री महिला कल्याण मंत्री स्वाति सिंह, राज्यमंत्री गन्ना एवं चीनी उद्योग सुरेश पासी, प्रदेश महामंत्री भाजपा सांसद प्रियंका सिंह रावत, दर्जा राज्यमंत्री धर्मवीर प्रजापति, बुलंदशहर विधायक दिग्विजय सिंह सिरोही, विधायक अलीगंज एटा सत्यपाल सिंह राठौर, निघासन विधायक शशांक वर्मा, बदलापुर विधायक रमेश चन्द्र मिश्रा, बस्ती विधायक संजय जायसवाल, मोहम्मदी विधायक लोकेन्द्र प्रताप सिंह, अध्यक्ष नगर पालिका बुलंदशहर मनोज कुमार गर्ग, सांसद अरुण कुमार सागर, जिलाध्यक्ष बरेली पवन शर्मा, जिलाध्यक्ष हरिप्रकाश वर्मा, पूर्व विधायक दल सिंह यादव, ललिता सिंह बाराबंकी, सोनी शुक्ल उन्नाव आदि प्रमुख रूप से रहे ।

### नहाने गये अधेड़ का मिला शव

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के गौराकला गांव के समीप स्थित नहर में नहाने गये लगभग 50 वर्षीय अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन गृह भेज दिया। जानकारी के अनुसार गौरा कला गांव निवासी राम विलास का पुत्र राजेन्द्र कल दोपहर गांव के समीप स्थित नहर में नहाने गया था। तभी अचानक उसकी मौत हो गयी। उधर जब काफी देर बीत जाने के बाद घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी तब नहर किनारे उसका मृत शव मिला। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया।

### युवक ने किया जान देने का प्रयास

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पाठकपुर में रविवार की सुबह घरेलू कलह के चलते लगभग 26 वर्षीय एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार पाठकपुर गांव निवासी रामनारायण का पुत्र सुनील ने आज सुबह घरेलू कलह के चलते जहर खा लिया। कुछ समय बाद जब उसकी हालत बिगड़ने लगी तो परिजनों ने उसे सरकारी एम्बुलेन्स द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां इलाज कर रहे चिकित्सक ने उसकी हालत में सुधार बताया है।

### अधेड़ को सांड ने किया जख्मी

**फतेहपुर।** खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम उमरा भोगलपुर में रविवार की सुबह खेत गये लगभग 55 वर्षीय एक अधेड़ को आवारा साड़ ने घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उसकी हालत गम्भीर बनी हुयी है। जानकारी के अनुसार उमरा भोगलपुर गांव निवासी राम कुमार का पुत्र प्रताप आज सुबह लगभग आठ बजे खेतों पर काम करने गया था। तभी घूम रहे आवारा साड़ ने उसे जख्मी कर दिया।

## सपा प्रत्याशी को जिताने में जुट जाएं: तनवीर

संवाददाता। शाहजहांपुर



**समाजवादी पार्टी** की मैसिक बैठक सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी संजय मिश्रा के लिए जीजान से लगने के दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने कहा कि पार्टी के सभी लोगों को एकजुट रहकर पूरी मेहनत व ईमानदारी से सपा प्रत्याशी संजय मिश्रा को पुनः भारी मतों से विजयी बनाना है। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेता कार्यकर्ता व पदाधिकारी आज से ही शिक्षकों से मिलकर सपा प्रत्याशी संजय मिश्रा के पक्ष में 1 दिसंबर को मतदान के लिए अपील करें। शिक्षक विधायक संजय मिश्रा ने कहा कि सभी के आशीर्वाद से पुनः जीतने के बाद शिक्षकों के सम्मान के लिए और जनता व पार्टी जनों के सम्मान के लिए हमेशा साथ रहूंगा। एमएलसी अमित यादव ने कहा कि संजय मिश्रा की जीत से पार्टी और कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा मिलेगी जिससे 2022 के विधानसभा के चुनाव में पार्टी को बहुत बड़ा लाभ पहुंचेगा। पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि सपा द्वारा संजय मिश्रा ने पूरे उत्तर प्रदेश के वित्तविहीन शिक्षकों के लिए संघर्ष किया और मानदेय दिलवाया था जो भाजपा सरकार ने आते ही बंद करवा दिया। शिक्षकों के सम्मान के लिए संजय मिश्रा का जितना जरूरी है। पूर्व प्रदेश सचिव उपेंद्र पाल सिंह ने कहा कि शिक्षक देश को हमेशा नई दिशा देता है और अपने शिष्य को अच्छे संस्कार देता है।बैठक में महानगर अध्यक्ष कपिल सिंह शादाब खान, लालबाबू, आरिफ अंसारी, सौरभ गांधी समेत आदि मौजूद रहे।

## चुनाव में सबका सहयोग मिलने की अपेक्षा



**फतेहपुर।** भारतीय जनता पार्टी इलाहाबाद झांसी स्नातक विधान परिषद चुनाव की तैयारी बैठक मुरादीपुर स्थित एक इंस्टिट्यूशन में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने भाग लेकर विधान परिषद क्षेत्र के सांसदों/विधायकों/जिलाध्यक्षों को जीत का मंत्र दिया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बुंदेलखंड समेत प्रयागराज, कौशांबी जनपदों के स्नातक मतदाताओं ने विगत 24 वर्षों से प्रत्याशी डॉक्टर यज्ञदत्त शर्मा को विजई बनाते चले आ रहे हैं। इस बार भी जैसे हैट्रिक बनना तय है। श्री सिंह ने सांसदों/विधायकों को इस चुनाव को अपना चुनाव बताते हुए मतदाताओं से संपर्क कर पार्टी के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस चुनाव को महत्वपूर्ण चुनाव बताते हुए आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव के लिए की जीत का आधार बताया। श्री सिंह ने बताया कि पहली बार पार्टी प्रदेश के स्नातक 5 शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ रही है। बैठक में प्रत्याशी डॉ0 शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष समेत सभी सांसद/मंत्रियों एवं क्षेत्रीय पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए कहा कि वे विधान परिषद क्षेत्र में निरंतर मतदाताओं शिक्षकों अधिवक्ताओं एवं स्नातकों की लड़ाई को सदन व सदन के बाहर लड़कर उन्हें आप लोगों के बीच में प्रत्याशी के तौर पर आया हूं। चुनाव में सबका सहयोग मिलने की अपेक्षा व्यक्त करते हुए आगामी 11 नवंबर को झांसी कमिश्नरी मुख्यालय में अपने नामांकन में आने का अनुरोध किया। बैठक का कुशल संचालन प्रदेश मंत्री व स्नातक चुनाव के संयोजक अशोक जाटव ने किया। वही अपेक्षित पदाधिकारियों से स्नातक चुनाव के प्रदेश प्रभारी ओम प्रकाश ने लिया बैठक में प्रदेश सरकार के मंत्री व इलाहाबाद प्रयागराज से सांसद नंद गोपाल नंदी, चंद्रिका प्रसाद उपाध्याय, रणवेंद्र वेंद्र प्रताप सिंह, सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, आरके सिंह पटेल, विधायक करण सिंह पटेल, विक्रम सिंह, कृष्णा पासवान, अभय प्रताप सिंह, जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा, रामकेश, मीना निषाद, अनीता त्रिपाठी, जिला संयोजक विकास पासवान, धनंजय द्विवेदी, डॉ0 देवाशीष पटेल, अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, पुष्पा पासवान, राम प्रताप सिंह गौतम, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव समेत क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आए हुए जिलाध्यक्ष व जिला संयोजक आदि मौजूद रहे।

## तीन सालों में एक लाख नौ हजार करोड़ हुआ गन्ने का भुगतान:राणा

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**गन्ना शोध** परिषद, के अतिथि गृह में प्रेस वार्ता में चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग मन्त्री, सुरेश राणा ने कहा कि 2015-16 में 18000 करोड़ का गन्ना खरीदा गया वहीं सत्र 2019-20 में 35600 करोड़ का गन्ना खरीदा गया, साथ ही उस खरीदे गये गन्ने का 83 प्रतिशत भुगतान भी हो चुका है। सत्र 2018-19 में खरीदे गये गन्ने का एक रुपया भी बकाया नहीं है, और पिछले तीन सालों में एक लाख नौ हजार करोड़ का भुगतान मा. प्रधानमन्त्री महोदय एवं मा. मुख्यमंन्त्री महोदय के निर्देशन में हुआ है। गन्ना मन्त्री ने कहा कि 2007-2017 तक 29 चीनी मिलें बन्द हुईं तथा 10 चीनी मिलें बेची गयीं। जबकि भाजपा शासन काल में डेढ दर्जन चीनी मिलें या तो लगााई गयीं या उनका क्षमता विस्तार किया गया। प्रदेश सरकार की किसान हितैषी नीतियों के कारण आज उ.प्र. गन्ना एवं चीनी उत्पादन के साथ-साथ ऐथनाल उत्पादन में भी प्रथम स्थान पर है। श्री राणा ने कहा कि इन कार्यो में गन्ना शोध संस्थान की भूमिका बहुत अहम रही है जिसके लिए मै इस संस्थान के निदेशक डा.जे सिंह समेत सभी वैज्ञानिकों को बधाई देता हूँ। मुझे उम्मीद है कि डा.सिंह के नेतृत्व में यह संस्थान नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।मीडिया के एक प्रश्न के जबाब में गन्ना मंत्री ने कहा कि गन्ने में रेड राट, (लाल सड़न) रोग के कारण प्रदेश में लगभग 30000 हैक्टर क्षेत्रफ्ल ऑशिक अथवा पूर्ण रुप से प्रभावित हैं परन्तु इस बीमारी से किसान को कम से कम नुकसान हो सभी आवश्यक उपाय चाहे ब्लीचिंग पाउडर का प्रयोग हो या पूरे क्लम्प को उखाड़ना हो या मेड़बन्दी करना हो या सर्वे कराना हो, सभी आवश्यक उपाय विभाग और शोध परिषद के माध्यम से किया जा रहा है, क्योकि जब किसान मुस्कुराता है तब मा. मुख्यमन्त्री जी मुस्कराते है। श्री राणा ने कहा कि हमने पिछले वर्ष एक आधुनिक टिशूकल्चर लैब शाहजहॉपुर संस्थान को दी है जो कि उत्तर भारत की सबसे आधुनिक प्रयोगशाला है, जो कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के बीज गन्ना देने में सहायक होगी। मीडिया के एक सवाल के जबाब मे गन्ना मन्त्री ने कहा कि कोरोना काल मे भी प्रदेश की 119 चीनी मिलों में गन्ना पेराई का कार्य अनवरत चलता रहा और आखिरी चीनी मिल 23 जून 2020 को बन्द हुई, जो कि इस सरकार की किसान हितपरक नीतियों का सूचक है। श्री राणा ने कहा कि आज प्रदेश की 55 से ज्यादा चीनी मिलें बी-हैवी मोलासेस बना रही है जिससे उ.प्र. ऐथनाल उत्पादन में भी प्रथम पायदान पर है।

## गरीबों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, रैन बसेरों में करें सभी इंतजाम :संतोष

संवाददाता। शाहजहाँपुर



**नगर आयुक्त** संतोष शर्मा के निर्देश पर उप नगर आयुक्त आशुतोष दुबे ने शेल्टर होम हनुमतधाम और अजीजगंज रैन बसेरों की व्यवस्था का जायजा लिया इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया गरीबों की जरुरत व शीतलहर को देखे हुए कमजोर वर्ग के लोगों के लिए रैन बसेरा की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की गई है । उन्होंने कहा कोई भी व्यक्ति रात में सड़क या फुटपाथ पर सोने के लिए मजबूर न हो इसका लिए नगर निगम हर संभव प्रयासरत है । उन्होंने कहा रैन बसेरों, शेल्टर होम में रूकने वाले कमजोर वर्ग के लोगों को ठंड से बचाने के लिए गद्दे, कंबल, स्वच्छ पेयजल, शौचालय व किचन का प्रबंध कराया जाए।रैन बसेरे के लिए वरिष्ठता का नोडल अधिकारी नामित किया गया। रैन बसेरों में महिलाओं व पुरुषों के सोने व शौचालय आदि की भी अलग-अलग व्यवस्था की गई। इस मौके पर नगर आयुक्त संतोष शर्मा अपर आयुक्त सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# शहीद का शव पहुंचा पैतृक गांव, उमड़ा जनसैलाब



**संवाददाता। कायमगंज/फर्रूखाबाद**

**मृत्यु** जीवन का सत्य है , किंतु जो देशहित में अपने प्राणों की बाजी लगाकर इस दुनिया से विदा लेते हैं, जमाना उन्हीं को सिर झुकाता है। ऐसा ही एक जांबाज सैनिक जनपद एटा के थाना राजा का रामपुर के गांव विजयपुर में पैदा हुआ । जिसने सीआरपीएफ अर्धसैनिक बल में सैनिक पद पर अपने कर्तव्य का पालन करते हुए असम राज्य में अंतिम सांस ली।

शहीद सैनिक रमेश चंद यादव अपने पिता उमाशंकर सिंह की संतानों में से एक था । इन्हीं के एक भाई सर्वेश सिंह भी सेना में सेवाएं देने के बाद अब सेवानिवृत्त होकर घर पर आ चुके हैं । जबकि तीसरा भाई उर्वेश सिंह घर पर ही रह कर अपने परिवार की देखरेख करता है। सैनिक का एक भतीजा आशीष कुमार बीएसएफ में नौकरी करता है। शहीद अपने पीछे अपनी विधवा पत्नी मुन्नी देवी तथा 19 वर्षीय बेटे अर्जुन सिंह एवं 16 वर्षीय बेटे करण सिंह को छोड़कर हमेशा के लिए चिर निद्रा में विलीन हो गया।

शहीद सैनिक के शव को असम से दिल्ली होते हुए वायु मार्ग से लखनऊ लाया गया । जहां से सैनिक वाहन द्वारा उनके पैतृक गांव विजयपुर ले जाया जा रहा था। इसकी सूचना कायमगंज क्षेत्र तथा सैनिक के गांव वालों को मिली वैसे ही बड़ी संख्या में ग्रामीण कायमगंज नहर मार्ग पर आकर एकत्र हो गए । दिन के लगभग 2:00 बजे जैसे ही शव लेकर वाहन पहुंचा। वैसे ही हाथों में तिरंगा ध्वज लहराते हुए शहीद सैनिक के शव पर ग्रामीणों ने पुष्प चक्र चढ़ाकर पुष्प वर्षा करते हुए भारत माता के जयघोष के नारे लगाए। यहां से चलकर वाहन जैसे-जैसे आगे बढ़ता गया वैसे वैसे ही ग्राम सोतेपुर, आलियापुर, शाह आलमपुर, महमूदपुर पट्टी सपाह,खेतलपुर सौरिया आदि के ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर जांबाज सैनिक शहीद को





श्रद्धांजलि अर्पित की। उधर शहीद के परिवारी चांदगीराम के साथ ही ग्रामीण शीलू पिंकू अतुल मुकेश कुमार राहुल नरेंद्र सिंह सत्येंद्र सिंह रिंकू सहित एक सैकड़ा से भी ज्यादा युवा हाथों में तिरंगा ध्वज लिए दो पहिया वाहन पर सवार हो मातमी स्वागत जुलूस में शामिल हो शव यात्रा के साथ चल रहे थे। सैनिक का शव जब उनके पैतृक आवास पर पहुंचा तो सैनिक की विधवा मुन्नी देवी तथा मां की आंखों से आंसुओं की धारा बहने लगी ।किंतु कुछ ही देर बाद बे संभल कर बोली, मां ने कहा कि बेटे की मौत का गम तो है, लेकिन खुशी भी है कि मेरी कोख से जन्मे मेरे लाल ने भारत मां की सेवा करते हुए अंतिम सांस ली। वही जांबाज शहीद की विधवा मुन्नी देवी ने कहा कि अपने जीवनसाथी को खोकर मैं अनाथ तो हुई पर मुझे गर्व है कि मेरे पति दिलेरी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वाह करते हुए देश के काम आए। फूलों से ढके हुए सैनिक के शव को सम्मान के साथ वाहन से उतार कर उनके पैतृक आवास पर अंतिम दर्शन के लिए रखा गया । जहां शोकाकुल माहौल में उमड़ी भीड़ ने शहीद सैनिक को श्रद्धांजलि अर्पित कर अंतिम दर्शन किए। इसके तुरंत बाद सैनिक के शव को पूरे सम्मान के साथ । आए सैनिक साथियों ने सलामी देते हुए नमन किया। वैदिक मंत्रोचार के साथ सजाई गई चिता पर रखे शव को शहीद के बेटे ने मुखाग्नि दी।

# अकबरपुर पुलिस ने डीजल चोर गिरोह का किया पर्दाफाश



**संवाददाता। कानपुर देहात**

**एसपी** के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत शनिवार को शातिर डीजल चोर गिरोह का पर्दाफाश कर तीन चोरों को चोरी के डीजल व अन्य सामान के साथ गिरफ्तार किया गया। मामले के खुलासे व चोरों की गिरफ्तारी में अकबरपुर चौकी पुलिस प्रभारी की भूमिका प्रमुख रही। अकबरपुर चौकी ईंर्चाज रणजीत सिंह, एसआई देवेन्द्र कुमार, हे0का0 संतोष कुमार सहित अन्य पुलिस बल ने शनिवार की रात्रि को सिद्धनाथ मिश्रा निवासी डुडियामऊ थाना बरौर, सरमन यादव व रामू निवासी शेखपुर उन्नाव को चोरी के डीजल के 25-25 लीटर के चार भरे हुये कैन, एक ड्रम में 20 लीटर डीजल, एक प्लास्टिक के पाइप सहित 20 कुन्तल चोरी का सरिया के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी व माल की बरामदगी नवीपुर के पाण्डेय होटल के पीछे की गयी।

# प्रशासन ने विधवा की फसल दबंगों के कब्जे से कराई मुक्त



**संवाददाता। इटावा**

**भरथना** प्रशासनिक अधिकारियों ने राजस्व विभाग की टीम व भारी पुलिस के साथ रविवार की दोपहर करीब 12 बजे तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला मुच्छारियाँ साम्हो पहुँच कर भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शक्ति.नारी मिशन का एक ऐसा उद्धरण प्रस्तुत किया है जिसमे शक्ति.नारी मिशन को पंख लग गये है। आपको बतादें भरथना तहसील क्षेत्र के ग्राम नगला मुच्छारियाँ साम्हो निबासनी 75 बर्षीय बुजुर्ग एक विधवा कमला देवी पत्नी स्व0विजय वहादुर की कृषि भूमि पर गांव के कुछ नामजद दबंग अबैध रूप से कब्जा किये हुए थे। साथ ही दबंगई के बल पर इस कृषि भूमि पर फसलें जोत वो रहे थे। यह आपको बताना यह जरूरी हो गया है कि पीड़ित बुजुर्ग विधवा कमला देवी को कोई पुत्र नही है जिसके कारण बुजुर्ग विधवा लाचार व असहाय बनी हुई थी। बीते दिनों कमला देवी ने उक्त शिकायत प्रशासनिक अधिकारियों से जैसे ही की गई शासनिक अधिकारियों ने शक्ति नारी मिशन के तहत कार्यवाही करते हुए नारी का सम्मान रखते हुए उसकी सम्पत्ति पर पुन: कब्जा दिला दिया। इस कार्यवाही में भरथना के तहसीलदार गजराज सिंह यादव, कोतवाल अनिल कुमार, उपनिरीक्षक इमरान खान, लेखपाल अजित सिंह यादव का विशेष सहयोग रहा। जिसपर बुजुर्ग विधवा नारी ने जनपद के प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

# वृद्ध जनों को सम्मानित कर दिए दीपावली के उपहार

**● बुजुर्गों को शॉल ओढ़ा कर किया गया सम्मानित, उनको दिए गए गिफ्ट**

**संवाददाता। कायमगंज/फर्रूखाबाद**

**जनपद** फर्रूखाबाद में स्थित वृद्धा आश्रम स्थान अलावलपुर में आज एकत्र हुएसभी बुजुर्गों को दीपावली की शुभकामनाएं संस्था की ओर से दी गई। इस अवसर पर संस्था ने सभी वृद्धजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही मास्क उपलब्ध कराएं तथा दीपावली पर्व की खुशी में उन्हें मिठाईयां पटाखे मोमबत्तियां तथा सुगंधित वस्तु के रूप में अगरबत्ती आदि भेंट की।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस क्षेत्राधिकारी मोहम्मदाबाद सोहराब आलम द्वारा सभी सम्मानित वृद्ध जनों को दीपावली की शुभकामनाएं दी गई। एवं सभी ने मिलकर आपस में दीपावली की खुशियां बांटते हुए एक-दूसरे का मुंह मीठा कराया। सी ओ श्री आलम ने कहा कि हर त्यौहार हमें सामाजिक समरसता का संदेश देता है।इसलिए समाज में सभी को आपस में मिलजुल कर भाईचारे के साथ ही रहना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक साहसी बालिका संस्था की खुशबू मिश्रा, शिल्पी मिश्रा, दिव्या, शिवानी, निकिता तथा वृद्ध आश्रम के अधीक्षक मयंक सिंह व राजेश कुमार, सौरव यादव, सुशील कुमार ,राम लड़ैते कटियार, निर्दोष कुमारी आदि ने भी बृध्दजनों को सम्मानित कर उनके स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया।

# ट्रेन की चपेट में आने से दो महिलाओं की मौत,रेलवे ट्रैक रहा घंटों बाधित

**संवाददाता। इटावा**

**थाना** क्षेत्र के अन्तर्गत कचौरा रेलवे पुल के समीप ट्रेन की चपेट में आने से ट्रेक पार कर रही दो महिलाऐं मौके पर ही मृत्यु हो गई। 30 मिनट तक रेलवे ट्रेक भी बाधित रहा। बताते है कि रविवार की शाम तीन बजे रेलवे ट्रेक पर एक 45 वर्षीय महिला जो साडी पहने थी तथा उसके साथ एक 17 वर्षीय युवती थी जो सलवार सूट पहने थी रेलवे ट्रेक पार कर रहे थे तभी अपलाइन खम्बा न0 1170।19 तथा 1170।21 के बीच की तरफ से 2549 नोर्थ ईस्ट एक्सप्रेस आ गई तभी महिला उसकी चपेट मे आई उसको बचाने के लिए जैसे ही युवती आगे वढी वो चपेट मे आ गई जिससे दोनो की घटनास्थल पर मृत्यु हो गई। ड्राईवर ने ट्रेन को जसवतंनगर स्टेशन पर रोका और गाडी मे फंसे महिला व युवती के शरीर के अंगो को बाहर



निकाला तब तीन बजकर 34 मिनट पर गाडी जसवंतनगर से दिल्ली के लिए रवाना हुई। सूचना मिलने पर रेलवे इंजीनियर स्टाफ के रामकिशोर मीना तथा सोनू कुमार घटनास्थल पर पहुॅचे और उन्होने शवो को ट्रेक से हटाया तथा जसवंतनगर थाना पुलिस को घटना का मीमो भेजा मौके पर पहुॅचे प्रभारी निरीक्षक रमेश सिंह ने बताया कि उन्हे जैसे ही सूचना मिली बह घटनास्थल पर आ गये उन्होने आसपास के गांव के लोगो को शिनाख्त के लिए बुलाया तथा फॉरेंसिस टीम को भी घटनास्थल पर बुलाकर शवो के नमूने लिये मगर सामचार लिखे जाने तक शवो की शिनाख्त नही हुई है इस घटना के चलते नंदकानंन एसप्रेस लगभग 15 मिनट पर पिछले सरायभूपत स्टेशन पर खडी रही इस घटना के समय उपनिरीक्षक बनबारी लाल, आरपीएफ के एएसआई एनएच चाहर आदि मौजूद थे।

# विधायक सुशील शाक्य ने पानी की टंकी का किया उद्घाटन



**संवाददाता। राजेपुर/फर्रूखाबाद**

**अमृतपुर** क्षेत्र विधायक सुशील शाक्य राजेपुर थाने के बाहर नई टंकी बनी जोकि लगभग 5 लाख रुपये खर्चे से बनी टंकी का उद्घाटन किया। वहीं पर विधायक ने थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार गंगवार से नई टोटी लगाने का निर्देश दिया तो थानाध्यक्ष ने बताया कि मेरे पास अभी चाबी भी नहीं तो विधायक ने आदेश दिया कि चाबी थानाध्यक्ष राजेपुर को सौंप दी जाए और टंकी चालू किया जाए। जिससे आम जनमानस को पानी की कोई दिक्कत ना हो सके वहीं राजेपुर जूनियर हाईस्कूल में 17 लाख की लागत की बनी आरसीसी रोड का भी उद्घाटन किया विधायक ने कई कमियां पाई विधायक ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि आरसीसी रोड हाई स्कूल की जो कहीं ऊंची कहीं नजर आ रही है वही भूरी व वर्षा किन्नर ने विधायक से हाथ जोड़कर ने निवेदन किया है कि मुझे हल्का दिलाया जाये राजेपुर थानाध्यक्ष ने राजेपुर हल्का नहीं दिलाया।

# आंखों में रोशनी लाना पुण्य का कामः डीएम



**संवाददाता। कानपुर देहात**

**डीएम** ने एसपी व डेरापुर एसडीएम के साथ डेरापुर कस्बे में नि:शुल्क ऑखों के कैम्प का शुभारम्भ किया। इस मौके पर डीएम ने ऑखों में रोशनी लाने के काम को पुण्य कार्य बताते हुये आयोजकों की तारीफ की।

डीएम डा0 दिनेशचन्द्र ने एसपी केशव कुमार चौधरी व डेरापुर एसडीएम दीपाली भार्गव के साथ सज्जादा नश्ज़ीन आस्ताना आलिया चिस्तियॉ रफीकिया संस्था डेरापुर द्वारा आयोजित नि:शुल्क ऑखों की जॉच व आपरेशन कैम्प का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर डीएम ने मौके पर मौजूद लोगों से अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की बात कहते हुये बताया कि समुचित पौष्टिक खाद्य पदार्थों के नियमित सेवन से आप अपने आपको लम्बे समय तक फिट रख सकते है हरी सब्जियों में पर्याप्त पोषक तत्व मौजूद रहते है। भोजन के बाद हल्दीयुक्त दूध का सेवन जरूर करना चाहिये। सॅस्था द्वारा नि:शुल्क ऑखों के कैम्प के आयोजन की पहल की तारीफ करते हुये डीएम ने बताया कि ऑखों में रोशनी लाना पावन पुनीत पुण्य का काम है। इस मौके पर डीएम, एसपी व एसडीएम को आयोजकों ने प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सॅस्था के डायरेक्टर मुफ्ती अंफासुल हसन चिश्ती ने कार्यक्रम में शिरकत करने आये पुलिस तथा प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# अभ्यास वर्ग से होता है बौद्धिक विकास व व्यक्तित्व का निर्माण

**फर्रुखाबाद।** विद्यार्थी परिषद के अभ्यास वर्ग के कार्यक्रम में डा0 कुलदीप आदि ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से कार्यकर्ताओं में व्यक्तित्व निर्माण,बौद्धिक क्षमता को बढ़ाने के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर मॉ वाणी सरस्वती एंव विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन किया गया। सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज श्यामनगर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए डा0 शैलेन्द्र शर्मा ने विद्यार्थी परिषद के इतिहास की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को इससे जुड़कर राष्ट्रशक्ति का परिचय होता है। यह ऐसा संगठन है जहां सभी एक साथ आकर एक दूसरे से परस्पर मिलकर कार्य करते हैं। यह अपना अनूठा संगठन होने का परिचय देता है। संयोजक मृत्युंजय ने कार्य पद्धति के विषय में बोलते हुए कहा कि संगठन कई वर्षों से कार्य कर रहा है।

# बदमाशों ने खाली पड़े मकान से फिर पार किये गहने और नगदी



**इटावा।** भरथना कोतवाली पुलिस महकमे में रविवार की शाम करीब 4 बजे उस समय हड़कम्प मच गया जब भरथना के मोहल्ला मंडी मोड़ निबासी सपा जिला पंचायत सदस्य अजय यादव के सगे बहनोई निबासी मंडी रोड़ जल सिंह तीन दिनों से सुने पड़े घर मे अज्ञात बदमाशों ने छत के रास्ते से प्रवेश कर कमरों में रखी लोहे की अलमारी बक्से आदि तोड़ कर नगदी व सौने चांदी के आभूषण पार कर दिए। घटना की जानकारी ग्रहस्वामी किसान जल सिंह व उसकी पत्नी सुमन देवी और पुत्री कु0नेहा को रविवार की दोपहर करीब 3 बजे पड़ौसियों द्वारा हो सकी। पीड़ित ग्रहस्वामी किसान जल सिंह की पत्नी सुमन देवी ने बताया कि धान की फसल कटने के बाद खेतों में पड़ी पराली समेटने वह परिवार समेत अपने पैतृक गांव मुसीकापुर तीन दिन पूर्व अपने सुना घर छोड़ कर गई हुई थी। घटना की खबर मिलते ही घर मे देखा तो उनके होश उड़ गए। पीड़ित गृहस्वामियों के अनुसार अज्ञात बड़नाशों ने रात के अंधेरे में छत के रास्ते पहले लोहे का जाल तोड़कर घर मे दाखिल होने का प्रयास कियाएसफल नही होने पर बदमाशों ने सीढ़ियों में लगे दरवाजे तोड़कर घर मे प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ग्रहस्वामी किसान जल सिंह ने भरथना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। जिसपर भरथना पुलिस चौकी प्रभारी राजेन्द्र सिंह ने घटना स्थल का मौका मुआयना कर बदमाशों की तलाश शुरू करदी है।

# एसडीएम की अगुवाई में छापे, भरे गए नमूने



**संवाददाता। कानपुर देहात**

**अगामी** दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुये प्रशासनिक अधिकारियों के साथ खाद्य सुरक्षा व औषधि विभाग के अधिकारियों ने आम लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध करवाने के लिये नमूने भरे। अकबरपुर तहसील में सदर एसडीएम आनन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की अधिकारी ने बादशाह इण्टरनेशल प्रा0लि0 जैनपुर की फैक्ट्री में छापेमारी की यहॉ नमकीन, बेसन व खाद्य तेल का नमूना भरा गया, नवीपुर के हरीओम की दुकान से बर्फी व चाकलेट बर्फी का नमूना संग्रहीत किया गया। डेरापुर तहसील क्षेत्र के लक्ष्मणपुर झींझक में नायब तहसीलदार जगरूप सिंह के नेतृत्व में एफएसओ विनीता यादव द्वारा खोये का नमूना संग्रहीत किया गया। मुख्य खाद्य सुरक्षा अभिहीत अधिकारी शैलेश दीक्षित ने बताया कि जॉच रिर्पोट आने के बाद कार्यवाही की जायेगी।

# माथुर वैश्य सभा के रक्तदान शिविर में रिकार्ड 90 यूनिट रक्त एकत्रित

**जसवंतनगर।** अखिल भारतीय माथुर वैश्य महासभा की स्थानीय इकाई द्वारा रविवार को एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गयाए जिसमें लोगों ने बढ़चढ़कर रक्तदान कर महादान में अपना योगदान किया। शाम 4 बजे तक 90 यूनिट रक्त लोगों द्वारा दान किया जा चुका था। बड़ी संख्या में माथुर वैश्य समाज व अन्य समाज के लोग और महिलाएं रक्तदान करने स्वप्रेरणा से शिविर में पहुंचीं।20 महिलाओं भी आकर रक्तदान किया । रक्तदान के इस शिविर की शुरूआत उपजिलाधिकारी जसवंतनगर ज्योत्स्ना बन्धु ने स्वयं रक्तदान करके किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सैफई यूनिवर्सिटी के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो डॉ आदेश कुमार और क्षेत्रधिकारी रमेश चंद्र ने मौजूद रहकर रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया।

नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष राम कुमार गुप्ता ने व्यपारियों को प्रेरित करने के लिए लिये अपना रक्त दान किया। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र गुप्ता एडवोकेटए प्रमोद गुप्ता माथुरए वेदव्रत गुप्ताए ब्रह्म शंकर गुप्ता ए अभिषेक गांगल्सएपवन माथुरए सुभाष बंटीए महिला अध्यक्ष राजा बेटी गुप्ता और मंत्री सुनीता गुप्ता आदि ने मुख्य अतिथिए विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और क्षेत्रधिकारी का स्वागत किया।

बिलैया मठ के पास स्थित बीएसजी फार्म में इस पांचवे रक्तदान शिविर का आयोजन सैफई यूनिवर्सिटी के ब्लड बैंक की सहायता से किया गया। एकत्रित रक्त सैफई ब्लड बैंक में जमा रहेगा और जरूरतमंदों के काम आएगा। इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों के करकमलों से आम एनीबू अमरूदए पलास आदि के पौधों का पौधरोपण भी किया गया।

रक्तदान शिविर प्रभारी मणिशंकर गुप्ता एडवोकेटए सह प्रभारी रवि गुप्ताए अभिषेक गुप्ता ने बताया कि माथुर वैश्य मंडलीय परिषद फिरोजाबाद की ओर से पूरे मंडल में इस तरह के रक्तदान शिविर गत वर्षों से लग रहे हैं। ब्लड बैंक की रक्त कलेक्सन टीम में डॉ रोबिन सिंह अनुराग सिंहए अजित सिंहए विकास पांडेयए सलमान सिद्दीकी एअवध सिंह आदि सम्मिलित रहे।

# जरूरत का सामान पाकर आई चेहरों पर मुस्कान

**संवाददाता। औरैया**

**एक** विचित्र पहल सेवा समिति रजिण्औरैया द्वारा शरद ऋतु की दस्तक के चलते शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने वाले आदिवासीए बंजारेए लोहा पीटो समुदायए कूड़ा बीनने वालेए दिहाड़ी मजदूरोंए दिव्यांगोंए अति निर्धनए बे.सहाराए भूमिहीन व जरूरतमंद लोगों को वस्त्र व कंबल वितरण कार्यक्रम प्रारंभ किया गया जिसके अंतर्गत रविवार को प्रात: 9 बजे यमुना तट मार्ग जालौन रोड पर मूल रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र के निवासी खुले आसमान के नीचे तंबू लगाकर रहने तथा प्लास्टिक व लाख के चूड़ी कड़ा बेचकर गरीबी में भीख मांगकर अपने परिवार का पोषण करने वाले आदिवासी बहेलिया.बंजारे समाज के लोगोंए महिलाओं व बच्चों को गर्म वस्त्रए जूताए चप्पलए मोजाए शॉल व कंबल वितरित किए गयेए बहेलिया समाज के लोगों ने बताया कि बुंदेलखंड क्षेत्र में सूखा पड़ने के कारण वहां कोई काम नहीं हैए इसलिए हम लोग दर.दर भटकते हुए



छोटा मोटा फेरी व्यापार व भीख मांगकर खुले आसमान के नीचे भगवान के सहारे अपने बच्चों का पेट पाल रहे हैंए गौरतलब है कि संपन्न लोगों के पास अपने घरों में अनुपयोगी ;रिटायर्डद्ध कपड़ों को रखने के लिए जगह नहीं हैए जबकि जरूरतमंद लोग कपड़ों के अभाव में ठिठुरन के साथ खुले आसमान के नीचे जीवन यापन करने के लिए मजबूर हैए जबकि शहर के जागरूक नागरिक अपने अनुपयोगी वस्त्रों को स्वेच्छा से दान करके अति.निर्धन जरूरतमंद परिवार के लोगों की मदद का हिस्सा बन सकते हैंए समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि समिति द्वारा शरद ऋतु में कंबल व वस्त्र वितरण कार्यक्रम अनवरत जारी रहेगा

## पटाखों पर प्रतिबंध की मांग

**औरैया।** वस्त्र वितरण के उपरांत जालौन रोड पर स्थित पिकनिक स्पॉट पर एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पर्यावरण व वायु प्रदूषण के असंतुलन के कारण प्रदूषण से पटते हुए आसमान से निरंतर बढ़ रहे वायु प्रदूषण जोकि आम आदमी की सेहत से जुड़ी हुई जन समस्या हैए उस पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने कहा कि लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण व वायुमंडल में बढ़ते हुए वायु प्रदूषण की रोकथाम के लिए देश के कई राज्यों की सरकारों ने आम आदमी की स्वास्थ्य रक्षा को दृष्टिगत रखते हुए पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया हैए जोकि जनहित में बहुत ही सराहनीय कदम हैए पटाखों का धुआं पर्यावरण में तेजी से वायु प्रदूषण घोलने का काम करता हैए पटाखा निर्मित स्थानों पर आए दिन बड़े हादसे होते रहते हैंए पटाखों के चलाने से कभी.कभी अनजान बच्चे भी चपेट में आकर घटना का शिकार हो जाते है तथा पटाखों के धुए से निकलने वाली तमाम विषैली गैसों से श्वासए अस्थमाए फेफड़ों में संक्रमण आदि तमाम गंभीर बीमारियां उत्पन्न हो जाती हैं। समिति के संस्थापक ने उत्तर प्रदेश सरकार से जनहित में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध की मांग की है।

हमीरपुर की प्राणवायु खराब

# एअर क्वालिटी इंडेक्स 172 के पार

● दमा खांसी व श्वास के मरीजों का बढ़ना जारी
● डा. कुमार सत्यम ने प्रदूषण व इससे गंभीर परिणामों की दी जानकारी

संबाददाता। हमीरपुर


डा. कुमार सत्यम

**जिले में** प्रदूषण के चलते आबोहवा लगातार खराब होती जा रही है यहां की एअर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) यानी वायु गुणवत्ता सूचकांक 172 पार कर गयी है। जब कि स्वस्थ रहने के लिये एक्यूआई शून्य से पचास के बीच रहना चाहिये। लिहाजा दमा, खासी व श्वास के मरीजों का बढ़ना लगातार जारी है।

जानकारी के मुताबिक प्रदूषण विभाग जिले में लगातार छा रही धुंध को बहुत हल्के से ले रहा है। मगर यहां पर वाहनों का धुआ, व धूल से प्रदूषण की हद 172 पार कर गयी है। डा. कुमार सत्यम ने दावा किया है कि यदि हमीरपुर जिला दो नदियो के बीच स्थित न होता तो जिले का प्रदूषण अब तक 225 तक पार कर जाता। नदियो के कारण जो धूल के कण है उनकी रफ्तार कम हो जाती है। उनका मानना है कि वायु प्रदूषण न केवल मेट्रो सिटी के लिये सिर दर्द बना हुआ था बल्कि यह बुन्देलखंड में लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदूषण हर आयु वर्ग के लिये बेहद हानिकारक है सिरदर्द होना बुखार,आख दर्द नाक से पानी आना प्रदूषण का कारण हो सकता है, उनका मानना है कि कोरोना काल में प्रदूषण से इन बीमारियो का जन्म होता है इसलिये संक्रमण को ताकत प्राप्त होती है। इसलिये इससे बचने के लिये व्यायाम व योगा वहा पर करे जहां पर हवा तेज न बह रही हो। प्रायवेट वाहनों का प्रयोग नही करना चाहिये इसके लिये हरेक वाहन की जांच प्रदूषण केंद्रमे कराना चाहिये ताकि वाहन कच्चा धुआ न फेक सके, इससे संपूर्ण समाज को नुकसान होता है। डा. सत्यम ने दावा किया है कि जहां पर वायु प्रदूषण होगा वहा पर गंभीर बीमारी के मरीज पाये जाते है यदि सड़क के किनारे जमा कूडे के ढेर को जलाया जाता है तो उससे सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलता है। यदि इस पर रोक न लगायी गयी तो दमघोटू हवा हो जायेगी ।यदि एक्यूआई में सुधार नही हुआ तो मार्निंगवाक करना भी नुकसानदेह हो जायेगा। जिले में सबसे ज्यादा प्रदूषण वाहनों से फैल रहा है मगर परिवहन विभाग इस ओर कोई ध्यान नही दे रहा है।

## दीपावली में ग्रीन पटाखों का ही करें प्रयोगः विज्ञान संचारक


विज्ञान संचारक वैज्ञानिक डा. सुशील दिवेदी

**हमीरपुर।** विज्ञान संचारक सुशील दिवेदी का कहना है कि दीपावली में खतरनाक पटाखों का प्रयोग नही करना चाहिये बल्कि सभी को ग्रीन पटाखों का प्रयोग करना चाहिये भारत सरकार ने प्रदूषण से मुक्ति दिलाने के लिये ग्रीन पटाखों का निर्माण कर दिया है इसमें प्रदूषण विल्कुल नही होता और आवाज बेहद कम होती है जिससे वायु व ध्वनि प्रदूषण बेहद कम हो जायेगा। ये पटाखे बैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा तैयार किये गये है। श्री दिवेदी ने दावा किया है कि सामान्य पटाखों से भारी मात्रा में नाइट्रोजन व सल्फर गैस निकलती है जब कि ग्रीन पटाखो में पचास फीसदी से भी कम जहरीली गैस निकलती है। सरकार ने अरोमा क्रैकर्स का निर्माण किया है जिसमें बदबू के बजाये खुशबू पैदा होती है यही नही कुछ पटाखे तो ऊपर जाकर बूद बूद पान भी छोड़ते है जिससे प्रदूषण को मुक्त करने में सहायता प्राप्त होती है ।यदि दुकानदारों को यह निश्चित कर दिया जाये कि वह ग्रीन पटाखों की विक्री करेगे तो लोगो को इसका लाभ मिलेगा। इसके अलावा अन्य कई प्रकार के पटाखों का निर्माण कराया गया है।

## चारों तहसीलों व कलेक्ट्रेट में स्थापित होगे पीएएस

**हमीरपुर।** जिले में अब कोरोना के जन जागरण के लिये मुख्यालय समेत प्रत्येक तहसील में पब्लिक एड्रेस सिस्टम (पीएएस) स्थापित किये जायेगे। शासन ने इसके लिये 1.75 लाख रुपये का बजट दिया है। शासन ने कोरोना जागरण व जनता को कोई महत्वपूर्ण जानकारी देने के लिये जिले की चारो तहसीलो में पब्लिक एड्रेस सिस्टम स्थापित करने का फैसला किया है इसके लिये पूरा सिस्टम जैसे माइक कुर्सी व एक कर्मचारी नियुक्त किया जायेगा। जो कोरोना के बचाव के बारे में जानकारी देगा। यह सिस्टम करीब बारह घंटे काम करेगा। इसके बाद जनता को यदि कोई सार्वजनिक सूचना देनी होगी तो इसी सिस्टम से बताया जायेगा यह सिस्टम मौदहा, राठ, सरीला, हमीरपुर तहसीलों के अलावा कलक्ट्रेट प्रांगण में स्थापित किया जायेगा एक सिस्टम की लागत 35 हजार रुपये है इसके लिये टेंडर निकाल दिये गये है शासन ने कहा है कि सिस्टम को कैसे विस्तार किया जायेगा इसके लिये पालिसी बनायी जा रही है।

## क्विक न्यूज

### लाभार्थियों को आज से घर-घर मिलेगा सूखा राशन

**चित्रकूट।** बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग ने नौ नवम्बर से अक्टूबर माह का राशन वितरण जिले के 959 आंगनबाडी केन्द्रों में सूखे राशन का वितरण लाभार्थियों के घर-घर करेगा। रविवार को जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्य सेविका व आंगनबाडी कार्यकत्रियों को निर्देश दिये गये हैं कि छह माह से तीन वर्ष और तीन से छह वर्ष के बच्चों, गर्भवती व धात्री महिलाओं तथा किशोरियों के स्वास्थ्य व सही पोषण देने को मीठा, नमकीन, दलिया व लड्डू मिक्स के स्थान पर सूखा राशन गेहूं, दाल, चावल, देशी घी व दूध बांटा जायेगा। स्वयं सहायता समूह कोटेदार से सूखा राशन लेकर आंगनबाडी केन्द्रों पर देंगे। ये राशन आंगनबाडी कार्यकत्री लाभार्थियों के दरवाजे-दरवाजे पर देंगी। छह से तीन वर्ष के बच्चों को एक किलो चावल, डेढ़ किलो गेहूं, 750 ग्राम दलों के साथ हर तीसरे महीने चार सौ ग्राम दूध व साढ़े चार सौ ग्राम देशी घी दिया जायेगा। नया सूखा राशन कलर कोडेड होगा। गर्भवती व धात्री महिलाओं के लिए पीला छह से तीन वर्ष के बच्चों के लिए आसमानी नीला, तीन से छह वर्ष के बच्चों के लिए हल्का हरा, किशोरियों के लिए गुलाबी व अति सुपोषण की जरूरत वाले बच्चों के लिए लाल रंग के पैकेज में सूखे राशन का वितरण स्वयं सहायता समूह के माध्यम से होगा।

### प्रधान पुत्र पर कानूनी कार्रवाई की मांग

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के कालूपुर पाही गांव के राजेश कुमार पुत्र रामआसरे ने कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि शिवमन्दिर के पीछे तालाब में लगे सिंघाडे को पांच नवम्बर को अपरान्ह डेढ बजे प्रधान ओमप्रकाश का पुत्र कल्लू भारद्वाज रुंधी हुई तार की खम्भियां उखाडकर जला रहा था। विरोध पर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। रविवार को पीड़ित ने कोतवाल को दी तहरीर में कहा कि उसके खेत में बचाव को खम्भियां गडी हुई हैं। पीड़ित ने खम्भियां जलाने का विरोध किया तो कल्लू ने नल के नीचे लगे प्लास्टिक पाइप को काट दिया। पीड़ित ने कोतवाल से कहा कि प्रधान के पुत्र से उसे जान का खतरा है। पीड़ित ने कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

### हटाया गया अवैध कब्जा

**रामपुरा (जालौन)।** ग्राम पंचायत टीहर निवासी नंदलाल पाल की तहसील दिवस शिकायत पर मौके पर पहुंच लेखपाल प्रज्ञा मिश्रा ने पुलिस बल के साथ अवैध कब्जा किए लोगों का कब्जा हटवाया तथा चेतावनी देते हुए कहा कि आप कोई भी अवैध कब्जा नहीं करेंगे वरना आप पर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकती है आपको बताते चलें की ग्राम टिहर में अपने घर के सामने कूड़ा करकट गोबर इत्यादि डालते थे जहां कूड़ा करकट डालते थे उसके बगल में नंदलाल काखेत था जहां ट्रैक्टर खेत में ले जाने पर काफी परेशानी होती थी नंदलाल ने एक शिकायती पत्र उप जिलाधिकारी महोदय को तहसील दिवस में दिया था जिसका निस्तारण आज लेखपाल प्रज्ञा मिश्रा ने मौके पर जांच कर किया फिलहाल निस्तारण संतोषजनक हुआ मौके पर आसाराम पुलिस बल के साथ सुनील एवं केके व ग्रामीण के लोग मौजूद रहे।

### धार खरीद में हेराफेरी की शिकायत जिलाधिकारी को भेजी

**जालौन (उरई)।** गल्ला मंडी के व्यापारियों द्वारा बिना बिल लगाए खरीदे जा रहे धान को बोली लगाकर खरीदे जाने की मांग किसानों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर की है। तहसील क्षेत्र के किसान रामराज सिंह, चिंता सिंह, वीरेंद्र सिंह, ब्रजकिशोर, आदर्श सिंह सुखवीर सिंह आदि ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर लिखा कि उन्होंने अपने खेत में अलग अलग प्रजाति की धान की फसल बोई थी। फसल घर आने के बाद उसे मंडी में बेचना है। जिसके लिए नजदीकी मंडी जालौन गल्ला मंडी है। किसानों का आरोप है कि मंडी के धान खरीदने वाले व्यापारी धान की बोली नहीं लगाते हैं। सभी प्रजातियों के धान कम कीमत पर खरीद रहे हैं। जिससे किसानों को नुकसान हो रहा है। जबकि नियमानुसार प्रत्येक प्रजाति के धान की अलग अलग बोली लगाकर उसे खरीदा जाना चाहिए। गल्ला मंडी में ऐसा न होने से किसान मायूस हैं। किसानों ने डीएम से मांग की है कि गल्ला मंडी के व्यापारियों को प्रत्येक प्रजाति का धान अलग अलग बोली लगाकर खरीदने के लिए निर्देशित किया जाए। ताकि किसानों को अपना माल कहीं दूर मंडियों में न ले जाना पड़े।

### खनुवां, हरीपुरा में जुआ खेलते 21 जुआड़ी धरे गए

**जालौन (उरई)।** दीपावली के त्यौहार पर गांव-गांव चल रहे जुआ के फड़ों की रोकथाम के लिए पुलिस का छापामारी अभियान शुरू हो गया है। शनिवार की रात कोतवाली पुलिस ने ग्राम खनुवां व हीरापुरा में छापामारी कर 21 लोगों को पकड़ा है जिनके पास से 26550 रूपए बरामद हुए हैं। शनिवार की रात को कोतवाली पुलिस ग्रामीणों में चल रहे जुआ के फड़ों को रोकने के लिए काम करती रही। मुकबिर की सूचनाओं पर कोतवाल रमेशचंद्र मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक गंगासागर, रामनरेश की टीम ने पहले हरीपुरा में सार्वजनिक स्थल पर चल रहे हारजीत के खेल पर छापेमारी की तथा जुआ खेल रहे संदीप, सुल्तान, पप्पू, रामदास, मुनेश, ब्रजेश, जोगेन्द्र, विजय व संजीव निवासीगण हीरापुरा को पकड़ लिया जिनके पास से माल फड़ 8 हजार रुपए तथा जामा तलाशी में रूपए बरामद हुए हैं। हरीपुरा का जुआ पकड़ने के बाद पुलिस ने ग्राम खनुवां में सार्वजनिक स्थल मां के मंदिर के पास चल रहे जुआ के फड़ पर छापेमारी की तथा बाजी लगा रहे राजेन्द्र, अनिल, विमल, हेमंत, राघवेन्द्र, भगवत शरण, साहिद, धर्मपाल, रोहित, जयकरन, सूर्य कुमार, राजाराम, कमल सिंह निवासीगण खनुवां को जुआ खेलते पकड़ लिया जिनके पास से जामा तलाशी के दौरान 2550 रूपए बरामद हुए हैं फड़ पर 13 हजार रुपए बरामद हुए हैं।

### तलाक व धमकी देने का महिला ने लगाया आरोप

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** कस्बा समधन के मोहल्ला पछाईतरफनिवासी चुन्नी पुत्री मुख्तियार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि उसकी 3 वर्ष पूर्व गुरसहायगंज तिर्वा रोड निवासी युवक के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिनों बाद उसके पति ने उसे घर से निकाल दिया था। 30 अक्टूबर को उसके पति ने मोबाइल फोन पर तीन बार तलाक कहकर तलाक दे दिया। तथा कानूनी कार्रवाई करने पर जान माल की धमकी देते हुए दूसरी शादी कर ली। पीड़िता द्वारा घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस को 31 अक्टूबर को शिकायत करने गई थी। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। जिस पर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस पकड़े सभी 21 लोगों को पकड़ कर कोतवाली ले आयी है तथा उनके खिलाफमामला दर्ज कर लिया है।

### छापे में शराब बनाती महिला समेत चार गिरफ्तार

**हमीरपुर।** मुस्करा पुलिस ने आज कबूतरा डेरा में छापा मारकर साठ लीटर अवैध शराब व पांच कुंटल लहन के साथ एक महिला समेत चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। कबूतरा डेरा में हुये बवाल के बाद आज पुलिस ने छापामार कर गीता पत्नी स्व. लक्ष्मण, धर्मेंद्र सिंह, जगमोहन, मलखान निवासी कबूतरा डेरा की तलाशी मे साठ लीटर कच्ची शराब लहन व चार अदद शराब बनाने के उपकरण बरामद किये गये है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### दंपति ने महिला का फोड़ा सिर

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के गुलाब नगर मोहल्ला निवासी फातिमा पत्नी रियाज ने बताया कि दरवाजे के पास कचरा पड़ा हुआ था। किसी जानवार ने कचरा फैला दिया। जिससे मोहल्ले के यूनिस और उसकी पत्नी परवीन गाली गलौज करने लगी। विरोध करने पर दोनों लाठी से उसका सिर फोड़ दिया। जिससे उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं है।

## आनलाइन कराया जायेगा ग्राम पंचायतों का आडिट

● इस साल होगा सिर्फ 85 ग्राम पंचायतों का आडिट, परेशानियां बढ़ेंगी, लोग चिंतित

**हमीरपुर।** शासन ने पहली मर्तवा ग्राम पंचायतों का आडिट आन लाइन कराने का फैसला किया है पंचायती राज विभाग आडिट विभाग को आठ लैपटाप उपलब्ध करायेगा बाद में आडिट के बाद इन लैपटापो को पंचायत विभाग को डाटा समेत वापस कर दिया जायेगा। जिला लेखा परीक्षक विभाग के लेखा परीक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि शासन ने आडिट करने की पुरानी व्यवस्था को समाप्त कर नयी व्यवस्था के तहत आन लाइन आडिट करने का फैसला किया है। इस चालू वित्तीय वर्ष में पच्चीस फीसदी ग्राम पंचायतों का आडिट किया जायेगा जिले में तीन सौ 50 ग्राम पंचायते है फिलहाल इस साल 85 ग्रामपंचायतों का आडिट किया जायेगा। अगले वित्तीय साल में सभी ग्राम पंचायतो का आडिट सुचारु रुप से संपन्न होगा।


जिले मे सात ब्लाक है पंचायत विभाग आठ लैपटाप आडीटरों को उपलब्ध करायेगा। आडिट करने के बाद सभी लैपटाप पंचायत विभाग को वापस कर दिये जायेगे। किसी प्रकार आडिट करना पड़ेगा आनलाइन आडिट में जो अभिलेख कम पड़ेगे तो प्रधान व सचिव को आनलाइन अभिलेख देना होगा वे कितने दिन में अभिलेख देगे या नही देगे जिससे आडिट प्रक्रिया बाधित होगी। पहली मर्तवा काम होने के कारण ज्यादातर कर्मचारी कम्प्यूटर चलाने में एक्सपर्ट नही है जिससे यह समस्या आयेगी। किसी प्रकार समस्या को हल किया जायेगा। लेखा परीक्षक ने बताया कि के आन लाइन आडिट करने कीसूचना विभागीय अधिकारियों को दे दी गयी है।

## टेक्नीशियन न होने से करोड़ो की मशीनें फांक रही हैं धूल

**सरीला (हमीरपुर)।** सामु. स्वास्थ्य केंद्र की दुर्दशा पर किसी का ध्यान नहीं है। दो साल से महिला चिकित्सक की तैनाती नहीं है। एक्स रे- टेक्निशियन स्थानांतरण के बाद भी यहां ज्वाइन नहीं कर रहा है। जिससे लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कस्बे में सारी सुविधाओं से सुसज्जित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बना है। लेकिन डाक्टरों की भारी कमी है। तीन डॉक्टरों की तैनाती है। एक डॉक्टर की ड्यूटी कोविड सेंटर कुरारा में लगी है। दो साल से महिला डॉक्टर नहीं है। महिला चिकित्सक न होने से महिलाओं को इलाज के लिए बाहर जाना पड़ता है। जिससे समय व धन की बर्बादी होती है। लगभग तीन साल से एक्स-रे टेक्नीशियन न होने की वजह से लाखों की लागत से लगी मशीनें धूल फांक रहीं हैं।मुख्य चिकित्साधिकारी ने चार नवंबर को मुस्करा स्वास्थ्य केंद्र में तैनात एक्स-रे टेक्नीशियन अमित पाण्डे का स्थानांतरण सरीला सीएचसी किया है।

## ददरी दोहरे हत्याकांड में दो महिलाएं गिरफ्तार, मुख्य आरोपी पकड़ से दूर

● मंगलवार को पूर्व प्रधान व उसके पुत्र की गोली माकर की गई थी हत्या


पुलिस की गिरफ्त में दो महिला अभियुक्त

**राठ (हमीरपुर)।** ददरी दोहरे हत्याकांड के वांछित चल रहे हत्यारोपियों में पुलिस ने आज दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। साथ ही महिलाओं को संरक्षण देने वाले दो युवकों को भी गिरफ्तार किया है। इस हत्याकांड के मुख्य आरोपियों को पुलिस अभी भी गिरफ्तार नहीं कर सकी है।

बीते मंगलवार को कोतवाली क्षेत्र के ददरी गांव में पूर्व प्रधान पृथ्वीराज यादव व उसके बड़े पुत्र जीतेंद्र यादव की दिन दहाड़े गोलीमार कर हत्या कर दी थी। जबकि गोलीवारी में छोटा पुत्र धीरेंद्र यादव गंभीर रूप से घायल हुआ था। जिसका अभी झांसी में इलाज चल रहा है। पुलिस ने घायल युवक की तहरीर पर गांव के रामसेवक सहित पुत्र संजय, कपिल, पत्नी लुडडन, कपिल की पत्नी, संजय की पत्नी व बल्लांय गांव निवासी प्रदीप, सूरज व एक अज्ञात के विरूद्ध हत्या की रिपोर्ट दर्ज की थी। इस हत्याकांड को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी फरार हो गये थे। घटना के पांच दिन बीत जाने के बाद रविवार को पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में आरोपी लुडडन पत्नी रामसेवक, पूजा पत्नी कपिल निवासीगण ददरी व इनको संरक्षण देने वाले रविकरण पुत्र रामगोपाल निवासी ग्राम लोधामऊ थाना विवांर व निजाम मोहम्मद उर्फ डब्ल्यू पुत्र पीरबक्स निवासी ग्राम चिल्ली थाना मुस्करा को राठ-विवांर मार्ग पर महेरा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया है। हत्याकांड में आरोपी दो महिलाओं की गिरफ्तारी से पुलिस ने राहत की सांस ली है। इस दोहरे हत्याकांड के मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस की पकड़ से कोसो दूर नजर आ रहे है।

## अवैध खनन में पुलिस ने दबोचे दो ट्रैक्टर

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर अवैध खनन की रोकथाम को जारी अभियान में बहिलपुरवा थानाध्यक्ष दीनदयाल सिंह ने बिना रवन्ना के अवैध पत्थर खनन कर चोरी से ले जाते दो ट्रैक्टरों को बरामद किया है। रविवार को बहिलपुरवा थाना के दरोगा शेरपाल सिंह टीम के साथ सेमरिया चरणदासी जा रहे थे। मुन्नू गौतम पुत्र मिथलेश कुमार निवासी सेमरिया चरणदासी बिना नम्बर के ट्रैक्टर से बिना रवन्ना के पहाड से पत्थर का अवैध खनन कर चोरी कर ले जाते गिरफ्तार किया। अवैध खननकर्ता के खिलाफ धारा 379, 411 व खनिज अधिनियम तथा लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर ट्रैक्टर सीज किया गया। इसी क्रम में बहिलपुरवा थाने के दरोगा दुर्गेश कुमार की टीम ने नयापुरवा रुकमा बुजुर्ग से टैक्ट्रर में अवैध पत्थर बिना रवन्ना के चोरी कर ले जाते बरामद किया। ट्रैक्टर चालक पुलिस टीम को देखकर टैक्ट्रर छोड़कर फरार हो गया।

## कोरोना गाइडलाइन उल्लंघन का मामला दर्ज

● मेगामार्ट के उद्घाटन के दौरान जमकर उड़ी थीं गाइडलाइन की धज्जियां

**चित्रकूट।** आखिरकार रविवार को पीवी मेगामार्ट के खिलाफ कोरोना गाइडलाइन के उल्लंघन का मामला दर्ज हो गया। शनिवार को मेगामार्ट के उद्घाटन के दौरान जमकर लापरवाही बरती गई थी और पूरा मामला जिले में चर्चा का विषय बना था। कर्वी कोतवाल ने बताया कि धारा 188 के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है।

गौरतलब है कि शनिवार को जिला मुख्यालय में पीवी मेगामार्ट का शुभारंभ हुआ था। जिसका उद्घाटन जगद्गुरु रामभद्राचार्य के उत्तराधिकारी रामचंद्र दास ने किया था। उनसे भी मीडियाकर्मियों ने इस संबंध में बात की थी और उन्होंने भी तब कहा था कि मालिकों को इसका ध्यान रखना चाहिए। उद्घाटन के बाद ही रामचंद्र दास आनन फानन चले गए थे। उद्घाटन के दौरान भीड़भाड़, मास्क न लगाए जाने की बातों को वहां मौजूद तमाम लोगों ने आपत्तिजनक बताया था। कुछ लोगों ने मेगामार्ट में ठगी की भी बात कही थी। मामला मीडिया में उछला तो बात आईजी बांदा के सत्यनारायण तक पहुंची। उन्होंने तुरंत मामले का संज्ञान लिया और बताया जाता है कि इस संबंध में चित्रकूट पुलिस को कानून सम्मत कार्रवाई के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी अरुण पाठक नेकार्रवाई के निर्देश दिए। कोतवाली प्रभारी अरुण पाठक ने बताया कि माल के मालिकान के खिलाफ धारा 188 के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। वहीं जिला प्रशासन पहले ही माल संचालक के खिलाफ कोरोना गाइड लाइन उलंघन की नोटिस जारी कर चुका है। एडीएम ने बताया कि मामले की जाँच कराई जा रही है। रिपोर्ट आने के बाद माल संचालको के खिलाफ कार्यवाई की जायेगी।

## शवदाह गृह की बीम ट्रैक्टर पर गिरी, चालक की मौत

**रामपुरा (जालौन)।** गौशाला के लिए पशु चारा (करब) ले जाते समय शवदाह गृह की बीम ट्रैक्टर पर गिरने से ग्रामीण की ठौर मौत हो गई। रामपुरा थाना अंतर्गत नगर ऊमरी में गौशाला के लिए पशु चारा एकत्रित किया जा रहा है, इसी क्रम में श्याम किशोर उर्फ कल्लू तिवारी उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र भगवती प्रसाद तिवारी निवासी मजीठ किसी दूसरे के मांगे हुए ट्रैक्टर में बाजरा की करब भरकर गौशाला के लिए ले जा रहे थे। जब वह शवदाह गृह के समीप से गुजर रहे थे उसी समय शवदाह गृह की भारी-भरकम बीम उनके ऊपर गिर पड़ी जिससे स्टेरिंग एवं बीम के बीच में फसकर उनकी गर्दन कट गई और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। उक्त घटना की सूचना जैसे ही लोगों को लगी तो हजारों लोगों का हुजूम घटना की हकीकत जानने को घटना स्थल पर उमड़ पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने शवदाह गृह के घटिया निर्माण को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए जिम्मेदार लोगों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराने की मांग की है।

## दीपावली को लेकर पुलिस को किया गया अलर्ट : सीओ

**उरई (जालौन)।** दीपावली त्यौहार को देखते हुये उरई सर्किल के पुलिस अधिकारियों को विशेष सतर्कता बरतने के साथ ही बाजारों में महिला पुलिस कर्मियों की टीमें निरंतर भ्रमण करेंगी ताकि महिलाओं के प्रति कोई भी अराजक तत्व आपराधिक घटना को अंजाम न देने पाये। उक्त बात सीओ सदर संतोष कुमार ने एक निजी भेंटवार्ता के दौरान बतायी। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिस तरह से जिला मुख्यालय में लंबे समय से सट्टा कारोबार पर पूर्ण विराम लगाया गया हैं उसी तरह से आने वाले समय में जुआड़ियों व गांजा बिक्री में संलिप्त लोगों के विरुद्ध भी अभियान चलाकर उन्हें उनकी असली जगह पर पहुंचाने का कार्य पुलिस करेगी। उन्हें इस बात की निरंतर सूचना मिल रही है कि नगर में कई स्थानों पर कुछ लोग चोरी छिपे गांजा की बिक्री कर युवाओं को गजेड़ी बनाने में लगे हुये हैं। ऐसे स्थानों को चिन्हित करवाया जा रहा है और आने वाले समय में ऐसे लोगों की धरपकड़ की जायेगी। सीओ संतोष कुमार ने स्पष्ट किया कि दीपावली जैसे त्यौहार को देखते हुये बाजारों में होने वाली भीड़भाड़ को लेकर भी पुलिस अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं। बाजार में आने वाले लोगों व महिलाओं की सुरक्षा के लिये एक ओर जहां महिला पुलिस, महिला शक्ति मोबाइल के साथ ही कोतवाली की महिला सिपाही बाजार में निरंतर भ्रमण करेंगी इसके साथ ही पुलिस जवान भी नगर के विभिन्न चौराहों पर मुस्तैद रहेंगे। जो भी पुलिस कर्मी अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतेगा उसके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। जनता का आवाहन किया कि वह दीपावली त्यौहार पर जुये जैसी कुरीति से दूर रहकर अपने परिवार के साथ हंसी खुशी त्यौहार मनायें।

## आईटी और इलेक्ट्रानिक्स सेक्टर में प्रगति कर रहा यूपीः अजीत सिंह

**चित्रकूट।** कोरोना शांति की कामना को लेकर कामदगिरि की परिक्रमा करने भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट पहुंचे उत्तर प्रदेश सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री अजीत पाल सिंह ने कहा कि योगी सरकार द्वारा यूपी में सॉफ्टवेयर सॉल्यूशंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी में निवेश को बढ़ावा दिया जा रहा है। रविवार को धर्म नगरी के दौरे पर आए राज्यमंत्री पाल ने मनोकामनाओ के पूरक भगवान कामतानाथ जी के दर्शन-पूजन के बाद कोरोना महामारी की शांति की कामना को लेकर कामदगिरि पर्वत की पंच कोसीय परिक्रमा लगाई। इस दौरान उन्होंने सुप्रसिद्ध डंडा सरकार का भी आशीर्वाद लिया।इस मौके पर विशेष वार्ता में राज्यमंत्री श्री पाल ने कहा कि सूबे की योगी सरकार ने दुनिया भर के उद्यमियों को यूपी में निवेश के अवसर प्रदान किया है।

पाल ने कहा कि उप्र में कोविड 19 के दौरान एमएसएमई के भविष्य को बदलने में सूचना प्रौद्योगिकी की अहम भूमिका रही है। अजीत सिंह पाल ने कहा कि सक्षम सरकार के तहत अब उप्र एक औद्योगिक हब के रूप में उभर रहा है जो कई बड़े और छोटे कॉर्पोरेट घरानों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। उप्र राज्य आईटी और इलेक्ट्रानिक्स क्षेत्र की ओर बढ़ रहा है। एमएसएमई को विशेष रूप से वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी लागत के हिसाब से और गुणवत्ता के लिहाज से आईटी सॉफ्टवेयर तैनात करने चाहिए। आत्म निर्भर उत्तर प्रदेश बनाने का प्रयास न केवल भारत के लिए बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी बड़ी भूमिका निभा सकता है।

उप्र भारत में सबसे बड़ा उभरता हुआ बाजार है। सरकार उद्योग अनुकूल वातावरण में निरंतर सुधार के लिए दृढ़ संकल्प है। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों के लिए एक वेब आधारित ऑनलाइन सुविधा शिनवेश मित्र पोर्टलश् भी शुरू किया है।कहा कि इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश में व्यापार को बढ़ावा देना है। जिससे उद्यमियों को एक ही स्थान से सभी स्वीकृति और ऑनलाइन शुल्क जमा करने सहित सभी प्रकार की अन्य शिकायतो के समाधान तथा ट्रैक करने के लिए इलेक्ट्रॉनिक आधारित पारदर्शी प्रणाली के साथ उद्यमियों को सुविधा प्रदान की जा सके। उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नवीनतम पहल के बारे में बताते हुए कहा कि आईटी सेक्टर के स्टार्ट अप को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने न्यू स्टार्टअप पॉलिसी में बदलाव किए हैं और साथ में उन्होंने मार्केटिंग सहायता फंड आफ फंड्स, कॉमन सर्विस सेंटर एवं भारत सरकार के साथ ब्रॉड बैंड मिशन जैसी योजनाओं पर काम कर रही है। उप्र को देश का हृदय स्थल माना जाता है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियां अपने सदस्यों को अंतर्दृष्टि, कनेक्शन और समर्थन सेवाएं प्रदान करने का प्रयास कर सकती हैं जो उनकी कंपनियों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा में बढ़त दिलाएंगे।

## समाज में शोषण व उत्पीड़न पर रोक लगाने के लिए आवाज उठाएंः अमन



ग्रामीणों के साथ मौजूद प्रदेश महासचिव अमन हुसैन सिद्दीकी।

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** अंतरराष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण गरीब, मजदूर व पीड़ितों को उनका अधिकार दिलाने के लिए हर स्तर से संघर्ष करने के लिए संकल्पित है और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। कहा कि जनता का भी यह फर्ज बनता है कि वह अपने अधिकारों को जाने और समाज में शोषण और उत्पीड़न पर रोक लगाने में अपनी आबाज बुलंद करें। यह बात रविवार को अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक मानवाधिकार संरक्षण के प्रदेश महासचिव अमन हुसैन सिद्दीकी ने क्षेत्र के ग्राम महमूदपुर व चांदापुर में आयोजित कार्यक्रम में कही। प्रदेश सचिव इंजीनियर आमिर खान ने कहा की एक मनुष्य दूसरे मनुष्य की रक्षा करें तो उसको भी मानव अधिकार कहते हैं। हमारा कर्तव्य है कि हम नौजवान पीढ़ी को अच्छे संस्कारों और गुणों से पोषित करें। इससे पूर्व कार्यक्रम के आयोजक अमर सिंह सहित ग्रामीणों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर मुजीब खान, लल्ला, शाबान, रणवीर सिंह यादव, शैलेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, ददद्, इदरीश अली, रहमत अली, पहलवान धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## गरीबों को मिलेगा सस्ता व बेहतर इलाज

● बिलग्राम शरीफ ने फीता काटकर किया कादरी हॉस्पिटल का उद्घाटन

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)


मुख्य अतिथि का स्वागत करते डॉ0 अतीक अहमद।

**नगर के** पूर्वी रेलवे क्रासिंग के निकट गांधी नगर में बिलग्राम शरीफ हुसैन मियां ने कादरी हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में दलीय सीमायें टूट गई आयोजक द्वारा मुख्य अतिथि का फूलमालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल खुलने से जनता सहित गरीबों को कम कीमत में बेहतर इलाज की सुविधा मिलेगी।

रविवार को कादरी हॉस्पिटल का फीता काटकर उद्घाटन करने के उपरांत मुख्य अतिथि बिलग्राम शरीफ हुसैन मियां ने कहा कि नगर में बीड़ी मजदूरों की संख्या अधिक है। हजारों गरीब श्रमिक अपने बच्चों का इलाज महंगाई की बजह से नहीं करा पाते रहे हैं। ऐसे में डॉ. अतीक अहमद ने अस्पताल खोलकर गरीब मरीजों को उचित कीमत में बेहतर इलाज देने का जो संकल्प लिया है। उससे गरीबों को सीधा फायदा मिलेगा।

अस्पताल के संचालक डॉ. अतीक अहमद ने बताया की बुजुर्गों के मार्गदर्षन व क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सेवायें उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से आधुनिक मशीनों से सुसज्जित हॉस्पिटल का संचालन शुरू करवाया है। जिसमें विशेष योग्यता रखने वाले चिकित्सकों द्वारा मरीजों का इलाज किया जाएगा। गरीबों के लिए विशेष छूट का प्रावधान है। कार्यक्रम में डॉ. अरुण कुमार, डॉ. नसरीन फातमा स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, दानिश, अतीक सहित पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, सपा प्रदेश सचिव विनय श्रीवास्तव, समाजसेवी आसिफ जमाल खान पप्पी, प्रधान प्रतिनिधि वकील अहमद, भाकियू जिलाध्यक्ष शमीम सिद्दीकी, पूर्व ब्लाक प्रमुख रजनीकांत यादव, तारिक बसीर, शासकीय सभासद हृदय राम वर्मा, तरीक अहमद तरीक, आसिफ जमा खां, डॉ. शरद दुबे, एडवोकेट आफताब हुसैन, व्यापारी नेता परवेज अहमद उर्फ चन्दन, संजय पाल, एडवोकेट शाहमीर खान, प्रधान समसुल कमर का भी आयोजकों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

# कांग्रेस सांसद ने निभाया वादा

## प्रवासी श्रमिकों को किराए की रकम का करा दिया भुगतानः रवींद्र सिंह



संवाददाता। डलमऊ रायबरेली

**जिले** की सांसद श्रीमती सोनिया गांधी के द्वारा महामारी काल मे प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रवासी श्रमिकों के लिए किराए संबंधी घोषणा को पूरा करने की दिशा को यथार्थरूप देते हुए अपनी निधि से लगभग सवा सौ श्रमिकों को किराए के रूप में अदा की गई धनराशि को उपलब्ध कराया जिससे प्रवासी श्रमिकों के चेहरों पर खुशी के साथ आभार साफतौर पर देखने को मिला लाकडाउन के समय रायबरेली के जो भी प्रवासी श्रमिक रेल के द्वारा बाहर से आए थे उनके रेल यात्रा टिकट भुगतान की घोषणा की गयी थी जिसके अनुपालन को कांग्रेस कार्यकर्ताओं के माध्यम से प्रवासी श्रमिकों की सूची ब्लाकवार संकलित कराकर माननीया सांसद महोदया को प्रेषित की गयी थी जिसके फ्लस्वरूप रेल यात्रा टिकट का किराया रायबरेली जिले की सांसद सोनिया गांधी के द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी को उपलब्ध करा दिया गया है। रविवार को शांति मनोहर इंटर कालेज परिसर मे डलमऊ ब्लॉक के प्रवासी श्रमिकों मे लगभग एक लाख बयासी हजार सात सौ रुपए का आवंटन करने के साथ ही जिले की सांसद ने अपने वादे को पूरा करते हुए विपक्ष को करारा जवाब दिया गया. पूर्व मे ही सभी प्रवासी श्रमिकों की सूची जिनको किराए का भुगतान किया जाना है की सूचना स्थानीय श्रमिकों को उक्त कार्यक्रम की सूचना उपलब्ध कराने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने सभी कार्यकर्ताओं द्वारा इस घोषणा पर रात दिन मेहनत करते हुए इसकी सूची तैयार करने की सराहनीय भूमिका निभाई गयी कांग्रेस कार्यकर्ता व विद्यालय प्रबंधक संदीप चौधरी ने बताया कि कांग्रेस पार्टी जो वादा करती है उसे निभाने के लिए कोई कोताही नहीं बरती जाती इस कार्यक्रम में प्रमुख भूमिका कांग्रेस के सभी कार्यकर्ताओं ने निभाई जिसमे रवींद्र सिंह का मार्ग दर्शन हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा इस कार्यक्रम मे जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिंह प्रधान संघ प्रांतीय अध्यक्ष ,संजय श्रीवास्तव, संदीप चौधरी ओबीसी जिला अध्यक्ष,रामसुरेश,के द्वारा लॉकडाउन के दौरान प्रवासी मजदूरों को यात्री किराया वापस गया दिया गया लगभग सवा सौ प्रवासी श्रमिकों को किराया वापसी किया गया।

## गांजे के साथ गिरफ्तार किया गया जिला बदर बदमाश

**सुलतानपुर।** गुंडागर्दी पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस ने जिला बदर अपराधियों एवं हिस्ट्रीशीटर बदमाशों की टोल लेना शुरू कर दिया है। बेखौफ घूम रहा एक जिला बदर अपराधी रविवार को पुलिस के हत्थे चढ गया। उसके पास से गांजा भी बरामद किया गया है।

पुलिस क्षेत्राधिकारी कादीपुर के निकट पर्यवेक्षण में आंपरेशन अंकुश अभियान के तहत टाप-10, इनामिया अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए रविवार को सघन अभियान चलाया गया। कादीपुर पुलिस ने टाप-10 अपराधी राजकुमार शर्मा पुत्र राम मिलन शर्मा नि0 जफ्रपुर थाना कादीपुर सुलतानपुर को बजरंग नगर गांव से 500 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण कुमार मिश्रा, उ0नि0 शशिकांत पटेल, उ0नि0 दुर्योधन लाल, हे0का0 राजेन्द्र बहादुर सिंह, का0 अखिलेश यादव शामिल थे।

# धनवंतरि जयंती पर सम्मान से नवाजे गए कोरोना योद्धा



संवाददाता। सुलतानपुर

**धनवंतरि** जयंती पर विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित हुए। कोरोना के चलते इस बार जयंती सादगीपूर्ण माहौल में मनाई गई। पदाधिकारियों ने कोरोना योद्धाओं को सम्मान से नवाजकर हौसला आफ्जाई किया।

रविवार को शहर के सिरावार मार्ग पर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में धनवंतरि जयंती समारोह का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सीएमओ डा.सीबीएन त्रिपाठी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आरोग्य भारती के सचिव डा.अवनीश पांडेय, डा.रमाशंकर मिश्र, सीएमओ ने कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में होम्योपैथिक के चिकित्सक डा.केएस तिवारी, डा.एके सिंह वरिष्ठ सर्जन, डा.रवींद्र, डा.रमेश, डा.सुनील, डा.शहाबुद्दीन, डा. रामकुमार शामिल रहे। इस कार्यक्रम में आरोग्य भारती के सचिव अभिषेक पांडेय एवं अध्यक्ष डा.घनश्याम अग्रहरि, डा.प्रदीप, डा.अजय शर्मा, डा.प्रशांत की भूमिका सराहनीय रही।

# एसएसबी जवानों ने पशु तस्कर को मवेशियों के साथ पकड़ा



संवाददाता। श्रावस्ती

**जमुनहा** भारत नेपाल की खुली सीमा इन दिनों तस्करो को ज्यादा रास आ रही है खुली सीमा पर एस एस बी के जवान तैनात रहते है फ्रि भी तस्कर मोके का फायदा उठाकर तस्करी की तलाश में रहते हैं। तस्कर नशीले पदार्थों के साथ ही मवेशियों की भी तस्करी कर नेपाल भेज रहे हैं। ऐसा ही एक मामला जनपद श्रावस्ती में जमुनहा के सागर गांव के पास पिलर सँख्या 644 के पास देखने को मिली। एसएसबी 42वीं वाहिनी के कम्पनी कोदिया प्रभारी निरीक्षक बिपेन्दर सिंह को मुखविरो की सूचना पर आउट पोस्ट सागर गांव प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक गणेशा राम जानकारी दी साथ मे मुख्य आरक्षी अनिल आरक्षी राम सेवक राणा सन्दीप घोषारी संजीत कुमार गुप्ता महेश कुमार ने भारत नेपाल सीमा पिलर संख्या 644 से 200 मीटर अंदर बेलरी के पास 4 पड़वा मवेशी को लेकर नेपाल की तरफले जा रहे है मवेशी को मुहँ बांध रखा था। जिसे पेट्रोलिग कर रही टीम ने रोक कर मवेशी से सम्बंधित पेपर मांगे सहायक उपनिरीक्षक गणेशा राम ने पूछताछ करने पर उक्त ब्यक्ति कोई भी पेपर नही दिखा पाया और मवेशी को छोड़कर भागने लगे। जिसे जवानों ने घेराबंदी कर पकड़ लिया पूछताछ करने पर उसने अपना पता मल्हीपुर थाना क्षेत्र गंगा भागड़ निवासी कमलेश कुमार पुत्र मनिरथ बताया। जिसे मल्हीपुर थाने को सौप दिया जिस पर पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को जेल भेज दिया।

## वर्चस्व को लेकर दो गुटों में मारपीट

**कूरेभार, सुलतानपुर।** वर्चस्व को लेकर शनिवार की रात थाना क्षेत्र में दो गुटों में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में तीन लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिये जिला चिकित्सालय भेज दिया। जहां एक कि हालत गम्भीर देखते हुए लखनऊ रेफ्र कर दिया। मामला चौकी धनपतगंज अन्तर्गत कुट्टा चौराहे की है। जहाँ पर वर्चस्व को लेकर पखवारे भर पूर्व अनूप सिंह अपने समर्थकों के साथ बाजार से घर जा रहे थे तभी कुट्टा चौराहे पर बाइक हटाने को लेकर रणविजय सिंह व अनूप सिंह से कहा सुनी हो गयी फ्रि दोनों में मारपीट हो गयी। इस मामले में पुलिस ने दोनो तरफ से मुकदमा तो दर्ज कर लिया था, लेकिन आरोपियों के विरुद्ध कोई कठोर कार्यवाही नही की थी। शनिवार की रात नौ बजे रण विजय सिंह हरौरा बाजार में स्थित अपने धर्मकांटे पर बैठे थे।तभी खरकहिया निवासी अनूप सिंह से पुरानी रंजिश को लेकर दोनो में कहासुनी हो गयी और दोनों पक्षो में जमकर मारपीट हुई। मारपीट की इस घटना में अनूप सिंह, ज्ञान प्रकाश व संगम को गंभीर चोट आई। गनीमत यह रही कि कोई बड़ी घटना नही हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को इलाज के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। जहां नाजुक हालत देख अनूप सिंह को इलाज के लिये लखनऊ रेफ्र कर दिया।

# अपर पुलिस ने कोतवाली भिनगा व थाना सिरसिया में की अपराध समीक्षा



संवाददाता। श्रावस्ती

**अपर** पुलिस अधीक्षक वीसी दूबे ने कोतवाली भिनगा व थाना सिरसिया का निरीक्षण किया साथ ही सभी विवेचको के साथ मीटिंग कर लंबित मामलो की समीक्षा की । इस दौरान थाना कोतवाली भिनगा पर कुल 78 विवेचनाए व 50 प्रार्थना पत्र लम्बित पाये गए तथा थाना सिरसिया पर कुल 51 विवेचनाए व 32 प्रार्थना पत्र लम्बित पाये गए। वांछित वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा लंबित विवेचना प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण यथाशीघ्र निस्तारण हेतु प्रभारी निरीक्षक सहित सभी विवेचकों को निर्देशित किया साथ ही साथ सभी पुलिसकर्मी कोरोना महामारी से बचाव के नियमों का पालन करें अपने को सुरक्षित रखें साथ ही साथ जब भी आप लोग क्षेत्र में निकले तो लोगों को इस बीमारी के बारे में तथा इस बीमारी से बचने के लिए नियमों वा बातों का ध्यान रखना है उसके प्रति लोगों को जागरूक करें । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कार्यालय के रजिस्टरों को चेक किया गया इस दौरान थाने पर लंबित पड़े मालो का निस्तारण करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही आगामी त्योहार के दौरान व्यापक सुरक्षा व्यवस्था का इंतजाम करते हुए त्यौहार को सकुशल संपन्न कराने हेतु निर्देशत किया गया।

## नशेड़ियों के खिलाफ चला पुलिस का चाबुक

**सुल्तानपुर।** पुलिस अधीक्षक के फ्रमान पर नशेड़ियों के खिलाफ पुलिस का चेकिंग अभियान चला। पुलिस टीम ने औचक छापेमारी कर तीन दर्जन नशाखोरों को धर दबोचा। पुलिस के सर्च अभियान से अफ्रा-तफ्री का माहौल बना रहा। एसपी शिवहरी मीणा का निर्देश मिलने के बाद शनिवार रात जिले के सभी सर्किल के सीओ और थाना प्रभारी शराबियों के विरुद्ध आपरेशन चलाने में लग गए। जिले में खुलेआम सार्वजनिक जगहों पर नशेड़ियों ने अपनी महफ्लि जमा रखी थी। आम आदमियों का सड़क से गुजरना मुश्किल था। चीख-पुकार और गाली-गलौज की आवाजें आना आम सी बात हो गई थी। इसकी भनक लगते ही जिले के कप्तान एक्शन में आ गए। एसपी ने जिले की पुलिस को आपरेशन चलाकर कार्यवाही का निर्देश दिया तो पुलिस ने सर्च ऑपरेशन में 35 नशेड़ियों को धर दबोचा।

# धान खरीद में तेजी लाएं क्रय एजेंसियांः डीएम

संवाददाता। गोंडा

**शुक्रवार** को जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के राइस मिलर्स के साथ धान उठान के सम्बन्ध बैठक की तथा राइस मिलर्स को सख्त निर्देश दिए कि वे क्रय एजेन्सियों द्वारा खरीदे गए धान की उठान तत्काल शुरू कराएं अन्यथा कार्यवाही के लिए तैयार रहें।

बताते चलें कि क्रय एजेन्सियों द्वारा खरीदे गए धान को राइस मिलों द्वारा अभी लेने का काम न शुरू किए जाने से धान खरीद प्रभावित हो रही है। इसका संज्ञान लेते हुए डीएम ने जनपद के राइस मिलर्स के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर स्पष्ट कर दिया कि सरकार की मंशानुसार किसानों का धान प्रत्येक दशा में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के तहत खरीदा जाना है। इसमें सहयोग न करने वाली क्रय एजेन्सियों व राइस मिलर्स के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कड़ा एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने धान खरीद के प्रभारी अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि धान खरीद हेतु लगाए लेखपालों को सक्रिय करें तथा हर छोटे किसान का धान क्रय केन्द्रों पर खरीदा जाय, यह सुनिश्चित कराएं। उन्होंने यह भी कहा कि सत्यापन में समय न लगे, यह भी सुनिश्चित कराएं। बैठक में राइस मिलर्स द्वारा कुछ समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखी गईं जिस पर उन्होंने शासन को संदर्भित करने का आश्वासन दिया। उन्होंने राइस मिलर्स को निर्देश दिए कि वे तत्काल धान की उठान में सहयोग करें ताकि धान खरीद प्रभावित न हो। उन्होंने निर्देश दिए कि शीघ्रातिशीघ्र अनुबन्ध कार्य पूरा कर उठान चालू कराएं। बैठक में जिलाधिकारी ने क्रय एजेन्सियों को अधिकारियों को कड़ी फ्टकार लगाते हुए चेतावनी दी।

## फूड विभाग के छापे से दुकानदारों में मचा हड़कंप

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** दीपावली के करीब आते ही फूड विभाग का छापेमारी अभियान शुरू हो गया है। रविवार को जांच टीम ने कई दुकानों पर औचक छापेमारी कर नमूना लिया। छापेमारी अभियान से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा।

रविवार को मुख्य फूड सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र व फूड इंस्पेक्टर राम सिंगार यादव, खाद सुरक्षा अधिकारी उदय राज मौर्य ने रविवार को बल्दीराय क्षेत्र के कई बाजारों में वल्लीपुर, पारा बाजार, कुड़वार, रसूलपुर आदि जगहों पर चेकिंग अभियान चलाया। टीम ने दुकानों से से दूषित व हानिकारक खाने पीने से वस्तुएं का सैंपल लिया। खाद विभाग की छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। कुछ दुकानदार तो टीम को देख दुकानों के शटर गिरा रफू-चक्कर हो गए।

# ऊर्जा संकट के दीर्घकालिक समाधान विषय पर वेबिनार का हुआ आयोजन

संवाददाता। गोंडा

**श्री** लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा एवं स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज शाहजहांपुर के भौतिकी विभाग के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित किया गया। जिसका विषय ऊर्जा संकट का दीर्घकालिक समाधान रहा। कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग, एसएस कॉलेज शाहजहांपुर डॉ0 शिशिर शुक्ला द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा की एमएससी फाइनल की छात्रा कुमारी मनु सिंह की सरस्वती वंदना से हुआ। कार्यक्रम में श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा की प्राचार्य डॉ0 वंदना सारस्वत एवं एसएस कॉलेज के प्राचार्य डॉ0 एके मिश्रा व आइक्यूएसी के कोऑर्डिनेटर डॉ0 अनुराग अग्रवाल ने अपने आशीर्वचन से कार्यक्रम को गति प्रदान किया। मुख्य अतिथि डॉ0 वीपी सिंह भौतिक विज्ञान विभाग बरेली कॉलेज ने ऊर्जा को बुनियादी जरूरत बताया तथा अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन को भारत एवं विश्व के लिए महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने ऊर्जा संकट के समाधान के लिए सस्ती तकनीक विकसित करने की बात कहते हुए बायोमास से ऊर्जा उत्पादन किए जाने पर जोर दिया।वेबीनार के संयोजक डॉ0 जितेंद्र सिंह एचओडी डिपार्टमेंट ऑफ फ़िजिक्स श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कॉलेज गोंडा ने इस वेबीनार की प्रासंगिकता, ऊर्जा संकट तथा समाधान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में इस वेबीनार के आयोजन सचिव संतोष कुमार श्रीवास्तव असिस्टेंट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग ने इस वेबीनार को आयोजित करने के उद्देश्य एवं धारणीय विकास के लिए स्वच्छ ऊर्जा की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## दर्ज कराएं शिकायतः एडीएम

**गोंडा।** अपर जिलाधिकारी/प्रभारी अधिकारी धान खरीद राकेश सिंह ने बताया है कि खरीफ विपणन वर्ष 2020-21 के अन्तर्गत धान खरीद योजना के सफ्ल संचालन तथा शिकायतों की प्राप्ति एवं त्वरित निसतारण के लिए जनपद गोण्डा में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में धान खरीद नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने बताया कि धान खरीद से सम्बन्धित किसी भी प्रकार की समस्या के निराकरण के लिए कन्ट्रोल रूम के नम्बर 05262-230125 पर प्रत्येक कार्य दिवस में होता है।

# बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को लेकर आमजन को किया गया जागरूक



संवाददाता। श्रावस्ती

**यातायात** नवंबर माह के दौरान रविवार को पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के द्वारा जारी निर्देश के क्रम में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए वाहन चालकों व आमजन में यातायात जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु समस्त थानाए चौकी प्रभारी सहित प्रभारी यातायात उ0नि0 राजीव कुमार मिश्रा मय टीम द्वारा कस्बा व क्षेत्र में भ्रमण कर वाहन चालकों व आम जनमानस को यातायात नियमो व संकेतो के बारे में जानकारी देते हुए नियमों का अनुपालन करने और वाहन चलाते समय हेलमेट लगानाए सीट बेल्ट लगाना तथा मोबाइल का प्रयोग न करने के साथ.साथ शराब पीकर वाहन न चलानेए ओवर स्पीड व लापरवाही पूर्वक वाहन न चलाने की अपील की गई तथा सभी को यातायात पम्पलेट व पोस्टर आदि वितरित किया गया साथ ही थाना परिसर व सार्वजनिक स्थानों पर यातायात जागरूकता हेतु फ्लैक्स लगाए गए।

# ग्रामीणों ने जताई हत्या की आशंका और पुलिस बता रही थी दुर्घटना

संवाददाता। शिवगढ़ (रायबरेली)

**शिवगढ़** थाना क्षेत्र के गनेशगंज मजरे भवानीगढ़ के रहने वाले शिक्षक राजेंद्र कुमार के छोटे भाई अरविंद कुमार उर्फ सोनू की रविवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सर में गहरी चोट लगने से हुए अधिक रक्तस्राव से मौत की पुष्टि हुई है। विदित हो कि शुक्रवार की शाम करीब साढ़े 7 बजे थाना क्षेत्र के अहलादगढ़ पिट्रोल वाया गनेशगंज सम्पर्क मार्ग पर गांव से करीब 300 मीटर की दूरी पर 31 वर्षीय अरविंद कुमार का शव खून से लथपथ मिला था। अरविंद की मौत को लेकर जहां ग्रामीण हत्या की आशंका जता रहे थे, वहीं परिजन गहरे सदमे में होने के चलते कुछ बोलने को तैयार नही थे। थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया पीएम रिपोर्ट में सर में गहरी चोट लगने से अधिक मात्रा में हुए रक्त स्त्राव से मौत की पुष्टि हुई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पीएम रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि सड़क दुर्घटना में घायल होने से अरविंद की मौत हुई है। परिजनों के मुताबिक मृतक अरविंद कुमार उर्फसोनू पुत्र रामफेर शुक्रवार को दोपहर करीब 12 बजे भवानीगढ़ चौराहे के लिए घर से निकला था जहां से एक अपरिचित युवक के साथ अपरान्ह करीब साढ़े 3 बजे वापस लौटकर गांव आया था। जहां गांव के बाहर बने अपने नए घर में अपरिचित युवक के साथ अरविंद करीब 3 घंटे तक रुका था। जहां से वापस युवक को छोड़ने के लिए अरविंद शाम करीब साढे 6 बजे घर से निकला था। शाम करीब साढ़े 7 बजे अरविंद कुमार का शव उसके गांव से करीब 300 मीटर की दूरी पर खून से लथपथ अवस्था में मिला था। गांव के ही होमगार्ड देवीदयाल पांडेय की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। वहीं घटना स्थल से बरामद युवक की बाइक को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया था।

## साइबर ठगी थमने का नाम नहीं ले रही

**लालगंज रायबरेली।** साईबर ठगो का कहर थमने का नाम नही ले रहा है। साईबर सेल के गठन के बाद भी पीडतो की गाढी कमाई लुटने से नही बच पा रही है। निजी बैंक के कर्मचारी के खाते से साईबर अपराधियों ने 11000 रूपये पार कर दिये। जानकारी के अनुसार कस्बे के बाईपास रोड स्थित बंधन बैंक के कर्मचारी ईसान अहमद के मोबाईल में दो बार पैसे निकलने का मैसेज आया तो जानकारी करने पर उसे ज्ञात हुए कि उसके एटीएम से 11000 रूपये निकल गये। ईसान के अनुसार उसका एटीएम उसके ही पास है। पीडित को अपने साथ साईबर ठगी का पता चलने पर उसने मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को देते हुए रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव जीतने का दिया मूलमंत्र

संवाददाता। सुलतानपुर

**भारतीय** जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मण्डल अध्यक्षों तथा महामंत्रियों की संयुक्त बैठक जिला अध्यक्ष डॉ.आरए.वर्मा की अध्यक्षता में पयागीपुर स्थित बीजेपी जिला कार्यालय पर महापुरुषों को माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ हुई। बैठक में 15 दिनों तक मण्डल स्तर पर संपन्न हुए दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण के संबंध में मण्डल अध्यक्षों से फीडबैक लिया गया। आगामी एमएलसी शिक्षक चुनाव व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तैयारी की समीक्षा की गयी और कार्यकर्ताओं को संगठन को मजबूत करने व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जीतने का मूलमंत्र दिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा ने कहा प्रत्येक कार्यकर्त्ता की जिम्मेदारी है कि वह संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत, सक्रिय व फुलप्रूफ बनाये।पार्टी की विचारधारा, नीति- रीति व केन्द्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को अपने क्षेत्र में जन जन के बीच पहुँचायें। यह हमारा अहम दायित्व है। जिला अध्यक्ष डॉ आरए. वर्मा ने आगे कहा पार्टी को ग्राम स्तर से लेकर ब्लाक व जिला पंचायत स्तर पर होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को हर स्तर पर जीतना है। पार्टी के जिम्मेदार कार्यकर्ता पूरी तन्मयता व ताकत से त्रिस्तरीय पंचायत एवं शिक्षक एमएलसी चुनाव की तैयारी में जुट जाये। लोगों से संवाद व संपर्क स्थापित करे। आम लोगों व गरीबों को सरकार की योजनाओं का फायदा दिलाए और उनकी समस्याओं का समाधान कराये। जिला अध्यक्ष ने मण्डल अध्यक्षों के कार्यों की समीक्षा करते हुए दो टूक कहा संगठन निष्क्रिय व लापरवाह कार्यकर्त्ता को बर्दाश्त नहीं करेंगा। सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को अपने संगठनात्मक जिम्मेदारी के दायित्व को ईमानदारी व सक्रियता से निभाना होगा।

# किसानों की समस्या अब क्यों सुनें नेता!

संवाददाता। बछरावां रायबरेली

**पिछले** चुनाव के वक्त किसानों से किए गए वादे हवा हवाई देखने को मिल रहे हैं उत्तर प्रदेश और केन्द्र की सरकार बनते वक्त केंद्र की मोदी सरकार रही हो या फ्रि राज्य की योगी आदित्यनाथ की सरकार कई बड़े वादे किसानों के साथ किए गए आय दोगुनी करने के वादे किए गए लेकिन आखिरकार हुआ क्या एक तरफआवारा पशुओं से किसानों की फ्सल नष्ट हो गई उसके बाद खाद की किल्लत से किसान की फ्सल बर्बाद हो गई और अब जब आधी तिहाई फ्सल तैयार हुई तो धान का रेट बिचौलियों के चक्कर में ?

1000 से 1200 सौ तक लटक कर रह गई सरकारी मंडियों की बात की जाए तो बछरावां क्षेत्र में बनाई गई धान खरीद केंद्र है लेकिन वहां पर भी किसान से सही तरीके से धान खरीद नहीं किया जाता और किसान को नए नए नियम बताकर उन्हें वापस कर दिया जाता है बछरावां क्षेत्र में धान खरीद केंद्र एक तो है ही नहीं और है भी तो वह किसी काम के नहीं तो किसान करे तो क्या करें और करता ना क्या करता के हालात में बिचौलियों को ही धान भेचता भी है तो रेट ना होने के कारण किसान की लागत भर वापस नहीं आती और तो और यहां तक कि अब मजदूर किसानों के खेत काटने से भी कतराते रहते हैं क्योंकि धान का रेट उनकी मेहनत से काफी कम है।

अब किसान की फ्सल भी खड़ी है और किसान चौतरफा मार झेल कर परेशान है अब किसान उन नेताओं उन समाज सेवा करने वालो याद कर रहा है कि चुनाव के वक्त जो नेता जो समाज सेवा करने वाले लोग उनसे यह वादा करके गए थे कि उनकी आय दोगुनी होगी किसानों के लिए अच्छे अनाज खरीद केंद्र बनाए जाएंगे इसी आस लगाए किसान बैठा है किसान के आगे भुखमरी और दिन प्रतिदिन इस सरकार में बढ़ती चली जा रही है क्योंकि सरकार के नुमाइंदे व्हाट्सएप फेसबुक और सोशल मीडिया पर वाहवाही लूटने में मस्त है अब किसान यही सोच रहा है कि अगर इस वक्त यहां पर चुनाव होते तो कितना अच्छा सिस्टम उन्हें मिल पाता लेकिन किसानों का दुर्भाग्य यह है कि जो भी सरकारें आती हैं जो भी नेता आते हैं केवल किसानों को अच्छे-अच्छे लुभावने वादे करके चले जाते हैं बाद में उन्हें मरने के लिए छोड़ जाते हैं।

अब बछरावां क्षेत्र के किसानों ने भी अपनी आवाज बुलंद करने का साहस किया और आगामी चुनाव में ऐसे नेताओं से भी दो-दो हाथ करने का मूड बना लिया है कि जब ऐसे नेता बड़े बड़े वादे करेंगे तो उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा और किसान आज भी यही आस लगाए बैठा है कि काश कोई नेता आकर उनकी लड़ाई को लड़े और सरकार द्वारा उन्हें अच्छे मूल्य मे अनाज अनाज खरीदा जाए और गरीब किसानों के घरों के चूल्हो में आग पहुंच सके ।आखिर किसानों की समस्या अब क्यों सुने नेता?

## डीएम का कड़ा फैसला

# 391 आशा बहुओं की जाएगी नौकरी!

### लापरवाही को लेकर जिलाधिकारी ने की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई

### सीएमओ ने कहा, सुनने का दिया जाएगा अवसर

संवाददाता। बस्ती

**साहसिक** और कड़ा फैसला लेने के मामले में पहचान बना चुके डीएम आशुतोष निरंजन ने एक और बड़ा और कड़ा निर्णय निर्णय लिया। जिले की 391 लापरवाह आशा बहुओं की सेवाएं समाप्त करने का निर्देश सीएमओ को दिया है। यह निर्णय जिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति में लिया गया। इस समिति की की बैठक में आशा बहुओं के खिलाफ कार्रवाई होने की संभावना 'पायनियर' पहले ही जता चुका है। सीएमओ डा. एके गुप्त ने बताया कि अधिकतर आशा बहुएं प्राइवेट अस्पतालों के लिए दलाली का काम करने लगी थी, महिला अस्पताल से जबरिया गरीब महिलाओं को उठाकर प्राइवेट अस्पताल में ले जा करा कर डिलीवरी कराने का काम करती हैं, वहीं जिस काम के लिए इन्हें रखा गया वह काम नहीं करती। उन्होने बताया कि पहले इन लोगों को नोटिस दिया जाएगा। एचबीएनसी कार्यक्रम के तहत जिले में 2165 अशाएं प्रशिक्षित हैं।

प्रशासन के निशाने पर आशा बहुएं कई दिनों से थी। महिला अस्पताल की चार पीड़ित महिलाओं ने जब से आशा बहुओं की शिकायत की तब से आशा बहुएं प्रशासन, सीएमओ और महिलि अस्पताल की सीएमएस की आंख की किरकीरी बनी हुई थी। चूंकि इन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने का अधिकार डीएम की अध्यक्षता वाली जिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति को है। इस लिए बैठक का इंतजार हो रहा था। जानकार कहते हैं कि एक साथ में इतनी बड़ी संख्या में बर्खास्तगी की कार्रवाई करना आसान नहीं होगी। ग्राम पंचायत, प्रशासन और सीएमओ को इतना दबाव झेलना पड़ेगा, जिसका अंदाजा अभी नहीं है। प्रधानों का कार्यकाल समाप्त होने से बर्खास्तगी की कार्रवाई अधर में लटक सकती है। यह अलग बात है कि एमओआईसी इनसे काम लेना बंद कर दें। इससे पहले भी तत्कालीन डीएम माला श्रीवास्तवा ने भी लगभग 100 आशा बहुओं की सेवाएं समाप्त करने का आदेश दिया था लेकिन एक भी बर्खास्त नहीं हुई।

## डीएम ने हर्रैया, कप्तानगंज, रामनगर और रुधौली के एमआआईसी की थपथपाई पीठ

**बस्ती**। डीएम आषुतोष निरंजन ने हरैया, कप्तानगंज, रामनगर तथा रुधौली में मिनी पोषण पुनर्वास केंद्र संचालित करने के लिए यहां के प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों की पीठ थपथपाई।

साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि गंभीर रोग से ग्रसित बच्चों को जिला अस्पताल भेजें। सामान्य रूप से अति कुपोषित बच्चों का ही यहां पर इलाज हो। उल्लेखनीय है कि जिलाधिकारी की पहल पर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के अति कुपोषित बच्चों एवं उनके माता-पिता की सुविधा को देखते हुए नजदीक में मिनी पोषण पुनर्वास केंद्र शुरू किए गए हैं। इन चारों केंद्रों पर वर्तमान में चार बच्चों का इलाज भी चल रहा है। इसके सफल संचालन के बाद जिले के अन्य सीएचसी,पीएचसी पर भी दो-दो बेड अति कुपोषित बच्चों के लिए आरक्षित रख कर उनका इलाज किया जाएगा। बैठक में परिवार नियोजन, अंतराल दिवस, आयुष्मान भारत योजना, एचबीएनसी कार्यक्रम, मैटरनल डेथ रिव्यू, सीएचसी पीएचसी पर भर्ती मरीजों को नाश्ता एवं भोजन, जननी सुरक्षा योजना, एंटीनेटल सेवाएं, कोविड-19 एवं अन्य कार्यक्रमों में भुगतान की स्थिति की समीक्षा किया।

## तिलकपुर, कुसौरा व ओड़वारा के एएनएम किए गए सम्मानित

**बस्ती**। मानक पर खरा उतरने वाले तीन स्वास्थ्य उप केंद्रों तिलकपुर, कुसौरा तथा ओड़वारा को डीएम आशुतोष निरंजन ने प्रशस्ति पत्र प्रदान कर वहां की एएनएम को सम्मानित किया है। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में उन्होंने तिलकपुर की एएनएम सुनीता शुक्ला, कुसौरा की एएनएम माया देवी तथा औडवारा की एएनएम चंद्रा देवी को उन्होंने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उल्लेखनीय है कि पिछले माह उन्होंने जिले के सभी उप केंद्रों को सक्रिय करते हुए सभी संसाधन एवं सुविधाओं से लैस करने का निर्देश दिया था। पिछले दो तहसील दिवसों के बाद उन्होंने उस क्षेत्र के दो केंद्रों का निरीक्षण भी किया तथा वहां के कर्मचारियों को अच्छे कार्य के लिए प्रेरित भी किया। जिलाधिकारी का ऐसा मानना है कि जिले के सभी 273 उप केंद्र अपनी पूरी क्षमता से कार्य करें और वहां के स्थानीय जनता को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराएं, तो उन्हें पीएचसी, सीएचसी पर आने की आवश्यकता नहीं होगी।

### गर्भवती महिलाओं के अल्टासाउंड की होगी व्यवस्था

**बस्ती**। डीएम आशुतोष निरंजन ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान माह के प्रत्येक नौ तारीख को प्रभावी ढंग से लागू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश दिया है कि इस दिन गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड जांचके लिए प्रत्येक सीएचसी, पीएचसी पर दो दो अल्ट्रासाउंड केंद्र चिन्हित करें। समीक्षा में उन्होंने पाया कि केवल जिला मुख्यालय पर तीन अल्ट्रासाउंड केंद्र चिन्हित किए गए हैं, जो पूर्व में किए गए जांच के धन का भुगतान न होने पर अल्ट्रासाउंड जांच नहीं कर रहे हैं। कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाएं जिला मुख्यालय पर अल्ट्रासाउंड जांच के लिए नहीं आ सकती हैं। उनकी सुविधा को देखते हुए जिलाधिकारी ने प्रत्येक सीएचसी पीएचसी पर ही दो-दो अल्ट्रासाउंड केंद्र चिन्हित करने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने निर्देश दिया कि केवल माह की नौ तारीख को अभियान में आने वाली महिलाओं की ही अल्ट्रासाउंड जांच निशुल्क निजी केंद्रों पर कराई जाएगी और इन्हीं का भुगतान भी किया जाएगा।

### चार आयुष के डाक्टरों की सेवाएं होंगी समाप्त

**बस्ती**। कार्यस्थल पर लंबे समय से अनुपस्थित चल रहे आयुष चिकित्सक डॉ. ज्योति वर्मा, डॉ. नीलम, बीडीएस डॉ. माधुरी सिंह तथा अंजली वर्मा की सेवा समाप्ति के लिए जिलाधिकारी व अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति आशुतोष निरंजन स्वीकृति प्रदान की है।

### करोड़ों के अनाथालय की जमीन पर कब्जे की शिकायत सीएम पोर्टल पर

**बस्ती**। मालवीय रोड के बाह्मण महासभा कार्यालय के बगल में स्थित अनाथालय के करोड़ों रुपये की जमीन पर कब्जा करने का मामला सीएम के दरबार तक पहुंच गया है। सामाजिक कार्यकर्त्ता बृजवासी शुक्ल ने मुख्यमंत्री के पोर्टल पर कब्जे की जानकारी देते हुए उनसे सरकारी संपत्ति पर कब्जे को बेदखल कराने और कब्जेदारों के खिलाफ विधिक कार्रवाई कार्रवाई करने की मांग की है। एडीएम रमेशचंद्र पहले ही तहसीलदार को लेखपालों की टीम बनाकर जमीन का पैमाइश कराने का आदेष दे चुके है। हालांकि अभी तहसीलदार की ओर से कार्रवाई करने की जानकारी नहीं हो सकी।

शहर में सरकारी जमीनों पर कब्जा होने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। षहर में इतनी बड़ी जमीन पर कब्जा हो जाता है कि और तहसील वालों को पता नहीं चलता।

## बलात्कार के बाद किशोरी की हत्या का आरोपी पकड़ा गया

### सात वर्षीया पंछी को उठा ले गया था 22 वर्षीय शिवम पुत्र लालमनी

### पुलिसिया पूछताछ में आरोपी ने जुर्म स्वीकारा

संवाददाता। बीजपुर (सोनभद्र)

**स्थानीय** थाना क्षेत्रान्तर्गत स्थित ग्राम सभा महुली में मासूम किशोरी के साथ बलात्कार करके उसकी हत्या कर शव को महुली के जंगल में फेंकने का आरोपी शनिवार बीजपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थानाक्षेत्र के ग्राम सभा महुली निवासी पवन कुमार ने शनिवार को बीजपुर थाना में आकर प्रभारी निरीक्षक बीजपुर श्याम बहादुर यादव को तहरीर देकर अवगत कराया कि उसकी सात वर्षीया पुत्री पंछी को उसी ग्राम सभा का रहवासी 22 वर्षीय शिवम पुत्र लालमनी उठा ले गया है। काफी खोजबीन के बाद भी उसके पुत्री का पता नहीं चल रहा है। बीजपुर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 364 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर टीम बनाकर उसकी तुरन्त खोजबीन शुरू कर दी। टीम को मुखबीर के जरिए जल्द ही कामयाबी मिल गई।

प्रभारी निरीक्षक श्री यादव व उनके टीम में शामिल उप निरीक्षक शेषनाथ मिश्रा, आरक्षी राम अवध, अभिलाष व महिला आरक्षी रचना ने घेराबंदी कर आरोपी को गांव में स्थित परिषदीय विद्यालय में से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से कड़ाई से जब पूछताछ किया गया तो उसने किशोरी से बलात्कार करके उसके शव को महुली के जंगल मे फेंकने की बात कबूल कर लिया। आरोपी के निशानदेही पर पुलिस टीम ने किशोरी के शव को जंगल से बरामद कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही शनिवार को देर सायं जनपद के पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. राजीव कुमार सिंह, पुलिस उपाधीक्षक दुद्धी राम अशीष यादव व दुद्धी तहसील के तहसीलदार ने घटना स्थल पर पहुंचकर मौका मुवायना करके स्थिति से अवगत हुए। रविवार की सुबह पुलिस ने आरोपी को आई पी सी की धारा 364 के साथ साथ बढ़ोत्तरी किए गए आई पी सी की धारा 302व 201 के तहत चालान कर अग्रीम कार्रवाई के लिए जनपद न्यायालय में न्यायाधीश के समक्ष पेश किया।

## जन-जन के विकास के लिए समर्पित है भाजपा की सरकार: भूपेश चौबे

### स्नातक चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न

संवाददाता। सोनभद्र

**स्नातक** चुनाव को लेकर भाजपा की बैठक सम्पन्न हुयी बैठक की अध्यक्ष भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने किया। बैठक का शुभारंम्भ विधान परिषद सदस्य व प्रत्याशी केदार नाथ सिंह ने पं. दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है भाजपा का सामान्य कार्यकर्ता भी शीर्ष नेतृत्व का अपने योग्यता व कार्य के आधार पर पहुंच सकता है वाराणसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के प्रत्याशी के रुप में केदार नाथ सिंह चुनाव में प्रतिभाग कर रहे है। कार्यकर्ता के रुप में पहचान बनाने वाले केदार नाथ लगातार क्षेत्र की सेवा में लगे है हम सभी कार्यकर्ता पुरे मनोयोग से इस चुनाव में सघन संपर्क कर विजय हेतु प्रतिबद्ध है।

बैठक को संबोधित करते हुए स्नातक चुनाव के प्रत्याशी केदार नाथ सिंह ने कहा की केन्द्र की मोदी सरकार व प्रदेश में योगी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए निरंतर समर्पित है।

समूचे देश में लोक कल्याण कारी योजनाओं के माध्यम से जन जन के विकास का कार्य हो रहा है आगामी स्नातक चुनाव में भाजपा के विजय के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पित है। बैठक को संबोधित करते हुए स्नातक चुनाव के प्रभारी भूपेश चौबे ने कहा कि पूर्व की सरकारों में लगातार भ्रष्टाचार व अपराध का बोलबाला था भाजपा नेतृत्व की सरकार आने के बाद अपराधी प्रदेश छोड़कर भाग रहे है कार्यो में ईमानदारी व पारदर्शिता दिखाई देने लगी पुन: उप्र विकास के पथ पर अग्रसर है जन जन के विकास के लिए समर्पित भाजपा सरकार में पूरे प्रदेश में विकासयुक्त व भयमुक्त वातावरण स्थापित है।

बैठक में मुख्यरुप से पूर्व सांसद छोटेलाल खरवार, पूर्व विधायक तिरथराज, जिला पंचायत अध्यक्ष अमरेश पटेल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक मिश्रा, धर्मवीर तिवारी, गोविन्द यादव, रामसुन्दर निषाद, कमलेश चैबे, आलोक सिंह, सुनील सिंह, सुरेश शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष रमेश पटेल, ओमप्रकाश दूबे, उदयनाथ कुशवाहा, रामलखन सिंह, जिला मंत्री अजीत रावत, शंभूनारायण सिंह, दयाशंकर पाण्डेय, मण्डल अध्यक्ष बलराम सोनी, महेन्द्र पाण्डेय, राघो सिंह, दीपक दूबे, सुनील पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### शिक्षक चुनाव के लिए माध्यमिक शिक्षकों ने कसी कमर

संवाददाता। संतकबीरनगर

**माध्यमिक** वित्त विहीन शिक्षक महासभा कोर कमेटी की एक आवश्यक बैठक जिलाध्यक्ष समय देव पाण्डेय की अध्यक्षता में हरिहरपुर में सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि गोरखपुर अयोध्या खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से माध्यमिक वित्त विहीन शिक्षक महासभा के अधिकृत प्रत्याशी एवं संगठन के प्रदेश महासचिव आगामी 11 नवम्बर को गोरखपुर में अपना पर्चा दाखिल करेंगे।

पर्चा दाखिला के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए पुरजोर कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह जानकारी देते हुए बताया कि वित्त विहीन शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए अजय सिंह अहर्निश संघर्ष कर रहे हैं, जिससे वित्त विहीन शिक्षक बखूबी वाकिफ हैं। हमारे जिले के वित्त विहीन शिक्षक अपने वोटों को हरगिज बंटने नहीं देगें।

## खाद्य विभाग ने पकड़ी नकली बेसन फैक्ट्री

संवाददाता। संतकबीरनगर

**जिलाधिकारी** दिव्या मित्तल के निर्देशन में आगामी पर्व दीपावली के मद्देनजर खाद्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग सक्रियता के साथ जांच पड़ताल की कार्य कर रही है। शनिवार को धनघटा क्षेत्र में नकली बेसन के फैक्ट्री को पकड़ा गया और अस्थायी बस स्टैण्ड पर कानपुर से आने वाले बसों में जांच की गई। जनपद में अधिकांश नकली खोवा का कारोबार करने वाले तथाकथित व्यापारी बसों के माध्यम से अपना खाद्य सामग्री मगाते है जिस परिप्रेक्ष्य से यह जांच की गई। खाद्य एवं सुरक्षा अधिकारी जयप्रकाश तिवारी ने बताया कि दीपावली पर्व पर खाद्य पदार्थो में मिलावट की रोकथाम हेतु अभियान के क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर खाद्य सचल दल द्वारा अभिहित अधिकारी जयप्रकाश तिवारी के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष राय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी गण राजमणि प्रजापति एवं धर्मराज शुक्ल सहित टीम द्वारा कांटे पुलिस चौकी एवं मेंहदावल बाईपास चौराहा पर रोडवेज बसों एवं अन्य परिवहन साधनों द्वारा ले जाये जा रहे रेडीमेड मिठाइयों, खोया इत्यादि की सघन जांच की गई। उन्होने बतााया कि हमीरपुर डिपो की बस संख्या यूपी 77 एएन 3061 से पांच कंटेनरों में लगभग एक क्विंटल सफेद रसगुल्ला मिठाई मानकों के विपरीत लावारिस पड़ी हुई पाई गई। बस कंडक्टर द्वारा इस खाद्य पदार्थ की बुकिंग न होने के कारण अनभिज्ञता जताई गई एवं यात्रीगण ने भी इसे अपना नही बताया। उक्त खाद्य पदार्थ को टीम द्वारा कंडक्टर को अवगत कराकर अपनी अभिरक्षा में लेकर कार्यालय में रखवाया गया है।

## हर बूथ को मजबूत करें कार्यकर्ता

### संगठन को मजबूत व स्थापना दिवस मनाने को लेकर कांग्रेसियों ने की बैठक

संवाददाता। संतकबीरनगर



**जिला** कांग्रेस कार्यालय पर संगठन सृजन अभियान के तहत रविवार को जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय के नेतृत्व में एक बैठक बुलाई गई। जिसमें प्रदेश महासचिव विश्वविजय सिंह एवं प्रदेश सचिव देवेन्द्र निषाद मौजूद रहे। बैठक को में प्रदेश महासचिव विश्वविजय सिंह ने कहा कि पार्टी का लक्ष्य इस अभियान के तहत 28 दिसम्बर को पार्टी स्थापना दिवस के दिन जिले के हर गांव में पार्टी का झंडा फहराया जाना है। प्रदेश सचिव देवेन्द्र निषाद ने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के बाद हम पंचायत चुनाव एवं विधान सभा चुनाव में प्रदेश में पार्टी का झंडा गाड़ने में सफल होंगे। जिलाध्यक्ष प्रवीण चंद पांडेय ने कहा कि संगठन सृजन अभियान का काम पूरे जिले में पार्टी के कार्यकर्ता पूरी लगन से कर रहे हैं। पार्टी स्थापना दिवस के दिन जिले के हर गांव में झंडा फ्हरा ने का काम हमारे कार्यकर्ता करेंगे बैठक में मुख्य रूप से महेंद्र कनौजिया, शांति देवी, दिलशाद अफसर, अजय सिंह, सुनील कुमार पांडेय, विजय कुमार शुक्ला, फूलदेव यादव, सुग्रीव पासवान, मोइन अंसारी, राजीव गोंड, श्रीराम कसेरा आदि मौजूद रहे।

### युवाओं ने आत्मनिर्भर बनने की ली ट्रेनिंग

**संतकबीरनगर**। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रेरित डिजिटल इण्डिया के तहत एनएसडीसी द्वारा संचालित आरपीएल प्रोजेक्ट डाटा इण्ट्री आपरेटर एवं फील्ड एक्जेक्टिव की ट्रेनिंग से सम्बद्ध कामन सर्विस सेन्टर के निर्देशन में रूद्रांश कम्प्यूटर संस्थान टुग्पार में ट्रेनर अनिल कुमार द्वारा 28-29 अक्टूबर को ट्रेनिंग दी गयी थी। जिसमें देश के भविष्य के कर्णधार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किया गया। जिसका वृहस्पतिवार को परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का आयोजन सीएससी टीम व ड्रिस्टिक मैनेजर व डीसी अखिलेश मिश्रा व जगदम्बिका नाथ पाण्डेय के देख रेख में परीक्षा सम्पन्न करायी गयी। जिसमें बहुत सारे छात्र व छात्राओं ने प्रतिभाग किया। रूद्रांश कम्प्यूटर संस्थान टुग्पार में ट्रेनर अनिल कुमार ने कहा कि डिजिटल इण्डिया के तहत आज के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जो यह सरकार द्वारा उक्त योजना संचालित किया जा रहा है।

## एनसीसी छान्नवे की टीम बनी कबड्डी चैंपियन

संवाददाता। मिर्जापुर

**हलिया** ब्लाक के गड़बड़ा धाम के मैदान में शनिवार को एक दिवसीय दिन रात कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें क्षेत्रीय गांव के साथ अगल-बगल के गांव की कुल 24 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में हलिया,आरएसएस गड़बड़ा, कोटाघाट, काशी एकेडमी, गलरिया, गड़बड़ा गोकुल, गलरा, भटपुरवा, गजाधरपुर, एमपी आईटी प्रयागराज, चककोटार, एनसीसी छान्नबे, आरएसएस दबंग, देवरी कटाई सहित 24 टीमों ने भाग लिया। कबड्डी प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि सहायक विकास अधिकारी हलिया पियूष दुबे व विशिष्ट अतिथि गलरा ग्राम प्रधान अरुण मिश्र रहे। प्रतियोगिता का फाइनल एनसीसी छान्नबे व आरएसएस गड़बड़ा धाम के बीच रात्रि में खेला गया। जिसमें एनसीसी छान्नबे की टीम ने मुकाबला जीतकर ट्राफी पर कब्जा कर लिया। फाइनल मुकाबले के विजेता टीम के कप्तान को पूर्व प्रधान गड़बड़ा कृष्णा प्रसाद दुबे के द्वारा 51 सौ रुपये नगद व उपविजेता टीम आरएसएस गड़बड़ा धाम के कप्तान हिमांसु चौरसिया को प्रतियोगिता के आयोजक मगरू चौरसिया व रामाश्रय मिश्र ने 2100 रुपये नगद से पुरस्कृत किया गया। वहीं तृतीय स्थान गड़बड़ा गोकुल की टीम एवं चतुर्थ स्थान गजाधरपुर की टीम को 1100-1100 रुपये देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रतियोगिता में विजेंद्र कुमार पांडेय, डॉ रमाकांत मिश्रा, संदीप मिश्रा, राहुल माली, लवकुश माली, अमित केसरवानी, शिवलाल, मुकेश चौरसिया, हृदय केसरवानी, मकरंदी चौरसिया, भगवान पटेल, कलंदर माली, मंगलधारी मिश्र सहित सैकड़ों दर्शक मौजूद रहे।

## ऐसे तो सपना रह जाएगा आशियाना!

### नाम काटने पर गांव में हो रहा बवाल, दी जा रही धमकी

### पात्रता के मापदंड को सरल करने की उठी मांग,प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का सच

संवाददाता। बस्ती




**प्रधानमंत्री** आवास योजना ग्रामीण में सरकार की ओर से जो मापदंड बनाए गए, अगर उसे सरल नहीं किया गया तो हजारों का आवास का सपना अधूरा रह जाएगा। मापदंड इतना कड़ा है कि शायद ही किसी ग्राम पंचायत में कोई उस पर खरा उतरे। फिर भी आवास आंवटित हो रहे है। यह बात सेक्रेटरी से लेकर एडीओ पंचायत और बीडीओ भी अच्छी तरह जानते और समझते हैं। कहते हैं कि अगर नियम से आवास दिया गया तो बहुत कम लोगों को आवास मिल पाएगा। कई सेक्रेटरियों का कहना है कि गांव में अजीब स्थित हो गई, किसे पात्र करें और किसे अपात्र, हर किसी को आवास चाहिए। अगर किसी सेक्रेटरी ने किसी का नाम काट दिया, उसे कोपभाजन का शिकार होना पड़ रहा है। लड़ाई झगड़े तक की नौबत आ जा रही है। कई सेक्रेटरियों ने बताया कि 99 फीसद से अधिक अपात्र ही मिलेगे। ऐसे में भगवान का नाम लेकर और न्याय संगत एवं व्ययवहारिक पक्ष को देखते हुए आवास आंवटित कर दिया जा रहा है। कहते हैं कि सरकार या तो योजना को बंद कर दें या फिर मापदंड को सरल बनाए। कईयों का तो कहना है कि मलाई तो सब खाते हैं, मगर कार्रवाई सेक्रेटरी को ही झेलना पड़ता है। अपात्रों को आवास देने के मामले में देखा जाए तो इसके लिए सरकार के कड़े मापदंड को जिम्मेदार माना जा रहा है। लाभार्थियों का सत्यापन कर रहे हैं कि सेक्रेटरियों का मामना है कि कड़े मापदंड के कारण अनेक दुष्वारियों का सामना करना पड़ रहा है। चूंकि जिले को 36 हजार से अधिक का लक्ष्य मिला है, अब इन लोगों को आवास निर्माण के लिए धन आंवटन की प्रक्रिया षुरु हो चुकी है। चूंकि अधिक से अधिक आवास स्वीकृति करने का दबाव हैं। षिकायतों और अर्नगल आरोपों से बचने के लिए सेक्रेटरी भी वही कर रहें है जो अधिकारी चाह रहे है। हालांकि कईयों को कार्रवाई होने का भी डर है। कई सेक्रेटरियों का कहना है कि कार्रवाई बीडीओ और एडीओ के खिलाफ भी होना चाहिए। हो तो ठीक रहता है, मगर सेक्रेटरी को बलि का बकरा बना दिया जाता है, जबकि मलाई सभी मिलजुल कर खाते है। डीआरडीए के पीडी आपी सिंह कहते हैं कि धन जारी करने से पहले लाभार्थियों के सत्यापन कराने का नियम है। इसी के तहत सेक्रेटरी सत्यापन कर रहे हैं, जिसमें अनेक अपात्र सामने आ रहे है। कोई ऐसा गांव नहीं जहां पर अपात्र न मिल रहे है। कहते हैं कि सरकार की मंषा सभी पात्र को आवास उपलब्ध कराना है। इसे लेकर प्रधानी चुनाव प्रभावित होने की संभावना जताई जारही है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अब हर महीने

### आपदा से न घबराएं प्रसव पूर्व जांच व टीकाकरण के लिए आगे आएं: स्वास्थ्य मंत्री

संवाददाता। मीरजापुर

**कोविड**-19 के समय बिगड़े हालातों ने धीरे धीरे पटरी पर आना शुरू कर दिया हैए और इसी का उदाहरण है कि हर माह की नौ तारीख को मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत भी हो चुकी है। अब हर गर्भवती इस दिवस पर आकार प्रसव पूर्व सम्पूर्ण जांच करा सकती है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक अजय सिंह ने बताया कि अभी परिस्थितिवश लोग अस्पताल आने में डर रहे है। मुख्यत: गर्भवती महिला प्रसव के लिए केन्द्रों पर आ रही हैं लेकिन जांच के लिए नहीं। जबकि गर्भावस्था व प्रसव के समय होने वाले खतरों से मातृ एवं शिशु को बचाने के लिए प्रसव पूर्व जांच बहुत जरूरी है। उन्होने बताया प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने वीडियो के माध्यम से खुद सभी से अनुरोध करते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण बाधा है, परंतु सतर्कता के साथ गर्भवती मां को खास होने का एहसास दिलाते हुए प्रत्येक नौ तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में लाएं और निशुल्क जांचों और सेवाओं का अवसर ना गंवाएं। साथ ही आशाओं को जिम्मेदारी दी गयी है कि वह अपने क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं को इस दिवस पर केंद्र पर लाकर जांच जरूर करवाएं। उन्होने कहा कि गर्भवती आपदा से न घबराएँ और केन्द्रों पर टीकाकरण और जांच के लिए जरूर आएं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पीके पांडे का कहना है कि त्योहारों का समय है और महामारी का दौर भी, अत: पूरी सर्तकता के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को भी त्योहार की तरह मनायें। जनपद को कल कम से कम 16000 गर्भवती महिलाओं को जांच कराने का लक्ष्य दिया गया हैए और यह सभी की भागीदारी से संभव हो पाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी तिवारी का कहना है कि किसी भी गर्भावस्था में जहाँ जटिलताओं की संभावना अधिक होती है उस गर्भावस्था को हाई रिस्क प्रेगनेंसी या उच्च जोखिम वाली गर्भवस्था में रखा जाता है। और इसका पता लगाने के लिए प्रशिक्षित डॉक्टर्स के द्वारा प्रसव पूर्व तीन सम्पूर्ण जांच कराना बहुत जरूरी होता है। जिससे कि समय रहते इसका पता लगाकरए इससे होने वाले खतरों से गर्भवती को बचाया जा सके।

### आज मनाया जाएगा पीएमएसएमए दिवस

संवाददाता। सोनभद्र

**कोविड** के समय बिगड़े हालातों ने धीरे धीरे पटरी पर आना शुरू कर दिया है और इसी का उदाहरण है कि हर माह की नौ तारीख को मनाए जाने वाले पीएम सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत भी हो चुकी है। अब हर गर्भवती इस दिवस पर आकार प्रसव पूर्व सम्पूर्ण जांच करा सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. एसके उपाध्याय ने बताया कि अभी परिस्थितिवश लोग अस्पताल आने में डर रहे है। मुख्यत: गर्भवती महिला प्रसव के लिए केन्द्रों पर आ रही हैं लेकिन जांच के लिए नहीं। जबकि गर्भावस्था व प्रसव के समय होने वाले खतरों से मातृ एवं शिशु को बचाने के लिए प्रसव पूर्व जांच बहुत जरूरी है। उन्होने बताया कि कोरोना संक्रमण बाधा है।

पायनियर
लखनऊ, सोमवार, 9 नवंबर, 2020



## 5 के खिलाफ की गैंगेस्टर की कार्रवाई

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** ढेबरूआ पुलिस द्वारा चोरों के एक संगठित आपराधिक गिरोह के पांच सदस्यों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। एसओ ढेबरूआ तहसीलदार सिंह ने बताया कि बीते अगस्त महीने में चोरों के एक गिरोह के द्वारा थानांतर्गत बढ़नी कस्बे के लोहियानगर निवासी पुष्पेंद्र सक्सेना के घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात पर अपना हाथ साफ कर लिया था। इसमें शामिल शंकर मोदनवाल निवासी वार्ड नं 10 गोला बाजार बढ़नी, राम बहादुर यादव निवासी वार्ड नं 4 भट्ठा मोहल्ला बढ़नी, फैयाज अहमद उर्फ बटलर निवासी वार्ड न 11 गोला बाजार बढ़नी, किशन वर्मा निवासी वार्ड नं 6 पश्चिम पोखरा बढ़नी को चोरी के साथ गिरफ्तार कर लिया गया था।

## नेपाली शराब के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**बढ़नी, सिद्धार्थनगर।** ढेबरूआ पुलिस और आबकारी की संयुक्त टीम द्वारा बीती शनिवार शाम 90 शीशी नेपाली शराब के साथ संगीता निषाद पत्नी नीलू निषाद निवासी ग्राम पकडिहवा थाना ढेबरुआ सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार किया। ढेबरुआ एसओ तहसीलदार सिंह ने बताया कि पकड़ी गई आरोपी महिला के विरुद्ध धारा 60,63 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग का पंजीकरण किया गया।

## अधीक्षण अभियंता ने नगरा पावर हाउस का किया औचक निरीक्षण

**सिद्धार्थ नगर।** सिद्धार्थ नगर के नगरा पावर हाउस पर अचानक अधीक्षण अभियंता एके श्रीवास्तव पहुंचे साथ में अधिशासी अभियंता आरके कुश्वाहा भी मौजूद रहे।अधीक्षण अभियंता ने नगरा पावर हाउस पर उपस्थित सभी विधुत कर्मचारियों को फटकार लगाते हुए घर.घर जा कर विधुत बिल का भुगतान करने के लिए उपभोक्ताओं से मिलकर उन्हें विधुत बिल जमा करने के लिए प्रेरित करने को कहा साथ ही विधुत सप्लाई सुचारू ढंग करने को कहा।

## सर्राफा व्यवसायी से मिला प्रतिनिधिमण्डल

**जौनपुर।** नगर के जेसीज चौराहा के पास स्थित अग्रवाल ज्वेलर्स में शुक्रवार की रात हुई चोरी की घटना पर रोष व्यक्त करते हुए जौनपुर उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन और नगर अध्यक्ष राधेरमण जायसवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल संजीव अग्रवाल से मिले। प्रतिनिधिमण्डल में प्रदेश उपाध्यक्ष महंत सूर्य प्रकाश जायसवालए प्रदेश मंत्री सोमेश्वर केसरवानी ने संयुक्त रूप से चोरी की इस घटना को अपराधियों द्वारा किया गया दुस्साहसी कार्य बताया। उन्होंने कहा कि इस चोरी से व्यापारियों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया है। जल्द से जल्द चोरी का खुलासा करने की मांग किया।

## घर–घर पहुंचायें प्राणायाम: अचल

**जौनपुर।** योग गुरु बाबा रामदेव की प्रेरणा से जन.जन को स्वस्थ और खुशहाल रखने के उद्देश्य के तहत रसूलाबाद में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में आयोजित योग शिक्षक प्रशिक्षण के उपरांत साधकों को योग शिक्षक का प्रमाण.पत्र देकर सम्मानित किया गया। महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी डाण् धर्मशीला गुप्ता ने बताया कि योगाभ्यास को अपनी जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनाना चाहिये। बिना इसके पूर्णतः स्वास्थ्य की संकल्पना भी नहीं की जा सकती है। पतंजलि योग समिति के प्रान्तीय सह प्रभारी अचल हरीमूर्ति ने बताया कि नियमित और निरन्तर कपालभाति और अनुलोम.विलोम प्राणायामों के साथ भस्त्रिकाए भ्रामरी तथा उद्गीथ प्राणायामों का अभ्यास स्वास्थ्य को सर्वोत्तम बनाने के लिए पर्याप्त होता है।

## न मास्क न सोशल डिस्टेंसिंग फिर भी चला रहा मीना बाजार

**सकलडीहा,चन्दौली।** दिपावली और धनतेरस का त्योहार नजदीक आते ही लम्बे अंतराल के बाद बाजार में रौनक लौटने लगी है। त्योहार की खरीदारी में लोग मास्क और सोशल डिस्टेंस की अनदेखी कर रहे है। रविवार को कस्बा में लगने वाली मीना बाजार में जिला प्रशासन द्वारा जारी गाइड लाइन का खुलेआम उलंधन करते हुए देखने को मिला। इसके बाद भी स्थानीय प्रशासन मौन है। इस मीना बाजार महिला और बच्चों को न तो मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंस का पालन करने के लिये जागरूक किया जा रहा था। न तो सावधानी के लिये कोई रोक टोक व सेनेटाइजर का उपयोग किया जा रहा है। जिसे लेकर लोगों में आक्रोश पनपने लगा है। कोरोना महामारी के कारण बीते आठ माह से लॉक डाउन क्रमशरूलगाया गया है। जिसके कारण व्यापार पर भारी असर पड़ा था। थोड़ी राहत के बाद नवम्बर में जिला प्रशासन द्वारा गाइड लाइन जारी किया गया है। लेकिन उसका भी लोग खुलेआम धज्जिया उड़ाया जा रहे है। कस्बा में लगने वाली मीना बाजार में सुबह से शाम तक महिला और बच्चों की भारी भीड़ लगती है। यहां पर खरीदारी करने आने वाली महिला और बच्चों को न तो मास्क लगाने के बारे में बताया जाता है। और न तो सोशल डिस्टेंस का पालन करने के लिये। खुद दुकानदार भी बेचने में मशगुल रहते है।

# मतगणना कर्मियों को ट्रेनिंग





### 10 नवंबर 6.00 सुबह पहुंचें कर्मचारी और अधिकारी : डीएम

संवाददाता। देवरिया

**आगामी** 10 नवंबर को सदर विधानसभा के उप निर्वाचन की होने वाली मतगणना में लगे गणना कार्मिकों को टाउन हॉल ऑडिटोरियम में जिलाधिकारी अमित किशोर की अध्यक्षता में प्रशिक्षित किया गया। जिलाधिकारी ने इस दौरान कहा कि मतगणना का कार्य अत्यंत ही संवेदनशील कार्य हैए इसे पूरी निष्ठा व पारदर्शिता के साथ संपादित करना होगा। इसके लिए आप सभी को जो भी जानकारी दी जा रही हैए उसे पूरी तरह से अवगत हो लेए गणना के समय जानकारी से ही कार्य में सुगमता होगी तथा अपने कार्य दायित्वों को पूरी पारदर्शिता से मतगणना के दौरान निर्वहन करेंगे।

जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि गणना स्थल महाराजा अग्रसेन कॉलेज में 10 नवंबर को प्रात: 6 बजे सभी गणना कार्मिकों को पहुंचना अनिवार्य होगा। वे अपने साथ दिए गए परिचय पत्र को अवश्य लाएंगे। उन्होंने कहा कि हर राउंड में किस अभ्यर्थी को कितने मत मिले हैंए उसे निर्धारित प्रारूप पर अंकित किया जाना होगा तथा उस पर गणना एजेंटों का भी हस्ताक्षर लेना होगा। प्रशिक्षण में मुख्य विकास अधिकारी शिवशरणप्पा जी एनए जिला विकास अधिकारी श्रीकृष्ण पांडेय, उपनिदेशक बचत विजय नाथ मिश्राए प्रशिक्षणकर्ता,मास्टर ट्रेनर निषेश कुमार ने गणना के बारीकियों से अवगत कराया।

# भाजयुमो ने मनाया आडवाणी का जन्मदिन

संवाददाता। देवरिया



**भारतीय** जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताएदेश के पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी के 93 वें जन्मदिन को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने पिडरा गांव के दलित बस्ती के बच्चों के बीच केक काटकर मनाया और लालकृष्ण आडवाणी के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना प्रभु से किया।

इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ और गांववासियों को सम्बोधित करते हुये भाजयुमो जिलाध्यक्ष विन्देश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा को जनजन तक पहुंचाने के साथ देश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाले श्रद्धेय लालकृष्ण आडवाणी को जन्मदिन की बहुत.बहुत बधाई। वे पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं के साथ ही देशवासियों के प्रत्यक्ष प्रेरणास्रोत हैं। मैं उनकी लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की प्रार्थना भाजयुमो देवरिया के कार्यकर्ताओं की तरफ से करता हूं। आडवाणी जी का जीवन हम सभी कार्यकर्ताओं को संघर्ष और त्याग की प्रेरणा देता है। उनके अथक मेहनत और परिश्रम की वजह से ही आज भाजपा जैसा विशाल वट वृक्ष तैयार हुआ है।आडवाणी जी का अब तक का पूरा जीवन वृत्त हम सभी कार्यकर्ताओं के अंदर समाज सेवा और देश सेवा की भावना भरता रहता है। मीडिया प्रमुख भाजपा अम्बिकेश पाण्डेय ने कहा कि भारतीय राजनीति के शिखर पुरुष, वैचारिक प्रतिबद्धता के आदर्श व हम सभी कार्यकर्ताओं के प्रेरणा स्रोत आदरणीय लालकृष्ण आडवाणी को उनके जन्मदिन पर प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि उनको दीर्घायु रखे। वे सदैव स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें और भाजपा के करोड़ो, करोड़ो कार्यकर्ताओ का मार्गदर्शन करते रहे। कुशल नेतृत्वकर्ता और कुशल वक्ता आडवाणी के जीवन से प्रेरणा लेकर आज हजारों कार्यकर्ता देश सेवा के कार्य मे जुटे है।

इस दौरान राज दीक्षित,अमन शुक्ला, दिव्या जायसवाल,राजन पासवान, मूसा अंसारी, नितेश कुमार, दुर्गेश कुमार, विशाल चौबे, प्रदीप कुमार, पवन पासवान, इम्तियाज अंसारी, इमरान खान, विशाल कुशवाहा, शम्भू खरवार, सूरज कुमार, विशाल पाण्डेय, सूर्यांश कुशवाहा,अमित सिंह, अंकुर प्रसाद,रणजीत प्रसादख्आकाश मिश्रा, रूपम,संजय तिवारी,अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# माध्यमिक शिक्षक संघ नवीन की बैठक संपन्न

### रिक्त पदों पर पदाधिकारियों का हुआ मनोनयन

संवाददाता। जौनपुर

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ नवीन की बैठक जिला संरक्षक डाण् सुनील कान्त तिवारी की अध्यक्षता में बलराम यादव जनसेवा इंटर कालेज कलीचाबाद में सम्पन्न हुई। जिसमें 10 नवम्बर मंगलवार को संघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं पेंशनविहीन शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी वाराणसी खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से धर्मेन्द्र कुमार यादव के नामांकन और विधान परिषद् सदस्य के एक दिसम्बर को होने वाले चुनाव में संघ के उम्मीदवार को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में लम्बे समय से जिला इकाई जौनपुर के रिक्त पदों जिला संयुक्त मंत्रीए जिला संगठन मंत्री और मीडिया प्रभारी पर सर्वसम्मति से इंटर कालेज बेलवार के अशोक कुमार द्विवेदी को संयुक्त मंत्रीए बयालसी इंटर कालेज जलालपुर के संतोष सोनकर को संगठन मंत्री और हरिकेश यादव को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष एवं पेंशनविहीन शिक्षक एमएलसी प्रत्याशी धर्मेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि इनसे संगठन मजबूत होगा। सभी पदाधिकारियों से संगठन को चुनाव में भरपूर सहयोग के साथ.साथ वाराणसी में मंगलवार को होने वाले नामांकन में सहयोग की अपील किया।

### आरपीएल की तीसरे बैच को दिया गया प्रशिक्षण



**जौनपुर।** सीएससी ई.गवर्नेन्स के तत्वावधान में फील्ड सर्वेयर एनुमिनेटर की तीन दिवसीय आरपीएल ट्रेनिंग की तीसरी बैच का प्रशिक्षण आयोजन नगर के मियांपुर स्थित सीएससी एकेडमी साइबर इंस्टिट्यूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी में किया गया। इस दौरान ट्रेनर राजीव पाठक ने बताया कि यह आरपीएल की ट्रेनिंग सर्वे का कार्य करने वालों को कराई जा रही है जिससे भविष्य में जनगणना या अन्य प्रकार के सर्वे कार्य हेतु प्रमाणित सर्वेयर उपलब्ध हों। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण लॉक डाउन की वजह से पहले नहीं हो पाया जिसे अब कराया जा रहा है। इस सेंटर में 150 सर्वेयर की अलग.अलग बैच बनाई गई है जिनका प्रशिक्षण कोरोना गाइडलाइन के अनुसार कराया गया। इस अवसर पर सहयोगी भीमसेन चौहान समेत शतप्रतिशत प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

## मऊ में पति की प्रताड़ना से तंग पत्नी ने दो बच्चों के साथ खाया जहर, मौत

संवाददाता। मऊ

### दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के भूपति नगर बरलाई में घटना से मचा हड़कम्प

मऊ जिले के थाना दक्षिण टोला क्षेत्र के भूपति नगर बरलाई में रविवार की सुबह पति की प्रताड़ना से परेशान पत्नी ने दुधमुहे बच्चे व एक बच्ची के साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। जिला अस्पताल में उपचार के दौरान तीनों की मौत हो गई।

मामले में पुलिस ने पतिए सास व ससुर के खिलाफकेस दर्ज कर लिया है। भूपति नगर बरलाई निवासी संतोष ऑटो चलाता है। आए दिन वह नशे में धुत होकर घर आता था। पत्नी 25 वर्षीय अनामिका देवी की पिटाई करने के साथ दहेज की भी मांग करता था। रविवार सुबह भी जब वह नशे में घर आया तो पत्नी ने विरोध जताया। इस पर वह अनामिका को पीटने लगा। घर में घंटों दोनों में तकरार होती रही। इस दौरान अनामिका अपने दुधमुहे छह माह के मनबीर और ढाई साल की बेटी अंशिका को लेकर कमरे में चली गई। कुछ देर के बाद अनामिका ने दोनों बच्चों के साथ विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया। तीनों के तड़पने और चीखनेचिल्लाने की आवाज सुनकर आस पास के लोग आ गये। इधरए परिजन घर छोड़कर भाग निकले। आनन फानन में तीनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। कुछ ही देर में अनामिका और मनबीर की मौत हो गई। इसके करीब पांच घंटे के बाद इलाज के दौरान अंशिका ने भी दम तोड़ दिया। सीओ सिटी नरेश कुमार ने बताया कि पति, सास व ससुर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया गया है।

# प्रेमिका आत्महत्या कांड में तीन लोगों की गिरफ्तारी

**जौनपुर।** युवती को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में प्रेमी समेत तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। मालूम हो की सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के हरपालगंज रेलवे स्टेशन पर दो दिन पूर्व मिली युवती की लाश की शिनाख्त शनिवार को हुई। उसका सगी बुआ के लड़के से प्रेम संबंध था। शादी से इंकार करने पर उसने आत्महत्या कर ली। देर शाम आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में प्रेमी सूरज ए उसके पिता रामलखन और चाचा विनोद कुमार पर केस दर्ज किया गया था ।

# संयमित जीवन से ही ईश्वर की प्राप्ति संभव : अखिलानन्द

**मुग़लसराय,चन्दौली ।** स्थानीय क्षेत्र के आर्य समाज मंदिर के पीछे एक प्रांगण मे संस्कृति संजीवनी सेवा संस्थान के तत्वावधान मे चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस व्यासपीठ से श्रीमद् भागवत मर्मज्ञ कथाचार्य संत अखिलानन्द जी महाराज ने बताया कि भगवान श्रीराम मर्यादा पुरुषोत्तम है और भगवान श्रीकृष्ण पुष्टि पुरुषोत्तम। भगवान श्रीकृष्ण का प्रकाश तभी होता है जब हम भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण करते हैं। भगवान श्रीराम ने जो किया है वह हमें करना चाहिए और जो भगवान श्रीकृष्ण ने कहा है उसका हमें पालन करना चाहिए। भगवान राम का जीवन आदर्श हैए मर्यादित हैए जब भगवान राम को आदर्श मानकर मानव जीवन जीता है तभी कृष्ण का प्रकाट्य होता है। श्रीराम का चरित्र दिव्य हैए उनकी भांति मर्यादा पालनए माता.पिता की सेवाए एक पत्नी व्रतए भ्रातृ प्रेम आदि होने पर ही श्रीराम मिल पाते हैं। राम मिले तो विश्राम मिलेए किंतु आज के सांसारिक जीवन में आधुनिक संसाधनों की अधिकता की वजह से भौतिक दूरियां घट गई हैं । आज मनुष्य एक दूसरे से दूर होता जा रहा है। हम आधुनिकता की दौड़ में दुनिया से जुड़ तो जाते हैंए लेकिन हमारा अपना ही परिवार पीछे छूट जाता है। रामए रामायण और उसके चरित्र हमारे जीवन के अति महत्वपूर्ण अंग है। उनके जीवन को हमें अपने जीवन में उतारने का प्रयास करना चाहिए। रामायण एक अद्भुत ग्रंथ है । राम जैसा पात्र यदि हमारे जीवन मे होगा तभी कन्हैया का हमारे जीवन मे प्राकट्य होगा। जीवन में यदि शांति होगी तभी सच्चा सुख मिलेगा । गीता में कहा गया है ष्आशान्तस्य कुतः सुखम्ष् अर्थात जिसके जीवन में अशांति है उसे सुख कैसे प्राप्त हो सकता है। उक्त अवसर पर श्रीकृष्ण जन्म की भव्य झाँकी का दर्शन कराया गया। इस अवसर पर भक्तबृंद उपस्थित रहे।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की आमसभा की बैठक में हुआ गहन मंथन

**देवरिया।** नगर पालिका सभागार में केमिस्ट ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक संपन्न हुई । जिसमें सभी थोक एवं दवा विक्रेता उपस्थित थे बैठक का शुभारंभ संस्था के महासचिव सुरेंद्र सुरेश गुप्ता एसंगठन मंत्री राकेश सिंह एजिले के अध्यक्ष रंजीत सिंहए महामंत्री अनिल सिंह एवं संयुक्त सचिव हिमांशु कुमार सिंह द्वारा दीप प्रज्वलित कर प्रारंभ किया गया। जिले में संस्था के विशाल कार्यों का लेखाजोखा एवं आगामी जिला इकाई के चुनाव पर चर्चा की गई संस्था के संगठन मंत्री राकेश सिंह गोरखपुर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय उपाध्याय मंत्री दिलीप सिंहए गोंडा एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गोयल अकरम लारी वा संस्था के हितों और उनके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला सीडीएफ यूपी के महासचिव सुरेश गुप्ता ने कहा कि लॉकडाउन के समय प्रदेश के सवा लाख केमिस्ट एंड जगत के बंधुओं ने पूरे मनोयोग के साथ दवाओं की उपलब्धता प्रत्येक मरीज तक सुलभ रूप से उपलब्ध कराया इसके लिए वे सभी बधाई के पात्र हैं 1985 में सीडीएफयूपी का गठन हर जिले से प्रारंभ हुआ और आज की तिथि में उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी एकमात्र प्रादेशिक संस्था है। जो दवा के फुटकर एवं थोक दवा विक्रेता के हित में कार्य कर रही है प्रदेश के सभी दवा विक्रेताओं के सदस्य सीडीएफयूपी के उन्नतशील सुरक्षित हैए उनका उत्पीड़न किसी भी रूप में नहीं किया जाएगा फार्मासिस्ट के उपलब्धता पर भी उन्होंने चर्चा की और साथ ही साथ ऑनलाइन दवा की बिक्री पर रोक लगाने पर चर्चा की रंजीत सिंह ने कहा कि प्रतिबंधित और डॉक्टर के पर्चे पर बिकने वाली स्वास्थ्य एंड एनआरएक्स औषधि आसानी से उपलब्ध हो जा रही है।

# धूमधाम से मना स्काउट स्थापना दिवस

### उत्कृष्ट कार्य करने वालों को किया गया सम्मानित

संवाददाता। मऊ



डीएवी इंटर कालेज के सभागार में भारतीय स्काउट गाइड के जिला आयुक्त देवभास्कर तिवारी की अध्यक्षता में स्काउट का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक डा राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि भारतीय स्काउट विश्वसनीय एवं वफादार होता है। जनमानस में इसका कार्य सेवा भाव एवं समर्पण होता है। कोरोना काल में मऊ स्काउट.गाइड की सेवाएं सराहनीय रही हैं। डीएवी के प्रधानाचार्य एवं भारत स्काउट गाइड के प्रदेश उपाध्यक्ष देवभास्कर तिवारी ने अनुशासन एवं व्यक्तित्व का विकास भारत स्काउट गाइड के माध्यम से किया जा सकता है। इससे वर्तमान पीढ़ी देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत होगी। स्काउट की स्थापना 7 नवंबर 1950 को हुई थी। भारत में स्काउटिग की शुरुआत 1909 में हुई थीए परंतु उस समय केवल अंग्रेज छात्र प्रतिभाग कर सकते थे। भारतीय स्काउट बहुत ही विश्वसनीयए वफादार तथा प्रकृति के मित्र एवं हितैषी होते हैं। इस दौरान कोरोना काल में बेहतरीन कार्य करने के लिए स्काउट के जिला आयुक्त देवभाष्कर तिवारी, मऊ जंक्शन के वरिष्ठ टिकट निरीक्षक व स्काउट गाइड लीडर राकेश कुमार समेत अन्य लोगों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीके श्रीवास्तव,देवभूषण वन माली, ओमप्रकाश मौर्य, नीलम गुप्ता, राकेश कुमार मौजूद रहे।

# सीएचसी पर लाखों की कीमती डिजिटल एक्सरे मशीन बनी शोपीस




**सकलडीहा,चन्दौली।** प्रदेश के मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सुविधाओं पर लाखों करोड़ों खर्च करके हाईटेक करने में जुटे हुए है। इसके बाद भी जमीनी हकीकत कुछ और ही बता रही है। बीते 8 माह से अधिक समय बीत गया है। लेकिन लाखो की लागत से पहुंची डिजिटल एक्सरे मशीन टेक्निशियन और डाक्टर के अभाव में शोपीश बना हुआ है। यहां तक की मोबाइल एक्सरे मशीन भी धूल फांक रहा है। इसके बाद भी विभागीय अधिकारी मौन साधे हुए है। जबकि दर्द से कराहते पीड़ितों को मजबूरी में जिला अस्पताल या प्राइवेट हास्पिटल में जाने के लिये मजबूर होना पड़ता है। जबकि सीएचसी को रेफर सेंटर के साथ प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत चयनित किया गया है।

कोरोना महामारी के कारण सरकारी से लेकर प्राईवेट अस्पतालों में इमरजेंसी को छोड़ पूरी तरह से बंद रहा। जिसके कारण पीड़ितों को काफी परेशानी झेलनी पड़ी। वही लॉक डाउन से पूर्व लाखों की लागत से स्वास्थ्य विभाग की ओर से मैनुवल के साथ डिजिटल एक्सरे मशीन और मोबाइल एक्सरे मशीन भेजा गया। विडम्बना है कि मशीन के साथ डाक्टर और टेक्निशियन की नियुक्ति नही होने पर शोपीश बनकर रह गया है। सुबह शाम दर्द से कराहते मरीजों को डिजिटल एक्सरे के अभाव में प्राइवेट या जिला अस्पताल का सहारा लेना पड़ता है। ऐसे में चिकित्सी स्वास्थ्य सुविधा को लेकर विभाग कितना गंभीर है। यह देखने से लग रहा है। जबकि सीएचसी को रेफर सेंटर के साथ प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के तहत चयनित किया गया है। इस बाबत सीएचसी अधीक्षक डाण् योगेन्द्र दास ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण दिक्कत हुई है। शीघ्र ही डिजिटल एक्सरे मशीन द्वारा एक्सरे शुरू होगा।

## आरआईईएलएल संस्था का शुभारंभ

**जौनपुर।** अंग्रेजी भाषा तथा साहित्य की सभी परीक्षा की तैयारियों के लिये तमाम समस्या से जूझ रहे छात्रों के समाधान हेतु इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र रहे कुँवर शेखर गुप्ता ने नगर के टीडी कालेज रोड स्थित सत्यम टॉवर में रेनेसेन्स ऐन इंस्टिट्यूट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर संस्था की एक नये रूप में शुरुवात की। श्री गुप्ता ने बताया कि अब जौनपुर के छात्रों को अंग्रेजी भाषा तथा साहित्य में किसी परीक्षा की तैयारी के लिये परेशान होने तथा बाहर जाने की आवश्यकता नहीं है। अब उन्हें जनपद में ही अच्छे अध्यापकों का मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा। आरआईईएलएल संस्था उत्तर प्रदेश समेत कई राज्यों के विद्यार्थियों को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लेक्चर सीरीज एवं एक्सपर्ट टॉक के माध्यम से नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन देता आ रहा है। इसके पूर्व समाजसेवी खझड़ी सम्राट सत्य प्रकाश मुन्ना तथा तिलकधारी महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक डा राजेन्द्र प्रसाद ने फीता काटकर संस्थान का शुभारंभ किया।

# दीन–दुखियों की सेवा करना मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म



संवाददाता। जौनपुर

**पूर्वांचल** की आस्था का केंद्र शीतला चौकियां धाम में चल रहे श्री राम कथा के तीसरे दिन डाण् अखिलेश पाठक ने बताया कि दीन दुखियों की सेवा करना ही मानव जीवन का सबसे बड़ा धर्म है। किसी भूखे को भोजन करानाए पीड़ित की सहायताए गरीब बहन.बेटियों की शादी में मदद करनाए असहाय लोगों की सहायता करनाए रोग से पीड़ित का उपचार कराना आदि कार्यों को जीवन में करने मात्र से ही परमात्मा की कृपा सदैव बनी रहती है। वाराणसी से पधारे कथावाचक डाण् मदन मोहन मिश्र ने लंका काण्ड के प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि जब शुक और सारण नाम के दो राक्षस रामा दल में आकर पक्षी का भेष बनाकर गुप्त रूप से जानकारी ले रहे होते हैं। तभी विभीषण की नजर इन मायावी राक्षस के ऊपर पड़ती है। उसके बाद रामा दल की सेना उसे पकड़ लेते हैं और प्रभु श्री रामचंद्र जी के पास ले जाते हैं पूछे जाने पर बताता है कि हम लंकापति रावण के भेजे हुए गुप्तचर हैं। मुझे यहां देखने के लिए भेजा गया था। सेना के बैठक में वानर दल मृत्युदंड देने की बात करते हैं। रामचंद्र जी कहते हैं कि दूत को मारना पाप व अधर्म है।

### नफरत फैलाने वाले लोगों से रहें दूर : हाजी इमरान

**मछलीशहर, जौनपुर।** सीरत कमेटी द्वारा नगर के जामा मस्जिद मैदान में सोशल डिस्टेंसिंग के साथ कौमी एकजहती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने आपसी भाईचारे को बढ़ाने के बारे में बल देते हुए नफरत फैलाने वाले लोगों से दूर रहने की हिदायत दी। हाजी इमरान ने कहा कि देश में कुछ लोग राजनीतिक फायदे के लिए एक.दूसरे के खिलाफ जहर बोने का कार्य कर रहे हैं। ऐसे लोगों से सभी को बचना चाहिए। मिल जुलकर एक.दूसरे का सहयोग करना चाहिये। इस मौके पर अंजुमनों ने अपने.अपने कलाम पेश किये। जिसमें अंजुमन कुरैशिया मोहल्ला खानजादा अव्वल रहा। अंजुमन इस्लामिया मोहल्ला कोतवाली दोएम रहा। अंजुमन अलविया मोहल्ला सादिकगंज सोएम रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हाजी इमराज खान ने सभी अंजुमनों का हौसला अफजाई किया।

## गांव स्तर पर पराली को लेकर कृषि विभाग चलायेगा जागरूकता अभियान

**सकलडीहा,चन्दौली।** शासन की मंशा के अनुसार पराली जलाने पर रोक लगाया गया है। इसको लेकर विभागीय अधिकारी गंभीर है। शनिवार की देर शाम कृषि उपनिदेशक राजीव भारती कृषि उपसंभाग पर विभागीय अधिकारी और कर्मचारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस मौके पर अन्य योजनाओं के बारे में समीक्षा किया। समीक्षा गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कृषि उपनिदेशक राजीव भारती ने बताया कि हर हाल में पराली जलाने पर रोक लगाया जाय। क्योकि कोरोना महामारी के कारण पराली की धुंआ जानलेवा साबित होगा। यही नही गांव गांव में अभियान चलाकर कूड़ा करकट व प्लास्टिक न जलाने के लिये लोगों को जागरूक किया जाय। इसके अलावा किसानों को बीज वितरण सुलभता के साथ उपलब्ध कराने को बताया। पीएम किसान योजनाए नमामि गंगे योजना और ओपेन सोर्स डाटा आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दिया।

# गरीबों व कमजोरों की लड़ाई लड़ता रहेगा अपना दल एस

## कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से किया संगठन की मजबूती का अहवान

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**अपना** दल के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य आशीष सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं से पार्टी के संगठन को मजबूत बनाए जाने के लिए घर घर गांव गांव सघन जनसंपर्क अभियान में जुटने को कहा है। कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष ने रविवार को अर्जुनपुर गांव के समीप पार्टी कार्यकर्ताओं की सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता के समर्थन और पार्टी के लगातार जनता की आवाज को उठाने के चलते आज अपना दल एस देश की चौथी बड़ी पार्टी बन चुकी है। उन्होने राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल की अगुवाई में अपना दल एस द्वारा कमजोर तबके की लड़ाई को बराबर तेजी से लड़ते हुए विकास तथा लोगों के अधिकार की रक्षा में भी कार्यकर्ताओं से प्रभावी भूमिका निभाए जाने की अपील की। एमएलसी आशीष सिंह पटेल ने कहा कि देश में इस समय बसपा तथा सपा विद्वेश और नफ्रत की राजनीति कर रही है। सपा अपने समाप्त हो चुके जनाधार से बौखलाकर प्रदेश और देश का विकास रोकने का रोज षडयंत्र रचा करती है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना दल एस का समर्थन इसलिए जारी है कि उनके नेतृत्व में देश का विकास मजबूत हुआ है तो सीमाओं पर भी भारत की साख दुनिया के सामने बढ़ी है। कार्यकारी अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनके मान सम्मान तथा हक के लिए अपना दल एस का भरपूर संरक्षण जारी रहेगा। कार्यक्रम के संयोजक एवं अपना दल एस के बौद्धिक मंच के प्रदेश महासचिव दिनेश शुक्ला ने पार्टी के सिद्धांतों तथा गतिविधियों पर प्रकाश डाला। महासचिव दिनेश ने कहा कि कार्यकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल को प्रदेश की बागडोर सौंपने के लिए कटिबद्ध हैं।विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजकुमार पाल ने कहा कि अनुप्रिया पटेल की अगुवाई में ही आज कमजोर तबके को उसके अधिकार दिलाए जाने में सफ्लता मिल रही है। विधायक राजकुमार ने कार्यकर्ताओं से संगठित होने का भी आह्वान किया। संचालन जिला प्रभारी शिवमूर्ति पटेल ने किया।

## मंदिर की भूमि के अवैध विक्रय की एसडीएम से शिकायत

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**क्षेत्र** के अझारा स्थित विश्वनाथ मन्दिर की भूमि के अवैध विक्रय को लेकर एसडीएम से शिकायत दर्ज कराई गई है। तहसील के अधिवक्ता दीपेंद्र तिवारी ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि खतौनी में त्रुटीवश नाम का लाभ उठाते हुए कतिपय भू-माफ्यिा मंदिर के भूमिधरी गाटों का अवैध विक्रय कर रहे हैं। शिकायत कर्ता ने कहा है कि इस संदर्भ में सक्षम न्यायालय द्वारा भी अतिक्रमण को लेकर सुनवाई की जा रही है। शिकायत कर्ता के प्रार्थनापत्र पर मौके की जांच कर क्षेत्रीय लेखपाल व राजस्व निरीक्षक तथा तहसीलदार ने भी उपजिलाधिकारी को बीती चौबीस सितंबर को कार्रवाई के लिए संस्तुति की है। एसडीएम ने प्रकरण की जांच का भरोसा दिलाकर समुचित कार्रवाई कराए जाने को कहा है।

# नहीं थम रहा है अवैध मिट्टी खनन, माफिया गठजोड़ हावी

## अब तक पुलिस प्रशासन के प्रयास नाकाफी साबित हुए

## नियमों की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

संवाददाता। बाराबंकी

**जिला** पुलिस प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद जनपद में अवैध मिट्टी खनन का कार्य थमने का नाम नहीं ले रहा है माफिया गठजोड़ कर अवैध कार्य को अंजाम दे रहे हैं लेकिन पुलिस वा प्रशासन मौन है मुख्यालय से लगभग 35 किलोमीटर दूर निंदूरा विकास खंड इसका ज्वलंत उदाहरण बना हुआ है जहां मिट्टी के बेतहाशा खनन का सिलसिला जारी है। शोर-शराबा होने पर यदाकदा अभियान चलाकर अंकुश लगाने का दावा किया जाता है। कुछ ही दिनों बाद धरातल पर हालात जस के तस नजर आते हैं। मैदानी क्षेत्र में उपजाऊ खेतों से मिट्टी का खनन कृषि उत्पादन के लिए भी घातक सिद्ध होगाए इसके बावजूद प्रभावी अंकुश नहीं लग रहा है। मिट्टी के बेतहाशा खनन से उपजाऊ खेत चौपट हो रहे हैं। इस खेल में क्षेत्रीय प्रभावशाली लोग और पुलिस का ऐसा गठजोड़ हो गया है कि प्रशासन का अभियान सिर्फ औपचारिकता प्रतीत होता है। इन दिनों भट्टे पर ईंट पराई व प्लॉटों में मिट्टी भराव का कार्य जोरों पर होने से खनन भी तेजी से किया जा रहा है। हर प्वाइंट पर करीब एक दर्जन हाइड्रोलिक ट्राली युक्त ट्रैक्टर लगे हुए हैंए जो मिट्टी की ट्राली भट्टों और आसपास के कस्बों में ले जा रहे हैं। नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। भट्टा संचालक जिन किसानों के खेत से मिट्टी लेंगे उसकी पूरी नापजोख कराकर खेत से दो मीटर तक की गहराई का खनन कर सकते हैं। जेसीबी से खनन कराने के लिए पर्यावरण विभाग से अनुमति लेने के बाद डीएम के आदेश कराना पड़ता है। इन सभी नियमों को दरकिनार करके जबरदस्त खनन कराया जा रहा है।

### यहां हो रहा है खनन

मिट्टी का खनन तो पूरे विकास खंड में हो रहा है लेकिन इन दिनों बडडूपुर क्षेत्र के गोपालपुर, खिझना, घुंघटेर के मंगलपुरवां, पिड़सावां, बाबागंज, कुर्सी के उमरा, टिकैतगंज, अगासंड में खनन जोरों पर हैं।

बडडूपुर थाना क्षेत्र के गोपालपुर आसपास खेतों में खनन जोरों पर हो रहा है। इस क्षेत्र की मिट्टी भट्ठो में ईट पाथने व प्लॉटों की भराई में खपाई जा रही है।इस संबंध में बडडूपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि मामला जानकारी में नहीं है। अगर जानकारी मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

## चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**बाराबंकी**। बनीकोडर क्षेत्र के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवासंस्थान द्वारा गरीब एवं अनुसूचित जाति के छात्र.छात्राओं के लिए नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेंडली स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार शिविरका आयोजन किया गया जिसमें जैन नर्सिंग होम के प्रतिष्ठित चिकित्सक डॉ. विनय जैन और मेडिकल कालेज के बाल रोग विभाग के डॉक्टर द्वारा 120 बच्चों एवं अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाएं वितरित की गई। कोविड-19 संक्रमण के दृष्टिगत बच्चों व अभिभावक ग्रामीणों को अलग अलग समय पर बुलाया गया और आवश्यक प्रोटोकॉल का पालन करके शिविर में सभी का स्वास्थ्य परीक्षण कियागया। स्वास्थ्य शिविर में डॉ. विनय जैन ने कोविड-19 से बचाव के उपाय के साथ हीइम्यूनिटी बढ़ाने के लिए खान पान और योगा एवं प्राणायाम की जानकारी दी।

## हत्यारोपी पिता को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**बाराबंकी**। तंत्र मंत्र के चक्कर में हुई मासूम की हत्या के मामले मे हत्या के आरोपी रहे पिता आलम पुत्र शाहिद को बदोसराय पुलिस ने नमस्ते इंडिया डेयरी सफदरगंज मार्ग ग्राम खुर्दमऊ थाना बदोसराय को हत्या की धारा को परिवर्तित करके गैर इरादतन हत्या में गिरफ्तार करके जेल रवाना किया है। बताते चलें कि बीते दिनों बदोसराय के खुर्दमऊ गांव मे तंत्र मंत्र के चक्कर मे पत्नी को पीटते वक्त मासूम बेटी अनम को मार डाला था पुलिस ने चिकित्सकीय रिपोर्ट के आधार पर हत्या की धारा को परिवर्तित करके गैर इरादतन हत्या में केस दर्ज करके आरोपी पिता को गिरफ्तार करके जेल रवाना किया है।

# राजकीय वाहन चालक संघ की बैठक में कार्यकारिणी का किया गया विस्तार

संवाददाता। बाराबंकी।



**राजकीय** वाहन चालक महासंघ की एक बैठक विकास भवन स्थित संघ कार्यालय में आहूत की गयी जिसमें जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार वर्मा ने समस्त विभागीय एकाईयों के अध्यक्ष व मंत्री तथा अन्य विभागों के चालकों ने प्रतिभाग कर अपने विचार रखे तथा कार्यकारिणी का विस्तार किया जिसमें सहदेव सोनकर को अध्यक्ष राजकीय वाहन संघ राजस्व संघ नामित किया गया इसके अतिरिक्त परशुराम मंत्री बने। राजकीय वाहन संघ कृषि विभाग के अध्यक्ष पद पर गोकरन नाथ मिश्रा को नामित किया गया। नन्दकिशोर अध्यक्ष चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण विभाग तथा मंत्री विनोद कुमार का बनाया गया। गुलाम रब्बानी राजकीय वाहन संघ ग्राम विकास विभाग के अध्यक्ष बने तथा केशव त्रिपाठी बाल विकास से अध्यक्ष मनोनीत किये गये। इसी क्रम में मो. उस्साक लोक कल्याण विभाग के अध्यक्ष तथा विपिन तिवारी मंत्री बनाये गये पवन कुमार शुक्ला लघु सिंचाई विभाग तथा अवधेश कुमार को मंत्री नियुक्त किया गया। भग्गन प्रसाद वन विभाग के अध्यक्ष बने।

## दुर्घटना में युवक की मौत चालक पर गैरइरादतन हत्या का केस दर्ज

लालगंज (प्रतापगढ़)। दुर्घटना में युवक की मौत पर कोतवाली पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का केस दर्ज किया है। कोतवाली के अमांवा के दौलत का पुरवा के समीप शनिवार की देर शाम कार की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी। घटना को लेकर मृतक सतीश पांडेय के पिता अशोक पांडेय ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसका पुत्र सतीश शनिवार की शाम कुछ कार्य से लालगंज जा रहा था। दौलत का पुरवा के समीप सड़क के किनारे अपने किसी मित्र के इंतजार में बाइक साइड पर लगाकर खड़ा था। तभी लालगंज की तरफ से आ रही एक कार ने उसे टक्कर मार दी। गम्भीर रूप से घायल सतीश को एंबुलेंस सेवा 102 से लालगंज अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# मोदी के नोटबंदी के तुगलकी फैसले से अर्थव्यवस्था हुई चौपट: तिवारी

## चौथी सालगिरह पर प्रमोद ने जमकर बोला हमला

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य व प्रदेश आउटरीच कमेटी के प्रभारी प्रमोद तिवारी ने नोटबंदी की चौथी वर्षगांठ पर कांग्रेस द्वारा देशव्यापी विश्वासघात दिवस को लेकर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि नोटबंदी के चलते देश की एक सौ पचीस करोड जनता की कमर टूट गई और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को भी इस अविवेकपूर्ण फैसले से गहरा आघात लगा है। रविवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल के हवाले से जारी बयान में प्रमोद तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई नोटबंदी के चलते देश की गरीब, किसान, मध्यम वर्ग तथा महिलाओं और युवाओं के आकांक्षाओं तथा इच्छाओं व भविष्य के साथ विश्वासघात साबित हुआ। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि कांग्रेस आज नोटबंदी को लेकर इसलिए विश्वासघात दिवस मना रही है क्योंकि यह नोटबंदी देश की जनता तथा अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ साबित हुआ तो श्री तिवारी के मुताबिक नोटबंदी एक संगठित और वैधानिक लूट थी। कांग्रेस की शीर्ष वर्किंग कमेटी के मेंबर प्रमोद तिवारी ने यह भी आरोप लगाया है कि एक झटके में पीएम द्वारा की गई नोटबंदी से सिर्फ मोदी के कुछ पूंजीपति मित्रों और भाजपा को ही फायदा पहुंचा। राज्यसभा में नोटबंदी को लेकर दिए गए अपने भाषण का हवाला देते हुए प्रमोद तिवारी ने कहा कि मोदी के इस तुगलकी फैसले से आज देश सैंतालिस सालों में सर्वाधिक बेरोगजारी की स्थिति से गुजर रहा है। उन्होने कहा कि नोटबंदी के चलते ही देश की जीडीपी रसातल में पहुंच गई है। उन्होने यह भी कहा कि मजदूरों का पलायन जो कोरोना काल में हुआ उसका भी सबसे बड़ा कारण नोटबंदी ही सामने उभरकर आया। प्रमोद तिवारी ने यह भी आरोप जड़ा की नोटबंदी से देश के कई राज्यों की अर्थव्यवस्था टूट गई।

## गलत तरीके से लागू की गई स्वकर प्रणाली: नरेंद्र

**ललितपुर**। उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कडन्की एवं महामंत्री अज्जू बाबा संयोजक सुनील चौबे ने अपने पदाधिकारियों के साथ राज्य मंत्री एवं जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें उन्होंने बताया कि ललितपुर नगर पालिका परिषद द्वारा 1916 अधिनियम की धारा में कर लगाने सम्बन्धित नियम का उल्लंघन कर वर्ष 2018 में स्वकर प्रणाली का नवीन शासनादेश जारी करते हुए टैक्स का भार कई गुना बढ़ा कर नगर की गरीब जनता एवं कमजोर व्यापारियों पर थोप दिया गया, जबकि उक्त अधिनियम में उल्लेख है कि यदि जनता पर कोई कर लगाया, या कर में कोई संशोधन किया जाता है तो उसे बोर्ड द्वारा पारित किया जाना एवं बोर्ड द्वारा पारित प्रस्तावों को आपत्तियों हेतु नियमानुसार रिव्यू बोर्ड द्वारा जन सामान्य से आपत्तियां मांगा जाना आवश्यक है तथा जिसकी विज्ञप्ति दो राष्ट्रीय एवं एक स्थानीय समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाना अनिवार्य है।

# लिए पीस कमेटी की बैठक में अमन-चैन के उपायों पर चर्चा



संवाददाता। मुसाफिरखाना (अमेठी)

**आगामी** त्यौहारों के मद्देनजर स्थानीय कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा ने लोगों से शांति व सदभाव के साथ सभी से मिलजुल कर त्यौहारों को मनाने की अपील की।स्थानीय कोतवाली परिसर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में आयोजित पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक परशु राम ओझा ने कोरोनावायरस के संक्रमण व उसको रोकने पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का अनुपालन करते हुए शांति व सदभाव के साथ त्यौहारों को मिलजुलकर प्रेम पूर्वक मनाएं। उन्होंने आगामी दीपावली पर्व पर खास कर छोटे बच्चो पर विशेष ध्यान रखें। इसके अलावा किसी भी दुर्घटना की जानकारी तत्काल पुलिस के साथ प्रशासन को उपलब्ध कराने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि दीवाली पर पटाखा खुले मैदान में ही जलाए जिससे किसी भी प्रकार की घटना को रोका जा सके। उन्होंने अपनी निजी नंबर सार्वजनिक करते हुए लोगों से सहयोग की अपील की । बैठक में बृजेश कुमार गुप्ता, नकुल टंडन, राज कुमार यादव, सुरेश यादव, सत्येन्द्र सिंह, गोविंद ओझा, टीपी सिंह, विजय सिंह, प्रदीप सिंह सहित अन्य नागरिक व पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# आज मनाया जाएगा पीएमएसएमए दिवस

**अमेठी**। कोविड के समय बिगड़े हालातों ने धीर-धीरे पटरी पर आना शुरू कर दिया है और इसी का उदाहरण है कि हर माह की नै तारीख को मनाए जाने वाले प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान की शुरुआत भी हो चुकी है। अब हर गर्भवती इस दिवस पर आकार प्रसव पूर्व सम्पूर्ण जांच करा सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि अभी परिस्थितिवश लोग अस्पताल आने में डर रहे है। मुख्यत: गर्भवती महिला प्रसव के लिए केन्द्रों पर आ रही हैं लेकिन जांच के लिए नहीं। जबकि गर्भावस्था व प्रसव के समय होने वाले खतरों से मातृ एवं शिशु को बचाने के लिए प्रसव पूर्व जांच बहुत जरूरी है। उन्होने बताया कि प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने वीडियो के माध्यम से खुद सभी से अनुरोध करते हुए कहा है कि कोरोना संक्रमण बाधा है, परंतु सतर्कता के साथ गर्भवती मां को ख़ास होने का एहसास दिलाते हुए प्रत्येक नौ तारीख़ को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्रदान करने के लिए उन्हें निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में लाएं और नि:शुल्क जांचों और सेवाओं का अवसर ना गंवाएं। साथ ही आशाओं को ज़िम्मेदारी दी गयी है कि वह अपने क्षेत्र की सभी गर्भवती महिलाओं को इस दिवस पर केंद्र पर लाकर जांच जरूर करवाएँ। उन्होने कहा कि गर्भवती आपदा से न घबराएँ और केन्द्रों पर टीकाकरण और जांच के लिए जरूर आएं। उनका कहना है कि त्यौहारों का समय है और महामारी का दौर भी। अत: पूरी सर्तकता के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान को भी त्यौहार की तरह मनायें। उन्होंने बताया कि किसी भी गर्भावस्था में जहाँ जटिलताओं की संभावना अधिक होती है उस गर्भावस्था को हाई रिस्क प्रेगनेंसी या उच्च जोखिम वाली गर्भवस्था में रखा जाता है। और इसका पता लगाने के लिए प्रशिक्षित डॉक्टर्स के द्वारा प्रसव पूर्व तीन सम्पूर्ण जांच कराना बहुत जरूरी होता है।

## शताब्दी वर्ष पर होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा हुई तैयार

**बाराबंकी**। श्री गांधी आश्रम की शताब्दी वर्ष पर गांधी जयन्ती समारोह ट्रस्ट द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा गांधी भवन में तैयार की गई। यह बैठक श्री गांधी आश्रम शताब्दी समिति के संयोजक राजनाथ शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में खादी एवं स्वदेशी के प्रति जनजागरण हेतु 30 नवंबर से 30 नवंबर 2021 तक वर्षभर पूरे उत्तर प्रदेश के समस्त 18 मंडलों के दो दर्जन से अधिक जनपदों में विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाने की रूपरेखा बनी। इस मौके पर बैठक में लोकतंत्र रक्षक सेनानी कल्याण समिति के संयोजक धीरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव, मृत्युंजय शर्मा, विनय कुमार सिंह, रिजवान रजा, उमानाथ यादव, वासिक रफीक वारसी, नीरज दूबे, अशोक शुक्ला, सत्यवान वर्मा, मनीष सिंह, मो. अदीब इकबाल, दानिश आजम वारसी, रंजय शर्मा, पीके सिंह, अशोक जायवाल, पाटेश्वरी प्रसाद सहित कई लोग मौजूद रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**अमेठी**। रविवार को स्थानीय जिला मुख्यालय पर पहुंचकर आंगनवाड़ी की महिलाओं ने सपा नेता मेजर आशीष चतुर्वेदी के साथ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार घनश्याम भारतीय को दिया। ज्ञापन में आंगनवाड़ी महिलाओं की सेवा को 62 वर्ष से बढ़कर 65 वर्ष की आयु सीमा तक करने की मांग की गई । इस अवसर पर मुकेश यादव, पुष्पा मिश्रा, गीता देवी, फूलकली, मोमिना बेगम, मालती पांडेय, सुशीला त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहीं।

# मिशन नारी शक्ति: महिलाओं को दीपक व मोमबत्ती बनाने का दिया गया गहन प्रशिक्षण



**बाराबंकी**। मिशन नारी शक्ति के अंतर्गत समर्थ नारी समर्थ भारत संगठन की जिला संयोजिका पूजा श्रीवास्तव के द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा सिन्हा व वर्षा द्वारा नारी साशक्ती कारण पर प्रकाश डाला गया। नारियों को समर्थ व स्वावलंबी बनाने की दिशा में दीपक व मोमबत्ती बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। नारियों में सुरक्षा का भाव उत्पन्न करने हेतु एसआई रश्मि यादव ने आश्वस्त किया। इस अवसर पर अनीता श्रीवास्तव, ललिता, शांति श्रीवास्तव, कल्पना रस्तोगी, रिंकी, सुमन श्रीवास्तव, सरला वर्मा, सुनीता श्रीवास्तव, गीता आदि समर्थ नारियां उपस्थित रहीं।

# दिवाली नजदीक आते ही आनी शुरू हो गई बारूद की खेप

संवाददाता। बाराबंकी

**दीपावली** का पर्व नजदीक आते ही जिला मुख्यालय ही नही सूदूर ग्रामीण अचल के कस्वाई इलाके में भी बारुद की खेप आनी शुरु हो गयी है। मानको को दर किनार कर पटाखा बनाने का अवैध कारोबार फ्लने फूलने लगा हैं। अधिकारी आंख मूंदकर बैठे है जिससे कोई बड़ा हादसा होने से भी इंकार नही किया जा सकता है। हादसों की बात की जाए तो थाना रामसनेहीघाट क्षेत्र के धारुपुर गांव में 26 दिसम्बर 2018 को एक गोदाम में भीषण विस्फोट हुआ था। इसकी लपट ना केवल गांव बल्कि आसपास के क्षेत्रों तक पहुंची थी। इस हादसे में मो. वैश व 13 वर्षीय सूरज की जान चली गयी थी तथा कई पक्के घर खड़हर में तब्दील हो गये थे तथा मकानों का मलबा उड़कर खेतो तक पहुचा था। गांव से लेकर खेतो में बारुद के ढेर मिले थे जिससे कई दिनों तक क्षेत्र में दहशत का माहौल बना था एवं बीडीएस दस्ते ने भी कुन्तलों बारुद बरामद किया था। अब आयी बात पटाखा बनाने की तो जिले का कस्बा जैदपुर इसके लिए विख्यात है। लखनऊ, सीतापुर, रायबरेली, गोण्डा आदि जनपदों के लोग यहाँ पटाखा खरीदने आते है। यही वजह है कि यहां दीपावली आते ही एक पखवारा पहले से ही बारुद की खेप आनी शुरु हो जाती है लेकिन लाइसेंस की क्षमता जांचने के बजाय जिम्मेदार अधिकारी खाना पूर्ति करते है नतीजतन क्षमता से कई गुना अधिक बारुद डम्प कर लिया जाता है जो मानक के विपरीत है। इसके अलावा जिला मुख्यालय समेत अन्य कस्बों में भी अवैध पटाखा निर्माण किया जाता है किन्तु अधिकारी आफिसों मे बैठकर अस्थाई व स्थाई लाइसेंस जारी कर दिया जाता है जिसकी आड़ मे कारोबारी अवैध कारोबार करते है।

# आशुतोष सिंह राजस्व संग्रह अमीन संघ के अध्यक्ष बने

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)



**स्थानीय** तहसील सभागार में रविवार को राजस्व संग्रह अमीन संघ का जनपदीय अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन के दौरान संग्रह अमीन संघ की जिला इकाई की कार्यकारिणी का भी निर्वाचन किया गया।

इसके तहत लालगंज तहसील के आशुतोष कुमार सिंह जिलाध्यक्ष तथा कुंडा तहसील के सौरभ रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं सदर तहसील के सुरेश कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। चुनाव परिवेक्षक संरक्षक रामसमुझ तिवारी ने चुनाव परिणामों की घोषणा की। चुनाव के दौरान राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के डॉ. हीरालाल पुष्कर चुनाव अधिकारी तथा तहसील कुंडा के राजस्व निरीक्षक राजकुमार सरोज सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में चुनाव प्रक्रिया की देखरेख करते दिखे। मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार आकांक्षा मिश्रा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों से कार्य संस्कृति की मजबूती में समर्पित होने का आहवान किया। विशिष्ट अतिथि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष करूणेश प्रताप सिंह मुन्ना रहे। इस मौके पर लेखपाल संघ के अध्यक्ष रामचंद्र त्रिपाठी ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया। अधिवेशन में अमीनो की विभिन्न समस्याओं तथा शासन स्तर पर लंबित मांगों पर भी विचार विमर्श किया गया।

## प्रोजेक्ट नई किरण ने एक परिवार को बिखरने से बचाया

संवाददाता। ललितपुर।

**स्थानीय** पुलिस लाइन्स सभागार में पुलिस अधीक्षक ललितपुर कैप्टन एमएम बेग की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट नई किरण का आयोजन किया गया। कोरोना काल में प्रोजेक्ट नई किरण में सीमित पांच परिवारों को बुलाया गया। जिसमें एक मामले में दोनों पक्ष आये नई किरण के सभी सदस्यों द्वारा समझानें के बाद एक परिवार में आपसी सुलह समझौते के आधार पर समझौता कराया गया।

जिसके परिणाम स्वरूप वह परिवार खुशी साथ रहने को तैयार हो गया व तथा चार मामलों में अग्रिम तिथि दी गई। नई किरण प्रोजेक्ट से जनपद में बिखरे हुए परिवारो को जोडकर उनके दाम्पत्य जीवन में एक नई रोशनी आयेगी। नई किरण प्रोजेक्ट के अन्तर्गत बिखरे परिवार को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है।